3 राजधानी
कुलपति ने किया परिसर का निरीक्षण

6 प्रादेशिकी
पूर्व विधायक के दो बेटों की संपत्ति

9 राष्ट्रीय
जमात-ए-इस्लामी की संपत्ति की गई सील

10 विदेश
इजराइल में मुंबई हमले 26-11 की बरसी मनाई गई

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 40
लखनऊ, रविवार, 27 नवंबर, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आईओए अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगी पीटी उषा
स्पोर्ट्स-12

# मौलिक कर्तव्यों का पालन होना चाहिए नागरिकों की पहली प्राथमिकता: मोदी

**संविधान दिवस**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि ऐसे में जबकि देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है, राष्ट्र को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने के लिए मौलिक कर्तव्यों का पालन करना नागरिकों की पहली प्राथमिकता होना चाहिए। उच्चतम न्यायालय में संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है जो तेजी से विकास और आर्थिक वृद्धि हासिल कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश अगले हफ्ते जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने वाला है और यह भारत के लिए दुनिया के समक्ष अपना योगदान पेश करने का एक बड़ा अवसर है। मोदी ने कहा, टीम इंडिया के रूप में, हमें विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए और दुनिया में देश के योगदान को उजागर करना चाहिए। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि लोकतंत्र की जननी के रूप में देश अपने प्राचीन आदर्शों और संविधान की भावना को मजबूत कर रहा है और जनहितकारी नीतियां देश के गरीबों और महिलाओं को सशक्त बना रही हैं। मोदी ने कहा, संविधान की प्रस्तावना के पहले तीन शब्द - वी द पीपल (हम लोग)- एक आह्वान, विश्वास और शपथ हैं। संविधान की यह भावना भारत की आत्मा है जो दुनिया में लोकतंत्र की जननी है।



संविधान दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रधान न्यायाधीश वाईवी चंद्रचूड़ और कानून मंत्री किरेन रीजीजू

## न्यायिक प्रणाली मजबूत करने को हर संभव प्रयास कर रही सरकार: रीजीजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरण रीजीजू ने कहा कि सरकार न्यायपालिका को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और न्यायपालिका के साथ उसके बहुत करीबी एवं सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। रीजीजू ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ दिन पहले उन्होंने न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली पर सवाल उठाते हुए उसे संविधान के खिलाफ बताया था।

## हर दिन संविधान के आदर्शों पर अमल करें : प्रधान न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि विधायिका और कार्यपालिका को स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के लोकतांत्रिक आदर्शों के अनुशीलन को सक्षम बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालतें इन मूल्यों को अपने न्यायिक फैसलों में प्रमुखता देकर बरकरार रखती हैं।

# गुजरात में योगी का कांग्रेस-आप पर तीखा हमला

- कहा, कांग्रेस मान चुकी हार, चुनाव मैदान से भाई-बहन गायब
- आतंकवाद का हितैषी है दिल्ली से आया 'आप' का नमूना



**पायनियर समाचार सेवा।** सोमनाथ, भावनगर, अमरेली

**प्रधानमंत्री** के गृह राज्य में उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की धुआंधार रैली हो रही हैं। शनिवार को चौथे दिन भी उन्होंने तीन जनसभाएं कीं। रैली का आगाज उन्होंने भगवान सोमनाथ के मंदिर में दर्शन व पूजन-अर्चन से किया। इसके बाद तीनों विधानसभा सोमनाथ, गरियाधार और सावरकुंडला में जनसभा की। योगी आदित्यनाथ को गुजरात में देखने व सुनने भीड़ उमड़ रही है। योगी ने भी आस्था, पीएम की कार्यशैली, यूपी की कानून व्यवस्था, समृद्ध गुजरात के बलबूते भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। वे यहां कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर पूरी तरह से हमलावर रहे। हर रैली में गुजरात की जनता ने अपनी जमीं पर बुलडोजर बाबा की जय जयकार की और वायदा किया कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में पहली और 5 दिसंबर को कमल का फूल खिलाएंगे। योगी आदित्यनाथ लखनऊ से सोमनाथ पहुंचे। यहां सोमनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद सोमनाथ से भाजपा प्रत्याशी मान सिंह भाई परमार के पक्ष में जनसभा की। सीएम ने भगवान सोमनाथ के मंदिर की रक्षा करते हुए शहीद हुए शूरवीर हमीर गोहिल को याद किया। आम आदमी पार्टी भी योगी आदित्यनाथ के निशाने पर रही। बोले कि दिल्ली से आम आदमी पार्टी का नमूना यहां आया है, वह आतंकवाद का हितैषी है, राम मंदिर का विरोध करता है। जब भारतीय सेना पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक करती है तो वह वीर जवानों से सबूत मांगता है। पाकिस्तान कहता था कि भारत के सैनिकों ने हमारी कमर तोड़ दी, फिर भी आम आदमी पार्टी को सबूत चाहिए होता है। आतंकवाद व भ्रष्टाचार इनके जींस का हिस्सा है। सरदार पटेल की सबसे बड़ी प्रतिमा व डॉ. आंबेडकर के पंच तीर्थ को पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने संवारा। पटेल जी सोमनाथ मंदिर का पुनरोद्धार करना चाहते थे लेकिन मुस्लिम वोटबैंक के कारण कांग्रेस आस्था को कभी सम्मान नहीं देना चाहती थी। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि सोमनाथ मंदिर का पुनरोद्धार हो लेकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति से यह संभव हुआ। कांग्रेस ने तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को यहां कार्यक्रम में आने से रोकने का प्रयास किया था। कांग्रेस बाबा साहेब को चुनाव हराने का भरसक प्रयास करती थी। 1990 में भगवान सोमनाथ का आशीर्वाद लेकर अयोध्या तक की रथयात्रा शुरू की गई थी। जो संकल्प भगवान सोमनाथ के चरणों में लिया गया था, भव्य राम मंदिर का निर्माण उसकी परिणीति है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के संरक्षण में पेशेवर दंगाई, गुंडे व अपराधी आमजन, व्यापारियों व गरीबों का शोषण करते थे।

# भाजपा का समान नागरिक संहिता तथा कट्टरता रोधी प्रकोष्ठ का वादा

**गुजरात चुनाव**

- घोषणा पत्र में जबरन धर्मांतरण के लिए कठोर कारावास, शरणार्थियों के कल्याण व राज्य को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था की बात कही

**पायनियर समाचार सेवा।** गांधीनगर

**विधानसभा** चुनावों के लिए गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने तथा संभावित खतरों, भारत विरोधी ताकतों व आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल की पहचान करने और उन्हें खत्म करने के लिए एक एंटी-रेडिकलाइजेशन सेल (कट्टरता रोधी प्रकोष्ठ) बनाने का वादा किया गया है। घोषणापत्र में मदरसों का सर्वेक्षण कराने और वक्फ बोर्ड की संपत्ति की जांच करने का भी वादा किया गया है। पार्टी के अन्य वादों में 20 लाख रोजगार के अवसर सृजित करना और अगले पांच वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को एक हजार अरब (ट्रिलियन) अमरीकी डालर तक ले जाना शामिल है। इसके अलावा अगले पांच वर्षों में महिलाओं के लिए एक लाख से अधिक सरकारी नौकरियों का सृजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घोषणापत्र का स्वागत करते हुए इसे गुजरात के विकास के लिए दूरदृष्टि करार दिया और कहा कि हम वर्षों से कड़ा श्रम कर रहे हैं और गुजरात के लिए लोगों के कल्याण की उन्नति के लिए काम करते रहेंगे। पार्टी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य इकाई के प्रमुख सी. आर. पाटिल की मौजूदगी में घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र में पार्टी ने लड़कियों के लिए केजी से पीजी (नर्सरी से स्नातकोत्तर) तक मुफ्त शिक्षा का भी वादा किया। पार्टी ने यह भी आश्वासन दिया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के तहत चिकित्सा बीमा कवर की राशि को प्रति परिवार पांच लाख रुपए से दोगुना करके 10 लाख रुपए किया जाएगा।

# सीआरपीएफ जवान ने की दो सहयोगी जवानों की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** पोरबंदर

**गुजरात** में पोरबंदर के निकट एक गांव में शनिवार शाम किसी बात को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान ने अपने साथियों पर गोलीबारी की, जिसमें दो जवानों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पोरबंदर के जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ए.एम. शर्मा ने कहा कि ए जवान मणिपुर की सीआरपीएफ बटालियन से संबंधित हैं। उन्होंने बताया कि इन जवानों को अगले महीने होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने यहां भेजा था। पोरबंदर जिले में पहले चरण में एक दिसंबर को मतदान होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ के जवान पोरबंदर से लगभग 25 किमी. दूर तुकड़ा गोसा गांव के एक केंद्र में ठहरे हुए थे। शर्मा ने कहा, शनिवार शाम किसी बात को लेकर एक जवान ने अपने साथियों पर असॉल्ट राइफल से गोलीबारी कर दी।

# राहुल गांधी की यात्रा का भ्रामक वीडियो पोस्ट करने के आरोपी पर मामला दर्ज



मप्र के खंडवा में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी

**पायनियर समाचार सेवा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** में रायपुर पुलिस ने सोशल मीडिया में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में कथित रूप से छेड़छाड़ करके बनाया गया भ्रामक वीडियो पोस्ट करने के मामले में भोपाल के एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वीडियो में कथित तौर पर भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पाकिस्तान समर्थक नारा लगाते हुए दिखाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर के सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के एक कार्यकर्ता अंकित मिश्रा की शिकायत पर मध्यप्रदेश के भोपाल के निवासी लोकेंद्र पाराशर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पराशर पर आरोप है कि उसने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर सोशल मीडिया में भ्रामक वीडियो साझा किया था।

**श्रद्धा हत्याकांड**

# आफताब को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी की एक अदालत ने दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को शनिवार को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था, जोन दो) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि पुलिस ने पॉलीग्राफ टेस्ट में आगे की कार्रवाई के लिए आरोपी को पेश करने के वास्ते कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले में दिल्ली पुलिस ने कहा कि डीऑक्सीराइबो न्यूक्लिक एसिड (डीएनए) मिलान के लिए श्रद्धा के पिता और भाई के रक्त के नमूने एकत्र किए गए हैं। डीएनए जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार, पूनावाला पोलीग्राफ जांच के अपने तीसरे सत्र के लिए शाम चार बजे यहां रोहिणी स्थित एफएसएल पहुंचा और साढ़े छह बजे के बाद लौटा। पूनावाला की चार दिन की पुलिस हिरासत शनिवार को खत्म हो गई।

# दिग्गज चरित्र अभिनेता विक्रम गोखले नहीं रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** पुणे

**दिग्गज** अभिनेता विक्रम गोखले का शनिवार को शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गोखले 77 साल के थे और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के बाद उन्हें यहां दो सप्ताह पहले दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने एक बयान में कहा, हमें यह घोषणा करते हुए बेहद दुख हो रहा है कि प्रसिद्ध अभिनेता विक्रम गोखले का आज दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में निधन हो गया। उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने शनिवार को दिग्गज अभिनेता विक्रम गोखले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने लंबे करियर में निभाई गई कई दिलचस्प भूमिकाओं के लिए याद किया जाएगा। मोदी ने ट्वीट किया, विक्रम गोखले जी एक रचनात्मक और बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेता थे।



अपने लंबे अभिनय करियर में उन्हें कई दिलचस्प भूमिकाओं के लिए याद किया जाएगा। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।

राजेश दामले नामक गोखले के एक पारिवारिक मित्र ने कहा, स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते उन्हें 15 दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनका इलाज चल रहा था। आज अपराह्न एक बजकर 45 मिनट से दो बजे के बीच उन्होंने अंतिम सांस ली। बृहस्पतिवार को अभिनेता के परिवार ने बताया था कि उन पर इलाज का असर नहीं हो रहा है और उनकी हालत गंभीर है। सोशल मीडिया पर भी उनकी मौत की अफवाह फैली थी।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,294 | |
| निफ्टी | 18,513 | |
| सोना | 52,517 | /10g |
| चांदी | 61,387 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान चार नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत चार नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोमरा गांव के जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत चार नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि पोमरा और हल्लूरगांव के जंगल में नक्सलियों की संभागीय समिति के सदस्य मोहन कड़ती, सुमित्रा, माटवाड़ा, एलओएस कमांडर रमेश और लगभग 40 अन्य माओवादी मौजूद है। सूचना के बाद डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप (डीआरजी), विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था।

# ओशनसैट उपग्रह कक्षा में स्थापित

- इसरो ने आठ अन्य उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचाया, मिशन को अद्वितीय बताया

**भाषा।** श्रीहरिकोटा

**भारत** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के भरोसेमंद पीएसएलवी ने शनिवार को एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ओशनसैट) और आठ अन्य उपग्रहों को कई कक्षाओं में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। संस्थान ने मिशन को अद्वितीय करार दिया।

इसरो ने कहा कि पीएसएलवी-सी54 ने शनिवार को पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ओशनसैट) और आठ अन्य उपग्रहों को सफलतापूर्वक ध्रुवीय कक्षाओं (सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट) में पहुंचा दिया। इसरो ने एक ट्वीट में कहा, पीएसएलवी-सी54ईओएस-06 मिशन पूरा हुआ। शेष उपग्रहों को भी उनकी लक्षित कक्षाओं में पहुंचा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को इस उपलब्धि पर इसरो और न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, पीएसएलवी-सी54 मिशन की सफलता पर इसरो और एनएसआईएल को बधाई। ईओएस-06 उपग्रह हमारे समुद्री संसाधनों के इष्टतम उपयोग में मदद करेगा। यह पीएसएलवी की 56वीं उड़ान थी। इसरो का 2022 में यह पांचवां और अंतिम अभियान बताया जा रहा है। इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने मिशन को अद्वितीय बताते हुए कहा कि पहली बार वैज्ञानिकों ने कक्षाओं को बदलने के लिए पीएसएलवी रॉकेट में दो कक्षा परिवर्तन प्रक्षेपक (ओसीटी) का इस्तेमाल किया है। उन्होंने यहां संवाददाताओं को बताया, मैं शेष आठ उपग्रहों के अपेक्षित नई कक्षा में पहुंचने की खुशखबरी साझा करना चाहता हूं, जो कि ईओएस-06 उपग्रह की मूल कक्षा से नीचे है।



नौ उपग्रहों को लेकर जाता इसरो का राकेट पीएसएलवी

# केरल छोड़कर जा रहे छोटे-बड़े कई उद्योग

- नीति निर्धारकों की उदासीनता व ट्रेड यूनियनों की मनमानी के चलते कारोबार करना हुआ मुश्किल

**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि



प्रतीकात्मक चित्र

**केरल** में राजनीतिक उथल-पुथल और औद्योगिक उतार-चढ़ाव के कारण बड़े और छोटे दोनों तरह के उद्योग समूह राज्य से बाहर ठोर तलाश रहे हैं। जे राजमोहन पिल्लई के स्वामित्व वाला बीटा समूह राज्य को छोड़कर जाने वाले उद्यमियों की सूची में नवीनतम बड़ा नाम है।

यह समूह नट किंग जैसे पैकेज्ड खाद्य उत्पादों का उत्पादन करता है। वर्ष 2021 में भी एक दर्जन से अधिक प्रमुख इकाइयां राज्य से बाहर स्थानांतरित हो गई थीं। इनके प्रोपराइटरों ने उद्योगों के शटर गिरा दिए और तेल-संपन्न पश्चिम एशियाई देशों के लिए रवाना हो गए। स्वर्गीय के जनार्दन पिल्लई के परिवार से आने वाले बीटा समूह, जिसे भारत का काजू राजा कहा जाता है, ने लगभग 100 की संख्या में अपने सभी काजू प्रसंस्करण कारखानों को बंद कर दिया है। यह समूह भी पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी-बिसाऊ में जा रहा है। बीटा समूह के अध्यक्ष डॉ. राजमोहन पिल्लई ने बिसाऊ से टेलीफोन पर द पायनियर को बताया कि हम गिनी-बिसाऊ की सबसे बड़ी काजू प्रसंस्करण और निर्यात इकाई स्थापित करेंगे जो निकट भविष्य में ही कम से कम 2,000 लोगों को रोजगार प्रदान करेगी।


बीटा समूह और गिनी-बिसाऊ सरकार के बीच हुए समझौते में यह शर्त रखी गई है कि समूह अगले पांच वर्षों में 100 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा। अफ्रीकी देश में अपने कारोबार को स्थानांतरित करने का बीटा समूह का निर्णय ऐसे समय में आया है जब उद्यमी ट्रेड यूनियन नेताओं के रवैये से डरकर राज्य छोड़ रहे हैं। राज्य में ट्रेड यूनियन नेता अपनी मनमानी करते हैं। हालांकि डॉ. पिल्लई ने बताया कि बीटा समूह को स्थानांतरित करने का निर्णय प्रधानमंत्री नूनो गोम्स नंबम के नेतृत्व वाली गिनी-बिसाऊ सरकार के निमंत्रण के बाद लिया गया।

केरल के कॉर्पोरेट हस्तियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यहां निवेश और कारोबार विस्तार की दृष्टि से स्थितियां अनुकूल नहीं रह गई हैं। एक वरिष्ठ कॉर्पोरेट दिग्गज ने कहा कि जब ट्रेड यूनियन के नेतायह तय करने लगें कि कौन श्रमिक काम पर रखा जाएगा और कौन नहीं तो यह अंदाजा लगा सकते हैं कि यहां काम करना कितना मुश्किल है। ऑटोमेशन सिस्टम शुरू करने में ट्रेड यूनियनों के प्रतिरोध के बाद दो लाख से अधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाली काजू प्रसंस्करण इकाइयां बंद हो गई हैं। डॉ. पिल्लई ने कहा कि इस क्षेत्र से कोई सार्थक मुनाफा नहीं निकल रहा है।




## टेस्ट मैच के मुरीद

मंत्री जी टेस्ट मैच खेलने उतरे हैं। बस इनकी एक ही इच्छा है कि भगवा सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल में इनका मंत्री पद बना रहे। इसीलिए यह महोदय सरकार की पिच पर विकेट बचाकर धीरे-धीरे खेल रहे हैं। न ज्यादा कुछ करो न आरोप लगे। बस बड़े महाराज की जय जयकार करते रहो और पिच पर बने रहो। ऐसा करना इनकी मजबूरी भी है क्योंकि इन महोदय की पत्नी भी पिछली भगवा सरकार में मंत्री थी जिन्होंने बाल विकास करते हुए पांच साल सफलता से पूरे किए थे। भगवा सरकार की दूसरी पारी के लिए भी मंत्री महोदया ने छलांग मारने कोशिश की थी लेकिन तभी इनके दयावान पति बीच में आकर कूद पड़े और जंग भी जीत ली। सौभाग्य से मंत्री भी बन गए वह भी पहियों वाले मंत्री। इन दयावान मंत्री जी के पास अब काम से ज्यादा पत्नी के सामने प्रतिष्ठा बचाना महत्वपूर्ण हो गया है। कहीं ऐसा न हो बीच में ही किसी कारण से हटा दिया जाए। तब बेचारे यह महोदय पत्नी को क्या मुंह दिखाएंगे। इसीलिए मंत्री महोदय भगवा सरकार में टेस्ट मैच की तरह धीरे धीरे खेल रहे हैं। बगैर आरोप प्रत्यारोप के। बस एक ही इच्छा है। सुरक्षित पांच साल बीत जाएं और घर में इज्जत बनी रहे।



## कोराना का डंक

राजधानी की सेहत की जिम्मेदारी संभालने वाले सीएमओ साहब खुद पॉजिटिव हो गए है। इस समय होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे हैं। समझ में नहीं आ रहा है कि इस समय राजधानी डेंगू के डंक से परेशान है और साहब कोरोना से। उधर तो लगता था कि कोरोना अब बीते दिनों की बात हो गई। कभी कभार बीच बीच में एक दो केस सुनने को मिल जाते थे। लेकिन विभाग में जिले के मुखिया के बीमार पड़ते ही हलचल मच गई। आनन फानन में कई लोगों ने टेस्ट भी करा डाले। यह वो लोग थे जो साहब के इर्द गिर्द रहते हैं। राहत की बात यह है कि साहब के अलावा कोई और नही निकला। फिलहाल साहब तो बीमार हैं लेकिन सुनने में आ रहा है कि घर से ही वह विभाग चला रहे है। अलबत्ता केवल बैठकों में नहीं जाते और न ही आफिस आते हैं। बाकी सारा काम देख रहे हैं। लगता है कि साहब को कोरोना का डंक अच्छी तरह से पता है।

## विदेश नहीं तो देश सही

अगले साल उत्तर प्रदेश में होने वाले अंतरराष्ट्रीय निवेश सम्मेलन को लेकर सभी प्रमुख विभाग और उनके अधिकारी तथा मंत्री गण विदेश दौरे का कार्यक्रम बना रहे हैं जो कि नवंबर के अंत से शुरू हो जाएंगे। इस दौरे में विभाग के मंत्री गण और विभाग के एसीएस या प्रमुख सचिव दोनों विदेश दौरे पर जाएंगे लेकिन बेचारे विभाग के राज्यमंत्री का क्या दोष। उन्हें तो कोई पूछ ही नहीं रहा है। कैबिनेट मंत्री अपने ही दौरे की सेटिंग में लगे हैं और कुछ तो सीधे महाराज जी के साथ विदेश दौरे के जाने की फिराक में लगे हुए हैं। कार्यक्रम धीरे धीरे बन रहा है जिसमें कुछ मंत्री अभी जाएंगे कुछ मंत्री अगले महीने जाएंगे और यह सिलसिला दिसंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में मंत्री तो विदेश की सैर करके आएंगे लेकिन राज्यमंत्री सिर्फ देखते ही रह जाएंगे क्योंकि फिलहाल अभी उनके विदेश जाने का कोई कार्यक्रम सरकार द्वारा निर्धारित नहीं किया गया है। इसलिए राज्यमंत्री अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि शायद अगले महीने उन्हें भी विदेश न सही तो कम से कम दूसरे राज्यों में तो खासतौर से जो बड़े महानगर हैं वहां जाने का मौका मिले। मजेदार बात यह है कि एक संवैधानिक पद पर बैठे माननीय को विदेश दौरे पर जाने का मौका मिला तो उन्होंने यूपी विधानसभा के होने वाले कई कार्यक्रमों को निरस्त कर दिया।

## बाहर आते राज

एलडीए के बड़े साहब को सब ठीक ठाक लग रहा था। बड़े साहब, आवास और पार्किंग की समस्याएं समझने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन साहब को जब पता चला कि दस करोड़ का गबन स्मारक समिति में हुआ है तब साहब को एहसास हुआ कि इन मासूस चेहरों के पीछे बहुत राज हैं। झटका लगने पर कर्मचारी से लेकर छोटे साहब तक आंच पहुंचने लगी तो संभले बड़े साहब। फिर क्या था! साहब को समझते देर न लगी कि कर्मचारियों के मकड़ जाल को तोड़ना बहुत जरूरी है। अब साहब ने फूंक फूंक कर कदम रखना शुरू कर दिया। कई बड़े बड़े नटवरलालों पर नजर रखने लगे। दस करोड़ घोटाले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास करते हुए स्मारक समति के बाबू और अधिकारी पर शक गया। अभी साहब की जांच जारी ही थी कि कई और दफन राज धीरे-धीरे बाहर आने लगे। अब बड़े साहब को लगने लगा कि यहां का सफर आसान नही हैं।



## पेट्रोल वाले कप्तान

बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह वाली कहावत पूर्वांचल के एक जिले के पुलिस कप्तान पर फिट बैठती है। बीते महीनों में बाढ़ के समय इस जिले के डीएम साहब का एक गैरजिम्मेदाराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें उन्होंने भूख से बेहाल जनता को राहत के बजाए नसीहत दी थी कि हम जोमैटो नहीं चला रहे। अब इसी जिले के पुलिस कप्तान का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह अपने डीएम से भी चार हाथ आगे निकल गए हैं। समाधान दिवस के दौरान पत्नी से प्रताड़ित एक व्यक्ति न्याय के लिए पहुंचा था। उसका कुसूर सिर्फ इतना था कि पीड़ित ने कहा दिया कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्महत्या कर लेगा। फिर क्या था कप्तान साहब का पारा चढ़ गया और उन्होंने एक दारोगा को आदेश दिया कि इसे पेट्रोल दे दो। फिर पीड़ित को ही फटकार कर हवालात में डालने का आदेश दे दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कप्तान अब सफाई देते घूम रहे हैं कि उस व्यक्ति ने कहा था कि तीन साल से दौड़ते-दौड़ते उसका तेल निकल गया है और अब मैं मर जाऊंगा। जिस पर मैने कहा कि भाई इसे तेल दे दो।

# अधिकारों का महत्व तभी है जब हम अपने कर्तव्यों को समझें: सुरेश खन्ना

## संविधान दिवस पर लोकभवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम, उद्देशिका का पाठन किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर लोक भवन के सभागार में संविधान की आत्मा उद्देशिका का पाठन किया गया। इस मौके पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि 2015 से पहले संविधान दिवस मनाने के संबंध में कोई विचार नहीं किया परंतु पीएम मोदी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने पूरे देश में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के रूप में मनाए जाने के लिए प्रेरित किया। जिससे कि सभी देशवासी संविधान की महत्ता एवं कर्तव्य बोध समझ सकें। उन्होंने कहा कि हम अधिकारों की बात तो करते हैं परंतु अधिकार तब तक नहीं मिल सकते जब तक उससे जुड़े व्यक्ति अपने कर्तव्य का पालन न करें। हमारे संविधान निर्माताओं ने दुनिया के संविधान में जो अच्छी चीजें थी उसको भारतीय संविधान में समाहित किया है। उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर के एक वक्तव्य को कोट करते हुए कहा कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों ना हो, उसे लागू करने वाले की मनसा और कार्य करने की शैली प्रभावी रहती है। संविधान दिवस पर इन मौलिक कर्तव्यों का विशेष महत्व है जिससे कि इस अवसर पर हम इन कर्तव्यों को अवश्य याद करें और उनका पालन करें। अधिकारों का महत्व तभी है जब हम अपने कर्तव्य को भलीभांति समझें और उसका पालन करें। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे प्राचीनतम लोकतंत्र है और उस लोकतंत्र का प्राण हमारे संविधान में बसता है।

संविधान निर्माताओं ने तमाम देशों के संविधानो का अध्ययन करने के उपरांत अपने देश की संस्कृति, चेतना और विरासत को समावेशित करते हुए इस संविधान का निर्माण किया है। संविधान में जिन कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है उनका पालन करते हुए हम इस अमृत काल में अपने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करे। कार्यक्रम के दौरान सुरेश कुमार खन्ना द्वारा सचिवालय परिसर में स्वच्छ सचिवालय अभियान संबंधी कार्यक्रम के अंतर्गत चंचलता श्रीवास्तव को प्रथम पुरस्कार, किसलय सिंह को द्वितीय पुरस्कार तथा जुबेर हुसैन को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त बाह्य परिसर के लिए मोहित अग्रवाल एवं रामजनम यादव को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। संविधान दिवस की अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल जानकीपुरम विस्तार की पारखी मिश्रा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मलिहाबाद की बुशरा हसीन तथा शिया पीजी कॉलेज की सपना सिंह को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत बेसिक विद्यालय खुशाल गंज काकोरी लखनऊ की काजल रावत, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहमिना रोड लखनऊ की सलोनी जयसवाल व शिया पीजी कॉलेज के हीरा मलिक को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

# यूपी को शीघ्रता से उर्वरक सप्लाई में रेलवे करेगा सहयोग



### ● कृषि मंत्री ने की रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने उत्तर प्रदेश में डीएपी उर्वरक की शीघ्रता से आपूर्ति कराने के लिए रेलवे बोर्ड भारत सरकार के चेयरमैन बीके त्रिपाठी के साथ बैठक की। रेलवे बोर्ड भारत सरकार के चेयरमैन बीके त्रिपाठी द्वारा उर्वरक आपूर्ति में यथासंभव सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया गया है। बैठक में उत्तर प्रदेश कृषि उर्वरक के संयुक्त निदेशक एके पाठक भी शामिल थे।

बैठक में बताया गया कि पूर्वी पोर्ट पारादीप, काकीनाडा, गंगावरस, कृष्णा पट्टनम से रेक्स की उपलब्धतता बढ़ाई जाए तथा उड़ीसा, झारखंड में उर्वरक रैक्स बहुत ज्यादा समय तक स्टेबल रहती है जिसकी वजह से उनको गन्तव्य तक पहुंचने में बिलम्ब होता है। वर्तमान में रबी फसलों की बुवाई का मुख्य समय चल रहा है, जिसके दृष्टिगत कृषकों के मध्य फास्फेटिक उर्वरकों डीएपी-एनपीके की अत्यधिक मांग है। उर्वरकों की समय से आपूर्ति करने में रेलवे का महत्वपूर्ण सहयोग रहता है। वर्तमान माह नवम्बर में डीएपी की धीमी आपूर्ति के कारण प्रदेश के कतिपय जनपदों में कृषकों को फसलों की बुवाई के समय सुगमतापूर्वक डीएपी की उपलब्धता कराने में कठिनाई हो रही है। माह नवम्बर में उत्तर प्रदेश को पूर्वी पोर्ट काकीनाडा, कृष्णापट्टनम, गंगावरम, बाईजैक एवं पारादीप से 149800 मी. टन डीएपी उर्वरक का आवंटन के सापेक्ष 24 नवंबर 2022 तक 67000 मी. टन की आपूर्ति हो सकी। पोर्ट से फास्फेटिक उर्वरकों की आपूर्ति धीमी होने के समबन्ध में उर्वरक कम्पनियों के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि उपरोक्त पूर्वी पोर्ट से आपूर्ति के लिए रैक्स पर्याप्त संख्या में नहीं मिल पा रही है। मैसर्स इफ को एवं पीपीएल के पारादीप प्लान्ट से तथा पूर्वी पोर्ट से डिस्पैच होने वाली रैक्स उडीसा एवं झारखण्ड में अत्यधिक स्टेबल होने के कारण 8 से 10 दिनों में गन्तव्य तक पहुंच पा रही है। 25 नवम्बर से 30 नवम्बर 2022 के मध्य पश्चिनी पोर्ट मुन्द्रा, काण्डला एवं पीपावा पर डीएपी उर्वरक के शिप प्राप्त हो रहे है। इन पोर्ट से मांग के अनुरूप रैक की उपलब्धता शीघ्रता से कराया जाना आवश्यक है। रेलवे बोर्ड भारत सरकार के चेयरमैन बीके त्रिपाठी द्वारा उर्वरक आपूर्ति में यथासंभव सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया गया है। बैठक में उत्तर प्रदेश कृषि उर्वरक के संयुक्त निदेशक एके पाठक ने भी सहभागिता की।

# भाजपा सरकार लगातार संविधान को कमजोर कर रही: नकुल दुबे



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा है कि आज देश में नफरत व विघटन की राजनीति हो रही है। देश का लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है भाजपा सरकार लगातार संविधान को कमजोर करने का कार्य कर रही है। ऐसे में हम सब को एकजुट होकर अपने संविधान की रक्षा के लिए आगे आना होगा।

दुबे शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, अनुसुईया शर्मा, प्रो. रविकांत एवं मनीष सिंधवी की उपस्थित में सेवादल कांग्रेस मध्य जोन के अध्यक्ष राजेश सिंह काली द्वारा सभी कांग्रेसजनों को संविधान की शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम का संचालन अनिल यादव ने किया।

प्रांतीय अध्यक्ष दुबे ने कहा कि आज हमें अपनी बात को कहने का भी अधिकार नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 19 के अन्तर्गत जो हमें अपनी बात कहने का अधिकार प्राप्त हुआ है वह आज समाप्त होता नजर आ रहा है। कार्यक्रम में आए लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफ्सर रविकांत ने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान को अपनाया गया था और भारत देश को समर्पित किय गया तथा 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। जिसका आरएसएस द्वारा विरोध किया गया और कहा कि इस संविधान में भारतीय कुछ भी नहीं है। भारतीय संविधान में सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए विस्तृत प्रावधानों को शामिल किया गया।

## चेक बाउंस मामले में एफआईआर को कांग्रेस ने बताया राजनीतिक साजिश

**लखनऊ।** लखमीपुर खीरी में रेप पीड़िता के परिवार की आर्थिक सहायता के लिए कांग्रेस नेताओं द्वारा दी गई चेक के बाउंस होने के बाद एफआईआर दर्ज होने के मामले में कांग्रेस ने सफाई पेश की है। प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने रेप पीड़िता परिवार के सदस्य मुनेश कुमार द्वारा कराई गई एफआईआर को राजनीतिक दबाव में किया गया अमानवीय कृत्य बताया है। जो पूरी तरीके से राजनीतिक साजिश और जल्दबाजी का नतीजा है।

नकुल दुबे ने शनिवार को प्रेस वार्ता द्वारा पूरे प्रकरण की वस्तु स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि चेक रिटर्न होने की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार से प्रदेश कांग्रेस के जिम्मेदार लोगों ने लगातार संपर्क किया और पूरे पीड़ित परिवार से प्रकरण को लेकर आम सहमति थी। प्रदेश कांग्रेस ने उसे पार्टी स्तर पर पुन: दूसरा चेक देने को भी कहा। इसके साथ ही बैंक द्वारा रिटर्न मेमो संख्या 5 के अनुसार पुन: चेक जमा करने को भी खाताधारक पीड़ित परिवार को बोला गया था। उन्होंने कहा कि आज चौथा शनिवार, कल रविवार तथा सोमवार को भी बैंक अवकाश होने का बगैर ख्याल करे पुलिस ने राजनीतिक दबाव और षड्यंत्र के तहत पार्टी की छवि खराब करने के लिए जल्दबाजी में एफआईआर दर्ज किया है।

# खेती से विमुख होकर रोजगार के लिए शहर की ओर पलायन कर रहा है युवा वर्ग: भूसरेड्डी

### ● संवाद कार्यक्रम में गन्ना किसानों ने साझा किए खेती के अनुभव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ने की प्रति हेक्टेयर उपज को अधिकाधिक बढ़ाने तथा युवा गन्ना किसानों में उत्पादकता पुरस्कारों के माध्यम से स्वस्थ प्रतियोगी भावना का संचार करने का के लिए शनिवार को डालीबाग स्थित गन्ना आयुक्त कार्यालय के सभागार में 'प्रगतिशील युवा गन्ना किसान संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहारनपुर परिक्षेत्र के युवा गन्ना किसानों के साथ वर्चुअली संवाद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग संजय आर भूसरेड्डी द्वारा की गयी। भूसरेड्डी द्वारा युवा गन्ना कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि गन्ना विकास विभाग गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभागीय योजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से निरन्तर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा वर्ग खेती से विमुख होकर छोटे-मोटे रोजगार के लिए शहर की ओर पलायन कर रहे हैं क्योंकि युवा वर्ग कृषि कार्य को सम्मानजनक महसूस नहीं करता है। इसलिए गन्ना विकास विभाग द्वारा युवाओं को सम्मानजनक रूप से गन्ना खेती से जोड़ने के लिए पहल की गयी है। युवा गन्ना किसानों द्वारा गन्ने की खेती को आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से करते हुए जिले, परिक्षेत्र एवं राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया जा रहा है।

# मेट्रो, रेल और रोड के जरिए दिल्ली से कनेक्ट होगा जेवर एयरपोर्ट

### ● नोएडा एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन बनाने का भी प्रस्ताव

## ग्रेटर नोएडा से नोएडा तक होगा मेट्रो का विस्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यात्री** सुविधाओं को सुगम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार नए-नए प्रयास कर रही है। इसी के तहत नोएडा के जेवर में बन रहा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक यात्रियों को लाने एवं ले जाने के लिए भी प्रदेश सरकार मेट्रो, रेल और सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने जा रही है। इन माध्यमों के जरिए राजधानी दिल्ली समेत प्रदेश या देश के किसी भी हिस्से से नोएडा एयरपोर्ट पहुंचना आसान हो जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए उठाए जा रहे इस कदम को लेकर लगभग सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। मेट्रो लाइन को ग्रेटर नोएडा से नोएडा तक विस्तारित किया जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल पर एक रेलवे स्टेशन प्रस्तावित है जिससे महज 21 मिनट में दिल्ली पहुंचा जा सकेगा। इसके अलावा एयरपोर्ट के नार्थ और ईस्ट एरिया को रोड कनेक्टिविटी भी प्रदान की जा रही है। मुख्य सचिव के समक्ष नोएडा एयरपोर्ट की प्रोग्रेस रिपोर्ट को साझा किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल स्टेशन को मेट्रो पैसेंजर टर्मिनल से लिंक किया जाएगा। यीडा और डीएमआरसी ने डीपीआर और फीजिबिलिटी रिपोर्ट अगस्त 2022 में ही तैयार कर ली है। ग्रेटर नोएडा से ओइड एयरपोर्ट तक ट्रैफिक रिपोर्ट का अपडेट भी 16 जून को स्वीकृति के लिए भेजा जा चुका है। वहीं यहां रेलवे नेटवर्क बिछाए जाने की भी तैयारी जोरों से हो रही है। प्रदेश सरकार की मांग पर नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस पर काम कर रही है। इसके तहत नोएडा एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। रोड के जरिये एयरपोर्ट तक यात्री आसानी से पहुंच सकें इसकी भी तैयारी है। विभिन्न सर्विस रोड के अलावा विभिन्न दिशाओं से रोड के जरिये एयरपोर्ट को जोड़ा जाएगा। ईस्ट रोड के जरिये जहां ये जेवर खुर्जा रोड से कनेक्ट होगा तो वहीं ययमुना एक्सप्रेस वे से इसे जोड़ने के लिए टेंडर पास ही चुका है और वर्क ऑर्डर भी जारी किया जा चुका है। बल्लभगढ़ के रास्ते इसे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से भी जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश सरकार जमीन के अधिग्रहण पर 260 करोड़ रुपए खर्च करेगी। साथ ही सरकार एनएचएआई को 8.5 किमी का लिंक रोड बनाने के लिए जमीन फ्री ऑफ कॉस्ट उपलब्ध कराएगी। एयर कार्गो व अन्य औद्योगिक ट्रैफिक के लिए पूर्व दिशा की ओर रोड का निर्माण हो चुका है।

# ऑटो इंडस्ट्री का हब बनेगा मध्य व पश्चिमी यूपी, विदेशों में होगी सप्लाई

## योगी सरकार इसके लिए 10 हजार एकड़ जमीन कराएगी उपलब्ध, खर्च होंगे 20 बिलियन डॉलर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए पश्चिमी और मध्य यूपी को ऑटो और इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री के साथ ही इससे जुड़े कंपोनेन्ट्स की इंडस्ट्री का हब बनाने का निर्णय लिया है। सीएम योगी ने एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पश्चिमी और मध्य यूपी में ऑटो और इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री के लिए पहले से पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, बस इसे और विकसित करने की जरूरत है, क्योंकि ऑटो सेक्टर में इलेक्ट्रिक व्हीकल की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। इससे रोजगार के साधन भी इस इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर उपलब्ध होंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में ऑटो इंडस्ट्री में यूपी की ग्रोथ स्टेट वैल्यू एडिशन डेढ़ बिलियन डॉलर थी जिसे अगले पांच वर्ष में पांच बिलियन डॉलर किया जा सकता है। यहां पर इंडस्ट्री के विकास के लिए पश्चिमी और मध्य यूपी में 9 से 10 हजार एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी, इसके लिए योगी सरकार 19 से 20 बिलियन डॉलर खर्च करेगी। वहीं यहां बने इलेक्ट्रिक व्हीकल के साथ ऑटो पार्टस को यूकेए यूएसएए ऑस्ट्रेलिया और साउथ एशिया में सप्लाई किया जाएगा। दरअसल वहां पर टू और थ्री व्हीलर इलेक्ट्रिक व्हीकल और बैटरी की डिमांड काफी ज्यादा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि ऑटो इंडस्ट्री में लार्ज और एमएसएमई इंडस्ट्री का अहम रोल है और यह दोनों ही इंडस्ट्री पश्चिमी और मध्य यूपी में पर्याप्त मात्रा में पहले से स्थापित हैं। इसके साथ ही इन इंडस्ट्री के इक्यूपमेंट के एक्सपोर्ट के लिए यहां पर एक्सप्रेस वे भी मौजूद है। वहीं एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए यहां पर आसानी से ईस्टन डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को विकसित करने के साथ एक्सप्रेस वे से कनेक्ट किया जा सकता है। योगी सरकार ऑटो इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ, हापुड़, कानपुर नगर और मेरठ को लार्ज इंडस्ट्री के निर्माण के लिए चुना है जबकि एमएसएमई इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए आगरा, शाहजहांपुर, अलीगढ़, प्रयागराज, सहारनपुर और इटावा को चुना गया है। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए पश्चिमी यूपी को ओरिजनल इक्यूपमेंट मैन्युफैक्चरर बेल्ट के रूप में विकसित करने के लिए यहां पर्याप्त संसाधन भी पहले से उपलब्ध है। वहीं मध्य उत्तर प्रदेश ऑटो इंडस्ट्री के लिए सबसे जरूरी मेटल इंडस्ट्री के साथ इससे जुड़ी अन्य इंडस्ट्री के लिए काफी उपयुक्त है। यहां पर इन इंडस्ट्री के लिए एमएसएमई इंडस्ट्री पहले से मौजूद हैए बस इसे और बड़ा रूप देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि पश्चिमी यूपी में ऑटो जोन और ऑटोमोटिव इंडस्ट्री को विकसित करने के लिए इससे जुड़े सहायक और डाउनस्ट्रीम उद्योग पर फोकस करना होगा। इसके लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल ओरिजनल इक्यूपमेंट मैन्युफैक्चरर के सहायक उद्योग रबड़ प्रसंस्करण, प्लास्टिक, धातु, मशीनरी, कांच उद्योग को ग्रीन जोन के रूप में विकसित करना होगा। साथ ही प्रदेश में ईवी चार्जिंग नेटवर्क को बढ़ाना होगा। सीएम योगी ने अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की बात कही। इलेक्ट्रिक ऑटो इंडस्ट्री प्रोडक्ट की डिजाइन, उसके रिसर्च, ईवी चार्जिंग पर केंद्रित है। इसमें बैटरी, बैटरी केमिकल, सेल मैन्युफैक्चरिंग, फ्यूल और वेल्डिंग का अहम रोल है। ऐसे में इसके लिए कास्टिंग, वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रिक व्हीकल एसेंबल टेक्नीशियन के साथ हीट ट्रीटमेंट टेक्नीशियन की सबसे ज्यादा जरूरत होगी। इन पदों पर सबसे ज्यादा रोजगार उपलब्ध होंगे। इसको लेकर सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2017 में इस सेक्टर में 60 से 70 हजार लोगों को रोजगार मिला था। वहीं इसकी ग्रोथ से अगले पांच वर्षों में 90 हजार से 1.10 लाख प्रति वर्ष रोजगार उपलब्ध होंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# आचार-विचार और सोच को हमेशा प्रगतिवादी रखिए: राज्यपाल

## ● एकेटीयू का 20वां दीक्षांत समारोह संपन्न 101 मेधावियों को मिले मेडल, 81 छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई पीएचडी की डिग्री




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डॉ. एपीजे** अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का 20वां दीक्षांत समारोह शनिवार को सम्पन्न हुआ। इस मौके पर स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के कुल 101 एक मेधावियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदान किए। 81 छात्र-छात्राओं को पीएचडी की डिग्री भी दी गई इसके अलावा नारी शक्ति पुरस्कार, विशिष्ट पुरातन छात्र पुरस्कार प्रशासन और युवा पुरातन छात्र पुरस्कार उद्यमिता दिया गया।

इस दौरान बोलते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि यह दीक्षांत आपके जीवन में नया अध्याय है। जो सम्मान और शिक्षा आपको मिली है उसका सही तौर पर इस्तेमाल करना सीखना होगा। कहा कि आपकी इस सफलता में सबसे बड़ा योगदान माता पिता का है। इसलिए उनका आदर और सम्मान हमेशा करते रहना। साथ ही कहा कि एक छात्र जीवन से निकलकर अब आप समाज में जा रहे हैं। अच्छा समाज और देश बनाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए सबसे जरूरी है कि आप एक बेहतर नागरिक बनिए। जब आप स्वयं में अनुशासित रहेंगे तभी समाज में सकारात्मक योगदान दे सकेंगे। आचार विचार और सोच को हमेशा प्रगतिवादी रखिये। उन्होंने पदक पाने वाले छात्रों और डिग्रीधारकों को गुरूमंत्र देते हुए कहा कि काम करने के दौरान कभी भी सत्य के मार्ग को मत छोड़ियेगा। इस दौरान संघर्ष भी करना पड़ेगा। तमाम दबाव भी आएंगे लेकिन जब आप अपनी नीति, सत्य और ईमानदारी पर दृढ़ रहेंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी। यही आपकी पहचान बन जाएगी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि किसी को जीवनसाथी बनाने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी लें। साथ ही छात्रों को भी ताकीद किया कि हमेशा सच बोलना। उन्होंने सभी पदकधारियों और छात्रों को बधाई और शुभकामना दी। मुख्य अतिथि जायडस लाइफ साइंस के चेयरमैन पंकज आर पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के छात्र सिर्फ नौकरी के बारे में क्यो सोचते हैं। अब समय आ गया है कि इस विचार से छात्र बाहर निकलें और नौकरी देने वाले बनें। कहा कि छात्रों को उद्यमिता और नवाचार के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। तभी वह खुद का और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि पिछले कुछ समय से प्रदेश में उच्च शिक्षा के माहौल में सकारात्मक परिवर्तन आया है। शोध और नवाचार में तेजी से कार्य हुए हैं। इसी का नतीजा है कि प्रदेश के विश्वविद्यालय नैक की रैंकिंग में ए प्लस प्लस आ रहे हैं। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इसके पहले शैक्षणिक शोभायात्रा निकाली गयी।

# कैसरबाग चौराहे पर भी लागू होगा कॉमन बिल्डिंग व साइनेज कलर कोड

## ● लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के इंट्री प्वाइंट पर बनेगा वेलकम गेट, वॉल पेटिंग व हॉर्टिकल्चर वर्क से संवरेगी वीआईपी रोड



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हजरतगंज** की तर्ज पर कैसरबाग चौराहे पर भी जल्द ही बिल्डिंगों व साइनेज बोर्ड के लिए कॉमन कलर कोड व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके तहत चौराहे पर स्थित सभी भवनों व साइनेज बोर्ड एक ही रंग व रूप में नजर आएंगे। शनिवार को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि आर्किटेक्ट्स को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों के विकास व सौंदर्यीकरण का प्लान तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। बैठक में तीन आर्किटेक्टों द्वारा इस पर प्रेजेन्टेशन दिया गया, जिसमें आगरा एक्सप्रेस.वे के इंट्री प्वाइंट पर वर्टिकल आकार का वेलकम गेट, स्कल्पचर डिजाइन व हॉर्टिकल्चर के कार्य को मंजूरी देते हुए इसकी विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा अवध चौराहे से तेलीबाग (वीआईपी) रोड और आशियाना क्षेत्र में आकर्षक वॉल पेटिंग तथा हॉर्टिकल्चर वर्क कराने पर चर्चा की गयी। इसमें आर्किटेक्ट द्वारा सुझाव दिया गया कि इस रूट पर स्पीकिंग वॉल ऑफलखनऊ तैयार की जाए, जिसमें दीवारों पर शहर के इतिहास, कला व संस्कृति का बखान करती हुई आकर्षक पेन्टिंग बनायी जाएं। इसके अतिरिक्त आशियाना चौराहे पर व्हील ऑफ न्यू लखनऊ बनाने और पॉवर हाउस चौराहे तक फुटपाथ में खाली पड़े हिस्से में बेंच लगाकर लोगों के लिए सिटिंग स्पॉट बनाने के सम्बंध में विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। आर्किटेक्ट द्वारा दिये गये सुझाव के आधार पर खजाना मार्केट व पॉवर हाउस चौराहे पर बहुतायत में लगे विज्ञापन बोर्ड हटाने के भी निर्देश दिये गये हैं। उपाध्यक्ष ने बताया कि पिकअप भवन से लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान चौराहा तथा चौराहे के बायें और दाहिनी तरफ की सड़क पर आकर्षक हॉर्टिकल्चर वर्क कराया जाएगा।

# प्रोजेक्ट टेली लॉ के जरिए हर व्यक्ति ले सकता है कानूनी सहायता: संजय सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**संविधान** दिवस के अवसर पर अटल सभागार तहसील सदर लखनऊ में संविधान दिवस मनाया गया, जिसमें अधिवक्ताओं ने अपने-अपने विचार व अनुभव को व्यक्त किया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजय सिंह द्वितीय ने कहा कि प्रोजेक्ट टेली लॉ भारत सरकार एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जिसके माध्यम से राज्य के दूरस्थ स्थानों पर निवास करने वाला व्यक्ति भी समाज की मुख्यधारा में आ जाता है। प्रोजेक्ट टेली लॉ समाज के कमजोर व्यक्तियों को एक ऐसा अवसर प्रदान करता है जहां पर एक ही छत के नीचे वह अपनी विधिक समस्याओं का समाधान और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा पाता है।

टेली लॉ देश के सुदूर कोने में रहने वाले हर व्यक्ति को सफलतापूर्वक जोड़ने और उसके द्वार पर कानूनी सहायता पहुंचाने का प्रथम पहला प्रयास है। समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों का समावेशन और उनका कानून सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल भारत के तहत प्रोजेक्ट टेली लॉ एक जरूरी प्रयास जो संयुक्त रूप से न्याय विभाग विधि और न्याय मंत्रालय विधिक सेवा प्राधिकरण और कॉमन सर्विस सेंटर ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा शुरू किया गया है।

### दहेज प्रताड़ना, पारिवारिक विवाद जैसे समस्याओं पर ले सकते हैं कानूनी सलाह

टेली लॉ प्रोजेक्ट के तहत दहेज, पारिवारिक विवाद, तलाक, घरेलू हिंसा से बचाव, महिला एवं बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन एयौन दुर्व्यवहार, छेड़.छाड़, जमीन.जायदाद व संपत्ति का अधिकारए महिला और पुरुष के लिए समान मजदूरी, मातृत्व लाभ, लिंग जांच व भ्रूण हत्या रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम, बच्चों का यौन शोषण से संरक्षण, बाल मजदूरी, बच्चों के शिक्षा के अधिकारए एफ आईआर लिखवाने और जमानत मिलने की प्रक्रिया, अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रति अत्याचार और पुनर्वास की सलाह ली जा सकती है।

# किसी भी दशा में निराश्रित लोगों को खुले में सोने न दिया जाए: डीएम

## ● ईंट भट्ठा मालिकों को देना होगा अपने मजदूरों के रहन सहन की सुचारू व्यवस्था करने का प्रमाण पत्र



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शीत ऋतु** को देखते हुए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा रैनबसेरों व अलाव की व्यवस्था को लेकर बैठक की गयी। रैनबसेरों की व्यवस्था के लिए नए व पुराने सरकारी भवनों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए किसी भी दशा में निराश्रित लोगों को खुले में सोने न दिया जाए। ज़रूरतमंदों की मदद के लिए शहर के हर ब्लाक, हर तहसील में लखनऊ कपड़ा बैंक बनेगा। यही नहीं ज़रूरतमन्दों को शीत लहर से बचाने के लिए ज़िलाधिकारी ने मुहीम शुरू की है। समस्त सरकारी अधिकारी व कर्मचारी 10-10 पुराने कपड़ो का दान करेंगे। ईट भट्ठों एव प्रोजेक्ट साइटों पर काम करने वाले माइग्रेट लेबरों के रहन सहन की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी, जिसका प्रमाण पत्र कंपनियों को देना होगा।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में तहसीलवार और नगरीय क्षेत्रों में जोनवार अलाव जलाने वाली लकड़ी का पर्याप्त स्टॉक किया जाए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के लिए गोबर के उपलों की भी व्यवस्था किया जाए। इसके लिए गौ आश्रय केंद्रों से तालमेल करते हुए ज़रूरतमन्द लोगो को जलाने के लिए उपले भी उपलब्ध कराए जाए। ज़िलाधिकारी ने सभी उप ज़िलाधिकारियों को तहसील क्षेत्र में स्थाई व अस्थाई रैनबसेरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनपद में पर्याप्त रैनबसेरों की व्यवस्था के उद्देश्य से निर्देश दिया गया कि रैनबसेरों के लिए नये भवनों को चिन्हित किया जाए। हो सके तो पुराने सरकारी भवनों में भी रैनबसेरों की व्यवस्था करायी जाए। साथ ही निर्देश दिया कि भवन का चिन्हाकन करते समय भवन की अवस्था भवन जर्जर तो नहीं है एवं खान पान, पानी व शौचालय आदि की व्यवस्था को विशेष रूप से किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि अक्सर देखा जाता है कि बहुत सारे लोग रैन बसेरों की जानकारी के अभाव मे भी मजबूरी में सड़कों पर सोते है।

### सरकारी कर्मियों को 10-10 पुराने कपड़े देने होंगे दान

जरूरतमन्दों को शीत लहर से बचाने के लिए ज़िलाधिकारी द्वारा एक नई मुहीम शुरू की गई। उन्होंने बताया कि समस्त सरकारी कर्मचारी 10-10 पुराने कपड़ो का दान कपड़ा बैंको में करेंगे। उन्होंने बताया कि इस पुनीत कार्य की शुरुआत हमारे समस्त शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा की जाएगी। डीएम ने कहा हैकि हर चौकी और डायल 112 को स्थाई एवं अस्थाई रैनबसेरों से लिंक किया जाए ताकि कोई अगर खुले में सोता मिले तो उसको तत्काल रैनबसेरे में पहुंचाया जा सके। अनूठी पहल करते हुए हर तहसील व हर ब्लाक पर 1-1 कपड़ा बैंक बनाने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में कोटेदारो द्वारा दान में लोगो से कपड़े जमा कराने के निर्देश दिए। साथ ही नागरिक सुरक्षा के वालेंटियर्स के द्वारा भी अपने अपने क्षेत्रों में कपड़े दान देने के इच्छुक लोगो से कपड़े जमा करके कपड़ा बैंको में जमा कराने के भी निर्देश दिए गए।

# निरीक्षण का टारगेट पूरा करने पर ही अभियंताओं को मिलेगा वेतन

**पायनियर समाचा सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** के बाबूओं की तरह अब प्रवर्तन अनुभाग में कार्यरत अभियंताओं को भी निर्धारित कार्य लक्ष्य पूरा करने पर ही वेतन मिलेगा। शनिवार को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अवर अभियंताओं को प्रतिदिन 5 स्थलों के हिसाब से प्रतिमाह 125 स्थलों का निरीक्षण करके जोनल अधिकारी को अपनी रिपोर्ट देनी होगी। वहीं, सहायक अभियंताओं को इनमें से 20 प्रतिशत स्थलों का स्वयं निरीक्षण करना होगा। इसके बाद जोनल अधिकारी द्वारा अधिष्ठान विभाग को यह प्रमाण पत्र दिये जाने पर कि सम्बंधित अभियंता ने निर्धारित कार्य लक्ष्य नियमानुसार पूरा किया है, उनका वेतन आहरित होगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि इसी तरह जोनल अधिकारी को अवर अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता द्वारा किये गये निरीक्षणों के 5 प्रतिशत स्थलों की रैण्डम चेकिंग के साथ ही आवासीय स्वीकृत प्लान में अनावासीय निर्माणों का 10 प्रतिशत निरीक्षण करके उनके समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि बैठक के दौरान विहित प्राधिकारी व जोनल अधिकारियों से मुकदमों के निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई, जिनमें मुकदमों के निस्तारण की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। इस पर विहित प्राधिकारियों को प्रतिमाह 60 मुकदमों का निस्तारण सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया गया। साथ ही भू.उपयोग से सम्बन्धित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने सख्त हिदायत दी कि अवैध निर्माण में साठगांठ की शिकायत मिलने पर सम्बंधित के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रवर्तन अनुभाग के कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा प्रत्येक शनिवार को की जाएगी, जिसमें जोनल अधिकारी, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं सुपरवाइजर एवं मेट एवं पेशकार अनिवार्य रूप से सूचनाओं सहित उपस्थित रहेंगे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया एटीएस का 15वां स्थापना दिवस



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के लखनऊ स्थित मुख्यालय पर 15 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें एटीएस के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों एवं उनके परिजनों द्वारा सम्मिलित रूप से प्रतिभाग किया गया। एटीएस के एडीजी नवीन अरोरा ने बताया यूपी एटीएस की क्षमता, संसाधन प्रसार और कार्यविधियों में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। यूपी एटीएस ने केवल अत्याधुनिक आतंकी चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को प्रशिक्षित कर तैयार किया बल्कि उत्तर प्रदेश पुलिस अधिकारियों के साथ दी अपने कौशल और प्रशिक्षण को साझा किया है। यूपी एटीएस ने आतंकी गतिविधियों की दृष्टि से संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय महत्व सीमावर्ती प्रमुख जनपदों एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थानों सहित प्रदेश भर में अपने 18 फील्ड इकाइयां स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है।

# संचारी रोगों के खात्मे के लिए सभी का सहयोग जरूरी: सीएमओ

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग ने संचारी रोगों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से शनिवार को जिले के व्यापर मडलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। सीएमओ कार्यालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विमल कुमार बैसवार ने कहा कि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों को ख़त्म करने के लिए सभी का सहयोग बहुत आवश्यक है, इसलिए संचारी रोगों के प्रति जागरूकता पैदा करने में सभी की हिस्सेदारी आवश्यक है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ रितु श्रीवास्तव ने सभी को संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी, इसके साथ ही उन्होंने बाज़ार और व्यावसायिक क्षेत्रों में मच्छर पनपने के स्थानों और मच्छरों की रोकथाम पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डेंगू का मच्छर एक चम्मच पानी में भी अंडे दे सकता है इसलिए ज़रूरी है कि हम कहीं की पानी इकठ्ठा न होने दें, मच्छरों से बचाव के लिए शरीर को पूरी तरह से ढंकने वाले कपड़े पहने और मच्छरदानी का उपयोग करें।

# डॉ. शकुंतला मिश्रा विवि के कुलपति ने किया परिसर का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डॉ. शकुन्तला** मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह, कुलसचिव रोहित सिंह, वित्त अधिकारी संजय सिंह एवं उप कुलसचिव अनिल कुमार मिश्रा द्वारा विश्वविद्यालय में आकस्मिक बैठक करने के पश्चात निरीक्षण किया गया। उन्होंने विश्वविद्यालय के सीवेज ट्रिटमेन्ट प्लांट का निरीक्षण किया गया। इसके बाद पुरूष एवं महिला छात्रावास में स्थापित मेस एवं संचालित भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। खाना बनाते हुए देखा। छात्रों से खाने की गुणवत्ता की जानकारी ली। समस्त भोज्य सामग्रियों के गुणवत्ता की जांच की गई साथ ही छात्रों के साथ स्वयं भोजन किया गया। विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर का निरीक्षण कर आवश्यकताओं के दृष्टिगत समस्यओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने नवनिर्मित बाउंड्रीवाल के कार्यों की गुणवत्ता देखी गई व सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

### संविधान शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**संविधान** दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के द्वारा संविधान शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन एमुनिटी केन्द्र-1 पर किया गया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक के अनुरोध पर इस अवसर पर डा. आशुतोष पाण्डेय अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने अपने उद्बोधन में संविधान दिवस व संविधान सभा में मूल भावों के मर्म पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवक एवं स्वंय सेविकाओं के साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजलि सिंह, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह निशांत भोला एवं सृजन सिंह उपस्थित थे।

# पथ विक्रेता समिति की बैठक में वेंडरों को समायोजित करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नगर निगम** मुख्यालया में शहर की पथ विक्रेताओं की समिति की नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जोनल अधिकारी व जोनल कमेटियों के सदस्यों द्वारा परीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए। उसकी समीक्षा अगली बैठक में की जाएगी।

मैथलीशरण गुप्त वार्ड में भूतनाथ फूलमण्डी से भूतनाथ मंदिर के सामने तक एवं पराग डेरी के बगल में नीम के पेड़ के नीचे से पार्किंग के गेट तक 5 पथ विक्रेताओं को समायोजित किये जाने, भूतनाथ पार्किंग के समीप रामायण राय पार्क के पीछे वाली गली में पूड़ी विक्रेता दुकान के सामने लगभग 15 वेण्डरों को समायोजित किये जाने के सम्बन्ध में एवं भूतनाथ भूमिगत पार्किंग के साइड में लगभग 12 वेण्डरों को समायोजित किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को परीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए। इसकेअतिरिक्त पथ विक्रेता समिति के सदस्यों द्वारा कई वेंडिंग जोनों को हटाए जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। उनके अनुरोध पर उन वेंडिंग जोनों को हटाए जाने के लिए उनका परीक्षण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। वेंडिंग जोन का नाम.वन विभाग हरदोई रोड दुबग्गा की बाउन्ड्री से लगकर स्थित वेण्डिंग जोन को निरस्त कर वेण्डर्स जिनकी संख्या 2 है, उन्हें नजदीकी वेण्डिंग जोन में शिफ्ट किये जाने के साथ ही बीपी अवस्थी सदस्य टाउन वेण्डिंग कमेटी द्वारा प्रसार भारती दूरदर्शन केन्द्र की बाउन्ड्री से लगकर हरदोई रोड पर और अन्य स्थानों पर नए वेण्डिंग जोन बनाये जाने के प्रस्ताव पर परीक्षण किए जाने का आदेश दिया गया। वेण्डिंग जोन, डॉ राम मनोहर लोहिया पार्क व स्टेडियम की बाउन्ड्री के बाहर एवं बुद्धेश्वर फ्लाई ओवर के नीचे मोहान रोड एवं पारा रेलवे फ्लाई ओवर की सर्विस लेन की दोनों पटरियों पर एवं जागर्स पार्क से हरदोई रोड तिराहे तक सर्विस लेन की एक पटरी तक को मॉडल वेण्डिंग जोन बनाये जाने के प्रस्ताव पर भी विचार कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। सदस्य टाउन वेण्डिंग कमेटी द्वारा वेण्डिंग शुल्क 75 प्रतिशत माफ किये जाने के प्रस्ताव पर पूर्व की बैठक में जो निर्णय लिया गया था कि 25 फीसदी छूट व 75 फीसदी शुल्क लिए जाने को यथावत की भांति रखने के ही निर्देश दिए गए।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**'भारती भवन'** के प्रांगण में श्री गुरु तेग बहादुर साहब का 'शहीदी दिवस' बहुत ही श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दशमेश पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा रहिरास साहिब जी के पाठ से हुई। इसके पश्चात राजेंद्र सिंह एवं दिलबाग सिंह ने शबद कीर्तन द्वारा श्रद्धालुओं को निहाल किया।

इस अवसर पर बोलते हुए लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि साहिब श्री गुरु तेग बहादर जी ने अपना शीश देकर देश का शीश बचा लिया । कश्मीर में हिंदुओं पर चल रहा दमन का चक्र थम गया। इस लासानी बलिदान के बारे में गुरु गोबिंद सिंह ने बाद में लिखा कि यह औरंगजेब के सिर पर अपने तन का ठीकरा फोड़ देने जैसा था। भारती भवन के प्रशांत भाटिया ने कहा गुरु तेग बहादर की शहादत भारत की सभ्यता व संस्कृति का पुनर्जीवन था। देश भर में मुगलों के अत्याचार व निर्ममता के विरुद्ध खड़े होने की चेतना जागृत हुई । बाद मे खालसा का सृजन व औरंगजेब का पतन व मुगल राज्य का सूर्यास्त इस महान शहादत का ही फल था। नाका गुरुद्वारा के महासचिव हरमिन्दर सिंह टीटू ने बताया कि भारती भवन के सहयोग से यह आयोजन शहर में पहली बार हो रहा है जो कि आगे आने वाले सालों में प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाएगा। गुरु महाराज की शाही सवारी के आगमन पर अगवानी (स्वागत) महापौर संयुक्ता भाटिया व भारती भवन से कौशल ने संगत के साथ किया। सनातनी पंजाबी महासभा के अध्यक्ष अनिल वरमानी ने कहा कि इस आयोजन से आने वाली पीढ़ी (बच्चों) अपने इतिहास को जानेगी व इस पर चलने की कोशिश करेगी । सिन्धी समाज से मुरलीधर अहुजा ने कहा कि हिन्दू समाज हमेशा ही गुरु तेगबहादर की शहादत का ऋणी रहेगा। राष्ट्र व धर्म के लिए ऐसी लासानी शहादत की दुनिया में और कोई मिसाल नहीं है। वरिष्ठ समाज सेवी सतनाम सिंह सेठी ने कहा कि इस आयोजन में विशेष तौर पर सभी कार्यक्रम बच्चों की और से करवाए जा रहे हैं ताकि उन्हें इतिहास की जानकारी हो सके। आज के कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे सभी बच्चों को प्रोत्साहन के रूप में सनातनी पंजाबी महासभा की और से पुरस्कृत भी किया गया। गुरुद्वारा आलमबाग के महासचिव रतपाल सिंह गोल्डी ने बताया कि नगर आयुक्त के आह्वान पर शहर की सफाई को देखते हुए कार्यक्रम में होने वाले लंगर में स्टील के बर्तन का प्रयोग किया गया।

हरमिन्दर सिंह मिन्दी व मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि ब्रजिन्दर पाल सिंह द्वारा लिखित 6 पुस्तकों का विमोचन महापौर व सभी महानुभावों द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी हरजीत सिंह ने बताया कि संगत की सुविधा के लिए अवध कालिजियट ए सेंट मीराज इन्टर कालेज, दशमेश पब्लिक स्कूल से बस सेवा की गई। सभी सेवाओं को विभिन्न सेवा संस्थान, सिक्ख यंगमैनज एसोसिएशन, सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी, गुरु गोबिन्द सिंह स्टडी सर्कल, पंजाबी यूथ एसोसिएशन, कलगीधर यूथ एसोसियेशनए गूंज (सिक्ख वाइस) दशमेश सेवा सोसायटी, बाबा दीप सिंह जी फाउंडेशन, सांझ सेवा सोसायटी, सिक्ख सेवक जत्था, बीर खालसा दल व अन्य सोसायटीज़ करेंगे ।

# दिव्यांग व्यक्तियों को विवाह करने पर मिलेगी आर्थिक सहायता

**लखनऊ।** दिव्यांग व्यक्तियों को विवाह करने पर प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत आर्थिक सहायता मिलेगी। योजना में युवक और युवती दोनों दिव्यांग होने पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 35 हजार रुपए की धनराशि मिलेगी। साथ ही युवती दिव्यांग होने पर 20 हजार और युवक को 15 हजार दिए जाएंगे। ऐसे दिव्यांग जो आयकर दाता न हो, उन्हें ही इस योजना का लाभ मिलेगा। शनिवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लखनऊ कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार के निर्देशन में दिव्यांग व्यक्तियों से विवाह करने पर दिये जाने वाले अनुदान के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत युवक के दिव्यांग होने पर रुपए 15000 एवं युवती के दिव्यांग होने पर रू0 20,000 एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 8 अगस्त 2017 में दिये गये निर्देशों में पति-पत्नी दोनों के दिव्याांग होने पर रुपए 35000 की धनराशि दिये जाने का प्राविधान है। कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस योजनान्तर्गत विवाह के समय युवती की आयु 18 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवक की आयु 21 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक न हो, दोनो में कोई आयकर दाता न हो ऐसे दिव्यांग दम्पति आवेदन कर सकते हैं। ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह चालू वित्तीय वर्ष एवं विगत वित्तीय वर्ष में सम्पादित हुआ है। वे शासन द्वारा संचालित जन सहज केन्द्र व लोकवाणी केन्द्रों से विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन कराते हुए जाचोंपरान्त हार्डकापी एक सप्ताह के अन्दर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लखनऊ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# महिला पुलिस थानों की कार्यप्रणाली पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** अनुसन्धान एवं संस्थान (बर्ड) गाजियाबाद, द्वारा एनसीडब्लू सरकार के प्रायोजन के तहत महिला पुलिस स्टेशन की कार्यप्रणाली और प्रदर्शन: मुद्दे और चुनौतियां विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयोग से आर.के.मुखर्जी हॉल में संगोष्ठी के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना (सेवानिवृत्त) उच्च न्यायालय इलाहाबाद थे। दीप प्रज्वल्लन का कार्यक्रम सौम्या पांडे, डिप्टी एसपी, 1090; डॉ. आर.वी.पी सिंह; उप सलाहकार नीति आयोग भारत सरकार; डॉ. एस.पी. सिंह आईआईएफएम भोपाल; डॉ एके सिंह; डॉ. राकेश शंकर (रिटायर्ड डीआईजी) और डॉ रत्ना एन पांडेय (चेयरपर्सन बर्ड) की उपस्तिथि में किया गया। उद्घाटन सत्र में डॉ. रत्ना एन पांडे द्वारा लिखित यौन उत्पीड़न अधिनियम पर पुस्तक का विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी में लगभग सभी वक्ताओं ने इस बात पर खूब चर्चा की, कि महिला थानों को मजबूत करने के साथ-साथ जागरूकता पैदा करने की भी सख्त जरूरत है। बर्ड के अध्यक्ष डॉ. रत्ना एन पांडे ने लिंग आधारित हिंसा पर एक वर्किंग पेपर पेश किया जिसमें महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा और अन्य प्रकार की हिंसा के बारे में चर्चा की गई। उनका मानना है कि पुरुषों को भी महिलाओं की हिंसा और उत्पीड़न के खिलाफ वाचिक होने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने उल्लेख किया है कि हिंसा के कारण कार्यस्थल और घर पर महिलाओं की कार्य क्षमता भी कम हो रही है। पैनेलिस्ट द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए और अधिक हाई-टेक महिला पुलिस स्टेशन बनाने और उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए महिला पुलिस को नए हथियारों के साथ प्रशिक्षित करने के लिए मूल्यवान सुझाव दिए गए।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए वैश्विक निवेश का केंद्र बनेगा यूपी

## 9 दिसंबर से शुरू होगा टीम यूपी का वैश्विक दौरा, 17 देशों में होगा रोड शो

- अवध शिल्पग्राम में बनेगा भव्य टेंट सिटी स्विस कॉटेज में रहेंगे विदेशी मेहमान
- एक महीने तक चलेगी ओडीओपी प्रदर्शनी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मोदी**-योगी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहे उप्र को औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए फरवरी 2023 में आयोजित होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को पिकअप भवन में समीक्षा बैठक की। जिसमें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन को लेकर होने वाले 17 देशों के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की गई। मंत्री नन्दी ने तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि रोड शो के साथ ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन भव्य ही नहीं, भव्यतम हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। मंत्री नंदी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश निवेश का फेवरेट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। योगी सरकार की बेहतर नीतियों के कारण आज उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाना आसान हुआ है सिंगल विंडो सिस्टम निवेश मित्र पोर्टल से निवेशकों को फायदा हुआ है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए 1000000 करोड़ निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंत्री नंदी ने कहा कि विदेशों में होने वाले रोड शो के जरिए उत्तर प्रदेश में निवेश फ्रेंडली माहौल, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत कानून व्यवस्था का प्रचार किया जाएगा। एसीएस अरविंद कुमार ने बताया कि अवध शिल्पग्राम में लगभग 1 माह तक ओडीओपी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।।विभाग द्वारा एक भव्य इंटरसिटी का निर्माण कराया जाएगा जिसमें करीब 500 टेंट तैयार किए जाएंगे इसका खर्च इन वेस्ट यूपी द्वारा वन किया जाएगा मंत्री नंदी ने निर्देशित करते हुए कहा कि कुंभ की भांति इंटरसिटी को बनाया जाए तथा आगंतुकों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। एसीएस ने बताया कि लगभग 14 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि 17 देशों का भ्रमण विभिन्न टीमों द्वारा किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि 17 देशों के भ्रमण के लिए रूट बनाए गए हैं। मंत्री विदेश के भ्रमण पर निकलेंगे और उत्तर प्रदेश की आर्थिक और औद्योगिक विकास की धारा से निवेशकों को अवगत कराएंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर विदेश दौरा 9 दिसंबर से शुरू होगा। विदेशों में होने वाले रोड शो के दौरान निवेशिकों को ओडीओपी के सामान दिए जाएंगे। मंत्री नंदी ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट के लिए अभी तक करीब 162009.73 करोड़ रूपए के मिल चुका है जिसके जरिए करीब 633454 रोजगार सृजित होंगे। 87 एमओयू साइन किए जा चुके हैं जिसके जरिए 170400 करोड़ का निवेश होगा और 496905 लोगों को रोजगार मिलेगा।

# कंप्यूटर व विज्ञान को सभी क्षेत्रों में अपनाने की जरूरतः दयाशंकर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएमएस** राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड 'कोफास-2022' का भव्य उद्घाटन कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ। मुख्य अतिथि दया शंकर सिंह, राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), परिवहन, उप्र ने अन्तर्राष्ट्रीय कोफास-2022 का विधिवत् उद्घाटन किया। रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुए इस भव्य समारोह में विभिन्न देशों से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने एक अनूठे अंदाज में अपना परिचय प्रस्तुत किया। बाल वैज्ञानिकों के चमकते चेहरों व उल्लासपूर्ण माहौल में सम्पन्न उद्घाटन समारोह का दृश्य देखने लायक था। 'कोफास-2022' का आयोजन 26 से 29 नवम्बर तक सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में देश-विदेश से पधारे बाल वैज्ञानिकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि दया शंकर सिंह ने कहा कि कम्प्यूटर एवं विज्ञान को सभी क्षेत्रों में अपनाने की आवश्यकता है, तभी हम विश्व के साथ मिलकर आगे बढ़ सकेंगे।

# सेंट पॉल्स कॉलेज का वार्षिकोत्सव मनाया गया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संत** पॉल्स कॉलेज का शनिवार को कालेज परिसर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फादर डेनिस नरेश लोबो थे। कालेज के प्रधानचर्या फादर क्लिफोर्ड लोबो, सिस्टर लिसी समेत गणमान्य अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्रों व अभिभावकों की उपस्थिति ने भव्यता के वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ कक्षा 7 व 8 के छात्रों द्वारा प्रार्थना नृत्य की प्रस्तुति के साथ हुआ। नन्हे कलाकारों में नर्सरी, के जी के छात्रों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा 6 के छात्रों ने मानव की जिजीविषा को बखूबी दर्शाया तो वहीं कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों ने स्वस्थ्य के महत्व को सामने रखा।

# वार्षिक खेल दिवस व पीटी डिस्प्ले में छात्रों ने किया कौशल का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**दी** लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट ने 26 नवंबर 2022 का 18वां वार्षिक खेल दिवस एवं पीटी डिस्प्ले विद्यालय के मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. आरपी सिंह, खेल निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार के साथ कई विशिष्ट अतिथियों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। प्रकाश डी. आईपीएस, सीएमडी, उप्र पुलिस आवास निगम विशिष्ट अतिथि थे।

मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथि और अन्य लोगों का स्वागत करते हुए संयुक्त निदेशक और प्रधानाचार्य डॉ. जावेद आलम खान ने कहा कि कॉलेजिएट में खेल दिवस हमेशा मैदान पर अपने एथलेटिक कौशल का प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए उत्साह और उल्लास से भरा होता है।

स्पोर्ट्स मीट की शुरुआत शानदार मार्च पास्ट से हुई। जहां पर परेड चारों सदनों ने अपने सदन कप्तानों के नेतृत्व में की। मुख्य अतिथि ने आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी के साथ रोमांचक मार्चिंग संगीत का भी आनंद लिया। कॉम्बैट वारियर्स, द डैज़लर्स, वर्ल्ड आफ फैंटेसी, कलर्स यूनाइटेड, फ्लोरल फ्यूजन जैसी शारीरिक गतिविधियों के शानदार प्रदर्शन को खूब सराहा गया। स्कूल स्क्वायर स्टे विद म्यूजिक की संगीतमय प्रस्तुतियों ने जीवन और सकारात्मकता के लिए लय, सद्भाव और शाश्वत उत्साह का सार प्रस्तुत किया। साहसी जिम्नास्टस ने संतुलन, शक्ति, लचीलापन, चपलता, समन्वय, समर्पण और धीरज की आवश्यकता वाले शारीरिक व्यायाम करने में शानदार तालमेल का प्रदर्शन किया। जहां एड्रेना लाईन से भरे जंपिंग फायर रिंग ने भी सभी दर्शकों को नर्वस और उत्साहित कर दिया।

# सीएमएस अलीगंज में हुआ वार्षिक अभिभावक दिवस समारोह

**लखनऊ।** सीएमएस अलीगंज (प्रथम कैम्पस) द्वारा 'एनुअल पैरेन्ट्स डे' समारोह आज सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में बड़ी भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारम्भ सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डा. गांधी ने कहा कि परिवार व स्कूल के प्रेममय व ईश्वरमय वातावरण में बच्चों का विकास बहुत संतुलित एवं तेजी से होता है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में बहुत मददगार होते हैं। समारोह में सीएमएस अलीगंज कैम्पस के छात्रों ने विश्व शान्ति एवं ईश्वरीय एकता का सन्देश देती 'सर्व-धर्म एवं विश्व शान्ति प्रार्थना' के प्रस्तुतिकरण से सभी के हृदयों को प्रभु प्रेम से सराबोर कर दिया।


शुभम्

# शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

कार्पो. कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेज-4, गुड़गांव-122015 (हरियाणा),
फोन : 0124-4212530/31/32, ई-मेल : customercare@shubham.co वेबसाइट : www.shubham.co

## अचल सम्पत्ति(यों) की बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

नियम 8(6) के परंतुक तथा परिशिष्ट 4-क के अनुसार अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
(वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड (इसमें आगे कम्पनी कही गई है) का एक प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) के तहत और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 (नियमावली) के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्जदारों, जिनके नाम नीचे कालम (सी) में दर्शाए गए हैं, को नीचे कालम (डी) में उनके नाम के सामने दर्शाई गई तिथियों को मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें उनसे कालम (ई) में दर्शाई गई उनकी तरफ बकाया राशियों का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदारों तथा जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त बकाया राशि की वसूली के लिए, उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 9 के तहत उसको प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कम्पनी के पास बंधक रखी गई सम्पत्ति, जिसका वर्णन कालम (एफ) में दिया गया है, का कब्जा नीचे कालम (एच) मे वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को कालम (एफ) में वर्णित सम्पत्ति के संबंध मे संव्यवहार नहीं करने हेतु सतर्क किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की कालम (जी) में वर्णित बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।
अब, कर्जदार तथा जन साधारण को एतद्द्वारा यह सूचना भी दी जाती है कि उक्त सम्पत्तियां प्रत्येक सम्पत्ति के सामने कालम (के) में विनिर्दिष्ट तिथि, समय और स्थान पर नीचे वर्णित नियम एवं शर्तों के तहत तथा प्रक्रिया के अनुसार मोहरबंद लिफाफों में बोलियां आमंत्रित करने के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी द्वारा बेची जाएंगी।

| क्र. सं. (ए) | आवेदन सं. (बी) | कर्जदारों का नाम एवं पता (सी) | धारा 13(2) के तहत सूचना की तिथि (डी) | मांग सूचना राशि (ई) | कब्जे में ली गई सम्पत्ति (एफ) | 24-11-2022 तक बकाया राशि (जी) | कब्जा की तिथि (एच) | वर्तमान सुरक्षित मूल्य (रू.) (आई) | ईएमडी (रू.) (आरपी की 10 प्रतिशत) (जे) | नीलामी की तिथि, समय एवं स्थान (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KAN_1602_052891 | रहमान अहमद, रहनुमा बेगम, 77/76, कुली बाजार, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208001 | 19-11-2019 | रू. 7,47,836/- | फ्लैट स्थित तृतीय तल, मकान नंबर 80172 पार्ट कूपरगंज, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208001 | रू. 12,08,962/- | 03-02-2020 (सांकेतिक) | रू. 7,57,944/- | रू. 75,794/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 2 | 0KAN1905000005019956 | मोहम्मद जावेद, समा परवीन, परवेज अख्तर रजा, 117/832 पी ब्लॉक काकादेव नवीन नगर कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208025 | 22-05-2021 | रू. 9,11,071/- | मकान नंबर 117पी/832 ए, अराजी नंबर 832 के भाग पर निर्मित, स्थित विनायकपुर, काकादेव, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208020 | रू. 9,22,818/- | 19-08-2021 (सांकेतिक) | रू. 38,88,000/- | रू. 3,88,800/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 3 | KAN_1405_021583 | यूसुफ खान, जबरिया खातून, 133/5, न्यू बाबू पुरवा कालोनी, निकट चालीस दुकान मार्किट, उत्तर प्रदेश- | 22-05-2021 | रू. 7,04,627/- | प्राइवेट प्लॉट नंबर 39, स्थित अराजी नंबर 271/2 का भाग, सनिगवां, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208021 | रू. 9,40,092/- | 19-08-2021 (सांकेतिक) | रू. 15,84,000/- | रू. 1,58,400/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 4 | KAN_1902_000005017 788 | सीता राम, रीना, 58, शिव कटरा कमालपुर हरजेन्दर नगर, कानपुर नगर-208007 | 22-04-2021 | रू. 7,09,560/- | प्राइवेट प्लॉट अराजी नंबर 962, मौजा अहीरवान, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश | रू. 9,64,572/- | 26-07-2021 (सांकेतिक) | रू. 11,23,920/- | रू. 1,12,392/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 5 | 0KAN1906000005021026 | संदीप गुप्ता, मिथिलेश कुमारी, दिनेश कुमार गुप्ता, 111 86 अशोक नगर, कानपुर -208012 | 22-04-2021 | रू. 24,88,226/- | मकान नंबर 103/338-बी (परिमाप क्षेत्रफल - 62.774 वर्ग मीटर), कर्नल गंज, कानपुर नगर, देहात, उत्तर प्रदेश | रू. 34,91,018/- | 26-07-2021 (सांकेतिक) | रू. 48,60,720/- | रू. 4,86,072/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 6 | KAN_1505_040030 | विष्णु कुमार सैनी, विजेता सैनी, प्लॉट नंबर 50, स्कीम नंबर 1, ब्लॉक-ए, सिद्धार्थ नगर, गूबा गार्डन, बैरी अकबरपुर बांगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208019 | 06-07-2020 | रू. 3,66,830/- | प्लॉट नंबर 50 ए, सिद्धार्थ नगर, गूबा गार्डन, बैरी अकबरपुर, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208019 | रू. 5,66,523/- | 24-09-2020 (सांकेतिक) | रू. 11,62,872/- | रू. 1,16,287/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 7 | KAN_1412_031728 | प्रभु दयाल, पप्पू शर्मा, 580, द्विवेदी नगर, गल्ला मंडी, निकट समाधि चौराहा, नौबस्ता, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208027 | 15-07-2016 | रू. 8,76,578/- | प्लॉट नंबर 4, अराजी नंबर 282 का भाग, मौजा बिंगवा, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208001 | रू. 29,36,033/- | 21-02-2017 (सांकेतिक) | रू. 4,32,900/- | रू. 43,290/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 8 | 0KAN2002000005026834 | चंदन सिंह, सुरभि सिंह, किराए पर 305, 1850, केडीए कालोनी अर्रा बिंगवान नौबस्ता सिया राम वाटिका, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश -208021 | 28-06-2022 | रू. 6,11,511/- | अराजी नंबर 206 मिन का भाग, मौजा बिंगवान प्लॉट स्थित कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208021 | रू. 6,67,229/- | 07-09-2022 (सांकेतिक) | रू. 9,55,200/- | रू. 95,520/- | 29-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 9 | LKW_1401_016025 | गोविंद चंद्र, राम दुलारी, मकान नंबर 3, ग्राम पामेढिया थाना असीवान, जिला उन्नाव लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003 | 29-12-2021 | रू. 7,04,509/- | प्लॉट नंबर 3, खसरा नंबर 1455, ग्राम पारा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226017 | रू. 7,87,138/- | 10-03-2022 (सांकेतिक) | रू. 17,28,000/- | रू. 1,72,800/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 10 | 0LKW1703000005004580 | शादमा अख्तर, आयशा परवीन, प्लॉट नंबर 13 के भाग पर मकान, न्यू सरदार नगर, बेलनगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 | 22-04-2021 | रू. 5,36,059/- | प्लॉट नंबर 13 क के भाग पर मकान, खसरा नंबर 851 क मिन, न्यू सरदार नगर, वार्ड कन्हैया माधोपुर मारी माता मंदिर लखनऊ, उत्तर प्रदेश | रू. 6,24,693/- | 26-07-2021 (सांकेतिक) | रू. 15,40,800/- | रू. 1,54,080/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 11 | LKW_1603_054113 | रिजवानुल होदा, नूरुल होदा, मकान नंबर 638/22, शीतला विहार, फरीदी नगर इंदिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 | 22-07-2021 | रू. 8,46,976/- | प्लॉट नंबर 40, खसरा नंबर 571, तकरोही वार्ड-शहीद भगत सिंह, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 | रू. 8,91,618/- | 12-10-2021 (सांकेतिक) | रू. 16,70,400/- | रू. 1,67,040/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 12 | LKW_1602_051443 | ननगता हाशमी, सिकंदर हारून, 628सी/347बी, निकट विकास भवन सर्वोदय नगर इंद्रा लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 | 22-07-2021 | रू. 17,30,101/- | फ्लैट नंबर 101, प्रथम तल, इरशाद अपार्टमेंट, पिकनिक स्पॉट रोड, खुर्रम नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 | रू. 22,02,925/- | 12-10-2021 (सांकेतिक) | रू. 30,49,200/- | रू. 3,04,920/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 13 | 0LKW1611000005003071 | रजिया बेगम, मोहम्मद फिरोज, 556/2, क सुजानपुरा आलम बाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226006 | 22-05-2021 | रू. 5,36,059/- | मकान नंबर 556/ख/8, सुजानपुरा, वार्ड :- बाबू कुंज बिहारी, थाना आलमबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226005 | रू. 12,14,986/- | 19-08-2021 (सांकेतिक) | रू. 38,83,680/- | रू. 3,88,368/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 14 | 0LKW1702000005004161 | संजय कुमार, प्रीति शर्मा, एसएस-335, सेक्टर-बी, आजाद नगर कैम्पवेल रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003 | 22-05-2021 | रू. 5,15,443/- | एसएस-335, सेक्टर-बी, आजाद नगर कैम्पवेल रोड, बेलनगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003 | रू. 7,53,399/- | 19-08-2021 (सांकेतिक) | रू. 18,63,936/- | रू. 1,86,393/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 15 | LKW_1508_044279 | ज्ञान चंद्र कौशल, नीलम कौशल, मकान नंर 503/121-6, राजीव गांधी नगर, बरौलिया-226001 | 22-04-2021 | रू. 10,10,356/- | मकान नंबर ए-7, प्लॉट नंबर 42 एवं 43 अंश भूमि, खसरा नंबर 173, भैसोरा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 | रू. 13,54,313/- | 26-07-2021 (सांकेतिक) | रू. 16,38,000/- | रू. 1,63,800/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 16 | 0LKW1706000005006618 | श्याम कुमार सिंह, बबीता सिंह, मकान नंबर 11/1031, इंदिरा नगर राम सागर पांडे द्वार, सेक्टर-11, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 | 22-04-2021 | रू. 9,79,124/- | मकान नंबर 4, प्लॉट नंबर 4 पार्ट/मिनजुमला खसरा/गाटा नंबर 659/38, परिमाप क्षेत्रफल 530 वर्ग फीट, ग्राम मोहल्ला मडियांव, परगना माहोना, तहसील बक्शी का तालाब, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश | रू. 13,18,457/- | 26-07-2021 (सांकेतिक) | रू. 10,83,600/- | रू. 1,08,360/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 17 | LKW_1509_045399 | अंजनी कुमार, संजू, ई-5249, सेक्टर-11, पत्थर काटा मस्जिद राजाजीपुरम, उत्तर प्रदेश-226017 | 22-04-2021 | रू. 8,15,759/- | मकान नंबर ए-13, प्लॉट नंबर 42 एवं 43 अंश भूमि, खसरा नंबर 173 मिनजुमला, भैसोरा, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 | रू. 11,12,903/- | 26-07-2021 (सांकेतिक) | रू. 16,38,000/- | रू. 1,63,800/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 18 | 0LKW1907000005021288 | मोहम्मद शमीम, शाइस्ता शमीम, एम 21, दुकान नंबर बेसमेंट गोल मार्किट, महानगर गोल मार्किट चौराहा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226006 | 28-06-2022 | रू. 13,85,526/- | दुकान नंबर 02, बेसमेंट गोल मार्किट, महानगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 | रू. 14,83,723/- | 07-09-2022 (सांकेतिक) | रू. 31,68,000/- | रू. 3,16,800/- | 29-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 19 | 0LKW1610000005002315 | सानू सानू, ताज मोहम्मद, 307 स बनगंवा-2, राम सनेही घाट, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश-225001 | 24-02-2022 | रू. 7,06,291/- | प्लॉट नंबर 22 का भाग, खसरा नंबर 473, ग्राम बरौरा हुसैन बाड़ी, वार्ड कन्हैया माधोपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003 | रू. 8,31,924/- | 12-05-2022 (सांकेतिक) | रू. 92,16,000/- | रू. 92,160/- | 15-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 20 | 0LKW2008000005029271 | राजेश कुमार, कानूनी वारिस (मृतक एकता), मकान नंबर 14, शर्मा सिटी, तकरोही बाजार, सेक्टर-11, इंदिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226017 | 24-02-2022 | रू. 40,65,514/- | मकान नंबर 6, प्लॉट नंबर 6, खसरा नंबर 94, शर्मा सिटी, तकरोही बाजार, वार्ड शहीद भगत सिंह, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226017 | रू. 45,68,586/- | 12-05-2022 (सांकेतिक) | रू. 68,50,880/- | रू. 6,85,088/- | 29-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 21 | 0LKW1711000005009420 | शमशोज्जोहा, सुरैया, ग्राम भाट गांव भाट गांव, लखनऊ -226001 | 27-09-2021 | रू. 18,78,581/- | मकान नंबर एएमसी/649/1, खसरा नंबर 699/1, व 829 क मिन, स्थित एमआईएन रोड, आजाद नगर, चिल्लावन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 | रू. 19,07,127/- | 16-12-2021 (सांकेतिक) | रू. 29,88,000/- | रू. 2,98,800/- | 29-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 22 | LKW_1603_053075 | रेहान अहमद, सलीहा खान, अब्दुल्लाह खान, 335/18, महमूद नगर अकबरी गेट, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226023 | 20-04-2021 | रू. 15,07,160/- | फ्लैट नंबर 402, चतुर्थ तल, परिमाप जी 1148 वर्ग फीट, प्लॉट नंबर 7 पर निर्मित आवासीय अपार्टमेंट लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003 | रू. 15,94,016/- | 30-06-2022 (सांकेतिक) | रू. 34,89,920/- | रू. 3,48,992/- | 29-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 23 | 0VRN1911000005024699/0VRN1802000005 | संजय कुमार अग्रवाल, तनु श्री अग्रवाल, लेन नंबर 11, गुलमोहर अपार्टमेंट फ्लैट नंबर 45, निराला नगर, महमूरगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश -221010 | 28-06-2022 | रू. 25,17,506/- | फ्लैट नंबर 45, चतुर्थ तल, रूद्र गुलमोहर प्लॉट नंबर 93, मौजा शिवपुरा, परगना देहात अमानत वार्ड दशाश्वमेध, वाराणसी, उत्तर प्रदेश -221002 | रू. 42,97,624/- | 07-09-2022 (सांकेतिक) | रू. 29,63,200/- | रू. 2,96,320/- | 29-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक प्लॉट नंबर 18-ए, 29, सिविल लाइन्स स्टेशन, सिविल लाइन, मैक्स शो रूम के पीछे तथा रूद्र एन्क्लेव हाउसिंग के सामने, इलाहाबाद-211001 |
| 24 | 0KAN1808000005014546 | अब्दुल मजीद, गुलाम रसूल कादरी, 105/443 प्लॉट नंबर 1 भवनपुरा कानपुर, कानपुर हालिव प्राइमरी स्कूल, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश -208003 | 20-04-2022 | रू. 2,81,892/- | फ्लैट नंबर 103, प्रथम तल 105/696, पार्ट भननपुरवा, चमनगंज, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश-208001 | रू. 13,25,764/- | 30-06-2022 (सांकेतिक) | रू. 15,79,200/- | रू. 1,57,920/- | 29-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 25 | KAN_1502_034275 | मोहम्मद शमशाद, रूकैया खातून, 62, ईडब्ल्यूएस केडीए कालोनी, जाजामऊ उत्तर प्रदेश-208010 | 28-06-2022 | रू. 11,93,015/- | मकान नंबर 44/ईडब्ल्यूएस योजना 39 केडीए कालोनी, जाजामऊ एनए कानपुर, उत्तर प्रदेश--208010 | रू. 13,03,328/- | 07-09-2022 (सांकेतिक) | रू. 22,14,400/- | रू. 2,21,440/- | 29-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |

नोट : कम्पनी की जानकारी के अनुसार, उपरोक्त सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। नीलामी बिक्री सूचना के नियम एवं शर्तें।
सार्वजनिक नीलामी के नियम एवं शर्तें :- बोलियां आमंत्रित करने द्वारा सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया तथा नियम एवं शर्तें :

1. क्रमांक 1 से 7 एवं 9 से 17 एवं 19 पर सम्पत्तियों का निरीक्षण 12-12-2022 को और क्रमांक 8, 18 एवं 20-25 पर सम्पत्तियों का निरीक्षण 26-12-2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक किया जा सकता है।
2. बिक्री सरफासी ऐक्ट/रूल्स, 2002 में निर्धारित शर्तों तथा यहां नीचे दिए गए नियम एवं शर्तों और प्रत्याशी/प्रतिभागी बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले ऑफर/बोली दस्तावेजों में दी गई शर्तों के तहत की जाएगी।
3. बोलियां सीलबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में धरोहर राशि जमा हेतु शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में, स्थानीय देय, डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के साथ जमा की जाएंगी। धरोहर राशि जमा पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। प्रत्याशी बोलीदाता को अपनी बोली के साथ अपनी पहचान का प्रमाण/केवाईसी प्रतिमान तथा निवास का प्रमाण जैसेकि पासपोर्ट, आधार कार्ड, निर्वाचन आयोग कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स इत्यादि तथा आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड की प्रति अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।
4. क्रमांक 1 से 7 एवं 9 से 17 एवं 19 पर सम्पत्तियों के लिए धरोहर राशि जमा के साथ बोली जमा करने की अंतिम तिथि 14.12.2022 और क्रमांक 8, 18 एवं 20-25 पर सम्पत्तियों के लिए धरोहर राशि जमा के साथ बोली जमा करने की अंतिम तिथि 28.12.2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक है।
5. सम्पत्ति किसी भी स्थिति में प्रत्येक सम्पत्ति के सामने दर्शित सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी।
6. बिक्री की तिथि को, उपरोक्तानुसार प्राप्त सभी बोलियां खोली जाएंगी तथा कम्पनी द्वारा उच्चतम बोलीदाता की बोली स्वीकार की जा सकती है, परंतु शर्त यह है कि यह सुरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। तथापि, नीलामी स्थल पर व्यक्तिगत रूप से मौजूद बोलीदाताओं को अपनी बोली कम से कम रू. 5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) और आगे बढ़ाने का अधिकार होगा और कम्पनी को ऑफर की गई उच्चतम बोली स्वीकार करने का अधिकार होगा। तदुपरांत, क्रेता को बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत (पच्चीस प्रतिशत) राशि, धरोहर राशि जमा समायोजित करते हुए, बोली छूटते ही, उसी समय अधोहस्ताक्षरी के पास जमा करनी होगी। कम्पनी उक्त राशि प्राप्त होने पर बोली स्वीकार किए जाने की पुष्टि करेगी। समय आगे बढ़ाए जाने का अनुरोध प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उनके विवेकानुसार उपयुक्त विचारित नियम एवं शर्तों के तहत मंजूर किया जा सकता है। यदि उच्चतम बोलीदाता बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि, बोली छूटते ही तत्तकाल जमा करने में असफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति द्वितीय उच्चतम बोलीदाता को बेची जाने हेतु प्रस्तावित की जाएगी। क्रय मूल्य की शेष राशि का भुगतान क्रेता द्वारा अधोहस्ताक्षरी को उक्त सम्पत्ति की बिक्री की पुष्टि के पंद्रहवे दिन या पहले अथवा पार्टियों द्वारा लिखित रूप से सहमत आगे बढ़ाई गई अवधि के भीतर किया जाएगा। उपरोक्तानुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में कम्पनी क्रेता द्वारा जमा की गई धरोहर राशि तथा/अथवा अन्य किसी राशि को जब्त करने तथा सम्पत्ति की दोबारा नीलामी करने के लिए स्वतंत्र होगी। सम्पत्ति की अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि अथवा अंश पर चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त मान्य होंगे।
7. क्रेता द्वारा सभी भुगतान शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर द्वारा किए जाएंगे।
8. बिक्री मूल्य की पूरी राशि प्राप्त होने पर, कम्पनी द्वारा क्रेता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा तथा क्रेता को सम्पत्ति का कब्जा प्रदान किया जाएगा।
9. अनुसूची में वर्णित उक्त अचल सम्पत्ति, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि किए जाने की तिथि से आग या चोरी या अन्य दुर्घटनाओं से होने वाली हानि या क्षति या अन्य जोखिम के संबंध में एकमात्र रूप से क्रेता के जोखिम पर होगी। क्रेता को किसी भी आधार पर बिक्री रद्द करने का अधिकार नहीं होगा।
10. असफल बोलीदाताओं द्वारा धरोहर राशि हेतु जमा किया गया डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर लौटा दिया जाएगा।
11. इन सम्पत्तियों की बिक्री सभी प्रयोजनों हेतु पूर्णतया "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है कोई वापसी नहीं आधार" की जाएगी। कम्पनी को उपरोक्त सम्पत्तियों पर किसी भी प्रकार के किसी ऋणभार की जानकारी नहीं है।
12. ऊपर संदर्भित सम्पत्ति के संबंध में स्टाम्प ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन शुल्क, अंतरण शुल्क तथा अन्य कोई शुल्क संबंधी सभी खर्चे क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे।
13. प्राधिकृत अधिकारी किसी भी या सभी ऑफर्स/बोलियों को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं हैं तथा कम्पनी का, बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
14. स्वयं बोलीदाताओं अथवा उनके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त बिक्री कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
15. यदि सभी बकाया राशियां कम्पनी द्वारा वहन की गई सभी लागत प्रभारों तथा खर्चों सहित उपरोक्त नामक कर्जदार द्वारा, अधिनियम की धारा 13(8) के तहत बिक्री हेतु नियत तिथि से पहले सौंप दी जाती हैं अथवा चुकता कर दी जाती हैं, तब सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जाएगी तथा प्रत्याशी बोलीदाताओं से प्राप्त की गई सभी बोलियां उनको, कम्पनी की किसी जिम्मेदारी/उसके विरूद्ध किसी दावे के बगैर, वापस कर दी जाएंगी।
16. यह सूचना, ग्राहक को कालम "सी" एवं "एफ" में वर्णित उनके संबंधित पते पर उपरोक्त कर्जदारों को प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा परिशिष्ट 4क के तहत नोटिस भी है।
17. बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.shubham.co. देखें।
18. अतिरिक्त जानकारी, स्पष्टता या किसी सहायता के लिए प्रभात सिंह (प्राधिकृत अधिकारी) से मोबाइल नंबर - 6394267268 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 26-11-2022

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड


# खनन निदेशक को मिला नेशनल गोल्ड एवार्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की निदेशक डा रोशन जैकब को उनके द्वारा खनन प्रक्रिया में 'माइन मित्रा' डिजिटल प्रणाली डेवलप कर लागू करने के लिए राष्ट्रीय ई गवर्नेन्स पुरस्कार 2022 स्वर्ण (नेशनल गोल्ड एवार्ड) प्रदान किया गया है। माता वैष्णोदेवी विश्वविद्यालय कटरा जम्मू कश्मीर में ई गवर्नेन्स पर 26 से 27 नवम्बर 2022 तक आयोजित 25वीं नेशनल कांफ्रेंस के प्रथम दिन 26 नवम्बर को यह गोल्ड एवार्ड डॉ. रोशन जैकब व उनकी सहयोगी टीम को प्रदान किया गया। एवार्ड के साथ 5 लाख रुपये का चेक व मोमेन्टो प्रदान किया गया। यह एवार्ड केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन अपर निदेशक खनन विपिन जैन, संयुक्त निदेशक खनन विभाग उत्तर प्रदेश एस के सिंह, यूपी डेस्को के वीके गुप्ता के अलावा अन्य प्रान्तों के सम्बंधित उच्चाधिकारी मौजूद थे।

# आज खुले रहेंगे लखनऊ संभाग के परिवहन कार्यालय

**लखनऊ।** उप परिवहन आयुक्त लखनऊ संभाग निर्मल प्रसाद ने बताया कि 27 नवम्बर रविवार अवकाश को भी लखनऊ परिक्षेत्र के सभी संभागीय एवं उपसंभागीय परिवहन कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की भांति पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक खुलेंगे। उन्होंने बताया कि राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति लम्बित विभागीय कार्यों एवं प्रकरणों के निस्तारण के लिए उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय रविवारीय अवकाश के दिन खुला रहेगा। उप परिवहन आयुक्त ने बताया कि 27 नवंबर को लाइसेंस सम्बन्धी कार्य को छोड़कर समस्त कार्य सम्पादित किए जाएंगे। किसी भी कर्मचारी को अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

# पराग डेयरी परिसर में मनाया गया राष्ट्रीय दुग्ध व संविधान दिवस



**लखनऊ।** पराग डेयरी के नवीन डेयरी परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस व संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष संतोष नारायण वर्मा, महाप्रबंधक डॉ मोहन स्वरूप ने डॉ वर्गीज कुरियन व डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया उसके पश्चात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने माल्यार्पण किया तथा पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष नारायण ने कहा यह दिवस एक व्यक्ति के जीवन में दूध के महत्व को रेखांकित करता है और इसका उद्देश्य दुग्ध से संबंधित लाभों को बढ़ावा देना तथा दूध एवं दुग्ध उत्पादों के महत्व के बारे में लोगों को जागरूकता पैदा करना है। महाप्रबंधक डॉ मोहन स्वरूप ने बताया कि भारत में श्वेत क्रांति के जनक डॉ वर्गीज कुरियन की जयंती के अवसर पर पूरे देश में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया जाता है। इसके साथ ही संविधान दिवस के अवसर पर डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर अध्यक्ष, महाप्रबंधक, अधिकारी और कर्मचारियों ने माल्यार्पण किया तथा अध्यक्ष संतोष नारायण वर्मा ने संविधान के प्रति प्रतिबद्धता की एक शपथ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाई। डॉ मोहन स्वरूप ने इस अवसर पर कहा कि शनिवार 26 नवंबर को पूरे देश में संविधान दिवस मनाया जा रहा है, भारतीय संविधान को 26 नवंबर को अपनाए जाने की याद में हर साल इस तारीख को मनाया जाता है। इस अवसर पर अध्यक्ष, महाप्रबंधक के साथ-साथ कारखाना प्रबंधक कमल किशोर, प्रभारी अभियंत्रण अमित यादव, प्रभारी विपणन अनिल सिंह के साथ साथ काफी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय संविधान दिवस पर युवाओं और छात्रों को किया गया जागरूक

संवाददाता। सोनभद्र

**भारतीय संविधान** दिवस के मौके पर आर एस एम इंटर कॉलेज परिसर समेंत कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में भारतीय संविधान की विशेषता के साथ ही इसकी महत्ता और प्रदत्त किए गए मानव के अधिकारों के बारे में भी बताया गया। युवाओं और छात्रों को जागरुक करने के साथ ही संविधान की विशेषताओं से अवगत कराने के साथ ही संविधान दिवस पर संविधान के बारे में सवाल जवाब कर युवाओं को जागरुक किया गया। सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने छात्र छात्राओं को संविधान प्रस्तावना को पढ़ाया तथा उन्हें भारतीय संविधान की जानकारी दी। श्री रावत ने संविधान के निर्माण एवं मुख्य विशेषताओं के बारे में बच्चों को बताया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण है। 26 नवंबर की ऐतिहासिक तारीख को सन 1949 में भारत की संविधान समिति की तरफसे भारत के संविधान को स्वीकार किया गया था। लेकिन इसे 26 जनवरी 1950 को प्रभावी रूप से लागू किया जा सका। एक भारतीय नागरिक होने के नाते आपको समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति एवं शिक्षा से संबंधित अधिकार मिले हुए है। यदि आप के किसी भी अधिकार का हनन होता है, तो आपको संवैधानिक उपचारों का भी अधिकार प्राप्त है। आज ही के दिन 26/11 हमला हुआ था जिससे कई जवान देश के शहीद हुए जिन्हें 2 मिनट का मौन रखते हुए उनको याद किया गया। संविधान दिवस के दिन चल रहे बस्ती संपर्क अभियान का भी समापन किया गया। इस मौके पर बल्ला सुखराम भारती आकाश रावत सुजीत रावत राजू महेंद्र जितेंद्र अभिषेक गुप्ता संजय कुमार पासी अभिजात रावत अंकित बाबूलाल आशा मालती संजय कुमार बबलू उर्मिला सैकड़ों की संख्या में अनुसूचित समाज के लोग उपस्थित रहे।



# पति के मौत की गलत सूचना पर मासूम के साथ कर ली आत्महत्या

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा अंजानी में शनिवार को पति के मौत की छूटी खबर पाकर एक विवाहिता ने अपने दो वर्ष के मासूम बेटे के साथ आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को रेणुकूट बीजपुर मार्ग पर दोपहर में राखी लेने बीजपुर जा रही एक हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े खंभे को तोड़ते हुए एक भारी पेड़ में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की हाइवा के आगे का हिस्से का बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। वही अंजानी निवासी चालक लगभग 30 वर्षीय सुनील सिंह पुत्र जमुना सिंह वाहन के इंजन में फंस गया। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और गैस कटर की सहायता से चालक को किसी तरह वाहन से निकलवा कर एनटीपीसी रिहंद के धन्वन्तरि चिकित्सालय ले गई। जहाँ डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखतें हुए उसे अन्यंत्र के लिए भेज दिया। इसी बीच मामले की सूचना उसके परिजनों को मिली चालक के छोटे भाई अजित सिंह की पत्नी 24 वर्षीया संगीता ने सुना तो वो समझी की उसके पति के साथ दुर्घटना हुयी है। वह चीखती चिल्लाती हुयी अपने दो वर्षीय मासूम यस सिंह के साथ कमरे में बंद होकर आत्महत्या कर ली। घर से जब धुंआ उठने लगा तो पड़ोसियों मे देखतें ही चीख पुकार मच गयी। ग्रामीण मौके पर दौड़े किसी तरह घर का दरवाजा खोला तो वहां का मंजर देख लोग स्तम्भ रह गए। मां व बेटे दोनों की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने प्रयास कर आग पर काबू पाया। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस अग्रीम कार्रवाई में जुटी देखी गई।

## क्विक न्यूज

### सारेगामा ने लोगों के मनोरंजन के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** कारवां के साथ विभिन्न उद्योग मानदंडों को तोड़ने के बादए सारेगामा ने कारवां मोबाइल लॉन्च किया हैएजो एक उपयोगिता.आधारित उत्पाद है जो न केवल कार्यात्मक जरूरतों को पूरा करता है बल्कि साथ ही प्री.लोडेड गानों की एक अतिरिक्त अनसुना है कीपैड फोन बाजार। जिस तरह कारवां ने प्री.लोडेड गानों के साथ अपने उपयोगकर्ताओं के लिए एक लीन.बैक सुनने का अनुभव बहाल कियाए उसी तरह कारवां मोबाइल का लक्ष्य चलते.फिरते भी ऐसा ही करना है। यह उन सभी उपयोगकर्ताओं के लिए एक मोबाइल है जो अभी भी कीपैड फोन के अनुभव की कसम खाते हैं।

### फाइलेरिया उन्मूलनः मरीजों को दिया रोग प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण

**वाराणसी।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले में हर दिन नए प्रयास किए जा रहे हैं । इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिंडरा पर शुक्रवार को फाइलेरिया हाथी पांव ग्रस्त 15 मरीजों को एमएमडीपी किट और आवश्यक दवा दी गई । साथ ही रोगियों को घाव की नियमित सफाई के तरीके बताए गए। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) पाथ और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था ने सहयोग किया। फाइलेरिया नियंत्रण इकाई रामनगर के प्रभारी व बायोलॉजिस्ट डॉ अमित कुमार सिंहए डब्ल्यूएचओ के डॉ निशांत और पाथ के डॉ सरीन कुमार ने रोगियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया ग्रस्त अंगों मुख्यतः पैर की साफसफाई रखने से इंफेक्शन का डर नहीं रहता है और सूजन में भी कमी रहती है। इसके प्रति लापरवाही बरतने पर अंग खराब होने लगते हैं। इससे समस्या बढ़ जाती है। इन्फेक्शन को बढ़ने से रोकने के लिए दवा भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिनके हाथ.पैर में सूजन आ गई है या फिर उनके फाइलेरिया ग्रस्त अंगों से पानी का रिसाव होता है । इस स्थिति में उनके प्रभावित अंगों की सफाई बेहद आवश्यक है। इसलिए चिन्हित मरीजों को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत एमएमडीपी किट मुहैया कराई जा रही है। इस किट में एक.एक टबए मगए बाल्टी तौलियाए साबुनए एंटी फंगल क्रीम आदि शामिल हैं । डॉ अमित कुमार सिंह ने बताया कि पिंडरा ब्लॉक में वर्तमान में 151 फाइलेरिया के मरीज सक्रिय हैं जिसमें से 100 हाथी पांव और 50 हाइड्रोसील के मरीज हैं । 11 हाइड्रोसील के मरीजों का इलाज हो चुका है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित तिवारीए सीफार जिला समन्वयक अम्बरीष राय तथा फाइलेरिया सपोर्ट ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे ।

### थोड़ी दरार और थोड़ी तकरार!

**वाराणसी।** एण्डटीवी के शोज दूसरी माँ हप्पू की उलटन पलटन और भाबीजी घर पर हैं में दर्शक थोड़ी दरार और थोड़ी तकरार देखेंगे। एण्डटीवी के दूसरी माँ के बारे में बताते हुये अशोक ने कहाए ष्नूपुर और आस्था कृष्णा आयुध भानुशाली से दोस्ती करने का नाटक करती हैंए ताकि वे कृष्णा के खिलाफ सबूत जुटाने में अपने दादाजी सुनील दत्त की मदद कर सकें। बंसल अपहरण की एक और कोशिश करता है और किडनैपर को दवा मिली हुई कैंडी देता है। नूपुर बेहोश हो जाती हैए जबकि कृष्णा और आस्था अंदर भाग जाते हैं और किडनैपर बेहोश पड़ी नूपुर को किडनैप कर लेता है। हर कोई नूपुर को ढूंढ रहा हैए लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। नूपुर को ढूंढते हुये कृष्णा की नजर किडनैपर्स पर पड़ती हैए जो उसे उठाकर एक टेम्पो में ले जा रहा होता है। कृष्णा तेजी से दौड़ता है और नूपुर को बेहोश पाता है। अशोक ;मोहित डागाद्ध को उसके पड़ोसी राम बाबू का कॉल आता हैए जो उनसे कहता है कि उसने कृष्णा को गुंडों के साथ एक टेम्पो में जाते देखा है। हर कोई नूपुर को लेकर चिंतित है और बाबूजी एक बार फिर कृष्णा पर आरोप लगाते हुये कहते हैं कि उसी ने अपने ठग दोस्तों की मदद से नूपुर को अगवा करवाया है। यशोदा ;नेहा जोशीद्ध यह सुनकर फूट.फूट कर रोने लगती है।

### अपर जिलाधिकारी ने किया तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत धान कय केन्द्रों का निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल ने आज तहसील सदर केण् पी0सी0यू0 धान क्रय केन्द्र बबुरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी श्री आशीष मिश्रा उपस्थित रहे। यहाँ पर कुल 18 किसानों द्वारा सम्पर्क रजिस्टर पर नाम दर्ज कराया गया हैए जिसके सापेक्ष 09 किसानों से 531.20 कुन्तल धान की खरीद की जा चुकी है। केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि सभी 09 किसानों के भुगतान की कार्यवाही बैंक के माध्यम से की जा रही है। अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समुचित पाई गई। केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित टोकन व्यवस्था के अन्तर्गत पारदर्शी तरीके से खरीद करना सुनिश्चित करें।

## संविधान दिवसः डीएम ने अधिकारियों/ कर्मचारियों को नागरिकों के कर्तव्य व अधिकारों के पालन को दिलाई शपथ

संवाददाता। मीरजापुर

**जनपद** में भारत का 73वे संविधान दिवस को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर जनपद न्यायालयए कलेक्ट्रेटए पुलिस लाइन सहित सभी कार्यालयों में भारत के नागरिकों के कर्तव्य एवं अधिकारोंए एवं राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को पंथनिरपेक्षए लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के दृष्टिगत शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने शपथ में कहा कि ष्हम सभी भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व.सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिकए आर्थिक और राजनैतिक न्यायए विचारए अभिव्यक्तिए विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रताए प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढाने के लिये दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज 26 नवम्बर को संविधान को अंगीकृतए अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैंष्। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि संविधान में दिये उल्लिखित नियमों का पालन करना व लोगों से कराना भी हम सभी दायित्व है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंहए उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभान सिंह, डिप्टी कलेक्टर भरत लाल सरोज, जिला खान अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपध्याय, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट प्रदीप कुमार, अखिलेख पाण्डेय सहित कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऊपरी आहार, सही व्यवहार पर आयोजित हुई पोषण पाठशाला

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**● जिले की 3600 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लगी पाठशाला, विशेषज्ञों ने दी ऊपरी आहार व कुपोषण प्रबंधन पर सटीक जानकारी**

**बच्चों को** सिर्फ दाल, रोटी, चावल या खिचड़ी खिलाने से उनमें विकास नहीं होगा। सर्वांगीण और तेजी से विकास के लिए उनके आहार में विविधता लाना बहुत जरूरी है। इसके लिए सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे प्रोटीनए वसाए सोडियमए पोटैशियमए सल्फरए मैग्नीशियमए जिंकए कैल्शियम आदि से युक्त आहार देना बहुत जरूरी है । छह माह बच्चों को स्तनपान के साथ सूक्ष्म पोषक तत्व युक्त आहार ही देना है । वहीं दो साल से ऊपर के बच्चों को किसी भी प्रकार का जंक फूड नहीं खिलाना है। इससे उनकी पाचन शक्ति पर बुरा असर पड़ेगा साथ ही उनके विकास की गति भी धीमी पड़ जाएगी और कुपोषण का शिकार हो जाएगा। उक्त जानकारी शुक्रवार को आयोजित हुई पोषण पाठशाला के ष्ऊपरी आहारए सही व्यवहारष् पर विशेषज्ञों की ओर से दी गई । बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम से जनपद के विभागीय अधिकारी के साथ मुख्य सेविकाएंए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों ने बढ़.चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस सत्र में एसजीपीजीआई लखनऊ की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पियाली भट्टाचार्यए पोषण विशेषज्ञ आईआईटी मुंबई से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रूपल दलालए महाराष्ट्र से पोषण विशेषज्ञ दीपाली फगड़े और राज्य स्तरीय प्रशिक्षक आईएम ओझा व प्रवीण दुबे की ओर से मिली जानकारी जनपद की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सहायक सिद्ध होगी जिससे वह अपने क्षेत्र में लाभार्थियों को उपही आहार के संदर्भ में सटीक जानकारी दें पांएगी । डॉ रूपल दलाल ने आहार में विविधता लाने एवं सूक्ष्म पोषक तत्वए प्रोटीन युक्त शाकाहारी व मांसाहारीए ओमेगा.3 और ओमेगा.6 युक्त स्त्रोत के बारे में विस्तार से जानकारी दी । डॉ दीपाली फगड़े ने छह माह से ऊपर के बच्चों के लिए विभिन्न पूरक आहारए जंक फूड नहीं खाने के बारे में जानकारी दी। ऊपरी आहार में रिस्पोंसिव फीडिंग तथा कुपोषण प्रबंधन के लिए पिता की भूमिका पर पोषण विशेषज्ञ आईएम ओझा और प्रवीण दुबे ने विस्तृत चर्चा की। जिला कार्यक्रम अधिकारी ;डीपीओद्ध डीके सिंह' ने बताया कि जनपद के 3600 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए सहायिकाओं सहित 45 हजार से अधिक लाभार्थी पोषण पाठशाला के कार्यक्रम से जुड़े। उन्होने बताया कि पोषण अभियान के अंतर्गत निरंतर वर्चुअल पोषण पाठशाला के जरिये महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर.घर जाकर गर्भवती और धात्री महिलाओं को स्तनपान के साथ ऊपरी आहार के संबंध में जानकारी प्रदान कर सकें। पाठशाला के जरिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण के संदर्भ में विशेषज्ञों की ओर से जानकारी आसानी से मिल जाती है।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**सोनभद्र।** प्रत्येक माह की 26 तारीख को लायंस क्लब राबर्ट्सगंज द्वारा सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट के सौजन्य से लायंस भवन में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है, शनिवार को आयोजित चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि 5 माह के कार्यकाल के दौरान प्रथम सार्वजनिक प्राइवेट एनजीओ में उन्होंने हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा की यहां आने से पूर्व आपके बारे में बहुत ही अच्छा फीडबैक मिला तभी मैं आने के लिए अपनी स्वीकृति दिया आप दूरदराज से आए गरीब मरीजों की सेवा कर रहे हैं आप साधुवाद के पात्र हैं बिना नेत्र के दुनिया को देख पाना महसूस करना अति दुष्कर कार्य है। जिनकी दुआएं आपको मिल रही हैं पुलिस का जो भी सहयोग आपको भविष्य में चाहिए मैं देने के लिए तैयार हूं इस अवसर पर अजीत जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र से समानित किया पूर्व मंडलाध्यक्ष लायन हरिश अग्रवाल ने क्लब के 47 वर्षों का इतिहास बताया। इको प्लस स्टील व प्रिज्म जॉन्सन सीमेंट के द्वारा मरीजों को भोजन पैकेट दिया गया। 235 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ 90 मरीज मोतियाबिन्द आपरेशन के चयनित कर चित्रकूट भेजा गया। कार्यक्रमों में किशोरी सिंह पवन कुमार जैन दया सिंह परमेश जैन अशोक गुप्ता सुशील पाठक रमेश जायसवाल आनंद गुप्ता घनश्यामदास सिंघल आनन्द सिंह अक्षय राज मिश्रा संचालन विमल अग्रवाल ने किया।

# न्यायसंगत कार्य कर गरीबों को दिलाएं न्याय

**● जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाली देहात में सुनी गई जन समस्यायें, अधिकारियों को दिया ससमय निस्तारण के निर्देश**

संवाददाता। मीरजापुर

**शासन के** मंशानुरूप जनपद के सभी थानाध्कोतवाली में ष्थाना समाधान दिसवष् का आयोजन किया गया। कोतवाली देहात में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र व डिप्टी कलेक्टर सिद्दार्थ यादव ने आये हुए जन.समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी द्वारा एक.एक फरियादियों की उनकी बातों को सुना गया तथा जमीन से जुडे प्रकरणों में सम्बंधित लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को मौके पर जाकर प्रकरण की जॉंच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिया गया। कोतवाली देहात में जिलाधिकारी के समक्ष अधिकतर जमीन पैमाइशए चकरोडध्रास्ते पर अवैध कब्जाए आपसी जमीन विवाद आदि से सम्बंधित प्रकरण प्राप्त हुये जिन पर राजस्व व पुलिस टीम भेजकर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

थाना समाधान दिवस में उपस्थित लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग का अधिकतर भार लेखपाल के ऊपर ही निर्भर हैए उन्होंने कहा कि गांव सतर पर जमीन के झगडों से सम्बंधित समस्याओं को समाप्त करने में लेखपाल की महत्वपूर्ण भूमिका हैए वे प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के लिये मौके पर जाए और न्यायसंगत कार्य कर गरीबों को न्याय दिलायें। जिलाधिकारी ने कहा कि यही समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य भी यही है। यह भी कहा कि राजस्व कोर्ट के द्वारा दिये गये फैसलों का अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी व्यक्ति के दबाव में आकर कार्य न करेंए जो सही हो उसी के पक्ष में न्याय करें। इस अवसर पर समाधान दिवस रजिस्टर को भी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने लेखपालों व थानाध्यक्षों से कहा कि भू.माफियाओं को चिन्हित कर कडी कार्यवाई करें और यदि उनके द्वारा कहीं ग्राम समाजए चकरोडए रास्ता या किसी की जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायतों प्राप्त होती है तो उन पर कडी कार्यवाई की जाए। जिलाधिकारी के समक्ष थाना देहात कोतवाली में कुल 28 फरियादियों के द्वारा अपनी समस्याओं को सुनाया गया जिसमें से 03 का मौके निस्तारण करते हुये शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित लेखपालोंध्पुलिस अधिकारियों को ससमय निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया।

## एम्बुलेंस सेवा 102 से मिल रही नई जिंदगी, गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है एम्बुलेन्स

**मिर्जापुर।** विकास खण्ड राजगढ़ से 45 किमी दूर स्थित गांव में गर्भवती चांदनी को गुरुवार को प्रसव पीड़ा शुरू हुई ।चांदनी के पति सूरत में रहते हैं। घर पर कोई बड़ा सहारा नहीं मिलने से वह काफी दुखी थी। इसी बीच दुरकर केन्द्र पर तैनात स्टाफ नर्स आभा रानी को चांदनी की परेशानी पता चली। तत्काल वह खुद एम्बुलेन्स को लेकर मध्य रात्रि चांदनी के पासपहुंच गईं। स्वास्थ्य टीम चांदनी को एम्बुलेन्स से वापस स्वास्थ्य केंद्र ला ही रही थी। इसी बीच प्रसव पीड़ा तेज हो गई। स्वास्थ्य टीम ने तत्काल एम्बुलेन्स सड़क के किनारे लगवाकर कर एम्बुलेन्स में सुरक्षित प्रसव करवा दिया। इसके बाद सुबह चार बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजगढ़ में भर्ती कराया। डॉक्टर की देखरेख में मां और बच्चे दोनों स्वस्थ्य हैं। इसके पूर्व इसी माह में सुमन पत्नी सनुज कुमार निवासी ग्राम करौदा विकास खण्ड राजगढ़ से लगभग 22 किमी दूर की रहने वाली है ।इनके पति जीविको पार्जन के बम्बई में आटो चलाने का काम करता है। उसका भी प्रसव एम्बुलेन्स में ही कराया गया उसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने दो दिन तक केन्द्र पर रखने के बाद इनको एम्बुलेन्स से ही घर छोड़ दिया गया। ऐसे उदाहरण कोई एक.दो नहीं बल्कि कई हैं जिसमें एम्बुलेन्स में सुरक्षित प्रसव के बाद मां और बच्चे दोनों स्वस्थ्य हैं। एम्बुलेन्स सेवा 102 के नोडल डॉक्टर अनिल कुमार ओझा ने बताया कि जिले में एम्बुलेन्स सेवा 102 के तहत04 एम्बुलेन्स संचालित की जा रही हैं। अभी 9758 लोगों को सेवाएं दी गई हैं।

# चोरी के दो ऑटो सहित छह वाहन किए बरामद



**मुग़लसराय/चन्दौली।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने शनिवार को पटनवा तिराहे के पास से दो शातिर चोरों को धर दबोचा। प ुलिस ने पूछताछ के बाद चोरों की।

निशानदेही पर चोरी के दो ऑटो समेत छह वाहन बरामद किये। पकड़े आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी गई। सीओ पीडीडीयू नगर अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि दोनों चोर मौज मस्ती के लिए चोरी की घटना को अंजाम देते थे। मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में सीओ अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि मुगलसराय कोतवाली पुलिस को पटनवा क्षेत्र में दो शातिर चोरों के होने की सूचना मिली। इसके बाद कोतावली प्रभारी निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र में जाल बिछाया और पटनवा तिराहे के पास से दो चारों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी आधार पर पुलिस टीम ने एक स्थान से चोरी के दो ऑटोए तीन बाइक व एक स्कूटी बरामद की। इसके बाद पुलिस चोरी के वाहनों समेत चोरों को कोतवाली ले आई। आरोपियों की पहचान सत्या? बियार निवासी महुगढ़ थाना हलिया जिला? मिर्जापुर व राहुल पासवान निवासी थाना जैतपुरा वाराणसी के रूप में हुई। सीओ ने बताया कि दोनों लोग मौज मस्ती करने के उद्देश्य से रुपये कमाने के लिए वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया करते थे।

# अग्रसेन सेवा संस्थान के सदस्यों ने की गो सेवा



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**श्री अग्रसेन** सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा बुधवार को मैदागिन गोलघर स्थित श्री काशी दया विस्तारिणी गोशाला एवं पशुशाला में सेवा कार्य किया गया। इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को बहुत ही पवित्र एवं पूज्यनीय माना जाता है। कोई अनुष्ठान गाय के बिना पूरा नही होता। वही ऐसी मान्यता है कि वास्तु दोष का निवारण भी घर में गाय पालने से हो जाता है। प्रधानमंत्री संजय गिरिराज ने कहा कि गाय को भोजन करानाए सेवा करना ईश्वर की सेवा के समान है। इस मौके पर प्रमुख रूप से संस्था के उपाध्यक्ष हरीश अग्रवाल, प्रधानमंत्री संजय गिरिराज, मंत्री विष्णु जैन, राजीव अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अनिल बंसल, राजेंद्र मोहन शाह, संजय बुक वाले मौजूद रहे।

## निष्पक्षता-ईमानदारी से कार्य करें अधिकारी और कर्मचारीः अभिषेक



शपथ दिलाते डीएम

**● कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस पर डीएम ने दिलाई शपथ**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. बीआर अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अधिकारियों-कर्मचारियों को देश के संविधान की शपथ दिलायी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को समिति के द्वारा संविधान लिखकर पूर्ण करने पर देश की संविधान सभा द्वारा संविधान को विधिवत रूप से स्वीकार किया गया था, लेकिन 26 जनवरी 1950 को इस संविधान को देश में लागू किया गया था। इसी के फलस्वरूप 26 नवम्बर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय संविधान दिवस को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार ही निष्पक्षता, ईमानदारी से अपने पदीय दायित्व का निर्वहन करें। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों को देश के संविधान की शपथ दिलायी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रामजन्म यादव व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जनता को त्वरित न्याय दिलाना ही समाधान दिवस का लक्ष्यः प्रमोद

**● एसडीएम ने सुनी जनता की फरियाद**



समस्या सुनते अधिकारी


**राजापुर, चित्रकूट।** जहां एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार भयमुक्त समाज एवं शिकायत मुक्त ग्रामीण अंचलों को बनाने का प्रयास कर रही है। वहीं राजापुर तहसील अंतर्गत थाना राजापुर व सरधुवा में थाना समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झां की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें थाना राजापुर में 07 तथा थाना सरधुआ में 02 फरियादियों में शिकायत की जिनके निस्तारण के लिए राजस्व व थाना स्टाफ की टीमें गठित की गई है। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप भयमुक्त समाज एवं ग्रामीण अंचलों की शिकायतों से निजात दिलाने के लिए समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। वहीं राजापुर तहसील अंतर्गत थाना राजापुर व सरधुआ में समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी राजापुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। फरियादियों के शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए एसडीएम ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया की मंशा है कि ग्रामीण अंचल व शहरी लोग समस्याओं से मुक्त होकर जीवन यापन करें। उप जिला अधिकारी ने बताया कि राजापुर थाना में 7 व थाना सरधुवा में 02 फरियादियों ने प्रार्थना पत्र सौंपा। जिसमें राजस्व विभाग के शिकायत होने के कारण थाना व तहसील की एक संयुक्त टीम का गठन करके पारदर्शिता के साथ शिकायतों का निस्तारण करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होने कहा कि फरियादियों के साथ प्रतिवादी की बात को सुनकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए पारदर्शिता के साथ बिना किसी भेदभाव व लालच के शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण तीन दिवस में निस्तारित करने के कड़े आदेश जारी किए गए हैं। इस अवसर पर तहसीलदार राजापुर संजय अग्रहरी, नायब तहसीलदार संजय सिंह, उपनिरीक्षक रामवीर सिंह, राजीव सिंह, थानाध्यक्ष सरधुआ प्रवीण कुमार सिंह, उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता तथा राजस्व के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मैनपुरी उपचुनाव: शिवपाल यादव बोले

# डिंपल के फोन कॉल ने प्रचार के लिए प्रेरित किया

भाषा। मैनपुरी

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी-लोहिया (पीएसपीएल) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि बहू डिंपल यादव के फोन कॉल ने उन्हें मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में उन्हें उनके प्रचार के लिए प्रेरित किया। शिवपाल ने यह भी कहा कि उन्होंने डिंपल यादव से कह दिया है कि यदि समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने फिर से उनके साथ कुछ गलत किया तो वह (डिंपल) उनकी गवाह बनें। समाजवादी पार्टी (सपा) संरक्षक मुलायम सिंह के निधन के कारण रिक्त हुई मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव को लेकर अखिलेश और शिवपाल यादव एक बार फिर साथ नजर आ रहे हैं। शिवपाल यादव जगह-जगह घूमकर बहू डिंपल यादव के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सपा ने इस सीट पर अखिलेश की पत्नी और मुलायम की पुत्रवधू डिंपल यादव को उम्मीदवार बनाया है। भतीजे अखिलेश के साथ बिगड़ते संबंधों के बीच पीएसपीएल प्रमुख ने मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल यादव की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक बार फिर हाथ मिलाने पर सहमति जताई है। इस सीट का प्रतिनिधित्व दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव करते रहे हैं। मतदाताओं को सपा उम्मीदवार के लिए सक्रिय होने के बारे में बताते हुए शिवपाल ने कहा कि यह डिंपल का फोन था जिसने रिश्तों के बीच की



तल्खी को खत्म कर दिया। शिवपाल ने मैनपुरी में शुक्रवार को एक नुक्कड़ बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत में कहा, जब बहू (डिंपल) लड़ रही है, तो हम एक हो गए। हम तो कहते थे एक हो जाओ, हमने अखिलेश से कह भी दिया है कि अब एक ही रहेंगे। उन्होंने कहा, बहू (डिंपल) ने टेलीफोन किया कि चाचा हम लड़ेंगे, आ जाओ। तो हमने कहा कि तुम गवाह रहना हमारी। अगर अखिलेश गड़बड़ करें तो हमारे साथ ही रहना। अब हम साथ ही रहेंगे। उन्होंने संकेत दिया कि पार्टी परिवार की युवा पीढ़ी को अब राजनीति में आगे बढ़ाएगी। शिवपाल ने कहा, अब हम लोगों के पास समय कितना है, एक-दो चुनाव और लड़ेंगे, फिर लड़के ही लड़ेंगे। इसलिए अब हमारी भी प्रतिष्ठा का सवाल है। नेता जी (मुलायम सिंह) के न रहने पर हमारी भी प्रतिष्ठा का सवाल है। इसलिए हमारी आप सब लोगों से हाथ जोड़कर विनती है कि सब लोग आज के बाद चुनाव प्रचार में लग जाना। कार्यकर्ताओं के साथ इस बातचीत का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जसवंतनगर विधानसभा सीट मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है, जहां से शिवपाल छह बार के विधायक हैं। ऐसे में शिवपाल यादव का समर्थन उपचुनाव जीतने के लिहाज से समाजवादी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसे समाजवादी पार्टी के रघुराज सिंह शाक्य से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। परिवार में दरार का फायदा उठाने के लिए सत्तारूढ़ दल भाजपा द्वारा शाक्य को मैदान में उतारा गया, क्योंकि वह (शाक्य) शिवपाल के पूर्व वफादार हैं। छह साल पहले अलग होने के बाद चौथी बार अखिलेश और शिवपाल के बीच हाल ही में हुआ मेलजोल मायने रखता है, क्योंकि दोनों 2016 से एक-दूसरे के साथ एक तल्ख रिश्ते को ढो रहे थे। शिवपाल ने वर्ष 2018 में अपनी खुद की पार्टी पीएसपीएल बनाई और वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव फिरोजाबाद से सपा के खिलाफ लड़ा। इस साल के विधानसभा चुनाव में अखिलेश ने शिवपाल के साथ गठबंधन तो किया, लेकिन उन्हें केवल एक सीट जसवंतनगर दी, जहां से शिवपाल यादव ने सपा के चुनाव चिह्न साइकिल पर चुनाव लड़ा था। हालांकि, नतीजों के बाद दोनों के रिश्तों में एक बार फिर खटास आ गई और शिवपाल राष्ट्रपति चुनाव में खासतौर पर सत्तारूढ़ भाजपा का साथ देते नजर आए।

## कांग्रेसियों को संविधान की मर्यादा की रक्षा के लिए तत्पर रहने की शपथ दिलाई



**बाँदा।** संविधान दिवस पर बांदा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय स्टेशन रोड मे कांग्रेसजनों को भारतीय संविधान के प्रति एक निष्ठा रहने ए संविधान की मर्यादा की रक्षा करने के लिए तत्पर रहने की की शपथ दिलाई गई। जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने यह शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उत्तर प्रदेश के पूर्व कबीना मंत्रीध् कांग्रेस के प्रान्तीय अध्यक्ष माण् नसीमुद्दीन सिद्दीकी जी ने कांग्रेस जनों से कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का सबसे पहला दायित्व हैं वह देश के संविधान की मर्यादा की रक्षा के लिए अग्रसर रहे क्योंकि भारतीय नागरिक होने के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता होने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त है और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस के महापुरुषों ने बलिदान दिये हैं। उन्होंने कहा कि डर हैं कि संविधान की मूल आत्मा को न बदल दिया जाये क्योंकि संविधान की मूल आत्मा से ही देश की एकजुटता अखण्डता कायम है। इसे हर हाल मे बचाना होगा। प्रदेश महासचिव अखिलेश शुक्ला ने कहा कि कांग्रेसजन सामाजिक समरसताए एकताए सद्भाव को कायम रखने के लिए आगे आए । पूर्व विधायक श्री शिरोमणि भाई ने कहा कि दलित भाई ने कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान तैयार किया है। जिसे हमें बचाना है।जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने कहा कि संविधान की समानता का सबसे बड़ा उदाहरण यह हैं कि देश राष्ट्रपति को शपथ मुख्य न्यायाधीश के द्वारा दिलाई जाती हैं । न कोई बडा न कोई छोटा सभी बराबर है। इस गोष्ठी मे सीमा खानए बी लाल ए बी एल वर्माए जीतेन्द्र गौरवए पवनदेवी एओमप्रकाश सिंह पूर्व अध्यक्ष बार एशोसिएशन बांदाए जगदीश तिवारी एड0एसंतोष द्विवेदी एड0 आदि ने सभी कांग्रेस जनों को सम्बोधित किया।

## उप्र में सपा सरकार के समय अपराधी मिनी सीएम बन गए थे: ब्रजेश पाठक




**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि राज्य की पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार के समय प्रदेश के हर जिले में अपराधी मिनी सीएम बन गए थे। पाठक ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार आते ही गुंडे, माफिया और अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्वाई की गई जिसका परिणाम यह हुआ कि गुंडे, बदमाश या तो जेल के भीतर पहुंच गए या राज्य छोड़कर भाग गए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य के समर्थन में कुसमरा व करहल में जनसभाओं को सम्बोधित किया। पाठक ने कहा कि सपा की सरकार के दौरान अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था और वे खाली प्लॉट हमारा है जैसे नारे लगाते थे, वे हर जिले में मिनी सीएम बन गए थे। उन्होंने कहा कि मैनपुरी की जनता इस बार परिवारवाद पर नहीं बल्कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के विकास पर मुहर लगाने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग को लाभ मिला है और मैनपुरी में इस बार कमल खिलना तय है। पाठक ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव से लेकर उनके सारे परिवार को नुक्कड़ सभाएं करनी पड़ रही हैं और अपने शासनकाल में जिनकी उपेक्षा की, उन्हीं से आज गली-गली वोट मांगने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे साफ है कि समाजवादी पार्टी की जमीन खिसक चुकी है। आज चाचा-भतीजा भले एक हुए हों परन्तु दोनों मिलकर भी सपा की हार को नहीं टाल सकते। मैनपुरी में उपचुनाव पांच दिसंबर को है।

# सोनौली: भारत-नेपाल सीमा पर बन रही है एकीकृत जांच चौकी

**महराजगंज।** महाराजगंज जिले के सोनौली में भारत-नेपाल सीमा पर मालवाहक और यात्री वाहनों की सुगम आवाजाही के वास्ते लैंडपोर्ट के रूप में काम करने के लिए हवाईअड्डे की तर्ज पर एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) स्थापित करने का काम शुरू हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी। सोनौली कस्बे के पश्चिमी छोर पर स्थित शेखफरेंदा गांव के केवटलिया टोला के पास उत्तर प्रदेश में पहली एकीकृत जांच चौकी की चारदीवारी का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिलाधिकारी सत्एंद्र कुमार ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि महाराजगंज के बौद्ध सर्किट के अंतरराष्ट्रीय निकास बिंदु सोनौली में एकीकृत आईसीपी लैंडपोर्ट बनेगा। सोनौली सीमा के पास बनने वाला आईसीपी बौद्ध सर्किट का एक महत्वपूर्ण निकास बिंदु है। यह गौतम बुद्ध की जन्मस्थली और लोकप्रिय बौद्ध पर्यटन केंद्र लुंबिनी के करीब है।



सोनौली में विदेशों से आने वाले यात्रियों एवं पर्यटकों को अच्छी सुविधा मिले, इसी आधार पर इसे विकसित किया जाएगा। भारत सरकार ने 2004 में सोनौली सीमा पर एक एकीकृत चेक पोस्ट के निर्माण को मंजूरी दी थी। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो चुका है और गृह मंत्रालय की देखरेख में एकीकृत जांच चौकी (चेक पोस्ट) की चारदीवारी का निर्माण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि सीमा शुल्क और आव्रजन सुविधाओं को एक छत के नीचे लाकर दोनों देशों के बीच सीमा पार मालवाहक ट्रकों की आवाजाही को व्यवस्थित करने के लिए भारत-नेपाल सीमा के दोनों ओर एकीकृत चेक पोस्ट बनाए जा रहे हैं। उनके अनुसार यह चेकपोस्ट यहां 700 करोड़ रुपए की लागत से 143 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा तथा इसके अलावा एकीकृत जांच चौकी को राष्ट्रीय राजमार्ग 24 से जोड़ने के लिए जुगौली और सुकरौली गांव से सड़क का निर्माण किया जाएगा।राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, एकीकृत चेक पोस्ट के निर्माण के लिए 300 किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है।इन वरिष्ठ अधिकारी का कहना था कि इसके तहत 288 किसानों से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और शेष 12 भू-स्वामियों से औपचारिकताएं की जा रही हैं क्योंकि वे विदेश में हैं। उनके अनुसार उनके लौटते ही अधिग्रहण का काम पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि 79 करोड़ रुपए में जमीन का अधिग्रहण किया गया है और जमीन मालिकों को पैसे का भुगतान भी कर दिया गया है। सोनौली में एकीकृत चेक पोस्ट बनने के बाद इसके परिसर में एक साथ पांच हजार वाहनों की पार्किंग संभव हो सकेगी। महाराजगंज परियोजना के अलावा, रुपईडीहा (उत्तर प्रदेश में) में भी एकीकृत जांच चौकियां स्थापित करने की योजना है।

## डीजे के वाहन से टकराई मोटरसाइकिल, युवक की मौत

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले में गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मोतीगंज में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। थानाध्यक्ष गोसाईगंज राघवेंद्र रावत ने बताया कि जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के विरैता पाल्हीपुर गांव के नरेंद्र वर्मा (33) बीती रात अपने ननिहाल गोसाईगंज थाना अंतर्गत बृजवारी महमूदपुर आया था और यहां बीती रात एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद वह अनुपम नाम के एक युवक के साथ अपने एक रिश्तेदार को लेने मोटरसाइकिल से शहर आ रहा था। रावत के अनुसार अनुपम मोटरसाइकिल चला रहा था जबकि नरेंद्र उसपर पीछे बैठा था। उनके मुताबिक मोतीगंज के पास एकाएक मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई, और सामने खड़े डीजे वाहन (शादी में संगीत बजाने वाला वाहन) से भिड़ गई। पुलिस के अनुसार अनुपम तो बाल-बाल बच गया जबकि नरेंद्र सड़क पर गिर पड़ा एवं काफी चोटें आने के कारण उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और विधिक कार्वाई करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मनाया गया संविधान दिवस



**बाराबंकी।** भारत के संविधान को अंगीकृत करने की 73वीं वर्षगांठ श्रीरामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी परिसर में मनायी गयी। उप्र राज्यविधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के निदेशक डॉ. रोहित पी. शाबरन तथा डॉ. प्रशांत कुमार व अन्नपूर्णा त्रिवेदी के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें विधि संकाय के विद्यार्थी व शिक्षण प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कुलपति डॉ. डीके शर्मा ने स्वतंत्र लोकतांत्रिक संस्थाओं द्वारा शासित देश की प्रगति का श्रेय संविधान को दिया। न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने संविधान का मसौदा तैयार करने वाले सदस्यों की दूरदर्शिता के बारे में बात की। कुलाधिपति पंकज अग्रवाल एवं उप कुलाधिपति पूजा अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहाकि इससे समाज में जागरूकता आती है।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सांप्रदायिकता के खिलाफ: जयंत



**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सांप्रदायिकता के खिलाफ है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछे जाने पर जयंत चौधरी ने मेरठ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी मेहनत से अच्छा काम कर रहे हैं और उनकी भारत जोड़ो यात्रा सांप्रदायिकता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा जनता को आपस में जोड़ने का काम कर रही है।हालांकि, जयंत चौधरी ने राहुल के साथ यात्रा में साथ चलने की बात नहीं कही है। लेकिन उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का समर्थन कर बड़ा सियासी संदेश देने का प्रयास किया है। सवालों के जवाब में जयंत चौधरी ने खतौली उपचुनाव को बड़ा चुनाव बताते हुए कहा कि इसके लिए वह सूक्ष्म स्तर पर प्रचार कर रहे हैं और जनता उनकी पार्टी का साथ देगी। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह की कर्मभूमि रही है, इसलिए यहां पर किसानों, मजदूरों और भाईचारे की जीत होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मदन भैया को बाहुबली बताकर सवाल उठा रही है, लेकिन मदन भैया चार बार विधायक रह चुके हैं और जनता को भी उनपर पूरा भरोसा है। पूर्व विधायक विक्रम सैनी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा जो दंगाई था, सत्ताधारी पार्टी में शामिल था, उसको सजा मिली है। जनता के साथ न्याय होना चाहिए।

# चीनी मिल में आग लगने पर मुख्य अभियंता छत से कूदे, मौत

भाषा। मेरठ

**मेरठ** जिले के परतापुर थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल की टरबाइन यूनिट में शनिवार दोपहर आग लगने पर मिल के मुख्य अभियंता ने छत से छलांग लगा दी जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। परतापुर पुलिस के अनुसार मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल में शनिवार दोपहर करीब एक बजे टरबाइन यूनिट में आग लग गई। आग लगते ही मिल के मजदूरों में हड़कंप मच गया। सूचना पर अग्निशमन दल की तीन गाड़िया मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। थाना परतापुर प्रभारी निरीक्षक राम पहल सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मिल के मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार कुशवाहा (61) आग देखकर घबरा गया और वह जान बचाने के लिए ऊपर की मंजिल से नीचे कूद गए। गंभीर रूप से घायल होने पर उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि उपचार के दौरान नरेंद्र कुमार कुशवाहा की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस और अग्निशमन दल की टीम करीब दो घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकी। उन्होंने बताया कि मिल में अचानक टरबाइन फटा जिसके कारण आग लग गई। आग के दौरान रुक-रुक के ड्रम फटने लगे। इस कारण अग्निशमन दल के कर्मचारियों को आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

## पीडब्ल्यूडी ठेकेदार पर हमले में भाजपा के जिला महामंत्री समेत तीन के खिलाफ केस

**सुलतानपुर।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक ठेकेदार की कथित तौर पर पिटाई करने और उन्हे वाहन से कुचलकर जान से मारने की कोशिश करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला महामंत्री सहित तीन लोगो के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह मामला जिले के लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र मे हुआ। कोतवाली क्षेत्र के तेरए निवासी चंदन सिंह ने संवाददातओं को बताया कि दो ठेकेदार उनके पिता पर एक निविदा वापस लेने के लिए दबाव बना रहे थे। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने पर उनके पिता को निविदा आवंटित हुई थी। आरोपियो की पहचान कुड़वार थाना क्षेत्र के भंडरा परशुरामपुर निवासी शैलेंद्र कुमार मिश्र और कोतवाली नगर के पंचरस्ता निवासी धर्मेंद्र कुमार उर्फ बब्लू के रूप मे की गई है। सिंह ने बताया कि 22 नवंबर को कामतागंज से घर लौटते समय उनके पिता को इन लोगो ने रेलवे क्रॉसिंग के पास मार-पीट और जब वह इस घटना की शिकायत करने पुलिस थाने जा रहे थे, तभी परसरामपुर डेयरी के पास उनके पिता पर एक स्कॉर्पियो (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) चढ़ा दिया गया। सिंह ने कहा, तत्काल, उनके पिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने उन्हे जिला अस्पताल भेज दिया। वहां से उन्हे लखनऊस्थित ट्रामा सेंटर भेज दिया गया, जहां वह अब भी कोमा मे है। भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. आर ए वर्मा ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार उर्फ बब्लू पार्टी के जिला महामंत्री है, लेकिन वह उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज किए जाने से अवगत नही है।

## हर्ष फायरिंग में युवक की मौत, भाजपा कार्यकर्ता गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर के रेल बाजार इलाके में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता को बंदूक से गोली चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मीरपुर कैंट निवासी मोहम्मद सादिक (32) के रूप में हुई है, जो बाउंसर का काम करने के साथ ही जिम भी चलाता था। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) शिवा जी ने कहा कि पुलिस ने तुरंत कार्वाई करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता रामजी गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया जिसने अपनी लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से कथित तौर पर जश्न में गोली चलाई थी। उन्होंने कहा, हमने फॉरेंसिक जांच के लिए उस बंदूक को भी जब्त कर लिया है जिसका इस्तेमाल जश्न में गोली चलाने के लिए किया गया था। शिवा जी ने गिरफ्तार व्यक्ति के सत्तारूढ़ भाजपा से संबद्धता की पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने कहा कि गुप्ता एक कार्यकर्ता के रूप में भाजपा से जुड़ा है और वर्तमान में पार्टी में उसका कोई पद नहीं है। प ु ल स उपायुक्त ने घटना के बारे में बताया कि शादी समारोह के दौरान मेहमानों की सुरक्षा के लिए मोहम्मद सादिक को कई अन्य लोगों के साथ काम पर रखा गया था। उन्होंने बताया कि विवाह समारोह के दौरान रामजी गुप्ता ने कथित तौर पर अपनी बंदूक से गोली चलाई, जिसके परिणामस्वरूप सादिक के सिर, गर्दन और छाती पर छर्रों से चोटें आईं। मोहम्मद सादिक के सिर और गर्दन से खून बहता देखने के बाद सहकर्मी बाउंसर उसे तुरंत लाला लाजपत राय (एलएलआर) अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पुस्तक का विमोचन

**लखनऊ।** पत्रकार प्रेम प्रकाश द्वारा लिखी गयी एक पुस्तक ष्रिपोर्टिंग इंडियाष् के हिंदी अनुवाद का विमोचन दिल्ली में किया गया। प्रेम प्रकाश ने आजादी के बाद के भारत की कुछ दिलचस्प और यादगार पहलुओं को कवर किया है। उन्होंने 1950 के दशक से सदी के अंत तक भारतीय उपमहाद्वीप में हुई प्रमुख घटनाओं की सूचना लोगों तक पहुंचायी है। वह फ्रांस जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका के अग्रणी विदेशी प्रसारकों के साथ भी काम कर चुके हैं। पुस्तक का विमोचन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके अकबर रोड स्थित आवास पर किया। पुस्तक का हिंदी अनुवाद प्रभा खेतान फाउंडेशन द्वारा किया गया है।

## नक्वी का आजम पर निशाना-कहा जनाधार के बिना जागीरदारी नहीं होगी



**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को बिना नाम लिए सपा नेता आजम खान पर निशाना साधते हुए कहा कि जमीन के बिना जमींदारी और बिना जनाधार के जागीरदारी नहीं होगी। रामपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में पांच दिसंबर को होने वाले उपचुनाव के प्रचार में आए भाजपा नेता नकवी ने पार्टी उम्मीदवार आकाश सक्सेना के पक्ष में विधानसभा क्षेत्र के ककरौआ गांव में आयोजित खिचड़ी पंचायत में हिस्सा लिया और सपा नेता पर जमकर तंज किया। नकवी ने ककरौआ गांव में खिचड़ी पंचायत में गांव की जनता से भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की। उन्होंने जमीन पर बैठकर खिचड़ी खाई और उसके बाद वह गन्ना चूसते नजर आए। उनके साथ राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद घनश्याम सिंह लोधी और प्रत्याशी आकाश सक्सेना भी गन्ने चूसते देखे गए। सपा नेता आजम खान को भड़काऊभाषण के मामले में सजा सुनाए जाने के बाद उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुरूप उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया और विधानसभा सचिवालय ने रामपुर शहर सीट रिक्त घोषित कर दी। इस सीट पर पांच दिसंबर को मतदान और आठ दिसंबर को मतगणना होगी। अपने संबोधन में नकवी ने कहा कि यह जो जन चौपाल आयोजित की गई है, यह वोटों की ठेकेदारी नहीं बल्कि विकास में भागीदारी के लिए की गई है। उन्होंने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार में विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सरकार बिना भेदभाव के विकास करती है।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख हाजी यूनुस पर हमले का मामला

# पूर्व विधायक के दो बेटों की संपत्ति कुर्क

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के कोतवाली देहात थाना पुलिस ने पूर्व ब्लाक प्रमुख हाजी यूनुस पर पिछले साल हुए हमले में वांछित चल रहे पूर्व विधायक के दो बेटों की संपत्ति शनिवार को कुर्क कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी असद और जैद पूर्व ब्लाक प्रमुख के दिवंगत भाई पूर्व विधायक हाजी अलीम के बेटे हैं। हाजी अलीम ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से दो बार जिले की सदर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया था। पुलिस के अनुसार पिछले साल पांच दिसंबर को दोपहर तीन बजे के करीब शादी समारोह से लौट रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख हाजी यूनुस के काफिले पर गाड़ी सवार कुछ लोगों ने गोलीबारी कर दी थी। पुलिस के मुताबिक इस हमले में पांच लोगों को गोली लगी थी, जिसमें खालिद नाम के शख्स की मौत हो गई थी। हाजी यूनुस ने अपने चार सगे भतीजों समेत छह नामजद के खिलाफ साजिश रचने और 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हमले की वजह पारिवारिक विवाद के अलावा संपत्ति विवाद भी बताई गई थी। नामजद आरोपियों में से एक अनस अपने पिता हाजी अलीम की हत्या के मामले में जेल में बंद है।हाजी यूनुस पर हमले की साजिश रचने में दो अन्य लोगों बिलाल और खालिद को नौ दिसंबर को ही गिरफ्तार हाजी यूनुस पर हमले की साजिश रचने में दो अन्य लोगों बिलाल और खालिद को नौ दिसंबर को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बाकी अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। सहायक पुलिस अधीक्षक (नगर) अनुकृति शर्मा ने बताया कि दिसंबर 2021 को पूर्व ब्लॉक प्रमुख हाजी युनुस के काफिले पर हमला हुआ था जिसमें एक खालिद की मृत्यु हुई थी और पांच छह लोग घायल भी हुए थे। मामले में दर्ज प्राथमिकी में कुछ लोग वांछित चल रहे थे। इनमें हाजी अलीम के बेटे भी शामिल थे, इनमें हाजी अलीम के बेटे भी शामिल थे, जिनकी संपत्ति शनिवार को कुर्क की गई। संपत्तियों की कीमत के सवाल पर शर्मा ने बताया कि संपत्ति काफी है और अभी उसका मूल्यांकन चल रहा है।

## आरेडिका में संविधान दिवस का आयोजन



**रायबरेली।** भारतीय संविधान की 73वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज आरेडिका में संविधान दिवस मनाया गया जिसमें आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एसणएसण् कलसीए प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एनडी राव एवं उच्चाधिकारियों द्वारा संविधान की उद्दशिका का पाठ किया गया और आरेडिका के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर ही संविधान की ष् उद्देशिका का पाठ किया।इसके अतिरिक्त प्रशासनिक भवन में भारतीय संविधान के निर्माण में महापुरुषों द्वारा किए गये महत्वपूर्ण योगदान पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई।इस प्रदर्शनी में आरेडिका के अधिकारियों एकर्मचारियों ने प्रतिभाग किया और इस प्रदर्शनी में आरेडिका के अधिकारियों एकर्मचारियों ने प्रतिभाग किया और संविधान की ष्ष् उद्देशिका ष्ष् एवं ष्ष्मौलिक कर्तव्योंष्ष् की जानकारी के साथ.साथ संविधान निर्मताओं के संघर्षोंए कार्य कुशलता और महत्वपूर्ण योगदान से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर आरेडिका के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संविधान की रक्षा सबकी जिम्मेदारीः न्यायमूर्ति

## ● कृषि विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन

**संवाददाता।** मिल्कीपुर अयोध्या



**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर भारत लोकतंत्र की जननी विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पशु चिकित्सा महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में किया गया।

उच्च न्यायालय प्रयागराज के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एसके सक्सेना ने कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कहा कि संविधान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है इसके लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि एकता एवं अखंडता की भावना को बनाकर रखना होगा। न्यायमूर्ति ने कहा कि हमारा संविधान सभी बचेगा जब हम एक अच्छे नागरिक को तैयार करेंगे। उन्होंने संविधान की रक्षा के लिए प्रस्तावना पाठ भी पढ़ाया।

इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के स्वच्छ एवं साफ पर्यावरण की जमकर सराहना की और सभी को धन्यवाद कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डाण् बिजेंद्र सिंह ने कहा कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हम सबके लिए गर्व की बात है कि हमारे देश के हरेक व्यक्ति के रग.रग में लोकतंत्र बसा हुआ है और हम सबकी जिम्मेदारी है कि लोकतंत्र की मजबूती में सभी मिलकर अपना योगदान दें। डा. बिजेंद्र ने कहा कि एक सफल राष्ट्र के निर्माण के लिए लोकतंत्र का पालन बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने न्यायमूर्ति एसके सक्सेना को स्मृति चिन्ह व बुके भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डाण् संजय पाठक व अतिथियों का स्वागत निदेशक प्रसार प्रोफेसर एपी राव ने किया। कार्यक्रम का संचालन सीताराम मिश्रा ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी, वैज्ञानिक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# संगठित और निर्भीक होकर विधि क्षेत्र में कार्य करें अधिवक्ताः सुनील कुमार

## ● भारतीय संविधान विश्व में सबसे बड़ा लिखित संविधानः आरएस चौधरी

## ● यूनाइटेड फ्रंट एडवोकेट्स के तत्वावधान में गोष्ठी संपन्न

**प्रयागराज।** यूनाइटेड फ्रंट एडवोकेट्स के तत्वावधान में शनिवार को संविधान दिवस के मौके पर अधिवक्ताओं की एक गोष्ठी कसारी मसारी स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित हुई। जिसमें सबसे पहले संविधान दिवस की प्रस्तावना का वाचन यूनाइटेड फ्रंट एडवोकेट्स के समस्त पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस मौके पर अधिवक्ता आर एस चौधरी ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व में सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान निर्माताओं ने ऐसा इसलिए किया ताकि संवैधानिक संस्थाएं कानूनी प्रावधानों से शासित हों। अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि सभी लोग अपने अधिकार क्षेत्र में रहकर स्वतंत्र और निर्भय होकर काम करें। अधिवक्ताओं को निर्भीक होकर विधि के क्षेत्र में कार्य करना चाहिए। उन्होंने संगठन के बारे में बताने के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से अपना विषय रखा। अधिवक्ता राजीव शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं को संगठित होकर कार्य करने की अपील की। इस मौके पर आगामी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर भी सभी अधिवक्ताओं ने मंथन किया। आगामी चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं ने रणनीति तैयार की।अधिवक्ता वी एस चौहान ने कहा कि बार एसोसिएशन के चुनाव में नियमित वकालत करने वाले अधिवक्ताओं को चुनकर बार में लाना होगा। कहा कि बार कमजोर होगी तो अधिवक्ताओं की मूल समस्याओं का समाधान संभव है। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार तिवारी अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता दिलीप केशरवानी अधिवक्ता मंजुलता चौधरी इमराना सिद्दकी अधिवक्ता सुजीत कुमार राय मनीष द्विवेदी मुकेश पांडेय भूपेंद्र त्रिपाठी राम सिंह अमित कुमार मिश्रा के पी चौधरी रत्नेश सिंह कमल देव पांडेय पूर्व उपाध्यक्ष मुन्ना यादव सुशील यादव राकेश कुमार चौहान संतोष वर्मा नीरज श्रीवास्तव उदय यादव रजनीश द्विवेदी श्रवण मिश्रा विपिन वर्मा आदि ने अपने विचार रखे। इस मौके पर आनंद कुमार पांडेय रमजान अली कुंज बिहारी द्विवेदी आदर्श चौधरी विशाल चौधरी दिनेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुक्त विश्वविद्यालय ने लिया संविधान की प्रस्तावना का संकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह सभी निदेशकों शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों तथा छात्र छात्राओं ने संविधान की आत्मा के रूप में संविधान की प्रस्तावना का संकल्प लिया। विश्वविद्यालय के प्रदेश में स्थित सभी क्षेत्रीय केंद्रों पर भी संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में भारतरू लोकतंत्र की जननी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ त्रिविक्रम तिवारी असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान ने इस विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि भारत वास्तविक अर्थों में लोकतंत्र की जन्मस्थली रहा है। विश्व का प्राचीनतम लोकतंत्र भारत में वैशाली के लिच्छवी के रूप में प्राप्त होता है। पाश्चात्य लोकतंत्र की संकल्पना की भारतीय लोकतंत्र से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि पाश्चात्य चिंतन अंतर्द्वंद्वों से युक्त है जबकि भारतीय चिंतन समावेशी है द्वंद्व मुक्त है। अपने वक्तव्य में डॉ त्रिविक्रम ने प्राचीन भारतीय राजतंत्र में भी लोकतांत्रिक मूल्यों को परिलक्षित किया। संचालन डॉ आनंदानंद त्रिपाठी तथा अतिथियों का स्वागत शोध एवं विकास केंद्र के निदेशक प्रोफेसर पी के पांडेय ने किया। अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने की। समाज विज्ञान विद्या शाखा के प्रभारी निदेशक प्रोफेसर एस कुमार ने इस अवसर पर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। व्याख्यान से सभी विद्या शाखाओं के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं लाभान्वित हुए।

## जनपद स्तरीय दो दिवसीय खेल का हुआ समापन

**अम्बेडकरनगर।** नगर में स्थित एकलव्य स्टेडियम में जनपद स्तरीय दो दिवसीय बाल क्रीड़ा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का बीते शुक्रवार को समापन हुआ।बताते चले कि इस प्रतियोगिता का आयोजन इसलिए किया जाता है। यहाँ से बच्चों को चयनित करके मण्डल स्तर से प्रदेश स्तर तक अपने प्रतिभा को निखारे और अपने गाँव साथ जनपद का नाम रोशन करे। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन डीएम सैमुअल पॉल एन की उपस्थिति में हुआ। दो दिवसीय चल रही प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सैमुअल समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहाए कि हमारा लक्ष्य सदैव प्रथम स्थान का होना चाहिए। अपने हाथ की प्रतिभाएं कभी किसी सुविधा की मोहताज नहीं हुआ करती है। प्रतियोगिता में डीएम द्वारा 400 मीटर दौड़ का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर मौजूद प्रतियोगिता के संयोजक कमल प्रकाश सिंह, सहसंयोजक मीनाक्षी सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, हरगोविंद सिंह, धनपत यादव, संतोष कुमार पांडे, श्याम प्रताप सिंह, विवेक कुमार द्विवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह, सविता परवीन, जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद हसन, रविंद्र कुमार, गंगाराम यादव, सत्य प्रकाश शुक्ला, संतोष सिंह, सुधीर चतुर्वेदी, रामपाल सिंह आदि।

# बच्चे हैं देश का भविष्य और गौरवः केशरी देवी

## ● गंगा गुरुकुलम विद्यालय में वार्षिक समारोह मुस्कान स्प्रेडिंग लाइट फॉरेवर का हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**गंगा** गुरूकुलम के विवेकानन्द सभागार में वार्षिक समारोह मुस्कान स्प्रेडिंग लाइट फॉरेवर का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल उपस्थित रहीं। पतंजलि समूह की सचिव डा कृष्णा गुप्ता कोषाध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता एवं रेखा बैद ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती की वन्दना का सस्वर वाचन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या माधुरी श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। पतंजलि समूह की सचिव डॉ कृष्णा गुप्ता ने मुख्य अतिथि सांसद केशरी देवी पटेल को सम्मानित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा चार एवं पाँच के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक था। सुनो कहानी नील नगर की जिसमें बिना सोचे काम न करने के परिणाम के विषय में बताया गया।

राष्टकवि रामधारी सिंह दिनकर की रचित कविता रशिमरथी के कुछ अंशों का प्रभावपूर्ण वाचन कक्षा सात के विद्यार्थियों ने किया। कक्षा नौ एवं दस के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी में समूह गान की प्रस्तुती की जिसमें शिक्षकों एवं माता पिता के प्रति धन्यवाद का भाव निहित था। कक्षा नौ दस एवं ग्यारह के बच्चों ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा आठ एवं नौ के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक था देश अनोखा संदेश अनोखा जिसके द्वारा संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की व्याख्या बड़े ही सहज रूप से की गई। दो के विद्यार्थियों ने ऐक्शन गीत की मनमोहक प्रस्तुती की गई। जिसे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने माइम कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसने हास्य के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। नृत्य नाटिका मधुराधिपतिमधुरम् की प्रस्तुती थी। जिसमें कृष्ण की बाल लीला से लेकर कंस वध तक की कथा को बड़े ही भावपूर्ण रूप से दर्शाया गया। कक्षा नौ से ग्यारह तक के विद्यार्थियों ने बैंगबैश का आयोजन कर कला का प्रदर्शन किया तथा खूब तालियाँ बटोरीं। सचिव डॉ कृष्णा गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शिक्षा को अत्यन्त महत्वपूर्ण बताया और शिक्षा के केन्द्र में बच्चों को रखते हुए विद्यालय को शिक्षा का मूल कहा। उन्होंने बच्चों को चारो ओर उजाला फैलाने वाले प्रकाश के रूप में बताया एवं विद्यालय को ऊर्जावान केन्द्र कहा। मुख्य अतिथि केशरी देवी पटेल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की बच्चों को देश का भविष्य एवं देश का गौरव कहा। उन्होंने सभी को काशी तमिल समागम के विषय में जानकारी दी एवं स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की संयोजिका रिंकू ने किया।

# नकली उर्वरक विक्रेताओं पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**संवाददाता।** मिल्कीपुर अयोध्या

**उप कृषि** निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी की छापेमारी के दौरान मिली संदिग्ध उर्वरक एवं खाली बोरी, सिलाई मशीन के मामले में दो उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। खंडासा पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुट गई है।

उपनिदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारी द्वारा छापेमारी में अमानीगंज के पंचबली खाद भंडार में संदिग्ध उर्वरकों के 3 नमूने भरे गए थे और छापेमारी के दौरान मौके से फर्जी कृभको, इफ्को, नवरत्न, आईपीएल तथा उत्सव के 9 की खाली बोरी व पुरानी बोरा सिलाई मशीन धागे के साथ बरामद हुई थी। जिसके बाद उपरोक्त दुकान व गोदाम को सील कर दिया गया है। गुप्ता खाद भंडार पर छापेमारी के दौरान पुरानी बोरा सिलाई मशीन पाई गई गोदाम से संदिग्ध उर्वरकों के 3 नमूने ग्रहित किए गए और फर्जी नवरत्न तथा उत्सव के 9 की खाली बोरी बरामद हुई। जिसके बाद गुप्ता खाद भंडार की गोदाम और दुकान को सील कर दिया गया है। उप निदेशक कृषि संजय कुमार त्रिपाठी ने पंचवली खाद भंडार के प्रो0 पंचवली पुत्र साहब बक्श निवासी विनायकपुर अमानीगंज एवं गुप्ता खाद भंडार के प्रो0 जितेंद्र कुमार पुत्र राम मिलन निवासी विनायकपुर अमानीगंज के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3ध्7 धोखाधड़ी कूट रचना सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह ने बताया की उपनिदेशक कृषि की तहरीर पर दो दुकानदारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# विवाहोत्सव पर फुलवारी लीला देख मंत्रमुग्ध हुए लोग

**अयोध्या।** रामविवाहोत्सव का मुख्य पर्व नजदीक आने के साथ ही अयोध्या राम विवाह के रंग में रंगने लगी है। मंदिरों में शनिवार को श्रीराम समेत चारों भाइयों के हल्दी की रस्म हुई। श्रीरामविवाहोत्सव को लेकर दुल्हन की तरह सजे जानकी महल ट्रस्ट में फुलवारी लीला का मंचन किया गया।



भगवान राम व सीता के फुलवारी लीला के मंचन के मनमोहक दृश्य से श्रद्धालु कृतार्थ हो रहे हैं। श्रद्धालुओं व संतों द्वारा संगीतमय वातावरण में गाए जा रहे विवाह पद कुअंरू कुअरि कल भावंरि देहीं। नयन लाभु सब सादर लेही। जाइ न बरनि मनोहर जोरी। जो उपमा कछु कहां सो धोरी... गुंजायमान हो रहे हैं। जानकी महल की आनंदमई फुलवारी लीला को देखने के लिए अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ए महंत गिरीश पति त्रिपाठी सुनीता शास्त्री सहित दर्जनों संतो ने फुलवारी लीला का आनंद लिया। जानकी महल ट्रस्ट के ट्रस्टी आदित्य सुल्तानिया ने बताया कि भगवान श्री राम और माता जानकी का विवाह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है जिसमें आज प्रभु श्री राम और माता जानकी का फुलवारी में मिलन होता है यह मनोहारी दृश्य रोमांचित करती है। उन्होंने बताया कि 28 नवंबर को गाजे बाजे के साथ बारात निकाली जाएगी प्रभु श्री राम माता जानकी का विवाह होगा और 29 तारीख को छप्पन भोग के साथ कलेवा कराया जाएगा। अयोध्या के दशरथमहल बड़ास्थान में बिन्दु गाद्याचार्य स्वामी देवेन्द्र प्रसादाचार्य की अध्यक्षता में राम विवाहोत्सव की धूम है। रामकथा के साथ रामलीला मंचन का आयोजन भक्तों के श्रद्धाकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। इसी प्रकार विअहुति भवन, लक्ष्मण किला, मणिरामदास की छावनी, श्रीरामबल्लभाकुंज, रामहर्षणकुंज, रसमोदकुंज सहित अन्य मंदिरों में रामविवाहोत्सव का उल्लास छाया हुआ है।

## छेड़खानी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**जलालपुर अंबेडकर।** नगर जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में शादी समारोह में कई 7 वर्षीय बालिका के साथ युवक द्वारा छेड़खानी करने के मामले में नामजद आरोपी नकुल पुत्र बेचन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तारी के लिए कार्यवाही शुरू कर दिया था एक शादी समारोह मैं परिजनों के साथ गई। 7 वर्षीय बालिका को गांव की ही एक युवक ने बहला.फुसलाकर उठा ले गया और उसके साथ छेड़खानी की जिसके बाद बालिका ने आपबीती परिजनों को बताई परिजनों की तहरीर पर जलालपुर कोतवाली पुलिस ने नकुल के खिलाफ पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। इस संबंध में जलालपुर कोतवाल संत कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## कलाकारों में कार्यक्रम को लेकर है भारी उत्साह

**प्रयागराज।** हाल ही में एक ताजगी भरी कहानी मैं हूं अपराजिता लेकर जी टीवी आया है। जो अपराजिता श्वेता तिवारी नाम की एक प्यारी मां का सफर दिखाती है। जो अपने पूर्व पति अक्षय मानव गोहिल के शादी के बाहर प्यार करने के बाद अपनी तीनों बेटियों को जिंदगी के उतार चढ़ाव के लिए तैयार कर रही हैं। असल में अक्षय के मोहिनी श्वेता गुलाटी नाम की एक दूसरी औरत के साथ विवाहेत्तर संबंध है। हाल के एपिसोड्स के बाद अपराजिता ज़िंदगी को अपने तौर तरीकों से समझते हुए दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। जहां इस शो में ड्रामा जारी है। जो अपराजिता की जिंदगी में हलचल मचाता नजर आएगा। इस किरदार को निभाने वाले पुनीत तेजवानी के आने से इस शो में जबर्दस्त ड्रामा होने वाला है। आगे क्या होगा जानने के लिए देखिए मैं हूं अपराजिता सोमवार से रविवार शाम साढ़े सात बजे सिर्फ ज़ी टीवी पर आएगा। असल में मनीष ने ही अपनी बहन की शादी अक्षय से कराई थी और अब वो अक्षय का बिज़नेस स्थापित करने में उसकी मदद करने भारत वापस आ गया है। वहीं पुनीत भी पांच साल बाद टेलीविजन पर वापसी करके और पहली बार ज़ी टीवी से जुड़कर बहुत उत्साहित हैं।

# निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

## ● पशुधन का विकास करके ही मनुष्य के अच्छे स्वास्थ्य को भी प्राप्त किया जा सकता हैः पाणिग्राही

**संवाददाता।** टाण्डा, अम्बेडकर नगर



**एनटीपीसी** टाण्डा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत पशु स्वास्थ्य के प्रति पशुपालकों को जागरूक करने एवं पशुओं के समुचित इलाज के उद्देश्य से ग्राम रायपुर में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशुपालन विभाग, अम्बेडकरनगर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 327 पशुओं की गहन जॉच के उपरान्त दवाइयॉ एवं पोषक आहार वितरित किए गये।

पशु चिकित्सा शिविर का उद्घाटन एनटीपीसी टाण्डा के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एसएनपाणिग्राही ने फीता काटकर किया। शिविर में आये पशुओं का इलाज पशु चिकित्साधिकारी डा0 शिव कुमार वर्माए डा0 पंकज सिंह द्वारा किया गया। शिविर के आयोजन में एनटीपीसी टाण्डा की उप महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी, अधिकारी (सीएसआर) एनएशिपो सियासरन उपस्थित रहे। पशुओं के इलाज में सहयोग पशुपालन विभाग के मसलाउद्दीन, वीरेन्द्र वर्मा, अमित यादव एवं टीम द्वारा किया गया।

शिविर को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पाणिग्राही ने कहा कि पशुधन का विकास करके ही मनुष्य के अच्छे स्वास्थ्य को भी प्राप्त किया जा सकता है। उन्होनें वर्तमान समय में दूध की उपयोगिता एवं उसमें की जा रही मिलावट से उत्पन्न समस्या के कुप्रभाव पर प्रकाश डाला। शिविर में पशु चिकित्साधिकारीए डा0 शिव कुमार वर्मा ने एनटीपीसी की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व की भॉति इस शिविर हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ ही निःशुल्क दवाइयॉ एवं पशुओं के पंजीकरण का शुल्क एनटीपीसी द्वारा वहन किया जा रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में समय समय पर पशुओं में होने वाली बीमारियों एवं रोकथाम के बारे में पशुपालकों को जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एनएशिपों अधिकारी (सीएसआर) ने ग्रामीणजनों से कहा कि परियोजना के आसपास के गॉवों में भी पशु चिकित्सा शिविर आयोजित करने की योजना है। श्री शिपों ने पशुपालकों से इन शिविरों से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

## मारपीट व लूटपाट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** कोतवाली टाण्डा क्षेत्र के मोहल्ला छज्जापुर दक्षिण में मकान कब्जा करने गए लोगों द्वारा मारपीट व लूटपाट करने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। उपरोक्त मोहल्ले के निवासी मोहम्मद आज़ाद पुत्र फतेह मोहम्मद ने आरोप लगाया है कि बीते 4 अक्टूबर 22 को दिन में लगभग 2 बजे विपक्षी नौशाद पुत्र फतेह मोहम्मद उसकी पत्नी अस्फिया फिरदौस निवासी ग्राम आसोपुर थाना अलीगंज व फरजाना पत्नी शमशाद निवासी मोहल्ला छज्जापुर व दो व्यक्ति अज्ञात लाठी डंडा व चाकू लेकर घर कब्जा करने हेतु दरवाजा तोड़कर घुस गए आपत्ति करने पर गाली गलौज धमकी देते हुए चाकू से मारने का प्रयास किया और लाठी डंडों से मारकर लहूलुहान कर दिया और घर मे रक्खा 20 हजार रुपये लूट लिएए हल्ला गोहार करने पर भाग गए। वादी ने उसी दिन घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी लेकिन रिपोर्ट नही दर्ज की गई पुलिस अधीक्षक से गोहार लगाने के बाद न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का दरवाजा खटखटाया।

# राम विवाह मंचन ने मनमोह लिया

**टाण्डा अम्बेडकर नगर ।** श्री राम विवाह सेवा समिति मुबारकपुर के तत्वावधान में आयोजित श्री राम विवाह मंचन के दूसरे दिन शुक्रवार को श्री राम जन्मए रावण तपस्या व राक्षस दरबार आदि प्रसंगों का मनमोहक मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा श्री राम रंग मंच पर किया गया।



मंचन में राजा दशरथ गुरु वशिष्ठ के निर्देश पर श्रृंगी ऋषि से पुत्रेष्टि यज्ञ कराते हैं। पृथ्वी की करूण पुकार सुनकर नारायण श्री हरि विष्णु राम के रूप में जन्म लेते हैं। राजा दशरथ को रानी कौशल्या से एकए कैकेयी से एकए सुमित्रा से दो पुत्र प्राप्त होते हैं। चारों भाई रामए लक्ष्मणए भरतए शत्रुध्न गुरूकुल जाकर अल्प अवधि में ही समस्त विघाओ में पारंगत हो जाते हैं। लीला में रावणए कुम्भकर्णए और विभिषण के तपस्यारत का मंचन किया जाता है। रावणए कुम्भकर्णए विभीषण ब्रह्म से वरदान प्राप्त करते हैं। जिसके कारण रावण अपने आप को अमर समझने लगता है। तब ब्रह्मा जी उसे स्वयं समझाते हैं और भगवान शिव की तपस्या करने को कहते हैं। उसी समय रावण शिव जी की तपस्या करने लगता है और भगवान भोले शिव को प्रसन्न करने के लिए अपने सिरो को यज्ञकुण्ड में आहूति देकर उनकी उपासना.आराधना करता है। तब भगवान शिव प्रगट होकर उसे वरदान देते हैं और यह भी बताते हैं कि अयोध्यापति श्री राम तुझे देगें अंतिम विश्राम। तब रावण ने श्री राम से मित्रता की बात कहीए जिस पर शिव जी ने कहा कि राम से तुम्हारी मित्रता नहीं होगी। वहीं रावण के बढ़ते अत्याचार के कारण पृथ्वी पर चारों ओर त्राहि.त्राहि मचने लगता है। राक्षस दरबार में रावण अपने पुत्र मेघनाथ के माध्यम से ऋर्षियो के पूजन पाठ बाधित करने की योजना बनाता है। ऋषियों का रक्त एकत्रित कर के मिथिला राज्य में गढ़वा देता है। रावण के अत्याचार से पृथ्वी त्राहि.त्राहि करने लगती है। मंचन कार्यक्रम की सफलता में सत्य प्रकाश मद्धेशिया, जितेन्द्र सोनी, मोहित अग्रवाल, दीपक उपाध्याय, राहुल पाठक, संजय मोदनवाल, जितेन्द्र अग्रहरि आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# संविधान दिवस पर मौलिक अधिकारों की आजादी पर चर्चा

● पूर्व विधि परामर्शी राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन ने डाला प्रकाश

● लखनऊ विवि के प्रोफेसर ने भी रखे विचार

संवाददाता। सीतापुर

**महर्षि दधीचि** की तपोभूमि मिश्रिख स्थित श्री चंद्र भगवान लॉ डिग्री कालेज में संविधान दिवस पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधि परामर्शी राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन एस.एस. उपाध्याय ने बताया कि संविधान 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया। हालांकि इसे 26 जनवरी 1950 को किया गया। उन्होंने बताया कि संविधान द्वारा ही मौलिक अधिकारों की आजादी मिली। सभी को शिक्षा का अधिकार मिला। सिंद्धातों का संग्रह ही संविधान है। कार्यक्रम में एलएलबी उत्तीर्ण छात्रों को डिग्री का वितरण किया गया। लघु नाटिका के माध्यम से अधिकारों की पहचान कराई गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के दीप प्रज्जवलित कर माल्यापर्ण से हुआ। कार्यक्रम में संविधान से संबंधित तमाम जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष महंत सियाराम दास, प्रबंधक डाक्टर रिंटू सिंह, आलम खान, आशुतोष दीक्षित सहित समस्त कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## नाट्य के माध्यम से जीडी गोयनका स्कूल के छात्रों को किया गया जागरूक

**सीतापुर** । जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्रों को यातायात संबंधी जानकारी दी गई। छात्रों ने भी सड़क सुरक्षा से संबंधित शानदार नाट्य प्रस्तुत कर सभी को यह संदेश दिया कि इस विद्यालय के बच्चों को यातायात नियमों की सभी महत्वपूर्ण जानकारियां है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा. राजीव दीक्षित ने दीप प्रज्जवलन एवं एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई मां सरस्वती का पूजन कर किया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक डा. राजीव दीक्षित ने माह नवंबर को यातायात माह के रूप में क्यों मनाया जाता है, यह जानकारी दी। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई ने छात्रों को बताया कि यात्रा के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल कतई न करें। किसी के घायल हो जाने के स्थिति में तुरंत उसको हास्पिटल पहुंचाए सेल्फी लेने का प्रयास न करें, उन्होंने तुरंत सहायता के लिए 112 और 108 से संपर्क करने के बारे में बताया। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम की प्रमुख उद्घोषिका पुनम सिंह के मार्ग दर्शन में शिक्षिका गरिमा जायसवाल द्वारा प्रार्थना का गायन कराया गया। संगीत विभाग प्रमुख प्रखर श्रीवास्तव के मार्ग दर्शन में छात्रों ने गायन कर मनमोहा। ईप्शिता त्रिवेदी और एंजेल बाजपेई ने सड़क सुरक्षा के नियम बताए। शिवांशु वर्मा द्वारा यातायात के चिन्हों को चार्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के हेड गर्ल वृंदा महावर ने सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रबंधन कमेटी के सूर्यांश सहगल, चेयरमैन मोनू सहगल, टीआई फरीद अहमद सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# बेटा-बेटी में नहीं करना चाहिए कोई भेदभाव

संवाददाता। सीतापुर

**24- स्टडी** हॉल एजुकेशन फाउंडेशन एवं बेसिक शिक्षा विभाग के साझा प्रयास से गैर बराबरी पखवारा सम्मान समारोह का आयोजन एच टी के पैलेस लहरपुर में किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सीतापुर घुले सुशील चंद्रभान ने बताया हमें बेटा बेटी में किसी तरह का भेदभाव नहीं करना चाहिए। सभी को बराबरी का हक मिलना चाहिए। उन्होंने डायल 100नंम्बर, डायल 1090 डायल 1093 चाइल्ड हेल्पलाइन नजदीकी पुलिस हेल्पलाइन वीमेन पावर हेल्पलाइन की जानकारी दी। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीओ लहरपुर सुजीत कुमार दुबे, खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी, ग्राम प्रधान शुभम, प्रधान इशरत अली समेत कई ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान तथा गणमान्य नागरिक व बच्चे उपस्थित रहे।

## स्वयं सहायता समूह को वितरित किया गया ऋण

**सीतापुर।** स्वयं सहायता समूह के लिए भारतीय स्टेट बैंक शाखा हरगांव की ओर से क्षेत्र की प्रगति के लिए संचालित स्वयं सहायता समूह को ऋण वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने संयुक्त रूप से की। डीएम, एसपी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने देश की प्रगति के लिए अग्रसर स्वयं सहायता समूह को ऊपर उठाने के उद्देश्य से आगे आकर ऋण उपलब्ध कराने की गई पहल की सराहना की। पुलिस अधीक्षक सीतापुर ने कहा कि पहले ऋण लेने के लिए बैंक तक जाना पड़ता था, आज बैंक स्वयं पहल कर रही है।

## क्विक न्यूज

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**बरेली** । तेजी से आ रही कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार दो लोग घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। भुता थाना क्षेत्र के गांव केसरपुर निवासी मोहम्मद साकिब और उसके चचेरे भाई साहिल को आज सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनके घर वालों ने बताया कि साकिब और साहिल आज सुबह मोटरसाइकिल से अपने किसी काम से सेटेलाइट बस स्टैंड आने के लिए घर से निकले थे लेकिन जब रास्ते में वह बीसलपुर चौराहा पर पहुंचे तभी तेजी से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली कार को लोगों ने रोक लिया और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा और उनके पास मिले मोबाइल फोन से उनके घर वालों को सूचना देकर कार्रवाई शुरू कर दी ।

### दुर्घटना में घायल ग्रामीण ने दम तोड़ा

**बरेली** । कार की टक्कर से घायल एक युवक की लंबे समय तक चले इलाज के बाद बीती रात जिला अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव रिठौरा निवासी 45 वर्षीय रामदास पुत्र हुलासी राम कि बीती रात जिला अस्पताल में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि रामदास अविवाहित था और मजदूरी करके गुजारा चलाता था वह 6 अक्टूबर को अपने एक रिश्तेदार से मिलने के लिए पैदल ही घर से निकला था लेकिन रिठौरा चौकी के सामने तेजी से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार और उसके चालक को पकड़ लिया लेकिन वह मौका देखकर वाहन समेत फरार हो गया सूचना मिलने पर पहुंचे घरवाले उसे एक निजी अस्पताल ले गए जहां से कुछ दिन पहले ही उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी ।

### नाबालिग से रेप का आरोपी गया जेल

**बरेली।** नाबालिग लड़की से रेप के बाद फरार हुए आरोपी को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव फरीदापुर चौधरी निवासी फरमान पुत्र अब्बास अहमद को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । ज्ञात हो कि गिरफ्तार फरमान ने गांव में ही रहने वाली एक 12 वर्षीय लड़की को कुछ दिन पहले बहला-फुसलाकर अपने साथ अपने साथ रेलवे स्टेशन तक ले गया था लेकिन वहां उसने लड़की को नशीला पदार्थ देकर एक होटल में ले जाने के बाद लड़की के साथ रेप किया और फरार हो गया उसकी जान-पहचान लड़की से उस समय हुई थी जब वह लड़की के घर पर टाइल्स लगाने गया था रेप की घटना के बाद लड़की जब अपने घर पहुंची तो उसकी हालत देखकर मा ने से पहचान लिया और पूछताछ के बाद पूरी घटना की जानकारी करके मां थाने पहुंची और फरमान के विरुद्ध शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की तब पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा ।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हालत बिगड़ी

**बरेली** । जहरीला पदार्थ खाने से एक युवती की हालत बिगड़ गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जोगी नवादा निवासी एक युवती को आज सुबह उसके घर वाले इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां उन्होंने बताया कि युवती के मोहल्ले के ही रहने वाले एक युवक से 5 सालों से प्रेम प्रसंग में चल रहे थे युवक ने उससे विवाह करने का वायदा किया था लेकिन कुछ दिन पहले युवक का विवाह किसी दूसरे स्थान पर तय हो गया यह बात युवती को पता चली तो उसने युवक से पूछताछ की उसने युवती से विवाह करने से साफइंकार कर दिया जिससे नाराज युवतीने बीती रात घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर घर के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे ।

### ट्रेन से टकराई बाइक मजदूर की मौत

**बरेली** । मोटरसाइकिल पर रेलवे लाइन पार कर रहे एक मजदूर की ट्रेन की चपेट में आ गया उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव पस्तोर निवासी 35 वर्षीय भूप राम पुत्र राम सिमरन की बीती रात गांव के पास ही रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि भूपराम कल सुबह मोटरसाइकिल पर मजदूरी करने के लिए घर से निकला था जहां से देर शाम वह घर वापस लौट रहा था तभी रेलवे लाइन पार करते समय उसकी मोटरसाइकिल ट्रेन की चपेट में आ गई और दूर जा गिरी जिससे भूप राम की मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक तीन बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम नीलम है ।

### थाना समाधान दिवस पर डीएम.एएसपी ने सुनीं समस्याएं

**लखीमपुर खीरी।** माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के संग थाना खीरी व थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचेए जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। थाना समाधान दिवस थाना खीरी में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राजस्व.पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को अवगत कराएंए ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर संदीप सिंह नायब तहसीलदार अतुलसेन सिंह मौजूद रहे। इसके बाद जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह थाना कोतवाली सदर पहुंचेए जहां पर मौजूद फरियादियों को समस्याओं मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। इस दौरान तहसीलदार सुशील प्रताप सिंहए प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह मौजूद रहे।

# बाइक सवारों ने युवक को मारी गोली जिला अस्पताल किया गया रेफर

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ.खीरी

**बांकेगंज में** कृषि विभाग में तैनात एक कर्मचारी को संसारपुर जाते समय अज्ञात बाइक सवारों ने गोली मार दी गयी। घायल युवक को तुरन्त सीएचसी बांकेगंज लाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है। युवक का नाम मदन मनोहर वर्मा है जो कि गोला के पास देवकली का निवासी है। घटना बांकेगंज.संसारपुर रोड की है।शनिवार दोपहर करीब 3 बजे बांकेगंज के राजकीय कृषि बीज भण्डार एंव कृषि रक्षा इकाई में असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर एटीम के पद तैनात मदन मनोहर वर्मा 37 अपने विभागीय काम से संसारपुर की ओर जा रहे था। मदन ने बताया कि संसारपुर रोड पर जोखेपुर गांव जाने वाली पुलिया के आगे जैसे ही निकला था कि उसे लगा कि पीछे से उसके शरीर में पसलियों के नीचे कुछ घुस गयाहै। तभी उसने बाइक रोक दी।

● मदन ने बताया कि संसारपुर रोड पर जोखेपुर गांव जाने वाली पुलिया के आगे जैसे ही निकला था कि उसे लगा कि पीछे से उसके शरीर में पसलियों के नीचे कुछ घुस गयाहै। तभी उसने बाइक रोक दी

### सहयोगी ने सीएचसी पहुँचाया

**गोला गोकर्णनाथ।** उनकी बाइक के आगे चल रहे उनके सहयोगी हेमपुर निवासी विपिन चौधरी ने बताया कि जब गोली की आवाज सुनी और और मदन को बाइक रोके देखा तो वह भी पीछे मुड़कर आया और तब मदन ने उसको बताया कि उसको किसी ने गोली मार दीहै । तब विपिन चौधरी ने तुरन्त एक सहयोगी आरिफकी सहायता से घायल मदन को सीएचसी बांकेगंज पहुंचाया। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर उसे जिला अस्पताल भिजवा दिया।

### लाल रंग की अपाचे बाइक से थे हमलावर

लखीमपुर खीरी। प्रत्यक्षदर्शी आरिफने बताया कि युवक पर हमला करने वाले दो लोग थे। जो कि लाल कलर की अपाचे बाइक सेथे । जिस व्यक्ति ने गोली चलायी उसका मुंह बंधा हुआ था। आरिफने बताया कि उसे लगा गाड़ी का टायर फ्टा है लेकिन जब घायल मदन को पास पहुंचा तब पता चला उसे गोली चली थी।

### घायल युवक ने किसी से विवाद न होने की बात वही

**गोला गोकरणनाथ।** वही घायल मदन ने बताया कि उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। वह रोजाना अपने घर से बांकेगंज आता था और फील्ड का काम देखता था। गौरतलब है कि कृषि विभाग में मदन का बीज वितरणए पीएम किसान योजनाए पराली अवशेष जलाने को लेकर लोगों को जागरूक करना व संगोष्ठी आयोजन का कार्यथा ।

### सीओ ने कहा, मामले की जांच हो रही है

गोला गोकर्णनाथ। घटना के बाद से थानाध्यक्ष राहुल सिंहए सीओ राजेश यादव अपने दलबल के साथ घटना स्थल का निरिक्षण किया व मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की। सीओ राजेश कुमार यादव ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा होगा।

# घटिया सड़क बनाने वाली बालाजी बिल्डर्स फर्म पर एफआईआर

**मोहम्मदी खीरी।** घटिया सड़क बनाने वाली बालाजी बिल्डर्स फर्म के प्रोपराईटर संजीव सिंह चौहान पर दर्ज हुई आईपीसी की धारा 283ए 418 और 431 के तहत एफआईआर दर्ज हो गयी है। लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्डद् 2 में तैनात सहायक अभियंता अमित कुमार यादव ने ठेकेदार पर दर्ज कराई एफआईआर हैण् ग्रामीणों का सड़क को हाथों से उखाड़ने का वीडियो वायरल हुआ था। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत कुंभी ब्लॉक के अमीर नगर में पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार द्वारा डामरीकरण का कार्य किया जा रहा था जिसमें मानक के विपरीत डामय डाला जा रहा था। ग्रामीणों ने सड़क के तारकोल उखाड़ कर देखा तो पूरी तरह मानक विहीन सडक थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ जिसका संज्ञान शासन स्तर से लिया गया। जिसकी जांच के आदेश पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता को दी गई जिसमें उन्होंने जांच में ठेकेदार को पूर्णता दोषी पाया गया। अवर अभियंता की तहरीर पर कोतवाली मोहम्मदी में ठेकेदार के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच पुलिस करने में जुट गई है।

## पशुपालन विभाग ने सात दिवसीय बैकयार्ड पोल्ट्री प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक सभागार रमियाबेहड में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं को बैकयार्ड पोल्ट्री प्रशिक्षण दिया गया जिसमें उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी धौराहरा डॉ राकेश कुमारएपशु चिकित्सा अधिकारी ईसानगर डॉ प्रदीप कुमारए वेटरनरी फार्मासिस्ट राजेश प्रसाद ब्लॉक मिशन मैनेजर मोहम्मद अकमल एडीओ आईएसबी अनुज अवस्थी पशुधन प्रसार अधिकारी डाण् अनिल दुबे की उपस्थिति में बैकयार्ड पोल्ट्री के लिए चयनित महिलाओं को मुर्गियों से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ अनिल दुबे ने बैकयार्ड पोल्ट्री के तहत अनुसूचित जाति की महिलाओं को पशुपालन विभाग द्वारा 50.50 देसी मुर्गियों के बच्चे एवं दवाई निशुल्क दिया जाएगा जानकारी दी।

# डीएम ने संविधान दिवस पर दिलाई अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ

## जिलेभर में हुआ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठन

**लखीमपुर.खीरी।** शनिवार को जिलेभर में संविधान दिवस पूरे उत्साहए उल्लास एवं उमंग के साथ मना। सभी कार्यालयों स्कूल.कालेजों संस्थानों स्वायत्तशासी निकायो सार्वजनिक उद्यमों में संविधान की प्रस्तावना का पाठन सामूहिक रूप में किया गया।

शनिवार सुबह 11 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डीएम ने सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों को भारतीय गणतंत्र के संकल्प की शपथ दिलायी तथा संविधान मे निहित मूल अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे मे विस्तार से बताते हुए कहा कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप मे मनाया जा रहा है। हमारी नयी पीढ़ी को संविधान के साथ.साथ उसकी प्रक्रियाए उद्देश्यों के सम्बन्ध मे जानकारी होनी चाहिएए जिससे भारत की प्रभुता एकता और अखण्डता की रक्षा एवं उसे अक्षुण बनाये रखने मे महत्वपूर्ण योगदान दे सके।

डीएम ने संकल्प दिलाया कि भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगेए संवैधानिक आदर्शोंए संस्थाओंए राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेंगे। देश की संप्रभुता अखंडता की रक्षा एवं महिलाओं का सम्मान करेंगे। हिंसा से दूर रहकर बंधुत्व बढ़ाएंगे। सामाजिक संस्कृति का संवर्धन व पर्यावरण का संरक्षण करेंगे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करेंगे। सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करेंगे। व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ाएंगे। सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे एवं स्वतंत्रता आंदोलन के आदेशों को बढ़ावा देंगे।

उन्होने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को संविधान के मूल कर्तव्यों के निर्वाहन सम्बन्धी शपथ दिलवायी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्व संजय कुमार सिंहए एसडीएम रत्नाकर मिश्रा विनीत उपाध्याय विधेश प्रशासनिक अधिकारी मो सलीम सुधीर सोनी विवेक सक्सेना खुशाल सिंहए न्याय सहायक द्वितीय सुरेश वर्माए एआरओ अवधेन्द्र सिंह उप्र कलेक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव सचिव शैलेंद्र वर्मा सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों के पटल सहायक उपस्थित रहे।

# रतीराम लोधी जिला अध्यक्ष व ओमप्रकाश बने महामंत्री

संवाददाता। निघासन खीरी

**राष्ट्रीय लोधी** महासभा सदस्यता अभियान के द्वारा मथुरा जिले के मनोज गार्डन में लखीमपुर खीरी के तहसील निघासन के देवीदीन पुरवा निवासी रतीराम लोधी को राष्ट्रीय लोधी महासभा की संस्थापक व केन्द्रीय भण्डारण निगम भारत सरकार की डारेक्टर अनुपमा सिंह जी के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष ई0 कृष्णचंद्र लोधी नें इनके कार्यों को देखते हुए पुन: दोबारा जिला अध्यक्ष बनाया है और लखीमपुर के निवासी शिक्षक ओमप्रकाश लोधी जी और धौरहरा तहसील के विकिल लोधी को महामंत्री व निघासन तहसील के खैराहनी निवासी भगौती प्रसाद लोधी को संगठनमहामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। इन सभी पदाधिकारियों को जिले में समाज के प्रति निष्ठा पूर्वक व ईमानदारी से समाज के उत्थान हेतु कार्य करने के लिए संगठन नें विश्वास जताते हुए अहम जिम्मेदारी सौंपी है। रतीराम लोधी को व जिले के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी मिलते ही समाज के लोग व अन्य समाज के सम्मानित लोगों ने फोन पर व सोशल मीडिया पर काफी बधाइयां दी। इसमें सर्वप्रथम खीरी सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय व नागेन्द्र सिंह सेंगर पत्रकार आयुष पांडे अभिषेक लोधी संदीप सिंह संजय गिरी डॉ कमलेश पाल संतोष लोधी प्रधान रमेश लोधी जय राम सुनील कुमार पत्रकार सुरेश राजपूत और राजेश राजपूत अभिषेक अवस्थी गोकुल प्रसाद लोधी समेत काफी शुभचिंतकों ने सोशल मीडिया व फोन पर खूब बधाइयां दी।

## आठ दिसंबर तक दावा आपत्तियां दाखिल करने का समय

**मोहम्मदी.खीरी।** उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य सम्पादित हैए जिसमें दिनांक 09.11.2022 से 08 दिसम्बर 2022 तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाना है। विधान सभा मोहम्मदी के माध्यम से कार्य सही न होने के कारण बैठक आहूत की गयी वो। किन्तु उक्त बीएलओ अनुपस्थित रहे। इनके कार्य में लापरवाही बरती जा रही है।।जिससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति घोर उदासीनता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि अगर 2 दिन में बीएलओ के द्वारा निर्वाचन कार्य में सुधार नहीं लाया गया तो निम्न बीएलओ का वेतन रोका जायेगा। शिक्षा विभाग के कुल 30 बीएलओ शशिबाला माधुरी गौतम नीलम मिश्रा रेखावर्मा बालक राम कालिका प्रसाद अजीत कुमार रूवी देवी राकेश कुमार यादव प्रतिभा सिंह शिव कुमार अनीता कुमारीएख्याति शर्मा योगराज सुशील कुमार शहनाज कुरैशी तलत फात्मा सोनपाल रेखा गुप्ता रामसिंह बृजेश कुमार राम प्रकाश चमन लाल हीरालाल राजेन्द्र प्रसाद अनीता रानी सुमन द्रगवेन्द्र सिंह रचना कुशवाहा आरती गुप्ता विकास विभाग के कुल 26 बीएलओ धर्मेन्द्र कुमार कमलेश सोनकर सर्वेश कुमार सत्यपाल प्रदीप कुमार सिंह सुरेन्द्र सत्यप्रकाश राजेश कुमार सत्यपाल आशाराम संध्या देवी रेशमा देवी कल्पना आरती देवी आरती देवी अभिषेक मो इकरार मुजलिम सज्जन वेग जदुपाल चंद अनिल कुमार विरेन्द्र कुमार भार्गो नरेशपाल सिंह सर्वेश कुमार सुनील कुमार आफरीन बाल विकास विभाग के कुल 14 बीएलओ कुसुमलता अर्चना उमा मिश्रा वीना शुक्ला माधुरी मिश्रा उमा राविया बेगम कल्पना देवी चन्द्रमुखी आशा देवी अनीता देवी वीना पुष्पा देवी वंदना देवी इन सभी बीएलओ के खिलाफ उपजिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारी को कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# सहायक तकनीकी मैनेजर पर दो बाइक सवारों ने चलाई गोली, रेफर

● डीएमए सीडीओ व एडीएम पहुंचे अस्पताल जाना कुशल क्षेम

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार की दोपहर ब्लॉक बांकेगंज में कृषि विभाग में सहायक तकनीक मैनेजर के पद पर कार्यरतए ग्राम देवकलीए थाना हैदराबाद निवासी मदन मनोहर वर्मा लगभग 03 बजे सरकारी कार्य से ब्लॉक मुख्यालय बांकेगंज से संसारपुर की तरफ जा रहे थेए संसारपुर से पहले छोटी नहर पुलिया के पास लाल रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार 02 लोगों ने उनपर गोली चलाई। घटना की सूचना हड़कंप मच गयाए जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एडीएम संजय कुमार सिंह ?ैरन ओयल स्थित जिला चिकित्सालय पहुंचेए जहां डॉक्टरों से उनका कुशल क्षेम जाना। बताते चलें कि जिला चिकित्सालय में मदन बातचीत कर रहे थे उनकी हालत स्थिर है। चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ के लिए रेफर किया है। उप निदेशक ;कृषिद्ध आनंद मोहन मिश्रा भी उनके साथ लखनऊ गए हैं। प्रशासन व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता उनके बेहतर उपचार के लिए लखनऊ से कोऑर्डिनेट कर रहे हैं। सहायक तकनीक मैनेजर मदन मनोहर वर्मा के भाई चंद्र प्रकाश वर्मा के मुताबिक गोली पीठ में दाहिनी तरफ घुसकर शरीर के अंदर रह गई। वह मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को पहचानते नहीं है।

# अब आडियो जिंगल और कैनोपी से वोटर पंजीकरण के लिए चलेगा जागरूकता अभियान

**लखीमपुर खीरी।** मुख्य निर्वाचन अधिकारीए उप्र लखनऊ द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 के आधार पर खीरी ि?ले में सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में स्वीप योजना के तहत आडियो जिंगल एवं कैनोपी तैयार करायी गयी।

शनिवार को पूर्वान्ह 11 बजे जिला निर्वाचन कार्यालय में आडियो जिंगल एवं कैनोपी के लांचिंग कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने किया जो निरन्तर 08 दिसंबर 2022 तक रहेगी। शुभारम्भ के समय एडीएमडिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंहए एएसपी अरुण कुमार सिंहए एएसडीएमध्एडीईओ रत्नाकर मिश्र एवं जिला निर्वाचन कार्यालय सभी कर्मचारी मौजूद रहें।एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहसील सदर परिसरए नगर पालिका परिसरए रेलवे स्टेशन परिसर में आडियो जिंगल एवं कैनोपी लगायी जा रहीए जहॉ पर एक भिज्ञ कर्मचारी भी तैनात रहेंगे जिसके माध्यम से प्रचार प्रसार कराया जायेगाए जिन स्थानो पर कैनोपी लगाई हैए वहॉ से प्रतिदिन वितरितध्प्राप्त होने वाले फार्मो का विवरण भी प्राप्त किया जाय। इसके माध्यम से समस्त जन सामान्य को जागरूक भी किया जायेगा कि जिनकी आयु दिनांक 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष हो रही है या हो चुकी है वे अपना नाम निर्वाचक नामावली में फार्म.6 भरकर सम्मिलित करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त समस्त नगरीय निकायए तहसीलए रेलवे स्टेशन रोडवेजए बस स्टेशन आदि में प्रतिदिन जिंगल के माध्यम से प्रचार.प्रसार कराया जा रहा है।

## कमिश्नर के कड़े तेवर शहर की सड़कें हो रहीं गड्ढा मुक्त, काम ने पकड़ी तेजी

**बरेली।** बरेली की मंडलायुक्त संयुक्ता समद्दार ने कहा की बरेली मंडल में शहरों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी से पांच पांच प्रमुख सड़कों के प्रस्ताव को मांगा था कि जिससे आम जनता को कोई परेशानी ना हो और सड़कों की मरम्मत हो जाए । तो चारों जनपदों के 26 सड़कों के प्रस्ताव हमारे पास आए हैं। पीडब्ल्यूडी को प्रस्ताव भेज दिया गया है वहां से स्वीकृति भी मिल गई इस पर काम चल रहा है किला ओवरब्रिज के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि किला ओवर ब्रिज में निरीक्षण करने गई तो मैंने देखा किसी सरिया दिखाई दे रही है गड्ढे हो रहे हैं इसको तुरंत मरम्मत की आवश्यकता है तो शासन को मैंने लिखा है और शासन ने तुरंत इसका पांच करोड़ का बजट भी जारी कर दिया अब बहुत जल्दी इसका मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा पीडब्ल्यूडी इसकी मरम्मत का काम करेगी लाल फाटक वाला भी काम पूरा हो जाएगा और जहां-जहां सड़के टूटी है ख़राब हालत में है।

# सड़क सुरक्षा यातायात के दौरान नवंबर में की गई व्यापक कार्रवाई

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

● यातायात नियमों के पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई तथा बताया गया कि आए दिन सड़क हादसे होते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है

**पुलिस अधीक्षक** संजीव सुमन के निर्देशन मेंए अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के अंतर्गत डग्गामार वाहन बिना परमिट बिना फिटनेस ओवरलोड सवारी तीन सवारीए बिना हेलमेट एवं बिना प्रदूषण के वाहन चलाने पर कचहरीए नौरंगाबाद पंडित दीनदयाल संकटा देवी मेला मैदान चौराहा एलआरपी राजापुर चौराहों पर प्रभारी यातायात निर्मल जीत यादव आरक्षी यातायात बीवन राजए पंकज वर्माए सत्य प्रकाशए संदीप कुमार जैनेंद्र शर्मा नागेश्वरनाथ विजय सिंह पवन कुमार रज्जनलाल आदि द्वारा चेकिंग की गई एवं धर्म सभा इंटर कॉलेज लखीमपुर खीरी के प्रधानाचार्य आलोक गोयल एनसीसी कैप्टन राजकुमार सिंह एवं शिक्षकगणों की मौजूदगी में 950 छात्र.छात्राओं एवं एनसीसी कैडेटों को यातायात नियमों के बारे में यातायात संगीत एवं पंपलेट देकर जानकारी एवं जागरूक किया गया। यातायात नियमों के पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई तथा बताया गया कि आए दिन सड़क हादसे होते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी ना होना या जानकारी होने के बाद भी उसका पालन ना करना है। दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। स्कूल समय हमेशा अपने बायीं ओर चलेंए घर से 10 मिनट पहले चलेंए उतावलेपन में ना चलेंए वाहन चलाते समय हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन को निर्धारित गति में चलाएं नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचेंए स्टंट बाइकिंग से बचे काली फिल्म मॉडिफाई साइलेंसर हूटर प्रेशर हॉर्न का प्रयोग ना करेंए गलत दिशा में ना चले इस तरह यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे साथ ही रोड के किनारे अपने वाहन आदि ना खड़ा करेंए ट्रैक्टर ट्रॉली लोडर पिकअप पर यात्रा न करें। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों एवं वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कुल 152 वाहनों का चालान व 01 वाहन सीज किए गए हैं साथ ही साथ ही संविधान दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन एवं शपथ दिलाई गई

# आरएसएस और भाजपा को मौजूदा संविधान पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं: जयराम रमेश

**भाषा।** मनिहार (मध्य प्रदेश)



**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने केंद्र पर संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मौजूदा संविधान पर जरा भी भरोसा नहीं है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मध्य प्रदेश के खरगोन जिला स्थित मनिहार में संवाददाताओं से कहा, "संघ और भाजपा को मौजूदा संविधान पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। आज वे लोग ही संविधान दिवस मनाने का पाखंड कर रहे हैं, जिनकी सरकार द्वारा संविधान की उपेक्षा और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस विचारधारा से ताल्लुक रखते हैं, देश की आजादी के बाद संविधान के निर्माण में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा, देश की आजादी के बाद संघ और हिंदू महासभा संविधान के खिलाफ थे और उन्होंने संविधान को कभी स्वीकार नहीं किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा के डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जन्मस्थली महू पहुंचने से पहले रमेश ने कहा कि आम्बेडकर हालांकि कांग्रेस के नेता नहीं थे, लेकिन उन्होंने संविधान का मसौदा पारित कराने का श्रेय कांग्रेस को दिया था।

## कार्यक्रमों के बारे में पार्टी को पहले से सूचना दें नेताः केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) की अनुशासनात्मक समिति ने शनिवार को अपने नेताओं को सख्त निर्देश जारी किया कि वे कार्यक्रमों में भाग लेने के दौरान संबंधित पार्टी मंचों की अनदेखी न करें और वे इस तरह के कार्यक्रमों के बारे में पहले से सूचना दें। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक तिरुवंचूर राधाकृष्णन ने कहा कि किसी को भी किसी भी स्थान पर जाने और पार्टी अभियान चलाने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह केवल जिला कांग्रेस समितियों (डीसीसी) सहित पार्टी मंचों की जानकारी में होना चाहिए। यह नोटिस पार्टी नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर के हाल के मालाबार दौरे से उत्पन्न विवाद के मद्देनजर आया है। केपीसीसी की अनुशासनात्मक समिति के प्रमुख राधाकृष्णन ने स्पष्ट किया कि अनुशासनात्मक समिति को थरूर के हालिया दौरे के संबंध में कोई विशेष शिकायत नहीं मिली है और इसलिए उन्हें इस संबंध में कोई व्यक्तिगत निर्देश देने की कोई आवश्यकता नहीं है। थरूर के हाल के मालाबार दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस के एक तबके को लगता है कि अपने कार्यक्रमों के जरिए थरूर 2026 के विधानसभा चुनाव में खुद को मुख्यमंत्री पद का आदर्श उम्मीदवार साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने थरूर का नाम लिए बिना कहा था कि पार्टी में किसी भी तरह की गुटबाजी या समानांतर गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी और इस तरह के कदमों से गंभीरता से निपटा जाएगा।

# गलवान से जुड़े अभिनेत्री ऋचा चड्डा के ट्वीट पर कानूनी राय ली जा रही : मप्र के गृह मंत्री

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने शनिवार को कहा कि उन्हें अभिनेत्री ऋचा चड्डा के खिलाफ उनके उस ट्वीट के खिलाफ शिकायत मिली है जिसमें वर्ष 2020 में गलवान घाटी संघर्ष का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कानूनी राय के लिए इस मामले को पुलिस के पास भेजा गया है। उन्होंने अभिनेत्री की आलोचना करते हुए कहा कि उनके ट्वीट ने उनकी टुकड़े-टुकड़े मानसिकता को दिखाया।

उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बयान दिया था कि भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को पुन: प्राप्त करने के लिए सरकार के आदेशों की प्रतीक्षा कर रही है। इसके जवाब में चड्डा ने अंग्रेजी में ट्वीट किया, गलवान, हाय कहता है। भारतीय सशस्त्र बलों के बलिदान का मजाक उड़ाने के लिए कई मशहूर हस्तियों, नेट उपयोगकर्ताओं ने चड्डा की आलोचना की। शनिवार को एक वीडियो बयान में मिश्रा ने कहा कि अभिनेत्री को सेना और सिनेमा के बीच अंतर करना सीखना चाहिए। मंत्री ने चड्डा को देश की रक्षा के लिए खराब मौसम में जीने वाले सैनिकों की जिंदगी जीने की चुनौती देते हुए कहा, सिनेमा और वास्तविक जीवन में फर्क होता है। मिश्रा ने कहा, उनकी टिप्पणी से देशभक्तों को ठेस पहुंची है। यह टिप्पणी उनकी टुकड़े-टुकड़े मानसिकता को दर्शाती है। मुझे उनके खिलाफ शिकायत मिली है और कानूनी राय के लिए इसे पुलिस को भेज दी है। मंत्री ने यह भी बताया कि चड्डा ने श्रद्धा वाकर (27) की हत्या पर एक शब्द नहीं बोला, जिसे उसके लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने दक्षिणी दिल्ली के महरौली में अपने घर पर 35 टुकड़ों में काट डाला था। अपनी आलोचना के बाद चड्डा ने सोशल मीडिया पर माफी मांगते हुए कहा कि उनका भारतीय सेना की भावनाओं को आहत करने का इरादा नहीं था। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में 29 महीनों से अधिक समय से सीमा पर गतिरोध बना हुआ है। जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद भारत-चीन के बीच तनातनी बढ़ गई थी।

## क्विक न्यूज

### राजस्थानः भाजपा में शामिल हुए रिणवा और डूडी

**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के सदस्य जयदीप डूडी और भाजपा के पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी प्रवक्ता ने यहां बताया कि दोनों नेता सरदारशहर चुरू में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और राज्य प्रभारी अरुण सिंह और प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। डूडी पूर्व संसदीय सचिव है, जबकि रिणवा वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में मंत्री थे। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा टिकट से वंचित किए जाने के बाद रिणवा बागी हो गए और पार्टी द्वारा निष्कासित कर दिए गए। उन्होंने चूरू की रतनगढ़ सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर विधानसभा चुनाव लड़ा। वह वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उल्लेखनीय है कि सरदारशहर चुरू विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। मतदान पांच दिसंबर को व मतगणना आठ दिसंबर को होगी। यहां सत्तारूढ़ कांग्रेस ने अनिल शर्मा और भाजपा ने अशोक पींचा को उम्मीदवार बनाया है।

### कांग्रेस ने 26-11 के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के दौरान जूते नहीं उतारने पर कोश्यारी की आलोचना की

**मुंबई।** कांग्रेस ने शनिवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पर 26।11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के दौरान अपने जूते नहीं उतारने को लेकर निशाना साधा। कोश्यारी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दक्षिण मुंबई में पुलिस आयुक्त कार्यालय के परिसर में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के महासचिव और प्रवक्ता सचिन सावंत ने ट्विटर पर कहा कि श्रद्धांजलि देते हुए अपने जूते उतारना भारतीय संस्कृति है और निश्चित रूप से महाराष्ट्र की भी संस्कृति है। सावंत ने ट्वीट किया, राज्यपाल बार-बार महाराष्ट्र, उसकी संस्कृति और प्रतीकों का अनादर करते रहते है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उन्हें अपने जूते उतारने और आतंकी हमलों के शहीदों के प्रति सम्मान दिखाने की याद दिलानी चाहिए थी। कोश्यारी अपनी हालिया टिप्पणी के लिए पहले से ही विवादों में घिरे है, जिसमें उन्होंने मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज को पुराने दिनों का प्रतीक बताया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने राज्यपाल की आलोचना करते हुए उन्हें पद से हटाए जाने की मांग को लेकर राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया है।

### अनंतनाग में जमात-ए-इस्लामी की संपत्ति सील की गई

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रशासन ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) की एक संपत्ति को शनिवार को सील कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश तथा राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) की सिफारिश पर जबलीपुरा में इस संपत्ति को सील किया गया। एसआईए द्वारा दर्ज एक मामले में अवैध गतिविधि रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत इस संपत्ति को अधिसूचित किया गया। अलगाववादी गतिविधियों के लिए धन की उपलब्धता रोकने, राष्ट्रविरोधी तत्वों के पारितंत्र को तथा भारत की संप्रभुता के विरोधी आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने के प्रयास के तहत अबतक जेईआई की कई संपत्तियां सील की जा चुकी है।

### हथियारों का महिमामंडन करने वाली सामग्री 72 घंटे के भीतर हटाएं : पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को लोगों को अपने सोशल मीडिया हैंडल से हथियारों के महिमामंडन करके बंदूक संस्कृति को बढ़ावा देने वाली आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया और कहा कि तब तक कोई भी मामला दर्ज नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा 13 नवंबर को आग्नेयास्त्रों के सार्वजनिक प्रदर्शन और बंदूक संस्कृति तथा हिंसा को बढ़ावा देने वाले गीतों पर प्रतिबंध लगाने के बाद से आदेशों का उल्लंघन करने को लेकर पुलिस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रही है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने ट्वीट किया, सभी से अगले 72 घंटों में स्वेच्छा से अपने सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी आपत्तिजनक सामग्री को हटाने की अपील करते हैं। यादव ने कहा, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पंजाब में अगले तीन दिनों तक हथियारों के महिमामंडन वाली सामग्री हटाने के लिए कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी ताकि लोग खुद आपत्तिजनक सामग्री हटा लें। वर्ष 2015 में सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई एक तस्वीर में आग्नेयास्त्र पकड़े देखे जाने के बाद शुक्रवार को अमृतसर पुलिस ने एक व्यक्ति और उसके नाबालिग बेटे सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## कश्मीर के राजनीतिक दलों का कहना है कि विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी जानी चाहिए

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने के एक दिन बाद, कश्मीर में राजनीतिक दलों ने शनिवार को कहा कि वे नए मतदाताओं को जोड़ने के बारे में नई सूची में विवरण का अध्ययन कर रहे हैं तथा निर्वाचन आयोग को अब केंद्र शासित प्रदेश के लिए विधानसभा चुनावों की घोषणा कर देनी चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू कश्मीर की अंतिम मतदाता सूची शुक्रवार को प्रकाशित की गई जिसमें 7.72 लाख से अधिक मतदाताओं की नई प्रविष्टि की गई है।

जम्मू और कश्मीर के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल सलगोत्रा ने कहा कि सूची में 42,91,687 पुरुष, 40,67,900 महिलाएं और 184 तृतीय लिंगी सहित कुल 83,59,771 मतदाता हैं। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि करीब सात लाख मतदाता जोड़े गए हैं और पार्टी को यह देखना होगा कि उनमें से कितने मतदाता हैं जो पिछले संशोधन से अब तक 18 साल के हो गए हैं। उन्होंने बताया, हम निर्वाचन क्षेत्रवार इसके विवरण का अध्ययन कर रहे हैं। सादिक ने कहा, हालांकि, अब जब पूरी प्रक्रिया खत्म हो गई है, पार्टी को उम्मीद है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बारे में बात करेगा। उन्होंने कहा, जम्मू और कश्मीर के लोगों को एक प्रतिनिधि, उत्तरदाई सरकार से कब तक वंचित रखा जाना चाहिए? इसलिए, यह सबसे महत्वपूर्ण है कि निर्वाचन आयोग को सामने आना चाहिए और यह बताना चाहिए कि वे कितनी जल्दी चुनाव कराएंगे। अंतिम मतदाता सूची के जारी होने के साथ ही सादिक ने यह उम्मीद भी जताई कि अब 25 लाख नए मतदाताओं को जोड़ने के बारे में भ्रम और परिणामी आशंकाओं को दूर किया जाएगा, जैसा कि जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन सीईओ हृदेश कुमार ने अगस्त में एक प्रेस वार्ता में कहा था।उन्होंने कहा, हम यह भी उम्मीद करते हैं कि भ्रम और लोगों की आशंकाओं पर ध्यान दिया जाएगा।

## मुंबई : फिल्म उद्योग में बिना वीजा के काम करने के आरोप में 17 विदेशियों के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 10 महिलाओं सहित 17 विदेशी नागरिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जो बिना वर्क वीजा के उपनगरीय दहिसर में एक बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग में भाग ले रहे थे। यह जानकारी एक अधिकारी ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि मामला शुक्रवार देर रात दर्ज किया गया। दहिसर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक प्रवीण पाटिल ने कहा, शिकायत मिलने के बाद, हमने दहिसर में कोंकणी पाडा इलाके में एक दल भेजा, जहां यह पाया गया कि कई विदेशी एक फिल्म की शूटिंग का हिस्सा थे। हमने उन सभी के दस्तावेजों की जांच की और पाया कि उनमें से कुछ उचित वीजा के बिना अवैध रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनमें से 17 वीजा नियमों का उल्लंघन करते पाए गए।

अधिकारी ने बताया, इन विदेशियों को कथित रूप से एक व्यक्ति गोवा लाया था, जो अब भी जांच के दायरे में है। बॉलीवुड के एक प्रमुख निर्माता ने उन्हें अपनी फिल्म में काम करने के लिए रखा था, जिसकी शूटिंग दहिसर में चल रही थी। उन्होंने बताया कि विदेशी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत उन पर मामला दर्ज किया गया है, उन्हें नोटिस दिया गया था और जांच चल रही है। यह कार्वाई मुंबई कांग्रेस की मनोरंजन उद्योग शाखा के एक पदाधिकारी श्री नाइक द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई। नाइक ने कहा, हमें पता चला था कि गोवा से लाए गए कई विदेशी दहिसर में एल पी शिंगटे फिल्म स्टूडियो में एक फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। इन लोगों के पास उचित वर्क वीजा नहीं था। इसलिए हमने पुलिस से संपर्क किया था।

# संविधान अनुसूचित जनजाति का इस्तेमाल करता है, आदिवासी बनाम वनवासी की बहस बेकार : एनसीएसटी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के अध्यक्ष हर्ष चौहान ने कहा है कि संविधान जनजातीय लोगों के लिए अनुसूचित जनजाति शब्द का इस्तेमाल करता है और इस समुदाय के लिए आदिवासी एवं वनवासी शब्दों के इस्तेमाल को लेकर कोई भी बहस निरर्थक है। मध्यप्रदेश में एक रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि आदिवासियों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला वनवासी शब्द अपमानजनक है। गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जनजातियों के लिए इस शब्द का इस्तेमाल करने पर माफी मांगने को कहा था।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था, कुछ दिन पहले मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक भाषण सुना था जिसमें उन्होंने आदिवासियो के लिए वनवासी शब्द का इस्तेमाल किया था। इसका मतलब है कि आदिवासी इस देश के पहले स्वामी नहीं हैं और वे केवल वनों में रहते हैं। इस विवाद पर राय पूछे जाने पर एनसीएसटी अध्यक्ष ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह राजनीतिक बहस है। इसका कुछ और मतलब नहीं है। संविधान में न तो आदिवासी शब्द है और न ही वनवासी शब्द। जनजातीय लोगों के लिए अनुसूचित जनजाति शब्द का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान सभा ने काफी सोच विचारकर एवं बहस के बाद संविधान में अनुसूचित जनजाति शब्द का इस्तेमाल किया। हालांकि चौहान ने यह भी कहा कि वनवासी शब्द जनजातीय लोगों के लिए अधिक उपयुक्त है। वनवासी शब्द का इस्तेमाल आदिवासी से पहले से किया जाता रहा था। ब्रितानी शासनों ने मूलनिवासी समुदायों के लिए आदिवासी शब्द का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। वनवासी शब्द लंबे समय से, यहां तक कि रामायण काल से पहले भी उपयोग में रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के संदर्भ में आदिवासी शब्द जनजातीय समुदायों को अन्य से भिन्न नहीं करता, क्योंकि हरेक व्यक्ति दावा करता है कि वह मूल निवासी है। चौहान ने कहा, यदि हर व्यक्ति शुरुआती समय से ही भारत में रह रहा है तो आप कैसे उनके बीच भेद कर सकते हैं। गांधी ने कहा था कि "वनवासी" शब्द के इस्तेमाल के पीछे यह विचारधारा भी है कि भाजपा के राज में जब धीरे-धीरे जंगल खत्म हो जाएंगे, तब जनजातीय समुदाय के लिए देश में कोई जगह नहीं बचेगी।

# केरल में कुछ घटनाएं हो रही है लेकिन हमें उन्हें नजरअंदाज करना सीखना चाहिए: आरिफ खान

**भाषा।** पणजी

**केरल के** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वाम नीत सरकार और उनके बीच कई मुद्दों पर गतिरोध का संदर्भ देते हुए शनिवार को कहा कि राज्य में कुछ घटनाएं हो रही हैं, लेकिन उन्हें नजरअंदाज किया जाना चाहिए। खान गोवा ग्राम संपूर्ण यात्रा के पूरा होने के उपलक्ष्य में डोना पाउला में राजभवन में अपने गोवा समकक्ष पी एस श्रीधरन पिल्लई द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। बिना किसी का नाम लिए खान ने यह भी कहा कि कुछ लोगों के साथ असल समस्या यह है कि वह (खान) किसी से भी बेहतर तरीके से मुंडू (धोती) पहनते हैं, हालांकि वह केरल में पैदा नहीं हुए हैं और जोड़ा कि, कोई विवाद या टकराव नहीं है। खान ने कहा, केरल में कुछ घटनाएं हो रही हैं। हां, कुछ चीजें हुई हैं लेकिन हमें उन्हें नजरअंदाज करना सीखना चाहिए। केरल सरकार ने इस महीने की शुरुआत में एक अध्यादेश जारी कर राज्यपाल खान को राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपति पद से हटा दिया था। बाद में सरकार ने 5 दिसंबर से विधानसभा सत्र को बुलाने का भी फैसला किया। हालांकि, उन्होंने कहा था कि विधानसभा बुलाए जाने के कारण अध्यादेश निष्फल हो गया है। केरल के राज्यपाल ने यह भी कहा कि कभी-कभी लोगों को लगता है कि यदि आप केरल में पैदा नहीं हुए हैं तो आप मलयाली की तरह क्यों दिखते हैं। उन्होंने कहा, मुझे इस तथ्य पर गर्व है...मैं मलयाली, केरल को महसूस करता हूं...यह सच है कि केरल अंतिम (सबसे दक्षिणी) राज्य है, लेकिन किसी को नहीं भूलना चाहिए...हम अपने महान पहले उप प्रधानमंत्री सरदार पटेल (रियासतों के एकीकरण के लिए) को सारा श्रेय देते हैं। खान ने कहा कि अखंड भारत के निर्माण का श्रेय पटेल को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम गर्व से कहते हैं कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। सरदार पटेल ने इमारत का निर्माण किया था...संरचना, नींव, केरल के महान आदि शंकराचार्य ने रखी थी।

सभा को संबोधित करते हुए, गोवा के राज्यपाल पिल्लई ने शनिवार को खान द्वारा कथित तौर पर किए गए यात्रा खर्चों के बारे में कुछ खबरों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, कुछ खबरों में, यह कहा गया है कि केरल के राज्यपाल ने यात्रा पर एक बड़ी राशि खर्च की। जहां आठ महीने में 20 लाख रुपए खर्च करने के लिए केरल के राज्यपाल की आलोचना की जाती है, वहीं मैंने यात्रा पर आठ महीने में करीब 48 लाख रुपए खर्च किए। जन प्रतिनिधियों को यात्रा करनी चाहिए।



राजस्थान के आमेर किले में हाथी की सवारी करते प्रयटकब

# पुराने दोस्तों से मिलकर खिले चेहरे



## कार्मेल एलुमनाई एसोसिएशन की वार्षिक समारोह संपन्न

**लखनऊ।** माउंट कार्मेल कॉलेज महानगर के प्रांगन में लखनऊ कार्मेल एलुमनाई एसोसिएशन का 5वा वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह में 1967 से 2021 तक के छात्राओं ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया् अपने स्कूल की सहेलियों , टीचर से वर्षो बाद मिलने का उत्साह बस देखते ही बनता था। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. वनीता सिंह,एसोसिएशन की अध्यक्ष जो इस समय अमेरिका में है , के वर्चुअल स्वागत अभिभाषण के साथ हुआ। 1967 बैच की पहली स्कूल हेड गर्ल सुश्री हेज़ल ने भी अपना वर्चुअल सन्देश लन्दन से भेजा। 1967 से 1972 बैच में उत्तीर्ण छात्राओं का ये स्वर्ण जयंती वर्ष है।

इस अवसर को अविस्मरनीय बनाने के लिए, तालियों की गडगडाहट के बीच इन वर्षो की उपस्थित छात्राओं को सम्मानित किया गया । वर्ष 1967 पहला बैच, की श्रीमती अंजू रानी बघेल,सतना से इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई थी, जिनका कार्यकारिणी समिति ने भरपूर स्वागत किया। इस अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसके सभी कलाकार माउंट कार्मेल के पूर्व छात्राए ही है। इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती आस्था गोस्वामी जो वृन्दावन से आई थी ने अपना गायन प्रस्तुत किया । भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय की सुश्री रूचि खरे ने अपने सहयोगियों के साथ कत्थक नृत्य प्रस्तुत कीण् कार्यक्रम का सञ्चालन सुश्री रोमा बच्चानी ने बखूबी निभाया और पूरे दर्शक दीर्घ को बंधे रखा । एसोसिएशन की उपाध्यक्ष सुश्री मोनालिसा चौधरी ने संघ के विभिन्न कार्यों में बारे में जानकारी दी तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम संगठन की सचिव सुश्री रोमा, सयुक्त सचिव सुश्री राखी एवं ज्योत्स्ना, कोषाध्यक्ष सुश्री अवनिका एवं कोर समिति सदस्य सुश्री अंजनाए रश्मि एवं देविका के अथक परिश्रम से इस वार्षिक समारोह का आयोजन संभव हो सका। कार्यक्रम में माउंट कार्मेल कॉलेज की प्रधानाचार्य सिस्टर जेनेटए उप प्रधानाचार्य सिस्टर ज्योतिए मेनेजर सिस्टर मारिसा थ्रेसेस तथा स्कूल की अध्यापिकाए एवं सेवानिवृत्त अध्यापिकाये भी उपस्थित थी।

## भाजपा ने नीतीश पर सांस्कृतिक पुलिसिंग का आरोप लगाया

**भाषा।** पटना

**बिहार** भाजपा ने शनिवार को नीतीश कुमार सरकार पर अपनी राजनीतिक विचारधारा के विरोधियों को राज्य में मंच पर प्रदर्शन करने से रोककर सांस्कृतिक पुलिसिंग करने का आरोप लगाया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाया कि सोनपुर मेला में आमंत्रित कवियित्री अनामिका अम्बर को काव्य पाठ से रोक कर नीतीश सरकार ने दिनकर की धरती पर हिंदी कविता, स्त्री और अभिव्यक्ति की आजादी का जैसा तिहरा अपमान किया, उससे बिहार शर्मसार हुआ। अनामिका ने उत्तर प्रदेश में अपराधियों, देशविरोधी ताकतों और हर तरह के माफिया पर कानून के शासन का बुलडोजर चलाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति जनभावना को वाणी देने वाले कुछ गीत लिखे हैं, जिसे नीतीश कुमार का अहंकार बर्दाश्त नहीं कर सका।

# कोई भी व्यक्ति सत्ता में हमेशा नहीं रहता हैः सबक सिखाने से जुड़ी शाह की टिप्पणी पर ओवैसी ने कहा

**भाषा।** अहमदाबाद

**ऑल इंडिया** मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की एक टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति हमेशा सत्ता में नहीं रहता है। ओवैसी ने शाह पर सत्ता के नशे में चूर होने का भी आरोप लगाया। उल्लेखनीय है कि शाह ने शुक्रवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि गुजरात में पहले असामाजिक तत्व हिंसा में लिप्त होते थे, लेकिन 2002 में सबक सिखाने के बाद अपराधियों ने ऐसी गतिविधियां बंद कर दी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में स्थाई शांति कायम की।

गुजरात में फरवरी, 2002 में गोधरा रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद राज्य के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। शाह की टिप्पणी के कुछ घंटे बाद, ओवैसी ने अहमदाबाद के मुस्लिम बहुल जुहापुरा इलाके में शुक्रवार शाम एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं ने यह सबक सिखाया कि आप बिलकिस बानो के बलात्कारियों को छुड़वा देंगे। एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा, मैं आपसे कहना चाहूंगा कि 2002 में आपने यह सबक सिखाया कि आप बिलकिस बानो के बलात्कारियों को छुड़वा देंगेअ आपने सबक सिखाया कि आप बिलकिस बानो के सामने उसके तीन साल के बच्चे की हत्या करने वालों को छुड़वा देंगे। उन्होंने कहा, इस सबक के साथ, आपने सिखाया कि एहसान जाफरी की हत्या की जाएगी। आपने गुलबर्ग सोसाइटी और बेस्ट बेकरी का सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि गोधरा बाद के दंगों में कांग्रेस के पूर्व सांसद जाफरी सहित कई मुसलमानों की हत्या कर दी गई। उल्लेखनीय है कि 2002 के गोधरा घटना बाद के बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे सभी 11 दोषी इस साल 15 अगस्त को गोधरा उप जेल से बाहर आ गए। दरअसल, गुजरात सरकार ने सजा में कटौती की अपनी नीति के तहत उनकी रिहाई की अनुमति दी थी। ओवैसी ने कहा कि किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि सत्ता हमेशा नहीं रहती है। हैदराबाद के सांसद ने कहा, आप सबक सिखाने की बात करते हैं, लेकिन सत्ता में मौजूद लोग भूल गए हैं कि सत्ता में कोई व्यक्ति हमेशा नहीं रहता है...कोई व्यक्ति इसमें हमेशा नहीं रहेगा, किसी न किसी दिन यह छिन जाएगी। सत्ता के नशे में चूर गृह मंत्री सबक सिखाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, आपने यह सबक सिखाया है कि पूरे देश को कैसे बदनाम किया जाए? अमित शाह, आपने किस तरह का सबक सिखाया था, जिसने दिल्ली में दंगे कराए।

## वोटों के सौदागर निहित स्वार्थों के लिए लोगों का शोषण कर रहे हैं : नकवी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को आरोप लगाया कि वोट के सौदागर और जातिवाद और सांप्रदायिकता के समूह अपने स्वार्थपरक राजनीतिक हितों के लिए कुछ जातियों और समुदायों का भावनात्मक रूप से शोषण कर रहे हैं। रामपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार आकाश सक्सेना के समर्थन में खिचड़ी पंचायत को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राथमिकता लोगों की समृद्धि होनी चाहिए न कि राजनीतिक अत्याचार। उनके कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास की रोशनी को अंतिम व्यक्ति तक ले जाने के लिए ईमानदार और अथक प्रयास कर रहे हैं।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 27 नवम्बर 2022



# रूसी हमले के बाद अब यूक्रेन बिजली एवं पानी आपूर्ति बहाली में जुटा

**भाषा।** कीव

यूक्रेन के अधिकारी रूसी सैन्य हमले में बुरी तरह तबाह हो चुकी बिजली एवं जलापूर्ति सेवाएं शनिवार को बहाल करने की कोशिश में जुटे रहे। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि लाखों लोगों को बिजली आपूर्ति की बहाली नजर आई, जो इस युद्ध-प्रभावित देश में पहले कई दिनों से गुल थी। पूरब में अब भी संघर्ष जारी है, जबकि रूसी सेना की भीषण बमबारी के मद्देनजर दक्षिण शहर खेरसॉन के बाशिंदे जान बचाने के लिए उत्तर एवं पश्चिम दिशा की ओर निकले हैं।

हाल के दिनों में रूसी सैन्य बलों के हमले को यूक्रेन में संकट से घिरे अवज्ञाकारी लोगों के विरूद्ध रूसी प्रतिकार के तौर पर देखा जा रहा है। यूक्रेनी सेना ने दो सप्ताह पहले खेरसॉन को मुक्त करा लिया था। यह शहर कई महीनों तक रूसी कब्जे में रहा था। जेलेंस्की ने शुक्रवार देर रात को टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में कहा, आज और इस सप्ताह के अन्य दिनों के लिए सबसे बड़ा काम ऊर्जा (की आपूर्ति की बहाली) है। उन्होंने कहा, बुधवार से आजतक हम उन लोगों की संख्या घटाकर आधा कर पाए हैं जिनके घरों में बिजली गुल थी। हम तंत्र को स्थिर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन राजधानी कीव समेत ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली अब भी गुल है। जेलेंस्की ने कहा, कुल 60 लाख से अधिक उपभोक्ता (अब भी) प्रभावित हैं। बुधवार शाम को करीब 1.20 करोड़ उपभोक्ता के घरों में बिजली गुल थी। कीव निगम प्रशासन ने शनिवार तड़के कहा कि शहर में जलापूर्ति बहाल कर दी गई है, लेकिन 130,000 लोग अब भी बिना बिजली के हैं। शहर के अधिकारियों ने आज सुबह कहा कि अगले 24 घंटे में बिजली, पानी, उष्मा संबंधी एवं संचार- सभी सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी।



इंडोनेशिया में आए भूकंप के बाद वहा राहत कार्य में जुटे कर्मी

## जर्मनी और फ्रांस ने एक दूसरे की मदद करने का संकल्प लिया

**बर्लिन।** यूक्रेन मे युद्ध के बीच रूस से आपूर्ति बंद होने के बाद संभावित उर्जा संकट को रोकने के लिए जर्मनी और फ्रांस ने एक दूसरे को पारस्परिक सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया है। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज और फ्रांसीसी प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने शुक्रवार को एक संयुक्त समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत जर्मनी फ्रांस को बिजली प्रदान करेगा जबकि बदले में अत्यावश्यक प्राकृतिक गैस प्राप्त करेगा।समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बर्लिन में आयोजित एक कार्यक्रम में शोल्ज़ ने कहा,मित्र जरूरत के समय एक दूसरे की मदद करते है। वही बोर्न ने कहा कि दोनो यूरोपीय देशों के बीच मित्रता महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा, यह पहले ही साबित हो चुका है कि यह (मित्रता) चुनौतियो का सामना कर सकती है।

## श्रीलंका के तमिल राजनीतिक दल नए संविधान में स्वायत्ता के लिए जोर देंगे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से वार्ता का न्योता मिलने के बाद तमिल अल्पसंख्यक राजनीतिक दल संघीय व्यवस्था की अपनी मांग, एक तमिल राष्ट्रीय गठबंधन(टीएनए) सहित तीन सूत्री फार्मूला का प्रस्ताव रखने के लिए सहमत हो गए है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। द्वीपीय देश के पूर्वी और उत्तरी इलाकों मे जनाधार रखने वाले सभी तमिल राजनीतिक दलो ने शुक्रवार को 89 वर्षीय टीएनए नेता राजावरोतियम सम्पंथन के आवास पर बैठक की। इसका उद्देश्य देश मे अल्पसंख्यक समुदाय के लिए राजनीतिक स्वायत्ता की मांग के सिलसिले में अगले महीने प्रस्तावित विक्रमसिंघे की सर्वदलीय बैठक में संघीय व्यवस्था पर जोर देना है। शुक्रवार की बैठक मे जो फार्मूला तय किया गया, उसमे नए संविधान मे तमिल क्षेत्रों का विकेंद्रीकरण करने सहित रूकी पड़ी प्रांतीय परिषद के चुनाव कराना और तमिलों की भूमि कथित तौर पर सरकार द्वारा हड़पने को रोका जाना शामिल है। टीएनए सूत्र ने बताया कि राजनीतिक दल राष्ट्रपति से मिलने से पहले फिर से बैठक करेंगे। विक्रमसिंघे ने बुधवार को सभी राजनीतिक दलो को वार्ता के लिए बुलाया था, जिसका उद्देश्य अगले साल चार फरवरी तक तमिल जातीय मुद्दे का समाधान करना है।

## ताइवान में मतदान के लिए उम्र कम करने, मेयर और नगर परिषदों के वास्ते मतदान

**ताइपे।** ताइवान मे स्थानीय निकायो के चुनाव के लिए शनिवार को मतदान केंद्रो पर सुबह से ही मतदाताओ का पहुंचना शुरू हो गया था। इन चुनावो को 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले द्वीप के प्रमुख राजनीतिक दलो के लिए शक्ति परीक्षण के तौर पर देखा जा रहा है। ताइवान के नागरिक मतदान के जरिए सभी 13 क्षेत्रों (काउंटी) और नौ शहरो मे अपने मेयर, नगर परिषद के सदस्यो तथा अन्य स्थानीय नेताओ का चुनाव करेंगे। इस मतदान के जरिए यह रायशुमारी भी कराई जा रही है कि मतदाताओं की न्यूनतम उम्र को क्या 20 वर्ष से घटाकर 18 किया जाए। मतदान स्थानीय समयानुसार शनिवार को सुबह आठ बजे शुरू हुआ। अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों और सत्तारूढ़ दल ने जहां चुनावो को ताइवान के पड़ोसी देश से अस्तित्व के दीर्घकालिक खतरे से जोड़ने का प्रयास किया है, वही कई स्थानीय विशेषज्ञों को नही लगता कि इस बार चीन की कोई बड़ी भूमिका है। नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी मे राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर एह-लिह वांग ने कहा, अंतरराष्ट्रीय संस्था ने बहुत कुछ दांव पर रख दिया है। उन्होने इस स्थानीय चुनाव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा दिया है और इसे ताइवान के अस्तित्व से जोड़ दिया। राजधानी ताइपे से लगे शहर न्यू ताइपे सिटी के एक प्राथमिक विद्यालय मे बारिश के बावजूद, काफी संख्या मे युवा और बुजुर्ग मतदाता अपना मत डालने सुबह ही पहुंच गए थे।

## इजराइल में मुंबई हमले 26-11 की बरसी मनाई गई

**यरूशलम।** कई इजाराइली नागरिक 2008 के मुंबई आतंकी हमले को साझा पीड़ा मानते है और इसे लेकर देश मे अभी तक आक्रोश है। लोगो ने इस हमले की बरसी को मनाने के लिए कई आयोजन किए और निर्मम हत्याओ की भर्त्सना की तथा इस नरसंहार की पाकिस्तान मे साजिश रचने वाले लोगो के खिलाफ कार्वाई की मांग की। भारत मे हुए इस हमले की 14 वी बरसी पर एक दिन पहले से ही इजराइल मे भारतीय कैंडल लाइट प्रदर्शन कर रहे है। उनके हाथो मे तख्तियां एवं बैनर है जिनपर इस निर्मम हमले की नृशंसता को दर्शाया गया है। उन्होने कहा कि 26111 के मुंबई हमले मे पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा के जिन आतंकवादियों का हाथ था, उन्हें न्याय के शिकंजे मे लाया जाए। वर्ष 2008 मे 26 नवंबर को मुंबई हमला शुरू हुआ था जो 29 नवंबर, 2008 तक चला था। इस हमले मे कई विदेशी नागरिको समेत 166 लोगो की जान गई थी तथा 300 से अधिक घायल हुए थे। इस हमले की दुनियाभर मे निंदा की गई थी। भारतीय सुरक्षाबलो के हाथो नौ पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए थे। अजमल कसाब एकमात्र ऐसा आतंकवादी था जिसे जिंदा पकड़ा गया था। उसे चार साल बाद 21 नवंबर, 2012 को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। इजराइल तेलंगाना एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि सोमा ने कहा, जिन आतंकवादियो ने वहशीपन के साथ महिलाओ, बच्चो एवं बेगुनाहो की हत्या की।

## इमरान खान हत्या के प्रयास की जांच कर रही जेआईटी ने अपने प्रमुख के निलंबन के बाद काम करना बंद किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर तीन नवंबर को हुए हमले की जांच कर रहे संयुक्त जांच दल (जेआईटी) के प्रमुख को सेवा से निलंबित किए जाने के बाद जेआईटी ने काम करना बंद कर दिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान के दाहिने पैर में गोली लगी थी। यह हमला उस समय हुआ था जब वह जल्द चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ एक प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान इमरान वजीराबाद इलाके में एक कंटेनर-माउंटेड ट्रक पर खड़े हुए थे तभी दो बंदूकधारियों ने उन पर और अन्य लोगों पर गोलियों की बौछार कर दी थी।इमरान खान ने अपनी हत्या की कथित साजिश रचने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैसल नसीर को दोषी ठहराया है। पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा, संघीय सेवा न्यायाधिकरण द्वारा लाहौर के पुलिस प्रमुख गुलाम महमूद डोगर को निलंबित करने के संघीय सरकार के फैसले को अनुमति देने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या के प्रयास की जांच करने वाली जेआईटी अब काम नहीं कर रही है। गुलाम महमूद डोगर ही जेआईटी के प्रमुख थे।

# नेपाल में आम चुनावों में सत्ताधारी गठबंधन की बढ़त कायम

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल के** प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने शनिवार को नेपाल के संसदीय चुनाव में अपनी बढ़त बनाए रखी। अभी तक प्रत्यक्ष मतदान चुनाव प्रणाली के तहत 150 सीट के परिणाम घोषित हुए हैं जिनमें से नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 77 सीट पर जीत हासिल की है। देश की 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा की 165 सीट का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से होता है, जबकि शेष 110 सीट का चुनाव आनुपातिक चुनाव प्रणाली के जरिए होता है। सदन में स्पष्ट बहुमत हासिल करने के लिए किसी पार्टी या गठबंधन को 138 सीट की जरूरत होती है। नेपाली कांग्रेस ने प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत अकेले 51 सीट जीती हैं। इसके सहयोगी दल सीपीएन-माओवादी सेंटर और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट ने 16 तथा 10 सीट जीती हैं। लोकतांत्रिक समाजवादी और राष्ट्रीय जनमोर्चा को क्रमश: चार और एक सीट मिली है। ए सभी सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल नीत विपक्षी गठबंधन को 49 सीट मिली हैं। सीपीएन-यूएमएल ने 38 सीटें जीती हैं। जबकि उसकी सहयोगी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी ने क्रमश: छह और पांच सीट जीती हैं। नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने सात सीटों पर जीत हासिल की है।

## पशु नमूने में सफल परीक्षण ने सार्वभौमिक फ्लू टीके की रणनीति का मार्ग प्रशस्त किया

**वाशिंगटन।** इन्फ्लूएंजा वायरस के सभी 20 ज्ञात स्वरूपों की रोकथाम के लिए बनाया गया एक प्रयोगात्मक एमआरएनए-आधारित टीका प्रारंभिक परीक्षणों में घातक फ्लू स्वरूपों से व्यापक सुरक्षा प्रदान करने में कारगर साबित हुआ है। एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह टीका भविष्य में फ्लू महामारी के खिलाफ एक सामान्य निवारक कदम के रूप में उपयोगी साबित हो सकता है। अध्ययन के अनुसार, जानवरों के नमूनों में किए गए परीक्षणों से पता चला है कि जब इन जानवरों को उन फ्लू स्वरूपों के संपर्क में लाया गया।



ताइवान में चुनाव के लिए वोट करती वहां की प्रथम नागरिक

## नासा का ओरियन कैप्सूल चंद्रमा के चारों ओर विहंगम कक्षा में पहुंचा


**केप कैनवेरल (अमेरिका)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का ओरियन कैप्सूल चंद्रमा के चारों ओर हजारों मील की दूरी तक फैली एक विहंगम कक्षा में प्रवेश कर गया है। कैप्सूल और इसमें रखी तीन परीक्षण डमी ने प्रक्षेपण के एक सप्ताह से अधिक समय बाद चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। यह लगभग एक सप्ताह तक इस व्यापक लेकिन स्थिर कक्षा में रहेगा। यह शुक्रवार तक पृथ्वी से 2,38,000 मील (3,80,000 किलोमीटर) दूर था और इसके आगामी कुछ दिन में करीब 2,70,000 मील (4,32,000 किलोमीटर) की अधिकतम दूरी पर पहुंच जाने की उम्मीद है। यह लोगों को ले जाने के लिए बनाए गए कैप्सूल द्वारा तय की गई दूरी का नया रिकॉर्ड बनाएगा। ओरियन के प्रबंधक जिम जेफ्रे ने कहा, इसका मकसद आगे जाने के लिए खुद को चुनौती देना, लंबे समय तक बने रहना तथा जो हमने पहले खोजा है उसकी सीमा से आगे बढ़ना है। पचास साल पहले नासा के अपोलो कार्यक्रम के बाद से यह पहली बार है जब कोई कैप्सूल चंद्रमा पर पहुंचा है।

## वन्यजीव सम्मेलन से शार्क और कछुओं के संरक्षण को बढ़ावा मिला

**पनामा।** अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव सम्मेलन में शार्क, कछुओं, छिपकलियों और मेढकों की सुरक्षा के लिए कुछ अहम नियम बनाने की दिशा में कदम उठाए गए। इन जीवों की संख्या उनका व्यापार किए जाने के कारण घटती जा रही है। वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर सम्मेलन (सीआईटीईएस) शुक्रवार को पनामा में संपन्न हुआ। संयुक्त राष्ट्र वन्यजीव सम्मेलन ने पांच सौ से अधिक प्रजातियों की सुरक्षा के साथ ही हाथीदांत व्यापार को फिर खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। हाथीदांत व्यापार पर 1989 में पाबंदी लगा दी गई थी। वाइल्डलाईफ कंजर्वेशन सोसायटी की अंतरराष्ट्रीय नीति उपाध्यक्ष सुसैन लीबरमैन ने कहा, सीआईटीईएस से अच्छी खबर, वन्यजीव के लिए अच्छी खबर है क्योंकि यह संधि अंतरराष्ट्रीय संरक्षण के स्तंभों में एक है और पुख्ता तौर पर यह सुनिश्चित करेगा कि विभिन्न देश जैविक विविधता विघटन, जलवायु परिवर्तन और महामारियों के वैश्विक अंतर्संबंधित संकटों का मुकाबला करने के लिए एकजुट हों।

# सरकार को रबी सत्र में फसल उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद, रकबा 24 लाख हेक्टेयर बढ़ा : तोमर

**भाषा।** नई दिल्ली



● मिट्टी मे नमी की अनुकूल स्थिति, जल भंडारण की अच्छी स्थिति

**सरकार को खेती** के अधिक रकबे तथा मिट्टी में अनुकूल नमी की स्थिति के कारण चालू रबी मौसम में फसल उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शनिवार को यह कहा। एक सरकारी बयान के अनुसार तोमर ने रबी फसलों की स्थिति का जायजा लेने के लिए मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि रबी सत्र में बुवाई का रकबा एक साल पहले की अवधि की तुलना में अब तक 24.13 लाख हेक्टेयर अधिक है। तोमर ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के 138.35 लाख हेक्टेयर की तुलना में अब तक गेहूं खेती का रकबा 152.88 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है। बयान में कहा गया है, गेहूं के मामले में, पिछले वर्ष की तुलना में रकबे में 14.53 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है और यह पिछले चार साल से अब तक का सबसे अधिक रकबा है। रबी फसलों के तहत बोया गया कुल क्षेत्रफल 25 नवंबर की स्थिति के अनुसार 358.59 लाख हेक्टेयर। यह सामान्य रबी खेती के रकबे का 57 प्रतिशत है। जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह रकबा 334.46 लाख हेक्टेयर था। इस प्रकार, पिछले वर्ष की तुलना में रबी फसलों की खेती का रकबा 24.13 लाख हेक्टेयर बढ़ा है। बयान में कहा गया है, तोमर ने आशा व्यक्त की कि मिट्टी में नमी की अनुकूल स्थिति, जल भंडारण की अच्छी स्थिति और देश भर में उर्वरकों की सहज उपलब्धता के साथ, आने वाले दिनों में रबी फसल खेती के रकबे में और वृद्धि होने की उम्मीद है। ऐसे में अच्छी रबी फसल की उम्मीद की जा सकती है। मुख्य रबी फसल- गेहूं की बुवाई अक्टूबर में शुरू होती है और कटाई मार्च-अप्रैल में शुरू होती है। गेहूं के अलावा, चना और सरसों 2022-23 फसल वर्ष (जुलाई-जून) के रबी मौसम के दौरान उगाई जाने वाली अन्य प्रमुख फसलें हैं। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश (6.40 लाख हेक्टेयर), राजस्थान (5.67 लाख हेक्टेयर), पंजाब (1.55 लाख हेक्टेयर), बिहार (1.05 लाख हेक्टेयर), गुजरात (0.78 लाख हेक्टेयर), जम्मू और कश्मीर (0.74 लाख हेक्टेयर), और उत्तर प्रदेश (0.70 लाख हेक्टेयर) में गेहूं खेती के अधिक रकबा होने की सूचना है। इस रबी सत्र में 25 नवंबर तक तिलहन खेती का रकबा 13.58 प्रतिशत बढ़कर 75.77 लाख हेक्टेयर हो गया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह रकबा 66.71 लाख हेक्टेयर था। इसमें से पहले के 61.96 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 70.89 लाख हेक्टेयर में सरसों की बुआई हो चुकी है। दालों के मामले में, उक्त अवधि में पहले के 94.37 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस बार थोड़ा कम यानी 94.26 लाख हेक्टेयर दलहन फसल बोई गई है। मोटे अनाज की बुवाई 26.54 लाख हेक्टेयर में की गई, जो रकबा पहले 26.70 लाख हेक्टेयर था।

# एसबीआई के वित्तीय प्रदर्शन की विश्लेषक सराहना कर रहे: दिनेश खारा

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय स्टेट बैंक** (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश खारा ने शनिवार को कहा कि एसबीआई के वित्तीय प्रदर्शन की विश्लेषक और ब्रोकिंग कंपनियां सराहना कर रही हैं। खारा ने कहा, हाल के तिमाही वित्तीय परिणाम में बैंक का लाभ अबतक का सबसे ऊंचा रहा है। एसबीआई ने अब तक के किसी भी कंपनी के सर्वाधिक लाभ को पार कर लिया है और विश्लेषक तथा ब्रोकिंग कंपनियां इसकी सराहना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एसबीआई का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 74 प्रतिशत उछलकर 13,265 करोड़ रुपए रहा है। खारा ने कहा कि एसबीआई देश की अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है। इसका कारण यह है कि बैंक 47 करोड़ ग्राहकों को सेवाएं देता है और व्यावहारिक रूप से यह हर घर का बैंक है। उन्होंने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और संभवत: 2027 तक देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। हालांकि खारा ने कहा कि ग्राहकों को मिलने वाली सेवाओं में सुधार की जरूरत है क्योंकि आज कई विकल्प उपलब्ध हैं। ग्राहकों की उम्मीदें बदल रही हैं और बैंक को ग्राहकों को हर संभव सहायता सुलभ कराने की जरूरत है। ग्राहकों के घरों तक सेवाएं पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हमने ग्राहक सेवा में सुधार किया है लेकिन अभी लंबी दूरी तय करनी है....आज ग्राहक जो चाह रहे हैं, हमें उसके अनुसार पेशकश को लेकर पैकेज तैयार करने की जरूरत है।

# कर्नाटक के दावणगेरे में खुला सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क केंद्र

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के दावणगेरे में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के एक केंद्र की स्थापना की गई है। यह केंद्र 10,00 वर्गफुट के क्षेत्र में फैला है। यहां विभिन्न सुविधाओं से युक्त 102 सीटों वाला पालना केंद्र (इन्क्यूबेशन सेंटर), नेटवर्क परिचालन केंद्र, सम्मेलन केंद्र समेत अन्य सुविधाएं हैं। कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी एवं उच्च शिक्षा मंत्री सी एन अश्वत्थ नारायण ने कहा, इससे हमारी बेंगलुरु से आगे की पहलों को बढ़ावा मिलेगा।

उनके कार्यालय से जारी बयान में कहा गया कि एसटीपीआई केंद्र के साथ-साथ प्रतिभाशाली लोगों और आर्थिक अवसंरचना को देखते हुए बड़ी कंपनियां क्षेत्र की ओर आकर्षित होंगी और यहां अपने परिचालन का विस्तार करेंगी। बयान में कहा गया, यह केंद्र कर्नाटक में आईटी की पैठ का विस्तार करने में अहम भूमिका निभाएगा और क्षेत्र के तकनीकी उद्यमियों एवं नवोन्मेषकों को सशक्त करने और उनके विचारों को नवीन उत्पादों में बदलने में मददगार होगा। नारायण ने कहा, राज्य के एसटीपीआई केंद्रों के जरिए 35 अरब डॉलर का आईटी निर्यात होता है, वहीं पूरे राज्य का वार्षिक निर्यात 70 अरब डॉलर है। केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने किया।

## एनएचपीसी ने सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना के आसपास महिलाओं के लिए सुअर पालन पहल शुरू की

**गुवाहाटी।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऊर्जा कंपनी एनएचपीसी अरूणाचल प्रदेश में एक सुअर पालन कंपनी के लिए अवसंरचना विकसित करके यहां की महिलाओं को मदद दे रही है। दरअसल एनएचपीसी ने अपनी 2000 मेगावॉट क्षमता की जलविद्युत परियोजना सुबनसिरी जल विद्युत परियोजना के निचले क्षेत्रों के विकास के लिए 2020 में उठाए गए कदमों के तहत एसएएआर पिग प्रोड्यूसर्स कंपनी लिमिटेड का वित्तपोषण किया है। इस कंपनी से 2,500 महिलाएं जुड़ी हैं। एनएचपीसी के प्रवक्ता एसपी मजूमदार ने एक बयान में बताया कि कंपनी उद्यम के लिए साझा सुविधा केंद्र का निर्माण करने के लिए आर्थिक मदद दे रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल आजीविका में मदद देने के लिए है। उन्होंने कहा, इस केंद्र में भारत का सबसे बड़ा सुअर प्रजनन फार्म होगा जहां 400 सुअर होंगे। इसके अलावा अन्य कई सुविधाएं भी होंगी। एनएचपीसी के कार्यकारी निदेशक विपिन गुप्ता ने शुक्रवार को इस केंद्र की आधारशिला रखी।

## केंदू पत्ता व्यापार पर लगने वाला 18 फीसदी जीएसटी वापस लिया जाए: पटनायक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को केंद्र से अनुरोध किया कि केंदू पत्ते के कारोबार पर लगाया गया माल एवं सेवा कर (जीएसटी) आठ लाख गरीब लोगों की आजीविका को ध्यान में रखते हुए वापस लिया जाए। केंदू पत्ता तोड़ने वालों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करने के तीन दिन बाद पटनायक ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया है। इसमें उन्होंने कहा, केंदू पत्ता पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने से व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इससे केंदू पत्ता तोड़ने वाले लोगों और इस व्यापार से जुड़े अन्य लोगों की आजीविका और उनके लिए शुरू की गई सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण योजनाएं प्रभावित हो रही है। पटनायक ने कहा कि केंदू पत्ता करीब आठ लाख लोगों के लिए आर्थिक मजबूती प्रदान करता है और इनमें से ज्यादातर लोग जनजातीय समुदाय से हैं और अत्यंत ही गरीब हैं। पटनायक ने केंदू पत्ता व्यापार से जुड़े लोगों के लिए 23 नवंबर एक विशेष पैकेज की घोषणा की थी।

# बड़ी संख्या में छोटे कारोबारियों के पास कोविड प्रभाव से निपटने की कोई व्यवस्था नहीं थी: अध्ययन

**भाषा।** बेंगलुरु

**देश में कोविड** महामारी के दौरान छोटे कारोबारियों पर काफी प्रतिकूल असर पड़ा और उनमें से करीब 40 प्रतिशत इकाइयों को वित्तीय संस्थानों समेत अन्य इकाइयों ने कर्ज देने से मना किया। इसका कारण उनके पास कर्ज को लेकर गिरवी के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी या फिर ऋण लेने-लौटाने का इतिहास अनुकूल नहीं था। छोटे कारोबारियों पर कोविड-19 के असर को लेकर हुए एक अध्ययन में यह पाया गया है। यह अध्ययन गैर-सरकारी संगठन ग्लोबल अलायंस फॉर मास एंटरप्रेन्योरशिप (जीएएमई) ने किया है और इसमें पाया कि 21 फीसदी छोटे कारोबारों के पास आवदेन के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं। पुनरुद्धार की राह: भारत में छोटे व्यवसायों पर कोविड-19 के प्रभाव की पड़ताल शीर्षक वाली रिपोर्ट में देशभर में यह अध्ययन किया गया है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र ने महामारी की रोकथाम के लिए लगे लॉकडाउन को किस प्रकार झेला। यह अध्ययन 2020 और 2021 में 1955 छोटे-छोटे कारोबार करने वाली इकाइयों पर किया गया। संगठन ने रिपोर्ट के हवाले से कहा कि 50 फीसदी से अधिक उद्यम के पास महामारी के प्रभाव से उबरने के लिए कोई रणनीति या प्रणाली नहीं थी। इसके संस्थापक रवि वेंकटेश ने कहा कि बैंक प्रबंधकों, क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों को बैंक तथा सरकारी योजनाओं के बारे में पर्याप्त ज्ञान बढ़ाने की आवश्यकता है। अध्ययन में शामिल इकाइयों में से सिर्फ 31 प्रतिशत को ही आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत शुरू की गई योजनाओं की जानकारी थी।

## त्रिपुरा के उप-मुख्यमंत्री ने केंद्र से राज्य में एम्स जैसे संस्थान स्थापित करने की मांग की

**अगरतला।** त्रिपुरा के उप-मुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और राज्य में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसी संस्था बनाने और जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए कोष उपलब्ध कराने समेत अन्य मांग की। देव वर्मा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में अगले वित्त वर्ष के बजट को लेकर बैठक में विधि विश्वविद्यालय और डेंटल कॉलेज स्थापित करने के लिए भी कोष की मांग की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अगरतला गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (एजीएमसी) परिसर में एम्स जैसी संस्था क्षेत्र के लोगों को प्रमुख स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगी।उन्होंने चालू वित्त वर्ष के दौरान त्रिपुरा को 700 करोड़ रुपए से अधिक के परिव्यय की अनुमति को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार भी जताया। देव वर्मा ने अगरतला में डेंटल कॉलेज की स्थापना के लिए 414 करोड़ रुपए, राज्य में विधि विश्वविद्यालय के लिए 200 करोड़ रुपए और त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद के तहत क्षेत्रों के चौतरफा विकास को लेकर 500 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की मांग की।

# अडाणी समूह की कंपनी मुंबई में बिजली वितरण के विस्तार को इच्छुक, लाइसेंस के लिए किया आवेदन

**भाषा।** मुंबई

**अडाणी समूह** की कंपनी ने देश के सबसे बड़े कंटेनर बंदरगाह जेएनपीटी समेत मुंबई के और क्षेत्रों में बिजली वितरण कारोबार के विस्तार के लिए लाइसेंस की मांग की है। शहर के विभिन्न अखबारों में शनिवार को छपे विज्ञापन में अडाणी इलेक्ट्रीसिटी नवी मुंबई (एईएनएम) ने कहा कि उसने सूचीबद्ध मूल कंपनी अडाणी ट्रांसमिशन के साथ मुंबई महानगर के कुछ क्षेत्रों में वितरण लाइसेंस को लेकर महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग (एमईआरसी) से संपर्क किया है। कंपनी का लक्ष्य मुंबई के उपनगरों मुलुंड और भांडुप के अलावा ठाणे जिले, नवी मुंबई, पनवेल, खारघर, तलोजा और उरण में बिजली वितरित करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करना है। फिलहाल इन क्षेत्रों में राज्य के स्वामित्व वाली महाडिस्कोम बिजली वितरण कर रही है। समूह की नवी मुंबई के पास स्थित देश के सबसे बड़े कंटेनर बंदरगाह जेएनपीटी को भी बिजली वितरित करने पर नजर है। विद्युत अधिनियम 2003 के तहत किसी कंपनी की तरफ से समानांतर यानी पहले से मौजूद कंपनियों के साथ बिजली वितरण को लेकर लाइसेंस के लिए यह पहला आवेदन है। आवेदन को एमईआरसी ने शुक्रवार को स्वीकार कर लिया। उसके बाद सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया है। अडाणी इलेक्ट्रीसिटी चार साल से अधिक समय से मुंबई में बिजली का वितरण कर रही है। इस क्षेत्र में कंपनी की प्रतिस्पर्धा टाटा पावर के साथ है। कंपनी ने संकट में फंसे अनिल अंबानी समूह की रिलायंस एनर्जी के 18,000 करोड़ रुपए से अधिक के अधिग्रहण के बाद क्षेत्र में कदम रखा था।

## स्टार्टअप जलवायु परिवर्तन से निपटने, मोटा अनाज उत्पादन बढ़ाने पर काम करें: सीतारमण

**बेंगलुरु।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को स्टार्टअप इकाइयों से जलवायु परिवर्तन, मोटा अनाज उत्पादन और किसानों की स्थिति में सुधार जैसे अपेक्षाकृत कम आकर्षक क्षेत्रों में भी काम करने की अपील की।सीतारमण ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए जलवायु परिवर्तन की बात कही। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का देश में कृषि प्रतिरूप पर असर पड़ेगा, अत: इससे निपटने के उपाय तलाशने होंगे। उन्होंने कहा, बेशक वे रक्षा उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा, परमाणु, उपग्रह, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में हैं। आप पहले से ही उन क्षेत्रों काम कर रहे हैं। मैं आपसे उन कुछ क्षेत्रों में भी काम करने की अपील कर रही हूं, जो अपेक्षाकृत कम आकर्षक हैं। स्टार्टअप की तरफ से जलवायु और जलवायु परिवर्तन को लेकर जो नवोन्मेष सामने आ रहे हैं, वे काफी महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं।

# ओवरब्रिज निर्माण में शिथिलता देख भड़क उठे कमिश्नर, लगाई फटकार

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)

**मंडलायुक्त झांसी** मण्डल झांसी डॉ.आदर्श सिंह ने तहसील क्षेत्र का दौरा किया इस दौरान उन्होंने तहसील तथा क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त डॉक्टर आदर्श सिंह का क्षेत्र का दौरा पूर्व निर्धारित था जिसके चलते प्रशासनिक अमला सजग था उन्हें आशंका थी कि समाधान दिवस मैं आकर शिकायतों की हकीकत जांच कर सकते हैं लेकिन उनके आने में देरी हो गई थी हालांकि उन्होने जोल्हूपुर में बन रहे रेलवे ओवर ब्रिज की हकीकत देखी और अधिक काम बाकी होने पर नाराजगी प्रकट कर निर्माण इकाई राज्य सेतु निर्माण निगम के जिम्मेदार को फ्टकार लगाई तथा अतिशीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश



दिये है। इसके बाद उनका काफिला तहसील पहुंचा जहां साफसफाई और अन्य अभिलेखों के रखरखाव का बरीकी से निरीक्षण किया और चेहरे से संतुष्ट नजर आए। वहां सें सीधे 751 लाख रुपए की लागत से नगर के मुहल्ला राजघाट बन रहे राजकीय कन्या महाविद्यालय का भी निरीक्षण किया और निर्माण इकाई उप्र राज्य जल निगम की निर्माण इकाई झासी के जिम्मेदार अधिकारी को कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। बिदित हो कि यह कार्य दिसम्बर तक पूरा होना है। लेकिन अभी कार्य काफी बाकी है जिसके समय से पूर्ण होने की उम्मीद नहीं है। तत्पश्चात सम्पूर्ण अमला निरीक्षण भवन पहुंचा जहां स्वल्पाहार किया। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार आईएएस, पुलिस क्षेत्राधिकारी राम सिंह, तहसीलदार सुशील कुमार सिंह, नायब तहसीलदार राजेश पाल सहित प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

# नगर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानदार हुए परेशान

**जालौन ( उरई )।** शनिवार को नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। लेकिन अतिक्रमण हटाओ अभियान के समाप्त होते ही दुकानदारों ने पुनः अपनी अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण कर लिया। नगर में अतिक्रमण की समस्या के चलते बाजार में निकलना मुश्किल हो जाता है। इस समय सहालग का समय चल रहा है। नगर में वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। दुकानदार अपनी दुकानों के आगे सड़क तक सामान निकाल लेते हैं। इसके अलावा जो ग्राहक दुकान पर आते हैं वह भी अपनी बाइकें आदि दुकान के बाहर खड़ी कर देते हैं। ऐसे में सड़क पर कम ही जगह बचती है। जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। यदि सड़क पर चार पहिया वाहन आ जाता है तो समस्या और बढ़ जाती है। कई बार दुकानदार और वाहन चालकों के बीच विवाद की स्थिति भी बन जाती है। नगर पालिका जब तब अभियान चलाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। अभियान समाप्त होते ही अतिक्रमण पुनः पांव पसार लेता है। अतिक्रमण की समस्या को लेकर ईओ सीमा तोमर के निर्देश पर सफाई निरीक्षक देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में शनिवार को झंडा चौराहे के आसपास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें टीम के पहुंचते ही दुकानदारों ने स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटा लिए। दुकानों के आगे बिछे ईंट आदि को टीम ने हटा दिया। शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान झंडा चौराहे से बस स्टैंड तक चला। लेकिन टीम के जाते ही दुकानदारों ने पुनः अपना सामान दुकानों से बाहर निकालकर लगा लिए। इस संदर्भ में ईओ सीमा तोमर ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेगा। यदि कोई दुकानदार दुकान से बाहर सामान लगाता हुआ मिला तो उसका सामान जब्त कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### साम्राज्यवादी देशों ने दुनिया में बढाया तनाव

**चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कंट्रोल कमीशन के सदस्य का मोतीलाल ने कहा कि अपने यहां पैर पसार रही मन्दी से निपटने व नाटों के विस्तार और हथियारों की बिक्री को बढावा देने को साम्राज्यवादी अमेरिका व यूरोपीय देशों ने दुनिया के कई हिस्सों में तनाव क्षेत्र बना दिये हैं। शनिवार को भाकपा जिला काउंसिल की एक दिवसीय बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय हालातों पर चर्चा हुई। चर्चा में पार्टी के राष्ट्रीय कंट्रोल कमीशन के सदस्य का मोतीलाल ने कहा कि इन्ही नीतियों के नतीजतन रुस-यूक्रेन युद्ध है, जिसमें जन, धन की भारी तबाही हो चुकी है। अमेरिका ने अपनी संसद की अध्यक्ष को ताईवान भेजकर चाइनीज सागर के क्षेत्र में भारी तनाव पैदा कर दिया। जो कभी भी युद्ध में बदल सकता है। डॉ गिरीश ने जिला काउंसिल की बैठक में कहा कि जब युद्ध के बादल छा रहे हैं, शान्ति की ताकतें और शान्ति आन्दोलन निष्प्रभावी है। भाकपा के 14वें महाधिवेशन के प्रस्तावों की जानकारी का मोतीलाल ने दी। बैठक में का चन्द्रपाल, का महेन्द्र प्रताप, का सत्यहरण, का सुशील, का संदीप पाण्डेय, का राजेन्द्र कुमार, का कमलेश, का रविकरन ने विचार रखे। बैठक में सियाराम वर्मा, विनोद पाल, श्रीपाल प्रजापति, शिवबरन, सुनील कुमार, शिवनरेश, हनुमान, रामस्वरुप, महेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने शिकायत का किया तत्काल निस्तारण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व रामकिशोर निवासी राजापुर के प्लाट संख्या 1359 पर कब्जा दिलाने की शिकायत की सुनवाई करते हुए एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां को जांचकर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। शनिवार को नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व रामकिशोर निवासी राजापुर हाल मुकाम प्रयागराज के नाम संक्रमणीय भूमि कागज में दर्ज है। 1991 में अनुसूचित जाति की महिला से भूमि खरीदी थी। भूमि खरीदने के पहले ही गाटा संख्या 1359 से भंभेट गांव से राजापुर जोडने वाला मुख्य मार्ग चलता था। नरेन्द्र कुमार ने अनुसूचित जाति की भूमि खरीदने में कोई परमीशन नहीं लिया था। क्रेता व विक्रेता का मौके पर कोई कब्जा नहीं है। नरेन्द्र कुमार का बैनामा कैंसिल करवाने को अलग से पत्रावली तैयार की जा रही है। नरेन्द्र कुमार जबरन भंभेट मार्ग के निर्माण को रोक रहे हैं। इनकी शिकायत निराधार है।

### कांग्रेसियों ने ली संविधान रक्षा की शपथ

**चित्रकूट।** कांग्रेसियों ने संविधान दिवस पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए संविधान की रक्षा की शपथ ली। शनिवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में सेवा दल के जिलाध्यक्ष चुनबाद प्रसाद ने सभी कांग्रेसियों को संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर के संविधान की रक्षा का संकल्प लें। 26 नवम्बर 1947 को संविधान को अंगीकार किया गया था। सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म व उपासना की स्वतंत्रता थी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता त्रियुगीनारायण शुक्ला ने कहा कि आज भारत के संविधान के साथ खिलवाड किया जा रहा है। सभी लोग एकजुट होकर बाबा साहब के निर्मित संविधान की रक्षा का संकल्प लेकर उनके बताये मार्ग का अनुसरण करें। पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने बाबा साहब को याद करते हुए संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। कहा कि लोकतंत्र संविधान दोनों को भाजपा सरकार कुचलने का काम कर रही है। लोकतंत्र को बचाने को कांग्रेसी नेता राहुल गांधी भारत जोडो यात्रा पर निकले हैं। नफरत छोडो-भारत जोडो के तहत सभी को एकजुट होकर संविधान की रक्षा की शपथ लेनी होगी। इस मौके पर कांग्रेसी नेता राजकुमार गर्ग, शिवगुलाम वर्मा, कुलदीप मिश्रा, राकेश शुक्ला, सीताराम सिंह, नीरु गुप्ता, कृष्णराज सिंह आदि मौजूद रहे।

### संयुक्त संघर्ष समिति ने समस्याओं के निदान की उठाई मांग

**चित्रकूट।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने संविदा कर्मचारी पर हमले को लेकर राधा लॉज के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। अधिशाषी अभियंता को सौंपे ज्ञापन में समस्याओं के समाधान की मांग की।शनिवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने उपकेन्द्रों पर ट्रासफार्मर बदलने के संविदा कर्मियों पर दबाव बनाने पर रोष जताया। कहा कि इस कार्य को कराने की जिम्मेदारी एजेंसी की नहीं है। विभागीय कर्मचारी व संविदा कर्मियों के परिचय पत्र निर्गत कर सुरक्षा उपकरण दिये जायें। संयुक्त संघर्ष समिति ने वर्क टू रुल के कार्य का आवाहन किया। विभिन्न मांगों के जल्द निस्तारण की मांग उठाई। इस मौके पर राज्य विद्युत परिषद के उपखण्ड अधिकारी आशीष सिंह, हाईड्रो इलेक्ट्रिक यूनियन के शिवप्रकाश अवस्थी, उत्तर प्रदेश निविदा संविदा कर्मचारी संघ के हरीओम सिंह, उप्र बिजली कर्मचारी संघ के शिवकुमार व उप्र विद्युत मजदूर संघ के आशीष कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**संवाददाता।** रामपुरा (जालौन)

**ग्राम पंचायत** टीहर में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजन में ब्लॉक क्षेत्र के लगभग 40 स्कूलों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें विजेता बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान ने प्रमाण पत्र पुरुष्कार देकर उनका हौंसला अफ्जाई की।शनिवार को युवक मंगल दल टीहर में बीआरसी पर ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान टीहर, खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी द्वारा हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल में खो-खो की प्रथम मीनाक्षी, लकी तथा ऊंची कूद में प्रथम अमर सिंह, मुस्कान ने बाजी मारी। रेस में आलोक छौना, अजय टीहर, जितेंद्र पाल, हिमांशु टीहर ने बाजी जीती। ग्राम मजीठ के छात्रों द्वारा विशेष खेलकूद कर मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। समापन के दौरान विजेता रहे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, पुरुष्कर देते हुए प्रधान प्रदीप गौरव ने बच्चो का हौंसला बढ़ाते हुए उनको और आगे बढ़कर गांव स्कूल, क्षेत्र का नाम रोशन करने को प्रेरित किया। वही खंड शिक्षा अधिकारी जीपी अवस्थी ने कहा की खेल से बच्चों का स्वास्थ्य के अलावा शारीरिक, मानसिक विकास भी होता है। इस मौके पर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राममोहन बाजपेई, अवधेश मिश्रा, सुशील कुमार श्रीवास्तव, नितिन आनंद पाल, कप्तान सिंह आदि सहित प्राय: सभी स्कूलों के गुरुजन, बच्चे मौजूद रहे।



# पचास किलो पालीथिन जब्त कर लगाया जुर्माना



**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के ईओ रामअचल कुरील ने पालिका कर्मियों की टीम के साथ बेडीपुलिया तिराहे से रामघाट के व्यवसायिक क्षेत्र में प्रतिबंधित पालीथिन के खिलाफ सघन जांच एवं जागरूकता अभियान चलाते हुए पचास किलो पालीथिन जब्त कर 12100 रुपये जुर्माना वसूला। शनिवार को नगर पालिका परिषद के ईओ रामअचल कुरील ने बेडीपुलिया तिराहे से रामघाट के व्यवसायिक क्षेत्र तक सभी दुकानदारों, थोक विक्रेता, फ्ल विक्रेताओं व ठेला-पटरी दुकानदारों को पालीथिन का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने पचास किलो पालीथिन बरामद कर 12100 रुपये विभिन्न लोगों से जुर्माना वसूला।

अभियान में ईओ रामअचल कुरील के साथ जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पाण्डेय आदि स्टाफमौजूद रहा। ट्राफिक चौराहा के सभी कारोबारियों से अनुरोध के साथ निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में पालीथिन, थर्माकोल पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसका उपयोग न करें। पकडे जाने पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# गाड़ी निकालने में हुआ विवाद, आठ लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन ( उरई )।** गाड़ी निकालने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के 8 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र में छिरियासलेमपुर के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के कट पर गाड़ी निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष के अरूण कुमार, अखिल कुमार निवासीगण नगलागौर थाना बड़पुरा इटावा, अजीत सिंह निवासी बनिका थाना चौबिया इटावा, दीपचंद्र निवासी हैवरा थाना सैफई इटावा एवं दूसरे पक्ष के पुष्पेंद्र कुमार निवासी बंजरहार थाना सैफई इटावा, अमित कुमार निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी इटवा, आशुतोष निवासी धनौरा थाना कोंच, हरविलास निवासी अलाईनगर थाना ऐरवा औरैया के बीच गाली, गलौज व हाथापाई होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस सभी को पकड़कर कोतवाली ले आई।

# चालकों का नेत्र परीक्षण कराकर नियमों के प्रति किया जागरूक



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर एसपी सोनकर की देखरेख में यातायात निरीक्षक मनोज कुमार व यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की मौजूदगी में यातायात जागरूकता कार्यशाला एवं निःशुल्क नेत्र/स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शनिवार को बेडीपुलिया में यातायात शिविर में जिला अस्पताल के डॉ रमेश कुमार भारती नेत्र सर्जन एवं उनकी टीम ने वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया। वाहन चालकों की आंखों की जांचकर स्वास्थ्य संबंधी उचित सलाह दी गई। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने शिविर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने वाहन चालकों से कहा कि समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराते रहें, ताकि किसी प्रकार की कमी आने पर नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने शराब का सेवन कर वाहन न चलाने की सलाह दी। कहा क शराब पीकर वाहन चलाने से हादसे के आसार ज्यादा रहते हैं। तेज गति से वाहन न चलायें। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट अवश्य लगायें। मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। इस मौके पर यातायात पुलिस टीम मौजूद रही।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**फ्तेहपुर।** जनपद स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए विज्ञान संबंधी अपने-अपने प्रोजेक्ट व मॉडल को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक रहे। निर्णायक मंडल द्वारा बाल वैज्ञानिकों की असाइनमेंट का अवलोक कर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान के विजेताओं की घोषणा की। इसके अलावा प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय 30 वीं बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 9 व 10 एवं कक्षा 11 व 12 के छात्र छात्राओं ने विज्ञान संबंधी अपने-अपने विषयों के असाइनमेंट बनाकर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# कांग्रेसियों ने संविधान दिवस पर ली शपथ

**बरेली ।** शाहमतगज चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर संविधान दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी हुई । उसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हुई जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ए आई सी सी सदस्य, पी सी सी सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष, न्याय पंचायतों के अध्यक्ष उपस्थित रहे । मासिक बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने की, संचालन जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने किया । आज सबसे पहले संविधान दिवस के अवसर पर भारत के संविधान को तैयार करने वाले आदरणीय बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उपस्थित कांग्रेस जनों ने उनको शत-शत नमन किया और उसके जीवन पर प्रकाश डाला।महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे संविधान में खास बात यह है कि इसमें अधिकार और कर्तव्य के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया है नागरिकों के जीवन में इन्हीं दोनों का तालमेल देश को आगे ले जाएगा । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा भारत के संविधान की यह खूबसूरती है की इसमें सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है और सभी लोगों में आपस में इतना प्यार है कि वह एक दूसरे की मदद करने को हर समय तैयार रहते हैं।उपस्थित पदाधिकारियों और नगर निकाय चुनाव प्रभारियों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा की आज जनता यह चाह रही है कि बदलाव हो और वह इसके लिए तैयार बैठी है जिस तरह से भारत जोड़ो यात्रा चल रही है लाखों की संख्या में जनसमूह जुड़ रहा है उससे पूरे देश में एक माहौल तैयार हो रहा है उपस्थित कांग्रेस जनों में जिला उपाध्यक्ष ईलयास अंसारी, प्रो0 यशपाल सिंह, पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार, डॉ खालिद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ मेहंदी हसन,, अलाउद्दीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।

**श्री शिरडी साई सेबा ट्रस्ट ने निर्धन कन्या का करबाया विवाह :**बरेली ।श्री शिरडी साई सेबा ट्रस्ट रजिस्टर्ड बिगत 12 वर्षो से प्रतिवर्ष गरीब परिवार की कन्याओ का विवाह करबाता आ रहा है ।ट्रस्ट के सरबराकार पंडित सुशील कुमार पाठक ने बताया कि ट्रस्ट अबतक लगभग नौ सौ कन्याओ के विवाह करबा चुका है जिसमे दो बार उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्रीरामनाईक जी मुख्य अतिथि रहे थे । आज दिनांक 25 नवंबर शुक्रवार को उपासना पुत्री प्रकाश बाबू निबासी नबादा शेखान का विवाह आशीष मौर्य पुत्र रविन्द्र मौर्य के साथ श्री शिरडी साई सर्बदेब मंदिर श्यामगंज मे बैदिक हिन्दु रीति-रिवाज से सम्पन्न करबाया विवाह मे बर-वधू पक्ष को भोजन की ब्यबस्था के साथ जरूरत का समान उपहार स्वरूप उपलब्ध करबाया जिसमे बिशेष रुप इक्यावन बर्तन का डिनरसैट कुकर चांदी के पायल बिछिया आठ साडी एक घडी सूट के लडके के कपडे आदि सामान दिया गया इस अवसर पंडित सुशील पाठक के साथ अशोक कुमार सक्सेना पी एस तोमर बिकास मेहरा मनीष अग्रवाल का सहयोग रहा है तथा मौके पर उपस्थित होकर बरबधू को आशीर्वाद दिया।

**कौमी एकता सप्ताह संरक्षण दिवस के साथ संपन्न:**बरेली । ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन और हिंदुस्तान स्काउट गाइड की ओर से मनाएं जा रहे कौमी एकता सप्ताह संरक्षण दिवस पर हुए बालजत्ती कन्या इंटर कॉलेज पुराना शहर पर खेल कूद देशभक्ति गीत के साथ संपन्न हुआ ।इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेवी रंग कर्मी जे सी पालीवाल ने कहा की पर्यावरण संरक्षण मानव जाति के लिए अति आवश्यक है भारी संख्या में उपस्थित विद्यार्थी शिक्षक और अभिभावकों से अपील की पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वप्रथम शहर को स्वच्छ बनाए रखें गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग कंटेनर में रखें अपने आसपास पानी को इकट्ठा ना होने दें अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उन्हें सिंचित करते रहे ।इस अवसर प्रादेशिक संगठन आयुक्त हिमांशु सक्सेना (स्काउट) सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त अलका मिश्रा ने कार्यक्रम की रुपरेखा एवं कार्यक्रम का संयोजन किया इस अवसर पर जिला कमिश्नर स्काउट सुबोध अग्रवाल ने और वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद नबी ने कहा कि हमारी स्काउट गाइड शहर की वार्डों में जाएं और जनता को जागरुक करें कि प्रदूषण के कारण हवा पानी ध्वनि सभी प्रदूषित हो रहे हैं इसीलिए लुक्का नाटक के माध्यम से समाज की सेवा करने के लिए रैलियां और नुक्कड़ सभाएं भी आयोजित कराएं।

# सख्ती से कराया जाये बाजार बंदी का पालन

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**व्यापार मंडल** के पदाधिकारियों ने नगर में साप्ताहिक बाजारबंदी के दिन सख्ती से बाजारबंदी कराए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। नगर में सोमवार को साप्ताहिक बाजारबंदी का दिन निर्धारित है। पूर्व में जहां बाजारबंदी के दिन चौकिंग होने से सााप्ताहिक बाजारबंदी का सख्ती से पालन होता था। लेकिन अब चौकिंग न होने से बाजारबंदी के दिन धीरे धीरे कई दुकानदार अपनी दुकानें खोलने लगे हैं। ऐसे में जो दुकानदार नियमों का पालन करते हैं। उन्हें नुकसान होता है। ऐसे में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों में रामजी अग्रवाल समेत अखिलेश लाक्षाकार, मुकेश श्रीवास्तव, अभिषेक वर्मा, गुंजन सेंगर, मोहम्मद इदरीश आदि ने जिलाधिकारी चांदनी सिंह से मांग करते हुए कहा कि साप्ताहिक बाजारबंदी के दिन सभी दुकानदारों के लिए नियम समान रूप से लागू होने चाहिए। जो दुकानदार नियम का पालन करते हुए दुकानें नहीं खोलते हैं उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। जबकि जो दुकानदार नियमों का पालन नहीं करते हैं वह दुकानें खोलकर मुनाफा कमाते हैं। पूर्व में श्रम अधिकारी के भ्रमण के चलते बाजारबंदी के दिन बाजार पूर्ण रूप से बंद रहता था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब श्रम अधिकारी का भ्रमण नहीं होता है जिसका लाभ नियमों का पालन न करने वाले दुकानदार उठा रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि बाजारबंदी के नियम का नगर में सख्ती से पालन कराया जाए।

# सीओ ने लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

### कालपी में 38,कदौरा में 31,आटा में 27,चर्खी में 4 मुकदमों की विवेचनाएं लंबित

**कालपी** (जालौन)। कालपी सर्किल में कुल लंबित 100 विवेचनाओ में गतिशीलता लाने के निर्देश देते हुए कालपी क्षेत्राधिकारी रामसिंह ने समीक्षा बैठक की। श्री सिंह ने जहां लंबित विवेचनाओं को लेकर चिंता व्यक्त की वहीं शीघ्र से शीघ्र विवेचना कर अवगत कराने के निर्देश भी अधीनस्थों को दिए मालूम हो कि जहां आटा में 27 कालपी में 38 कदौरा में 31 और चुर्खी में 4 मुकदमों की विवेचना है अधर में लटकी हुई है उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इन विवेचना को पूरा किया जाए मगर विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्होंने इसी के साथ चुनाव को लेकर भी अधीनस्थों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के गुर सिखाए उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि अवांछित तत्वों पर निगाह रखी जाए और जरा सी भी संदेहास्पद स्थिति बयां करने वाले लोगों पर निरोधात्मक कार्यवाही की जाए उन्होंने कहा कि शराब जुआ इत्यादि पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की मंशा से पुलिस सदैव तत्परता से जुटी जिसके परिणाम स्वरूप सकारात्मक परिणाम भी आ रहे हैं परंतु आगे भी हमें और भी सक्रियता से कार्य करते रहने की जरूरत है।

**देवनगर चौराहे से बालाजी मंदिर तक डबल लेन सड़क की उठायी मांगः** जालौन (उरई)। देवनगर चौराहे से चुर्खी रोड पर बालाजी मंदिर सड़क डबल लेन कराने की मांग समाजसेवी ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर की है। समाजसेवी देवीदयाल वर्मा ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर बताया नगर में चुर्खीरोड पर रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। निर्माण कार्य पूरा होने के उपरांत इस रोड पर बसों का आवागमन बढ़ने के साथ ही यात्रियों की भी आवाजाही भी बढ़ जाएगी। वर्तमान में चुर्खी रोड सिंगल रोड बना हुआ है। जब यातायात बढ़ेगा तो जाम आदि की समस्या शुरू हो जाएगी। जिसमें विवाद की स्थिति बनेगी। अभी भी इस रोड पर यातायात काफी है। सिंगल रोड होने की वजह से वाहनों को साइड देने एवं ओवरटेक करने में दिक्कत होती है। यदि उक्त रोड को डबल कर दिया जाता है तो समस्या उत्पन्न नहीं होगी। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अभी ही इस रोड को डबल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। ताकि रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण तक यह रोड बनकर तैयार हो जाए और इस रोड से होकर वाहनों के आवागमन में दिक्कत न हो।

**संविधान दिवस पर एसडीएम ने सरकारी कर्मियों को दिलायी संविधान की शपथः** जालौन (उरई)। संविधान दिवस तहसील सभागार में एसडीएम ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने मौलिक कर्तव्यों की पालना की शपथ ली व संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया। संविधान दिवस पर तहसील सभागार में एसडीएम सना अख्तर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई व सभी ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से पठन किया। बताया कि हर वर्ष 26 नवंबर का दिन देश में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को ही देश की संविधान सभा ने वर्तमान संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था। हालांकि इसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया था। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

**ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न :**खागा (फ्तेहपुर)। दिव्यांग बच्चों हेतु ब्लाक स्तरीय खेल कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम उच्च प्राथमिक विद्यालय बहलोलपुर ऐलई, विकास खण्ड ऐराया में खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल के नेतृत्व में सम्पन्न कराई गयी। ग्राम प्रधान विजय करन द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण करके खेल का शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता में विकास खण्ड के दिव्यांग बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग कियाद्य कार्यक्रम में 50 मी. दौड, 100 मी.दौड कुर्सी दौड, बालक वर्ग, बालिका वर्ग, रंग भरो प्रतियोगिता, टोकरी में गेंद डालना, छूकर पहचानना, गुब्बारा फूलाना, सुलेख प्रतियोगिता, खो-खो आदि कार्यक्रम कराये गये।

# धान क्रय केन्द्र का एसडीएम ने किया गहन निरीक्षण

**खागा** (फ्तेहपुर)। धान क्रय केन्द्रो मे हो रही धीमी गति से धान खरीद की हकीकत जानने के लिए एस डी एम ने क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारी को अधिक से अधिक किसानों का धान खरीद किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम मनीष कुमार ने हथगाम और क्रय केन्द्र खागा प्रथम, और द्वितीय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि क्रय केन्द्र खागा प्रथम मे कुल 61 किसानों से 2257.20 कु. खरीद की गई है। वही खागा क्रय केंद्र द्वितीय मे 57 किसानों से 2253.60 कु. धान की खरीद की गई। उन्होंने बताया कि खागा मंडी तृतीय मे तीन किसानों का 105.60 कु. खरीद किया गया। वही हथगाम मे आठ किसानों से 385.20 कुंतल खरीद की गई। एस डी एम तीनो क्रय केन्द्र के प्रभारी को कहा कि अधिक से अधिक धान खरीद की जाए।

# फ्रांस विश्व कप नॉकआउट में पहुंचा,डेनमार्क हारा

## ● एमबाप्पे के दो गोल, पहली टीम बनी

## डेनमार्क को 2-1 से हराया

**भाषा।** दोहा

**काइलियान** एमबाप्पे के दो गोल की मदद से गत चैम्पियन फ्रांस डेनमार्क को 2-1 से हराकर शनिवार को विश्व कप नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।

एमबाप्पे ने 61वें मिनट में फ्रांस को बढत दिलाई और 86वें मिनट में दूसरा गोल किया। डेनमार्क के लिए इससे पहले 68वें मिनट में आंद्रियास क्रिस्टेनसेन ने बराबरी का गोल दागा था। चार साल पहले विश्व कप में फ्रांस की खिताबी जीत में एमबाप्पे ने चार गोल किए थे। अब उनके फ्रांस के लिए 31 गोल हो चुके हैं। फ्रांस ने पहले मैच में आस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया था जबकि डेनमार्क ने ट्यूनीशिया से गोलरहित ड्रॉ खेला। आस्ट्रेलिया ने ट्यूनीशिया को। - 0 से हराया। बलोन डिओर विजेता करीम बेंजीमा पैर की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर है और ऐसे में एमबाप्पे ने अपनी अतिरिक्त जिम्मेदारी बखूबी निभाई। उन्होंने फ्रांस के लिए पिछले 12 मैचों में 14 गोल किए हैं जिनमें से तीन गोल इस विश्व कप में किए हैं। डेनमार्क ने इस साल नेशंस लीग में फ्रांस को दो बार हराया लेकिन उस लय को दोहरा नहीं सकी। फ्रांस के पेनल्टी क्षेत्र के आसपास भी वे ज्यादा फटक नहीं पाए। अब फ्रांस को ग्रुप डी के आखिरी मुकाबले में ट्यूनीशिया से खेलना है जबकि आस्ट्रेलिया का सामना डेनमार्क से होगा।



## अमेरिका ने फिर इंग्लैंड को हताश किया

**अल खोर (कतर)।** अमेरिका ने फीफा विश्व कप में शनिवार को 0-0 से ड्रा खेलकर फिर इंग्लैंड को जीत दर्ज करने से महरूम कर दिया। कतर में शुरूआती मैच में ईरान पर 6-2 की बड़ी जीत से प्रबल दावेदार के दर्जे को सही साबित करने वाली इंग्लैंड को अब भी अमेरिका के खिलाफ पहली जीत का इंतजार है। इंग्लैंड के समर्थक इस ड्रा से काफी निराश थे और मैदान में हूटिंग कर रहे थे। तीन बार बार दोनों टीमें फुटबॉल के इस बड़े मंच पर एक दूसरे के सामने हुई है और हर बार अमेरिकी टीम इंग्लैंड के फुटबॉल प्रेमियों को निराश करती रही है। इंग्लैंड के कोच गैरेथ साउथगेट ने अपने खिलाड़ियों को अमेरिका के उस रिकॉर्ड की याद दिलाई थी जिसमें 1950 में प्रतिद्वंद्वी टीम ने।-0 से जीत हासिल की थी और 2010 में।-। से ड्रा खेला था। पर खिलाड़ी ग्रेग बेरहाल्टर की युवा और ऊर्जा से भरी टीम के खिलाफ जोशिला प्रदर्शन नही कर सके। इंग्लैंड के कप्तान और 2018 विश्व कप के गोल्डन बूट विजेता हैरी केन का मैच में प्रदर्शन फीका रहा और वह स्टॉपेज-टाइम में हेडर से



गोल करने के करीब पहुंचे थे लेकिन असफल रहे। वह अब तक इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नही कर सके है। यह निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नही था। हमने दो या तीन मौके मिले थे लेकिन हम गोल नही कर सके। ग्रुप बी मे इंग्लैंड चार अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि अमेरिका दो अंक से तीसरे स्थान पर है।

### ● गोलरहित ड्रा पर रोका

अमेरिका ने वेल्स के खिलाफ अपने पहले मैच के शानदार प्रदर्शन को जारी रखा। इंग्लैंड की टीम खुद को भाग्यशाली समझ सकती है कि पहले हाफ मे क्रिश्चियन पुलिसिच का बाएं पैर से लगा शॉट लगाकर क्रासबार हिट करके निकल गया और वेस्टन मैकिनी का शॉट भी बेकार हो गया। अल बायत स्टेडियम मे काफी संख्या में इंग्लैंड के प्रशंसक मौजूद थे जिन्हें जीत से अपनी टीम के एक मैच रहते नॉकआउट चरण मे पहुंचने की उम्मीद थी। साउथगेट ने कहा, मै अपने प्रशंसकों के चेहरे पर मुस्कान चाहता हूं लेकिन हम यह हासिल करने में असफल रहे। अब अमेरिकी टीम मंगलवार को ईरान के सामने होगी और कोच बरहाल्टर की निगाहें राउंड 16 मे जगह बनाने पर लगी हुई है। ग्रुप बी के एक अन्य मैच मे ईरान ने वेल्स को 2-0 से हराकर तीन अंक हासिल किए जिससे वह अमेरिका से एक अंक ऊपर है।

## लेवांडोवस्की के गोल से पोलैंड ने सउदी अरब को 2-0 से हराया



**अल रेयान।** आखिरकार रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने विश्व कप मे गोल अपने नाम किया जिसकी मदद से पोलैंड ने सउदी अरब को 2- 0 से हराकर नॉकआउट चरण मे प्रवेश की उम्मीदे प्रबल कर ली। लेवांडोवस्की ने 82वे मिनट मे गोल किया जिसके बाद उनकी आंखे भर आई। वह बांहे खोलकर किनारे पर गए और बैठ गए। उनके साथी खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने उठकर अपना चेहरा पोछा और दर्शकों की ओर चुंबन दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड मे से एक लेवांडोवस्की ने 40वे मिनट मे पहले गोल मे भी सूत्रधार की भूमिका निभाई थी जिसे अंतिम टच पियोत्र जीलिंस्की ने दिया। सउदी अरब को पहले हाफ के आखिर में बराबरी का मौका मिला लेकिन पोलैंड के गोलकीपर वोजसिएज एस ने सलीम अल डासारी की पेनल्टी किक पर गोल नही होने दिया। उन्होंने रिबाउंड पर मोहम्मद अल बुराइक का शॉट भी रोका। पोलैंड का सामना अब अर्जेंटीना से होगा जबकि सउदी अरब की टक्कर ग्रुप सी के आखिरी मैच में मेक्सिको से होगी।

### ड्यूक के गोल से आस्ट्रेलिया की उम्मीद बढी



**अल वाक्राह (कतर।** मिशेल ड्यूक के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां ट्यूनीशिया को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी उम्मीद जीवंत रखी। ऑस्ट्रेलिया को नॉकआउट मे जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन ड्यूक के 23वे मिनट मे किए गए गोल से वह पूरे तीन अंक हासिल करने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया की 2010 में सर्बिया के खिलाफ जीत के बाद विश्वकप मे यह पहली जीत है। इस परिणाम का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया अभी अंतिम 16 मे जगह बना सकता है। वह अपने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन फ्रांस से 4-। से हार गया था। ग्रुप डी में अब फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया दोनो के तीन-तीन अंक है। डेनमार्क और ट्यूनीशिया के एक एक अंक है। फ्रांस को अभी डेनमार्क का सामना करना है। इस ग्रुप के अंतिम चरण के मैच बुधवार को खेले जाएंगे जिसमे ट्यूनीशिया का सामना फ्रांस से और ऑस्ट्रेलिया का डेनमार्क से होगा। इस मैच मे दोनों टीम की शुरुआत अच्छी नही रही।

## ब्रुइन और बेल्जियम को मिलेगा विश्व कप में प्रभाव छोड़ने का दूसरा मौका



**दोहा।** बेल्जियम के स्टार मिडफील्डर केविन डी ब्रुइन जानते हैं कि उन्होंने और उनकी टीम ने पिछले मैच मे अच्छा प्रदर्शन नही किया था जिसकी भरपाई वह विश्वकप में मोरक्को के खिलाफ रविवार को होने वाले दूसरे मैच में पूरी करना चाहेगे। डी ब्रुइन को पिछले मैच मे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था लेकिन उन्होंने तब कहा था, मै नही जानता कि मुझे यह ट्रॉफी क्यों दी गई है। हो सकता है कि मेरी ख्याति के कारण ऐसा किया गया हो। बेल्जियम ने अपने पहले मैच मे कनाडा को।-0 से हराया लेकिन उसकी टीम किसी भी समय प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही। अब बेल्जियम को मोरक्को के खिलाफ रविवार को यह साबित करना होगा कि आखिर वह विश्व मे ब्राजील के बाद दूसरे नंबर की टीम क्यो है। बेल्जियम को उसके स्टार खिलाड़ियों के कारण खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। उसकी टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी है जो 30 वर्ष से अधिक के है और उनका यह आखिरी विश्वकप हो सकता है। इनमें डी ब्रुइन, एडेन हैजार्ड, एक्सल विटसेल, जान वर्टोंघेन, टोबी एल्डरविएरल्ड और गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस शामिल हैं। ए सभी खिलाड़ी अब आगामी मैचो में कोई कसर नही छोड़ना चाहेगे। कनाडा के खिलाफ प्रदर्शन को कोच रहते हुए टीम का सबसे खराब मैच करार देने वाले बेल्जियम के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज मोरक्को के खिलाफ कुछ नए चेहरो को मैदान मे उतार सकते है।

## जापान की निगाहें कोस्टा रिका पर जीत से नॉकआउट में पहुंचने पर

**दोहा (कतर)।** फीफा विश्व कप के शुरूआती मुकाबले में चार बार की चैम्पियन जर्मनी पर उलटफेर भरी जीत दर्ज करने के बाद जापान की निगाहे ग्रुप ई मे कोस्टा रिका के खिलाफ जीत दर्ज कर नॉकआउट चरण में जगह बनाने पर लगी होंगी। जापान की इस जीत की तुलना इंग्लैंड में 2015 रग्बी विश्व कप में जापान की दक्षिण अफ्रीका पर 34-32 की उलटफेर भरी जीत से की जा रही है। जर्मनी जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ अंडरडॉग (छुपा रूस्तम) के तौर पर उतरा जापान कोस्टा रिका के खिलाफ प्रबल दावेदार होगा और इसमें जीत उसे एक मैच रहते नॉकआउट चरण में पहुंचा देगी। कोस्टा रिका को शुरूआती मैच में स्पेन से 0-7 से हार मिली थी जिससे रविवार को जापान से हार उसे टूर्नामेंट से बाहर कर देगी। कोस्टा रिका को अपने अंतिम मैच मे जर्मनी से भिड़ना है और जापान का सामना स्पेन से होगा। पांच लाख के करीब लोगो की आबादी वाला कोस्टा रिका अपने छठे विश्व कप में खेल रहा है। मध्य अमेरिका का यह छोटा सा देश ब्राजील में 2014 में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचा था। वही जापान की टीम कभी भी विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में नही पहुंची है जिससे इस बार वह ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। टीम लगातार सातवी बार विश्व कप में खेल रही है और वह तीन बार राउंड 16 तक पहुंची है जिसमें 2018 में रूस का विश्व कप भी शामिल है। जापान के कोच हाजिमे मोरियासू इस बार टीम को क्वार्टरफाइनल तक पहुंचाने के बारे में बात कर रहे है। स्थानापन्न रित्सु दोआन और ताकुमा असानो ने जर्मनी के खिलाफ अंत मे गोल दागे थे, ए दोनों जर्मनी की बुंदेसलीगा मे खेलते है। स्पेन के खिलाफ मिली हार के बाद कोस्टा रिका के कोच लुई फर्नांडो सुआरेज ने कहा, हम तीन या चार पास पूरे नही कर सके। इससे कोस्टा रिका के सामने जापान के खिलाफ गेंद को कब्जे में रखने की कड़ी चुनौती होगी।

## स्पेन के खिलाफ उम्मीदें जीवंत रखने उतरेगा जर्मनी

**दोहा।** अप्रैल मे जब विश्वकप के ड्रा डाले गए थे तो सभी की निगाहे अल बायत स्टेडियम मे जर्मनी और स्पेन के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी थी। इन दो पूर्व विश्व चैंपियन के बीच होने वाला यह मुकाबला आठ महीने बाद और अधिक महत्वपूर्ण बन गया है। इन दोनो के खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन जर्मनी पहले मैच में जापान से हार के कारण बाहर होने के कगार पर खड़ा है। उसे अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए रविवार को स्पेन पर हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। स्पेन से हारने पर जर्मनी को लगातार दूसरे विश्वकप मे पहले दौर में ही बोरिया बिस्तर समेटना पड़ सकता है। जर्मनी की हार तथा जापान और कोस्टारिका के बीच मैच कम से कम ड्रॉ होने पर चार बार का चैंपियन बाहर हो जाएगा। दूसरी तरफ स्पेन नॉकआउट में अपनी जगह सुरक्षित करना चाहेगा। उसने अपने पहले मैच मे कोस्टारिका को 7-0 से हराया था। जर्मनी के लिए संकेत उत्साहजनक नही है। उसने स्पेन के खिलाफ जो आखिरी मैच दो साल पहले नेशंस लीग में खेला था उसमें उसे 6-0 से हार का सामना करना पड़ा था। जर्मनी ने अपना चौथा विश्वकप खिताब 2014 मे ब्राजील में जीता था लेकिन 2018 मे वह ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था। अगर इस बार भी चार साल पहले की कहानी दोहराई जाती है तो यह पहला अवसर होगा जबकि जर्मनी लगातार दो विश्व कप में नॉकआउट में जगह नही बनाएगा। स्पेन ने 2010 में दक्षिण अफ्रीका मे खेले गए विश्वकप मे अपना आखिरी खिताब जीता था जबकि 2018 मे वह अंतिम 16 से आगे नही बढ़ पाया था।

## मेस्सी को खेलते देखने के लिए केरल से एसयूवी में कतर पहुंची पांच बच्चों की मां



दुबई। फीफा विश्व कप का खुमार सिर्फ मेजबान कतर तक ही सीमित नही है बल्कि भारत में भी यह सिर चढ़कर बोल रहा है। स्टार फुटबॉलर लियोनल मेस्सी की मुरीद केरल की एक महिला इस स्टार और अपनी पंसदीदा टीम अर्जेंटीना को खेलते देखने के लिए अकेले अपनी कस्टमाइज्ड एसयूवी से कतर पहुंच गई। खलीज टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार पांच बच्चों की मां नाजी नौशी ने केरल से 15 अक्टूबर को खाड़ी देशो की यात्रा शुरू की और संयुक्त अरब अमीरात पहुंची। तैतीस साल की नौशी अपने हीरो मेस्सी और अर्जेंटीना को विश्व कप में खेलते हुए देखना चाहती थी। हालांकि वह सऊदी अरब से अर्जेंटीना को मिली हार से टूट गई लेकिन अब भी अगले मैच मे अपनी पसंदीदा टीम की जीत की उम्मीद लगाए है। अखबार ने उनके हवाले से कहा, मै अपने हीरो लियोनल मेस्सी को खेलते हुए देखना चाहती हूं।

### विश्व टीम शतरंज : भारत कांस्य पदक के प्लेऑफ में स्पेन से हारा

**यरूशलम।** भारत को शनिवार को यहां फिडे विश्व टीम शतरंज चैम्पियनशिप मे दो दौर के कांस्य पदक प्लेऑफ के टाई रहने के बाद स्पेन से टाईब्रेक में।-3 से हार का सामना करना पड़ा। दोनो दौर मे टीमों ने 2-2 से ड्रा खेला। लेकिन जेमी सांतोस लातासा और डेविड एंटन गुईजारो ने क्रमशः विदित संतोष गुजराती और निहाल सरीन को ब्लिट्ज टाई ब्रेक में हराकर स्पेन को बढ़त दिलाई। अन्य बाजियों में एस एल नारायणन ने एलेक्सेई शिरोव से ड्रा खेला और अभिजीत गुप्ता ने मिगुएल सांतोज रूईज से अंक बांटे। इसेस स्पेन ने शनिवार को 3-। के अंतर से जीत दर्ज की।

### डेविस कप : क्रोएशिया को 2–1 से हराकर आस्ट्रेलिया फाइनल में

**मलागा (स्पेन)।** आस्ट्रेलिया ने क्रोएशिया को 2-। से हराकर 19 साल में पहली बार डेविस कप फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलिया ने अपना 28वां और अंतिम खिताब 2003 में जीता था। लेटन हेविट की टीम शुक्रवार को पहला एकल गंवाने के बाद वापसी करने में सफल रही। फिर आस्ट्रेलिया की युगल जोड़ी ने निर्णायक मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल की। आस्ट्रेलिया के लिए 1999 से 2018 तक रिकॉर्ड 43 डेविस कप मुकाबले खेल चुके हेविट ने कहा, मुझे बहुत गर्व है। आस्ट्रेलिया का इस प्रतियोगिता में वास्तव में शानदार इतिहास है। बार्ना कोरिच ने थानासी कोकिनाकिस को 6-4, 6-3 को हराकर क्रोएशिया को आगे कर दिया था। लेकिन एलेक्स डि मिनॉर ने मारिन सिलिच को 6-2, 6-2 से हराकर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। जिससे युगल मुकाबला निर्णायक हो गया।

### पूरक आहार परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करेगी सरकार : खेल सचिव

**नई दिल्ली।** खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने शनिवार को यहां कहा कि खिलाड़ियों को अनजाने मे प्रतिबंधित पदार्थ लेने से रोकने के लिए सरकार पूरक आहार परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करेगी। डोप परीक्षण मे असफल रहने वाले कई खिलाड़ी दावा करते रहे है कि उन्होंने पूरक आहार के तौर पर अनजाने मे प्रतिबंधित पदार्थों का सेवन किया। चतुर्वेदी ने यहां फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा, हमने हाल में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, अहमदाबाद और भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण के साथ एक प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए समझौता किया है जिससे पूरक आहार के परीक्षण में मदद मिलेगी। हम अब पूरी तरह से संशोधित राष्ट्रीय डोपिंग रोधी कार्यक्रम की ओर बढ़ रहे हैं।

## बल्लेबाजों को बदलना होगा पावरप्ले में खेलने का रवैया

### ● श्रृंखला बचाने के लिए भारतीय टीम करनी होगी मेहनत, न्यूजीलैंड से दूसरा वनडे आज

**भाषा।** हैमिल्टन

**भारतीय टीम** जब रविवार को यहां करो या मरो के दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी तो उम्मीद करेगी कि कप्तान शिखर धवन और युवा शुभमन गिल पावरप्ले ओवरों में बेहतर रवैया अपनाएं। सेडोन पार्क तीनों ओर से खुला मैदान है लेकिन न्यूजीलैंड में बल्लेबाजों के लिए सबसे मददगार मैदानों में से एक के रूप में मशहूर है जिसमें बल्लेबाजों को अपने शॉट के लिए उचित रन मिलेंगे। पहले वनडे में धवन (77 गेंद में 72 रन) और गिल (65 गेंद में 50 रन) ने पहले विकेट के लिए 123 रन की भागीदारी निभाई थी लेकिन ईडन पार्क जैसे





छोटे मैदान पर सात विकेट पर 306 रन का स्कोर कम से कम 40 रन से कम रहा। गेंदबाजों ने महज 47 ओवर में ए रन गंवा दिए जिससे जिम्मेदारी मुख्य बल्लेबाजों पर ही आ जाती है क्योंकि अगर वाशिंगटन सुंदर ने शानदार योगदान नहीं दिया होता तो भारत 300 रन के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाता। यह काफी हद तक पहले 10 पावरप्ले ओवरों में भारतीय सलामी बल्लेबाजों के सतर्कता भरे दृष्टिकोण की बदौलत ही हुआ जिसमें जरूरत के मुताबिक रन नहीं बने। मोईन अली ने हाल में एक साक्षात्कार में कहा था कि जो टीमें पहले सफेद गेंद के क्रिकेट में आस्ट्रेलिया के तरीके को अपनाती थीं अब वे इंग्लैंड की ओर देखने लगी हैं जिसने हाल के दिनों में इस प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम इसी में पिछड़ रही है और ऑकलैंड में टीम पहले पावरप्ले ओवर में केवल 40 रन ही बना सकी। एक और आंकड़े से भारतीय शीर्ष क्रम बल्लेबाजों के सीमित ओवर के प्रारूप में रवैए का पता चलता है (इसमें सिर्फ रोहित शर्मा, केएल राहुल या विराट कोहली ही शामिल नहीं हैं)। धवन ने 77 गेंद में 72 रन बनाए जिसमें 13 चौके जड़े थे। जिससे उन्होंने 13 गेंदों में चौकों से 52 रन जोड़े। जबकि बचे हुए 20 रन के लिए उन्होंने 64 गेंद खेली और इसमें से 44 डॉट गेंद रहीं क्योंकि वह पावरप्ले में रन नहीं बना पा रहे थे। जहां कप्तान एक ओर जूझ रहा था, वहीं गिल ने एक और अर्धशतक जड़कर अपने कुल औसत को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया लेकिन उनकी पारी की रफ्तार भी बहस का विषय है। उन्होंने 65 गेंद में 50 रन बनाए जिसमें तीन छक्के और एक चौका जड़ा था। मतलब चार गेंद में 22 रन बने। उन्होंने बाकी के 28 रन 61 गेंद खेलकर बनाए। पारी की नींव तैयार करने और तेजी से रन जुटाने का काम अंत की ओर छोड़ने के इसी रवैए से भारत ने टी20 विश्व कप गंवा दिया लेकिन हैरानी की बात है कि इस श्रृंखला के लिए वनडे में खिलाड़ियों के बदलने के बावजूद बल्लेबाजी दृष्टिकोण वही पुराना वाला बना हुआ है।

### विश्वनाथ, वंशज और देविका को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय मुक्केबाज** विश्वनाथ सुरेश, वंशज और देविका घोरपड़े ने स्पेन के ला नुसिया में चल रही आईबीए युवा पुरुष और महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। चेन्नई में जन्में विश्वनाथ ने इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने पुरुषों के 48 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में फिलीपींस के रोनेल सुयोम को हराकर सोने का तमगा हासिल किया। इसके बाद रिंग पर उतरी भावना शर्मा को महिलाओं के 48 किग्रा भार वर्ग में उज्बेकिस्तान की गुलसेवर गनीवा से 0–5 से हार के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। आशीष (54 किग्रा) रजत पदक हासिल करने वाले अन्य भारतीय थे। वह जापानी मुक्केबाज युता साकाई से।–4 से हार गए।

## यूपी क्वार्टर फाइनल में, मावी का कहर



### ● विजय हजारे ट्राफी : मुंबई को आठ विकेट से हराया

भाषा। अहमदाबाद

**मुंबई की** अनुभवहीन टीम को आठ विकेट से हराकर उत्तर प्रदेश ने शनिवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। शिवम मावी की अगुवाई में उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके बल्लेबाजों की मददगार पिच पर मुंबई को 220 रन पर आउट कर दिया। मावी ने 41 रन देकर चार विकेट लिए जबकि कार्तिक त्यागी और शिवा सिंह को दो दो विकेट मिले। जवाब में उत्तर प्रदेश के विकेटकीपर और सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल ने 103 गेंद में 82 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज माधव कौशिक ने 75 गेंद में 46 रन का योगदान दिया। कप्तान करण शर्मा ने 38 गेंद में नाबाद 42 रन बनाए। उत्तर प्रदेश ने 26 गेंद बाकी रहते मैच जीत लिया। अब उसका सामना अंतिम आठ में महाराष्ट्र से होगा। मुंबई की टीम यशस्वी जायसवाल और सरफराज अहमद के बिना उतरी थी जो बांग्लादेश दौरे पर भारत ए टीम के साथ है। पृथ्वी साव (10) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (26) भी कुछ खास नहीं कर सके। शम्स मुलानी (70 गेंद में 51 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तामोर (67 गेंद में 53 रन) ने छठे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी की। तामोर के आउट होने के बाद मुंबई ने आखिरी पांच विकेट 23 रन के भीतर गंवा दिए।

### झारखंड पर आसान जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंचा कर्नाटक

**अहमदाबाद।** तेज गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद निकिन जोस की अर्धशतकीय पारी की मदद से कर्नाटक ने शनिवार को यहां कम स्कोर वाले मैच में झारखंड को पांच विकेट से शिकस्त देकर विजय हजारे एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। तेज गेंदबाज रोनित मोरे, विद्वत कावेरप्पा और एम वेंकटेश के तीन-तीन विकेट लिए जिससे झारखंड की टीम 47.1 ओवर मे 187 रन पर आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए कर्नाटक की शुरुआत बहुत अच्छी नही रही, लेकिन जोस के नाबाद 63 रन और रवि कुमार समर्थ के 53 रन की मदद से वह 40.5 ओवर मे पांच विकेट पर 188 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रहा।

### केरल को हराकर जम्मू कश्मीर अंतिम-8 में

अहमदाबाद। जम्मू कश्मीर ने शनिवार को यहां केरल पर सात विकेट की जीत से विजय हजारे ट्राफी में अपना स्वप्निल सफर क्वार्टरफाइनल तक बढ़ा दिया। फॉर्म मे चल रहे औकिब नबी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ (39 रन देकर चार विकेट) प्रदर्शन किया जिससे जम्मू कश्मीर ने केरल को 47.4 ओवर मे महज 174 रन पर समेट दिया। जवाब मे कश्मीर ने शुभमन। (76 रन) और कामरान (51 रन) के अर्धशतकों तथा 21.4 ओवर मे उनकी 113 रन की भागीदारी से 37.5 ओवर मे यह लक्ष्य हासिल कर लिया।

### आईओए अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगी पी टी उषा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उड़नपरी पी टी** उषा ने शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन भरने का ऐलान करके सभी को चौंका दिया। चुनाव दस दिसंबर को होंगे। एशियाई खेलों में 400 मीटर बाधा दौड़ में कई स्वर्ण पदक जीत चुकी और 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही 58 वर्ष की उषा ने ट्वीट करके यह घोषणा की। अपने साथी खिलाडियों और राष्ट्रीय महासंघों के समर्थन से मै आईओए अध्यक्ष पद के लिए नामांकन स्वीकार करके और भरकर काफी गौरवान्वित हूं। नामांकन भरने की आखिरी तारीख रविवार है। आईओए चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने कहा कि शुक्रवार को प्रक्रिया शुरू होने के बाद से अभी तक कोई नामांकन नहीं भरे गए। उषा आईओए के एथलीट आयोग में चुने गए आठ दिग्गज खिलाड़ियों में से एक भी है। उषा को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार माना जा रहा है जिसने उन्हें जुलाई में राज्यसभा सदस्य नामित किया था। एशियाई खेल 1982 से 1994 के बीच में चार स्वर्ण समेत 11 पदक जीत चुकी उषा ने 1986 सियोल एशियाई खेलों में 200 मीटर, 400 , 400 बाधा दौड़ और चार गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण और 100 मीटर में रजत जीते थे।

## आकाशदीप की हैट्रिक बेकार

### आस्ट्रेलिया से पहले मैच में 4-5 से हारा भारत

**भाषा।** एडीलेड



**आकाशदीप** सिंह की हैट्रकि भी भारतीय पुरूष हॉकी टीम के काम नहीं आ सकी जिसे शनिवार को यहां अंतिम मिनट में दो गोल गंवाने के कारण पांच मैचों की श्रृंखला के पहले बड़े स्कोर वाले टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया से 4–5 से हार का सामना करना पड़ा। आकाशदीप सिंह (10वें, 27वें और 59वें मिनट) ने तीन गोल दागे जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह (31वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। आस्ट्रेलिया के लिए लाचलान शार्प (पांचवें), नाथन इफरॉम्स (21वें), टॉम क्रेग (41वें) और ब्लेक गोवर्स (57वें और 60वें) ने गोल दागे। गोवर्स ने मैच के अंत में पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल किए। भारतीय मुख्य कोच ग्राहम रीड मैच के अंतिम चरण में अपनी टीम के प्रदर्शन से निराश थे। मैच का अंत काफी निराशाजनक था जबकि इससे पहले यह शायद काफी अच्छा प्रदर्शन था। हमने कुछ चरण में विशेषकर दो क्वार्टर में निराशाजनक प्रदर्शन किया लेकिन मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छी वापसी की लेकिन दुर्भाग्य से हमने फिर अंत में बढ़त (आस्ट्रेलिया को) दे दी। हमें इसमें ही अब बेहतर होना होगा। अब चुनौती है कि मिलकर अच्छा प्रदर्शन करें। इस दौरे के उद्देश्यों में से एक है निरंतरता बनाना और कल हमारे लिए यही चुनौती होगी। श्रृंखला का दूसरा मैच रविवार को खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की और पांचवें ही मिनट में बढ़त बना ली जब शार्प ने पहले ही प्रयास में भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश को छकाकर गोल दागा। भारतीय टीम ने भी तुरंत इसका जवाब दिया जिसमें अमित रोहिदास ने बाईं ओर से शानदार मूव बनाया लेकिन आस्ट्रेलियाई रक्षण द्वारा गेंद को सर्कल के अंदर ही रोक दिया गया। आकाशदीप ने फिर 11वें मिनट में भारत को बराबरी पर ला दिया जब हार्दिक सिंह ने उनके लिए शानदार मौका बनाया। दूसरे क्वार्टर के छह मिनट बाद आस्ट्रेलिया ने फिर अपनी बढ़त कायम कर ली जिसमें भारतीयों के खराब रक्षण का हाथ रहा। भारतीय डिफेंडर एक क्रास को रोकने में असफल रहे और इफरॉम्स ने इसे चतुराई से डिफ्लेक्ट किया और गेंद नेट में पहुंच गई। आकाशदीप फिर भारत के बचाव में आए और उन्होंने 27वें मिनट में तेज रिवर्स हिट से स्कोर 2–2 से बराबर कर दिया। हाफ टाइम से तुरंत पहले आस्ट्रेलिया को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत के दूसरे गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक काफी सतर्क थे और उन्होंने खतरे को टाल दिया।

# भारतीय संविधान नए कानूनों का मार्गदर्शक: न्यायाधीश

● संविधान दिवस पर प्रतियोगिता,सांस्कृतिक दल, चित्र प्रदर्शनी एवं गोष्ठी का आयोजन

● 20 प्रतिभागी पुरस्कृत

संवाददाता। फतेहगढ़




**26 नवंबर,2022** को आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संविधान दिवस के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरोए क्षेत्रीय कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, मैनपुरी द्वारा दुर्गा नारायण महाविद्यालयए फ्तेहगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि सुमित प्रेमी,व्यवहार न्यायाधीश, सीनियर डिवीजन ने कहा कि भारतीय संविधान किसी भी बनाने वाले नए कानून का मार्गदर्शक होता है जब भी कार्यपालिका अधिकारों का अतिक्रमण करता है तो न्यायपालिका उसके संरक्षण के लिए कार्य करती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जज शिवम कुमार ने कहा कि संविधान देश के लोगो के लिए जानना जरूरी है उन्हें पता होना चाहिए कि इसका निर्माण क्यों किया गया था। मुख्य अतिथि दीपाली भार्गव, सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि देश के संविधान का खाका 26 नवंबर,1949 को तैयार हुआ,ये दिन संवैधानिक नजरिये से सबसे महत्वपूर्ण है। संविधान से सभी व्यवस्था संचालित होती है जिस वजह से सभी को इसकी जानकारी होनी चाहिए,उन्होंने कार्यक्रम में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ भी किया। राम मुरारी शुक्ल,पूर्व प्रधानाचार्य ने कहाएकि ये संविधान देश के तत्कालीन नीति.नियंताओ ने बनाया थाएइसे अक्षुण्ण रखना हमारी जिम्मेदारी है। चंद्रशेखर वर्मा,पूर्व शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि हमारा देश अंग्रेजो के कब्जे में रहा जिनसे आज़ादी के बाद देश के संविधान निर्माण किया गया। डॉ विनोद तिवारीसमन्वयक इग्नू ने कहा कि देश का संविधान देश के लोगो के कुशल संचालन पर निर्भर करता है। डॉ विनीता वमा संस्कृत विभागाध्यक्ष ने भारतीय संविधान के लेखन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी आमजनों को दी। इसके अलावा कई वरिष्ठ अधिवक्ताओ ने भारतीय संविधान के बारे में जानकारी दी। जयकिशन परिहार क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए बताया कि भारत सरकार के द्वारा 2015 में संविधान दिवस का आयोजन प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों को संविधान की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन राजीव वाजपेयी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक गायन के द्वारा शंकर संकीर्तन मंडल,शाहजहांपुर ने लोगों का मनोरंजन किया। विभाग के द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके 20 विजेताओं. रेखा देवी,ऋषि सिंह,आर्यन सिंह, प्रभाकर, विशाल गौतम, प्रतीक्षा यादव, अनुभवा, पवन, मोहिनी, शिवानी, सत्यम, अजय कुमार, प्रशांत तिवारी, संध्या,कोमल, आफ्रोज बानो, दिव्या पांडेय व विवेक कुमार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# गहोबा में मेले का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। रूरा कानपुर देहात



**मेला बचपन** की याद दिलाने के साथ ही दिलों का मेल कराता है जिसमें बच्चों को भरपूर आनंद एवं बड़ों को अपने बचपन में खरीदे गए खिलौने मिठाई के आनंद की याद से अंतर्मन को सराबोर कर देता है उक्त बात राज्य अध्यापक पुरस्कार से अलंकृत शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित ने भूरेबाबा मंदिर गहोबा में फीता काटकर आजादी के प्रारंभ के समय से चले आ रहे वार्षिक मेले का शुभारंभ करते हुए कही। इस अवसर पर भूलेख अधिकारी डेरापुर मनोज सचान ने कहा कि मेले से युवाओं में आपसी प्रेम और सौहार्द बढ़ता है तथा मिलजुल कर रहने की सीख मिलती है कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व शिक्षक रामअवतार दीक्षित ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाध्यापक लालसिंह भूलेख अधिकारी मनोज सचान जगमोहन दीपू सियाराम अंकित यादव राजू ग्राम प्रधान रामनरेश जे पी बाजपेई हृदय नारायण मासूक अली बरकत अली सत्यप्रकाश तिवारी राजू दीक्षित राम प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस के पर उद्देशिका को याद कर ली गयी शपथ

**कानपुर देहात।** 20 नवंबर 1949 को हमारा संविधान पूर्ण रूप से बनकर तैयार हुआ इसी उपलक्ष में संविधान दिवस मनाया जाता है ताकि इसकी उपयोगिता और महत्व से आज की पीढ़ियों को अवगत कराया जा सके इस संविधान निर्माण में निश्चित रूप से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान है लेकिन इसके अलावा भी अन्य व्यक्तियों ने भी बहुत बड़ी भूमिका अदा की है जिसमें पहला नाम इस संविधान को अपने हाथ से लिखने वाले प्रेम नारायण रायजादा का स्मरण आता है जिन्होंने संविधान को हिंदी में अंग्रेजी में अपने हाथों से लिखा और लिखने के एवज में कोई मेहनताना भी नहीं लिया और कहा कि मेरी स्मृतियों को इसमें सजो कर रखा जाएगा यही मेरा देयक होगा। दूसरा योगदान जो इसमें चित्रकारी की गई है जिसको नंदलाल बोस द्वारा बनाया गया है इसके अलावा विभिन्न समितियों के अध्यक्षों द्वारा अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए इस संविधान की रचना की और इस संविधान की विशेषता रही है कि भारत को एक समावेशी एक संपूर्ण और एक लोकतांत्रिक रूप में बदलने की जो संविधान ने भूमिका अदा की है निश्चित रूप से सराहनीय है, प्रशंसनीय है। ऐसे ही महान व्यक्तित्व के धनी व्यक्तियों को आज कलेक्ट्रेट परिसर में संविधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में किया गया। उन्होनें संविधान दिवस के संबंध में बताते हुए कहा कि आज का दिवस %संविधान दिवस% के रूप में भी जाना जाता है, हमारे देश में हर साल 26 नवंबर को भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को, भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ।

# भैंसे चराने गये ग्रामीण की निर्मम हत्या , शव झाड़ियों में मिला

संवाददाता। कमालगंज फर्रुखाबाद

**भैंसे चराने** गये ग्रामीण की अज्ञात मवेशी लुटेरो ने निर्मम हत्या कर दी। हुसैनगंज एवं शेखपुर गुमटी के बीच रेलवे लाइन के किनारे झाड़ी में पड़ा देखा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

बताते है कि थाना कमालगंज के ग्राम भोला नगला निवासी 55 वर्षीय रामपाल यादव प्रतिदिन की तरह अपनी दोनो भैंसे व दो पडरे चराने के लिए गांव के सामने बाग की ओर गए थे। शाम को न तो रामपाल घर लौटे और न ही भैंसे घर पहुंची। परिजनों ने देर रात तक रामपाल को तलाश किया लेकिन केई पता नही चला। बाद में कुछ लोगो ने रामपाल का क्षत–.विक्षत शव आज सुबह ग्राम हुसैनगंज एवं शेखपुर गुमटी के बीच रेलवे लाइन के किनारे झाडियों में पड़ा देखा गया।

हुसैनगंज के बाशिंदे सुबह उधर शौच करने गए थे उन्होंने घटना की जानकारी रामपाल के परिजनों को दी। परिजनों ने मौके पर जाकर शव की रामपाल के रूप में शिनाख्त कर ली। रामपाल के हाथ व पैर रस्सी से बंधे थे तथा शरीर के कई टुकड़े लोथडे में बदल गए थे। अनुमान लगाया गया कि भैंसों को लूटने वालों ने रामपाल के हाथ पैर बांधकर रेलवे लाइन पर रख दिया।

ट्रेन से कट जाने पर रामपाल के शव को झाड़ी में डाला गया। सूचना मिलते ही भोजपुर चौकी इंचार्ज राघवेंद्र तिवारी एवं सेकंड इंस्पेक्टर चंद्रिका प्रसाद मौके पर पहुंचे। सीओ रवींद्रनाथ राय व फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंचे। पहुंचकर जांच पड़ताल की। बताया गया कि दोनों भैंसें एक लाख रुपए से अधिक की थी। भैंस लूटने का विरोध करने पर ही रामपाल की हत्या की गई है।

पुलिस ने काफी दूरी तक रेलवे ट्रैक का बारीकी से निरीक्षण कर खून के धब्बे देखें। खून के निशान न मिलने पर निष्कर्ष निकाला गया की रामपाल को ट्रेन से नहीं काटा गया है। बल्कि उसकी और कहीं हत्या कर



शव यहां डाला गया है। पड़ोसी गांव शेखपुर निवासी तरीक कुरैशी घटनास्थल पहुंचा। भोला नगला वालों ने तरीक को पहचान कर उसकी पिटाई कर दी।

पुलिस ने किसी तरह तरीक को पिटने से बचाया और उसे थाने भिजवा दिया। परिजनों ने बताया कि शेखपुर के कई कसाई बीते दिनों रामपाल के दोनों पडरा खरीदने गए थे रामपाल ने पडरा बेचने से मना कर दिया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था इसी पंचायत में तरीक भी मौजूद था। रामपाल को जानवर काटने वाले औजारों से काटे जाने की आशंका जाहिर की गई है।

## एसपी ने की जांच पड़ताल

घटना के संबंध में मृतक के बेटे विनय ने वसीम पुत्र दूल्हे मियां व उनके चार साथियों के विरुद्ध पिता की हत्या करने की आशंका में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में विनय ने कहा है की वसीम चार व्यक्तियों के साथ 25 नवंबर को घर आए थे। उन्होंने भैंस खरीदने के लिए पिता को 200 रुपए ब्याना दिया था। शेष रुपए 25 नवंबर को बाग में देने का वादा किया था।

मुझे शक है कि उक्त व्यक्तियों ने ही पिता की हत्या कर भैसों को गायब कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मौके पर जाकर मामले की व्यापक जांच पड़ताल की। श्री मीणा ने थाना पुलिस को शीघ्र ही घटना का खुलाशा करने का निर्देश दिया है।

## क्विक न्यूज

### जनपद न्यायालय के केन्द्रीय सभागार में मनाया गया संविधान दिवस व मूल कर्तव्यों की दिलायी गयी शपथ

**कानपुर देहात।** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा- निर्देशों के अनुपालन में संविधान दिवस के सुअवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश श्री लालचन्द गुप्ता के निर्देशन में दिनाँक 26.11.2022 को प्रातः 10.00 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी सचिव महोदया, श्रीमती अलंकृता शक्ति त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सभा का संचालन किया गया। संविधान दिवस के सुअवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण की उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना का पाठन एवं संविधान में लिखित मूल कर्तव्यों की शपथ दिलायी गयी एवं अपने सम्बोधन में संविधान की महत्ता के अपने जीवन में आदर्शित करने हेतु बताया गया। आयोजन में सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सचिव महोदया, प्रभारी सचिव श्रीमती ,अलंकृता शक्ति त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के द्वारा कार्यक्रम के उपरान्त उपस्थित सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं समस्त कर्मचारीगण को धन्यवाद सम्बोधित किया गया।

### समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, दिलाई शपथ

**फतेहपुर।** माह के अंतिम शनिवार को जिले के सभी थानों पर संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम-एसपी ने मलवां थाना पहुंचकर जनसमस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराने का प्रयास किया। तत्पश्चात इसी थाने पर संविधान दिवस पर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई। संविधान दिवस पर डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मलवां थाना परिसर में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व पुलिस बल को शपथ दिलाई कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी पंत निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबमे व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी संविधान सभा में आज एतदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। इसके उपरांत डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से थाना समाधान दिवस में इसी थाने पर जन शिकायतें सुन मौके पर निस्तारण भी किया। मातहतों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण करने हेतु सख्त निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व कर्मी व पुलिस विभाग आपस मे समन्वय बनाकर शिकायतों का निस्तारण तत्परता से करें। जन शिकायतों के मामले में जरूरत के मुताबिक मौके पर जाकर शिकायतों के निस्तारण करायें। सभी राजस्व कर्मी अपने अपने क्षेत्र के शिकायत रजिस्टर में शिकायतों को दर्ज करते हुए कहा कि शीघ्र उसका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करें। यदि राजस्व कर्मियों को कहीं भी पुलिस की जरूरत पड़ती है तो वह तत्काल थाने से पुलिस बल लेकर प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त जन शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिये।

### दुष्कर्मी को बीस साल की सजा, 15 हजार जुर्माना

**फतेहपुर।** जिले की पाक्सो कोर्ट प्रथम के विद्वान न्यायाधीश ने शनिवार को एक फैसला सुनाते हुये नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष का सशक्त कारावास और पन्द्रह हजार रुपये का जुर्माना की सजा सुनाई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र उत्तम ने बताया कि जाफरगंज थाना क्षेत्र में 15 जुलाई 2019 को एक नाबालिग किशोरी खेत से धान लगा कर वापस घर आ रही थी। रास्ते में पहले से घात लगाये बैठे आरोपी पंकज ने अपने चार अन्य साथियों के साथ चार पहिया बाहन से उसका अपहरण कर लिया और दूर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। उन्होने बताया कि पीड़िता ने घर जाकर आप बीती बताई तो उसका पिता उसे थाना लेकर गया और पंकज आदि के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि विचाराधीन मामले में पेश हुये छह गवाहों और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों तथा दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्क सुनने के बाद विद्वान न्यायाधीश मोहम्मद अहमद खां ने पंकज पर आरोप सिद्ध होने पर 20 वर्ष का कारावास तथा 15 हजार रुपये का जुर्माना की सजा सुनाया। निर्णय में जुर्माना की धनराशि से 12 हजार 5 सौ की धनराशि पीड़िता को भुगतान करने का आदेश दिया।

### पूंजी वृद्धि की योजना

लखनऊ। यूनियन एएमसी ने यूनियन मल्टीकैप फंड के लांच की घोषणा की जो एक ओपन.एंडेड इक्विटी योजना है, जिसका मकसद अनुशासित तरीके से पूरे बाजार पूंजीकरण में इक्विटी और इक्विटी से संबंधित प्रतिभूतियों में निवेश करके पूंजी वृद्धि प्रदान करना है। इस योजना का मकसद लार्ज कैप के माध्यम से कम वाष्पशीलता के साथ.साथ मिड और स्मॉल कैप द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च विकास क्षमता का लाभ उठाना है। यह जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीपकुमार ने दी।

### केक काटकर मनाया गया आम आदमी पार्टी का स्थापना दिवस

**फतेहपुर।** आम आदमी पार्टी का स्थापना दिवस समारोह जहानाबाद कस्बे स्थित एक मैरिज हाल में आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कानपुर के पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जातिध्जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश बाल्मीकि रहे। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक महेश बाल्मीकि ने कहा कि यह देश फरमान से नहीं बल्कि संविधान से चलेगा। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पटेल ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी की स्थापना की गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य था कि आम जनमानस की बुनियादी समस्याओं का निदान करते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए जिसके लिए पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता आज भी पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहा है। इस मौके पर जहानाबाद नगर पंचायत के प्रभारी चंद्रभानु पटेल, अनुसूचित जाति जनजाति विंग के प्रदेश सचिव विजय कुमार गौतम, शिवम दीक्षित, साकिब रंगरेज, जावेद अहमद, श्रवण उमराव, प्रकाश प्रजापति, राहुल द्विवेदी, जहानाबाद विधानसभा अध्यक्ष शबनम, राहुल अग्निहोत्री, मनोज पाल आदि लोग मौजूद रहे।

### बारातियों से भरी टाटा मैजिक पलटी, पांच घायल

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत टीसी गांव के समीप शनिवार की दोपहर बारात से वापस आ रही टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे दूल्हा के भाई समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। घायल में चालक भी शामिल है। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मुस्तुफापुर गांव निवासी स्व. बाबूलाल मौर्या के पुत्र सुरेंद्र कुमार मौर्या की बारात शुक्रवार की रात थरियांव थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव गई थी। आज दोपहर लौटते समय जैसे ही वाहन राधानगर थाना के टीसी गांव के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक शिवम बाजपेई (40) निवासी सकूलपुर, मदनलाल (55), बसंतलाल (50), राजेंद्र कुमार (32) पुत्रगण स्व. मोहनलाल व दूल्हा का भाई सुनील कुमार मौर्या (30) गंभीर रूप से घायल हो गये।

# घाटमपुर में दिन भर जाम जैसे हालात स्कूली बसें व एम्बुलेन्स भी फंसी रही

संवाददाता। घाटमपुर

**बीते शुक्रवार** की तरह आज शनिवार को भी नगर के मुख्य चौराहे पर सुबह से लेकर देर शांम तक जाम जैसे हालत बनें रहे, जाम में स्कूली बसें और एम्बूलेंन्सों के साथ रोडवेज की बसें भी घंन्टों फंसी रही, वैसे तो चौराहे पर जाम लगने की समस्या कोई नयी बात नही है लेकिन जब से कानपुर–सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवर फ्लाई के निर्माण का काम शुरु हुआ है तब से जाम की समस्या जान लेवा साबित हो रही है। बताया जाता है कि ओवर फ्लाई के नीचे सर्विस लाइन के किनारे डेढ़ फीट का डिवाइडर बना कर खाली जगह में मिट्टी भराई का काम हो रहा है जिसके चलते पीएनसी के गार्ड मनमानी तरीके से यौराहे पर वाहनों को रोक देते हैं जिसके चलते घंन्टों जाम लग जाता है, शनिवार सबेरे भी




कानपुर रोड पर बस स्टाप के सामने मिट्टी भरा एक डंफर सड़क पर खड़ा कर दिया गया जिसके चलते हमीरपुर की ओर से आने वाले गिट्टी–मोरंग के ट्रको के साथ हल्के व दुपहिया वाहनों की लाइन लगी गयी, करीब पौन घंन्टे बाद जब डंफर मिट्टी गिरा कर हटा तब यातायात बहाल तो हुआ लेकिन चौराहे पर पुखरॉया–भोगनीपुर रोड पर मीलों लम्बी वाहनों की लाइन लग गयी। उधर शुक्रवार और शनिवार को स्टेट हाइवे और कानपुर–सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम से लोग जूझते रहे लेकिन पुलिस कोतवाली में बनी रही और यातायात नियंत्रण के नाम पर पीएनसी के आधा दर्जन गार्ड जूझते रहे।

# सरसों की फसल नष्ट करने का आरोप पुलिस अधीक्षक से शिकायत

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव गुरदयाल नगला मजरा सलेमपुर दूँदेमई निवासी रनवीर सिंह व महावीर सिंह ने पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उनकी गांव स्थित गाटा संख्या 716 रखवा 0 . 498 निजी स्वामित्व वाली संक्रमणीय भूमि है ।यह जमीन उसे अपने पिता की वसीयत से प्राप्त हुई है। आरोप है कि पड़ोसी गांव ज्योना के निवासी जगन्नाथ सिंह पाल पुत्र राजाराम व नरेंद्र सिंह पाल पुत्र इतवारी लाल तथा विकास पुत्र नरेंद्र इस आराजी को लेकर पिछले समय से रंजीत मानकर चल रहे हैं । और कई बार इस कृषि भूखंड पर वोई हुई फसलें नष्ट कर चुके हैं। आवेदक का कहना है कि वह इसी माह की 17 तारीख वाली रात को इसी खेत में बोई गई अपनी सरसों की फसल देखने गया। मेरे साथ दो.तीन लोग और थे।

# जनवरी 2023 में आयोजित होगा कानपुर देहात इन्वेस्टर समिट

संवाददाता। कानपुर देहात

**फरवरी** में प्रदेश स्तर पर उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के आयोजन से पूर्व जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा जनपद कानपुर देहात में प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाले इन्वेस्टर्स समिट से पूर्व नई पहल के रूप में कानपुर देहात इन्वेस्टर सम्मिट 2023 के माध्यम से जनपद में निवेशकों को निवेश करने का एक बड़ा मौका दिए जाने हेतु विभिन्न अग्रणी उत्पादक इकाइयों, नए निवेशको, विस्तार करने वाली इकाईयों आदि के साथ संयुक्त बैठक का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद कानपुर देहात जो कि पूर्व से ही चर्म उत्पाद, प्लास्टिक उत्पाद व कृषि उत्पाद हेतु निर्यात हब के रूप में प्रसिद्ध है जिसको नई औद्योगिक नीतियों में आये सकारात्मक बदलाव व आसान प्रक्रिया के चलते निवेशकों का रुझान उत्तर प्रदेश में बढा है, जिसका फायदा इंडस्ट्रियल हब होने के फलस्वरूप आवश्यक रूप से जनपद को मिलेगा। उन्होंने बताया कि नई नीतियों में प्रस्तावित भूमि बैंक के अंतर्गत औद्योगिक उपयोग के लिए गैर–कृषि, बंजर और अनुपयोगी भूमि को पूल करना जिसके अंतर्गत बंजर ग्राम समाज (जीएस) भूमि सरकार 30 साल की लीज पर जमीन उपलब्ध कराएंगी। राजस्व संहिता के प्रावधानों में संशोधन जैसे कृषि भूमि को गैर कृषि भूमि में परिवर्तित करना, भूमि उपयोग में परिवर्तन, जीएस भूमि का निजी भूमि से विनिमय, अनुसूचित जाति की भूमि पर उद्योग स्थापित करने की अनुमति आदि, सरकारी/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र की बीमार इकाइयों के स्वामित्व वाली भूमि बैंक पर ताला लगाने की कार्यवाही को प्रभावी बनाना, बिना किसी शुल्क के औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्रों के भीतर स्थित जीएस भूमि को निहित कराने हेतु यूपी राजस्व संहिता 2006 के तहत अनुमति देने के निर्देश जारी किये गए हैं।

# लिखित आदेश के बाद ही धरना होगा समाप्त

**खागा (फतेहपुर)।** बढ़े सर्किल रेट को लेकर वकीलों द्वारा किए जा रहे क्रमिक अनशन प्रशासन की अनदेखी से वृहद रूप ले सकता है। वकीलों के धैर्य की परीक्षा प्रशासन के लिए मुसीबत खड़ा कर सकता है। इसी क्रम मे बैनामे के बढ़े सर्किल रेट के विरूद्ध अधिवक्ताओं की हड़ताल 39वें दिन जारी रही। 11 अधिवक्ता शनिवार को क्रमिक अनशन मे बैठे। साथ ही अधिवक्ताओं ने एसडीएम खागा और सब रजिस्टार खागा के खिलाफनारेबाजी करते हुए चौक चौराहे पहुंचकर कुछ देर वहां बैठे रहे। क्रमिक अनशन मे 10वें दिन की अध्यक्षता अनिल कुमार सिंह ने की। जिसमे अरुण प्रकाश तिवारी, अमर सिंह लोधी, विनोद कश्यप, देवपाल सिंह, कमल सिंह, हेमदत्त निषाद, संतोष कुमार सिंह, गोविंद कुमार मिश्रा, उमेश चंद्र सिंह, सर्वेश पाल दस्तावेज लेखक बैठे रहे। एडवोकेट जितेंद्र सिंह ने कहा कि जब तक प्रशासन की ओर से लिखित रूप में नही दिया जाता है तब तक प्रदर्शन किया जाएगा। वही अनिल सिंह ने कहा कि अफसरों द्वारा मनमाने तरीके से सर्किट रेट की बढ़ोत्तरी करने से आम आदमी परेशान होगा। इसलिए जनहित को देखते हुए बढ़े हुए सर्किल रेट वापस लिए जाए। जब तक सर्किल रेट वापस नही होंगे। तब तक हड़ताल जारी रहेगी। क्योंकि अफसरो द्वारा लगातार सही आश्वासन नही दिया जा रहा है। भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर संयोजक अशोक गुप्ता, सह संयोजक मोतीलाल, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र राज सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पूर्व महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, लक्ष्मीशंकर अवस्थी, रामसखा द्विवेदी, धीरेंद्र गुप्ता, अखिलेश अग्रहरि, मीडिया प्रभारी एस डी शुक्ला (भोले), रामप्रताप सिंह यादव, राहुल तिवारी, बृजेश शुक्ला , राजेंद्र सिंह ,रानू पांडेय, सुमन सिंह राठौर , कुंवर बहादुर सिंह सहित सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालत में युवक ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम मड़फा में शुक्रवार की रात गांव के बाहर पेड़ से 23 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मड़फा गांव निवासी रमेश पासवान का पुत्र नीरज पासवान ने बीती रात गांव के बाहर नीम के पेड़ से साड़ी का फंदा बना फांसी लगा लिया। आज सुबह जब गांव वाले शौचक्रिया के लिए जा रहे थे तभी शव लटका देख परिजनों को जानकारी दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। परिजन नीरज द्वारा फांसी लगाने का कारण बताने में असमर्थ रहे।

# एक रात में 4 दुकानों में हुई चोरी,पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**राजेपुर** थाना क्षेत्र के जमापुर बदायूं मार्ग पर एक रात में हुई 4 दुकानों पर चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिससे स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालियां निशान लग गया है ।.

शुक्रवार को बीती रात परचून की दुकान, रेडीमेड, फुटवियर, मेडिकल स्टोर, इलेक्ट्रॉनिक की सहित चार दुकानों में चोरों ने दीवाल काटकर लाखों रुपए की नगदी व सामान चोरी कर अंजाम दिया है। जिसको लेकर जब सुबह दुकानदारों ने दुकानें खोली तो आसपास की दुकानों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद दुकानदारों ने 112 पुलिस को सूचना दी ।तत्काल ही मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष ने चोरी की जानकारी को जांच.पड़ताल शुरू की है।

अमृतपुर तहसील राजेपुर थाना क्षेत्र जमापुर में विपन पुत्र अमर सिंह



निवासी उदयपुर की परचून की दुकान है जिसमें 20 हजार रुपये नगद सामान कुल 35 हजार रुपये की चोरी बताई गई है। वही विवेक पुत्र बुध पाल निवासी उदयपुर की इलेक्ट्रॉनिक की जमापुर में दुकान है। जिसमें 26 मोबाइल व नगदी कुल चोरी 36 हजार रुपये की चोरी बताई गई है। दिनेश पुत्र बुधपाल निवासी उदयपुर की रेडीमेड फुटवियर जमापुर में दुकान है। जिसमें दुकान में रखे 60 पेंट 10 जोड़ी जूता 30 हजार रुपये सामान नगद कुल 1 लाख की चोरी बताई गई है। जमापुर सुशीला मेडिकल स्टोर में 11 हजार रुपये नगद व एक हजार रुपये की दवा कुल 12 हजार रुपये की चोरी दुकानदारों द्वारा बताई गई है जिसमें चारों दुकानों में लाखों रुपए की चोरी हुई है। परचून की दुकान की दीवार को काटकर तीन दुकानों में चोरी का अंजाम दिया गया है। सुशीला मेडिकल स्टोर के शटर का ताला तोड़कर चोरी को चोरों ने अंजाम दिया है। सुबह जब दुकानदारों ने अपनी.अपनी दुकानें खोली तो देखा की दीवाल कटी हुई। और सुशील मेडिकल स्टोर का ताले टूटे मिले। तत्काल ही दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष सत्यप्रकाश ने जांच पड़ताल शुरू की है। थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने बताया है। कि दुकानों में चोरी हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

# संविधान दिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**संवाददाता।** अमेठी


संकल्प शपथ दिलाते हुए

**26 नवंबर का** दिन भारत का एक ऐतिहासिक दिन होता है ड्ढ इस दिन को हम संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं आज संविधान दिवस के अवसर जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में अनेकानेक कार्यक्रमों का आयोजन व प्रस्तावना का पाठन कराया गया और मौलिक कर्तव्यो की शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा एवं कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मो. असलम ने मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ‹हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख, 26 नवंबर 1949 ई0 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं›। उन्होंने कहा कि आजादी मिलते ही देश को चलाने के लिए संविधान बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया। इसी क ?ी में 29 अगस्त 1947 को भारतीय संविधान के निर्माण के लिए प्रारूप समिति की स्थापना की गई और इसके अध्यक्ष के रूप में डॉ. भीमराव अंबेडकर को जिम्मेदारी सौंपी गई। दुनिया भर के तमाम संविधानों को बारीकी से देखने-परखने के बाद डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार कर लिया। 26 नवंबर 1949 को इसे भारतीय संविधान सभा के समक्ष लाया गया, इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपना लिया। यही वजह है कि देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि एनेकता में एकता की मिशाल है भारत का संविधान, हमें संवैधानिक व्यवस्था के साथ चलते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दुबे, डीसी एनआरएलएम सुनील तिवारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेपी सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रामकेवल त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने मण्डी समिति के धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश



**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने आज सुबह विकास खण्ड राही के अन्तर्गत मण्डी समिति रायबरेली स्थित धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया और कहा कि क्रय केन्द्रों पर कृषकों के बैठने एवं पीने के पानी के साथ साथ साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि क्रय केन्द्र पर टोकन व्यवस्था का पालन सुनिश्चित कराते हुए कृषकों के धान की तौल समय से सुनिश्चित कराई जाए साथ ही क्रय केन्द्रों पर कृषकों से अच्छा व्यवस्था किया जाए और किसी भी कृषकों को क्रय केन्द्र से वापस नहीं किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद के सभी धान क्रय केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारी प्रात: 09:00 बजे से पूर्व पहुंचकर कृषकों से धान की तौल निर्धारित समय से करायेंगे। उन्होंने कहा कि जिन क्रय केन्द्रों प्रभारी द्वारा कृषकों से धान क्रय में रूचि नही ली जा रही है, उनका उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उनके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने धान क्रय के सम्बन्ध में प्राप्त हो रही शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अप्रसन्नता व्यक्त की और जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को निर्देश दिये कि तत्काल व्यवस्था को सुधारी जाए तथा प्रत्येक क्रय केंद्रों पर धान का प्रेषण सम्बन्धित चावल मिलों को तेजी से कराया जाए।जिलाधिकारी ने भारतीय खाद्य निगम की मंडी क्रय एजेंसी का भी निरीक्षण किया जहां पर अब तक 24 कृषकों से 1279.20 कुं0 धान की खरीद की जा चुकी है।

# वार्षिक खेल प्रतियोगिता सप्ताह का समापन

**लालगंज रायबरेली।** नगर का अग्रणी अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल लालगंज में विगत सप्ताह प्रारंभ हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सप्ताह का समापन आज कक्षा 9 व कक्षा 10 के विद्यार्थियों के बीच आयोजित कबड्डी खेल प्रतियोगिता के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन आयुषी पांडेय व काजल यादव ने किया। इस पूरे सप्ताह में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया जिसमें समस्त कक्षा के छात्रों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का बारी-बारी से अवसर मिला जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और छात्रों के अंदर एक गजब का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय की सह-प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह व प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू सिंह द्वारा सभी टीमों के विजेता व उपविजेता छात्रों को मेडल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। विजेता टीमों के कप्तान को शील्ड प्रदान की गई। सह-प्रबंधिका डॉक्टर अनुश्री सिंह ने अपने संबोधन में सभी छात्रों को खेल के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना के साथ ही खेलें, परिश्रम तथा लगन से सभी कार्य संभव है और निश्चित ही परिश्रम करने से हमें सफलता प्राप्त होती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू सिंह ने सह-प्रबंधिका जी का धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने विद्यालय परिसर में अपना बहुमूल्य समय दिया व बच्चों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में अध्यापक व छात्रों का भी धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## नसीराबाद थाना क्षेत्र के जायस सलोन मार्ग पर दुर्घटना में चार लोग घायल

**नसीराबाद रायबरेली।** थाना क्षेत्र के जायस सलोन मार्ग पर बबुरी तिराहे के समीप एक अनियन्त्रित बाइक की चपेट में आने से एक बुजुर्ग समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।सभी घयलो को सी एच सी मे भर्ती कराया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों की हालत की गंभीर होते देख दोनों घायलों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।शनिवार दोपहर को रैधरा मजरे वीरगंज निवासी कुलदीप पुत्र गेंदालाल (35) व नितेश कुमार पुत्र रामदास (25) बाइक से अपने मामा के घर नसीराबाद को जा रहे थे। तभी जायस सलोन मार्ग स्थित बबुरी गांव के पास एक ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पास में पुल की नाप जोख कर रहे ठेकेदार दानवीर पुत्र कनई सिंह (40) निवासी जिला इटावा और पास ही भैंस चरा रहे बबुरी गांव निवासी रामसिंह पुत्र शंकर सिंह (60) अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये।जहां राहगीरों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी नसीराबाद भेजा गया।सीएचसी में तैनात डाक्टर अब्बास ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल रामसिंह व कुलदीप को जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

## कोतवाली परिसर में आयोजित हुआ थाना दिवस

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली परिसर में आयोजित थाना दिवस में 9 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिसमें सबसे अधिक 8 शिकायतें राजस्व की रही जबकि 1 शिकायत पुलिस की रही। सबसे अधिक जमीनी विवाद के मामले सामने आये जिसमें भूमिधरी जमीनो से लेकर सरकारी जमीनो पर कब्जे की शिकायतें मुख्यत: रही। क्षेत्राधिकारी महिपाल पाठक व कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने सभी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए कहा कि विवादो को निपटाने के लिये टीमो का गठन कर फरियादियों को न्याय दिलाया जायेगा। वही उपजिलाधिकारी व तहसीलदार सरेनी में सरकारी कार्य होने के चलते लालगंज स्थित थाना दिवस में देर से पहुचें जिससे फरियादियो में कुछ मायूसी रही।

# दो दिवसीय जल जीवन मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित


प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मुसाफिरखाना ,अमेठी ।** स्थानीय क्षेत्र पंचायत सभागार में आयोजित दो दिवसीय जल जीवन मिशन के अंतर्गत तकनीकी कर्मिको के प्रशिक्षण समापन के उपरांत जल निगम के जेई रजत पटेल द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं टूल किट देकर सम्मानित किया गया। विकासखंड के पंचायत सभागार में आयोजित जल जीवन मिशन हर घर जल जीवन योजना के अंतर्गत चल रहे दो दिवसीय पलंबर का प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी कर्मिको को जे ई जल निगम रजत पटेल द्वारा पेयजल स्वच्छता संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी आयोजित कार्यक्रम में अपूर्व मिश्रा प्रशिक्षक राम प्रकाश गोविंद सिंह आदि ने जल जीवन मिशन पर विस्तृत जानकारी देते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किए इस दौरान जेई रजत पटेल ने कहा कि गांव में लोगों को जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ पेयजल के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक करें कार्यक्रम में विकासखंड के 56 ग्राम पंचायतों के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं टूल किट प्रदान कर सम्मानित किया गया इस दौरान ग्राम प्रधान सुरेश सिंह फिदा हुसैन प्रधान प्रतिनिधि वंशराज सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस कमेटी ने संविधान के महत्व पर की चर्चा



**रायबरेली ।** संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर संविधान के महत्व पर चर्चा की गई, मुख्य वक्ता में लक्ष्मीषंकर बाजपेई एडवोकेट, जे.पी.त्रिपाठी, सुषील पासी, सहित अन्य लोगों ने संविधान की विस्तृत व्याख्या की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्य.अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि संविधान जोड़ने का कार्य करता है लेकिन दुर्भाग्य से आज देष में संविधान पर हमले हो रहे है, राजनैतिक पार्टिया धन-बल से संविधान को कमजोर कर सत्ता में बनी रहना चाहती है। इस अवसर पर वी.के.शुक्ल, विजयषंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, सईदुल हसन, रवीन्द्र सिंह, महताब आलम, मेंहदी हसन, षिवानंद मौर्या, महेष प्रसाद शर्मा, रवीन्द्र सिंह, नौषाद खतीब, अजीत सिंह, अनवार खान, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, अम्बरीष बाजपेई, ओम प्रकाष पाल, आयुष द्विवेदी, राज कुमार दीक्षित, संजय श्रीवास्तव, आर.के.सिंह, घनष्याम शुक्ला, मेराजुल हसन फारूकी, शषिकांत पाण्डेय, रूपेष कुमार, सुधीर सिंह, कामता नाथ सिंह, ओम प्रकाष त्रिपाठी, मो.अषरफखान, कामता प्रसाद गौड़, लक्ष्मी सिन्हा, आमीन पठान, सुनील कुमार, अजय शर्मा, मोहित सिंह, विजय पटेल, सूर्य कुमार बाजपेई, हाजी उस्मान, सै.अरषद, आषीष द्विवेदी, अखिलेष मिश्रा, मो.बषीर, सर्वोत्तम मिश्रा, यज्ञदेव शर्मा, मो.बषीर, संजय शुक्ला, अंकुर चौधरी, विष्वनाथ त्रिवेदी, रामसमुझ धीमान, श्रीमती रेखा विष्वकर्मा, श्रीमती रेखा विष्वकर्मा, श्रीमती नूरूल निषा, श्रीमती परवीन बानो, श्रीमती अबिदा बेगम, गंगाराम सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल , रेफर


दुर्घटना में घायल व्यक्ति

**मुसाफिरखाना ,अमेठी ।**शनिवार को क्षेत्र के कंजास मोड़ के पास हाईवे पर बाइक सवार को सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी । जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिन्हे स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया ।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शनिवार को दोपहर बाद कोतवाली क्षेत्र के पूरे दलई नेवादा निवासी धर्मराज यादव पुत्र विश्वनाथ यादव व रिंकू यादव पुत्र कप्तान यादव बाइक से वारिस गंज बाजार जा रहे थे कि कंजास गांव मोड़ के पास सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । स्थानीय लोगों एवं एंबुलेंस के सहयोग से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।

### कार की ठोकर से घायल बालिका की मौत

**तिलोई,अमेठी ।** मोहनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा फूला में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार कार की ठोकर से घायल स्कूली छात्रा की इलाज के दौरान लखनऊ के ट्रामा सेंटर में मौत हो गई । मौत के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है । जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 8 के करीब क्षेत्र के फूला गांव निवासी रामशंकर पासी की 17 वर्षीय पुत्री शिवानी पैदल स्कूल जा रही थी तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही अनियंत्रित कार गाड़ी संख्या क्क32 स्क्च 0217 ने बालिका को जोरदार ठोकर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी घटना के बाद उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था जहां देर रात बालिका ने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की तो माने कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि बालिका को टक्कर मारने के बाद बालिका का पूरा शरीर कार के अंदर ही घुस गया था। और कुछ दूर तक वह घिसटती हुई चली गई थी इतना ही नहीं चालक से अनियंत्रित कार ने लड़की को ठोकर मारने के बाद सड़क के किनारे खड़ी हुई कंबाइड हार्वेस्टर मशीन में भी ठोकर मारी थी जिसमे मशीन को भी क्षति पहुंची है। सूचना यह भी है कि कार का चालक अनुभवहीन एवं नौसिखिया था ।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर लांग जम्प में अदिति सिंह प्रथम और कृतिका सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में वार्षिक क्रीडा-प्रतियोगिताओं के जूनियर एवं सीनियर विंग में खेले गये खेलों में से चेयर रेस में जूनियर की वंशिका वर्मा प्रथम और प्रतिज्ञा यादव द्वितीय रहीं। चेयर रेस में ही सीनियर विंग में जाह्नवी मौर्या ने प्रथम एवं काव्या श्रीवास्तव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लांग जम्प में जूनियर विंग में अदिति सिंह प्रथम और कृतिका सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं।



लांग जम्प में ही सीनियर विंग में नौरीन ने प्रथम और रूपाली अग्रहरि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में जूनियर वर्ग की रोजेस वर्मा प्रथम और आकृति पाल द्वितीय रहीं। शॉटपुट में ही सीनियर वर्ग में दिव्यांशी ने प्रथम और आस्था तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जैबलिन थ्रो में जूनियर वर्ग की मानसी पाण्डेय प्रथम और अदिति सिंह द्वितीय रहीं। जैबलिन थ्रो में ही सीनियर वर्ग में नैना यादव प्रथम तथा पारूल पटेल द्वितीय स्थान पर रहीं। खो-खो जूनियर वर्ग में विवेकानन्द हाउस विनर और राधाकृष्णन हाउस रनर रहा। खो-खो में ही सीनियर वर्ग में राधाकृष्णन हाउस विनर तथा आजाद हाउस रनर रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में आजाद हाउस विनर और राधाकृष्णन हाउस रनर रहा। कबड्डी में ही सीनियर वर्ग में सुभाष हाउस विनर तथा राधाकृष्णन रनर रहा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री कुड़वावीर बाबा के मेले में दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**संवाददाता।** शिवगढ़,रायबरेली

**शिवगढ़ क्षेत्र के** पहाड़पुर गांव में चल रहे श्री कुडवावीर बाबा के चार दिवसीय ऐतिहासिक मेले में दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ देखते नहीं बन रही थी। रामलीला में माता अहिल्या का उद्धार,जनकपुर में गुरु विश्वामित्र, राम-लखन के स्वागत का भव्य जीवान्त मंचन किया गया। रामलीला में दूसरे दिन राजा जनक ने गुरु विश्वामित्र के पास निमंत्रण भेजकर सीता स्वयंवर के लिए आमंत्रित किया। जिसके बाद गुरु विश्वामित्र राम- लखन के साथ जंगल मार्ग से होते हुए जनकपुर के लिए प्रस्थान करते हैं रास्ते में महर्षि गौतम ऋषि का आश्रम मिलता है जहाँ माता अहिल्या का उद्धार करते हैं। जिसके बाद राम-लखन मां गंगा की आरती एवं उनके दर्शन करते हैं और घाट पर बैठे पुरोहितों को दक्षिणा देकर आशीर्वाद और विदा लेते हैं। जनकपुर पहुंचने पर राजा जनक द्वारा गुरु विश्वामित्र और राम लखन का भव्य स्वागत,सम्मान किया जाता है। लखन के हृदय में विशेष लालसा है कि जाकर जनकपुर देख आएँ, परंतु प्रभु राम का डर है और फिर मुनि से भी सकुचाते हैं, इसलिए प्रकट में कुछ नहीं कहते, मन-ही-मन मुसकरा रहे हैं। गुरु की आज्ञा पाकर राम-लखन संध्या पूजा के लिए पुष्प वाटिका फूल तोड़ने जाते हैं। राजा जनक द्वारा सीता स्वयंवर की घोषणा की जाती है। रामलीला देखने आए बच्चों और पुरुषों के साथ ही बड़ी तादात में मौजूद महिला दर्शकों से पूरा पण्डाल भरा रहा, रामलीला देख रहे दर्शक तक टस से मस नहीं हुए। रामलीला के दौरान जय श्रीराम और श्री कुडवावीर बाबा के जयकारों से समूचा मेला परिसर गूंजता रहा। परम्परागत तरीके से इस बार भी बड़े-बुजुर्गो के मार्गदर्शन में गांव के ही युवाओं एवं किशोरों द्वारा रामलीला में भव्य एवं जीवान्त मंचन किया गया। पारुल द्विवेदी ने राम का,कृष्णा दीक्षित ने लक्ष्मण का,अक्षय द्विवेदी ने राजा जनक का,सतानन्द ने कुल पुरोहित का और प्रदीप अवस्थी ने विश्वामित्र का,करन शुक्ला और विकास त्रिवेदी ने साधु का अद्भुत एवं जीवन्त मंचन किया। इस मौके पर मेला कमेटी के संरक्षक पंडित गिरजा शंकर मिश्रा, संतराम शुक्ला,विजय शुक्ला, रमाशंकर अवस्थी, दिलीप अवस्थी, कन्हैयालाल अवस्थी, राजेश त्रिवेदी, बद्री प्रसाद द्विवेदी, दिनेश मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य अनुपमा मिश्रा, पवन मिश्रा,सुखेन्द्र अवस्थी,अरुण बाजपेई सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## फार्मासिस्ट व वार्ड ब्वाय के साथ मारपीट से चिकित्साकर्मियों में रोष

**लालगंज रायबरेली।** जगतपुर भिचकौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट व बार्डब्वाय के साथ मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। पीडितों ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर की है। घटना से चिकित्साकर्मियों में रोष व्याप्त है और जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। जगतपुर पीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट जय सिंह पुत्र गुरूचरन सिंह निवासी आशियाना लखनऊ ने कोतवाली पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि वह अस्पताल में मरीजो को दवाओं को वितरण कर रहा था तभी राहुल चौहान व शिवम ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की तथा सरकारी सामान को तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया। जयसिंह का आरोप है कि इसी दौरान वहां मौजूद वार्ड ब्वाय सुरेश द्विवेदी ने उसे बचाने की कोशिस की तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। जिसमें दोनो को चोटें आई है। घटना से चिकित्साकर्मियों में भारी रोष व्याप्त हो गया हैं सभी ने एक स्वर में आरोपियों के खिलाफकडी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 332, 427, 504, 323 आदि के तहत मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# एनटीपीसी में संविधान की शपथ के साथ मनाया गया संविधान दिवस हमें अपने संविधान पर गर्व है : अभय

**संवाददता।** ऊंचाहार




**एनटीपीसी में सं**विधान के महत्व को समझते हुए संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार समैयार ने सभी कर्मचारियों व वरिष्ठ अधिकारियों को संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट के वकील आदर्श त्रिपाठी ने संविधान व कानून से जुड़े पहलुओं पर बात की। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद विभागाध्यक्षों व कर्मचारियों के कानून व संविधान से जुड़े सवालों का जवाब दिया। संविधान दिवस के उपलक्ष पर संविधान के महत्व के प्रति जागरूक करने व इस दिन को यादगार बनाने के उद्देश्य से परियोजना के कर्मचारियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर समैयार ने कहा कि यह संविधान दिवस ही है जो हमें एक आजाद देश के आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहां एक ओर संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें सम्मिलित मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। साल 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया था। हमारे देश का संविधान दुनियाभर के बेहतरीन संविधानों का मिश्रण है। हमें गर्व है कि हमारे देश का संविधान सम्पूर्ण विश्व की अच्छाइयों से परिपूर्ण है। इस अवसर पर सभी महाप्रबंधक गण, विभागाध्यक्ष, यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुपर सीडर से गेहूं की बुवाई करें किसान

**संवाददाता।** तिलोई,अमेठी



सुपर सीडर से गेहूं की बुवाई करते हुए

**जिले के** ज्यादातर किसान हार्वेस्टर से धान की कटाई कर गेहूं की बुवाई करते हैं परंतु देर से धान की कटाई के कारण खेत तैयार करने में गेहूं की बुवाई काफी विलंबित हो जाती है जिस कारण गेहूं के उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या से संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आरके आनंद ने बताया कि हार्वेस्टर से धान की कटाई के बाद खेत में काफी मात्रा में पराली या पुआल खेत में रह जाती है जिस कारण खेत तैयार करके गेहूं की बुवाई में कठिनाई आती है। इसके अतिरिक्त धान की कटाई के बाद खेत तैयार कर गेहूं की बुवाई करने में उत्पादन कम होता है। ऐसी परिस्थिति के लिए सुपर सीडर मशीन से गेहूं की बुवाई करना काफी लाभप्रद रहता है। इस मशीन से धान काटने के बाद तुरंत बाद बिना खेत की तैयारी के गेहूं की बुवाई की जा सकती है। इससे जहां समय की बचत होती है वही बुवाई में लगने वाली लागत में कमी आती है क्योंकि सामान्यत: किसान एक दो बार जुताई करके खेत तैयार करते हैं उसके बाद सीड ड्रिल या अन्य तरीके से बुवाई करते हैं जिसमें दुगना खर्च आता है। लेकिन सुपर सीडर से बुवाई करने में बिना खेत की तैयारी के

## ये हैं फायदे

खेत की तैयारी मे लगने वाले समय की बचत
कम बीज लगना (40 किलोग्राम प्रति एकड़)
लाइन में बुवाई
लागत में कमी
अच्छा उत्पादन

एक से डेढ़ घंटे में 1 एकड़ की बुवाई पूर्ण हो जाती है । बुवाई के समय खेत में पर्याप्त नमी होना आवश्यक है। केंद्र के कृषि अभियंत्रण वैज्ञानिक डॉ.भास्कर प्रताप सिंह ने बताया कि इस मशीन में आगे रोटावेटर जैसी संरचना रहती है जो कि पुआल को काटने तथा जुताई का काम करता है तथा पीछे लगा फाल चीरा लगाकर बीज की बुवाई करता है ।

# महुली थाने में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

● **जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने संविधान दिवस पर दिलाई शपथ**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** प्रेमरंजन सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना महुली पर पहुंचकर समाधान दिवस में पहुँचकर फरियादियों के समस्याओं को सुने तथा निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए त्वरित निस्तारण कराया गया व शेष प्रकरणों के विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थाना परिसर में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। जनपद में कुल 43 मामले प्रस्तुत हुए जिनमें 3 मामलो का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष मामलो के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने महुली थाना परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा फरियादियों को शपथ दिलाया। जिलाधिकारी संविधान दिवस के अवसर पर उपस्थित समस्त संभ्रान्त नागरिकों को बताया कि 26 नवंबर 1949 को समिति के द्वारा संविधान लिखकर पूर्ण करने पर देश की संविधान सभा द्वारा संविधान को विधिवत रूप से स्वीकार किया गया था। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 1950 को इस संविधान को देश में लागू किया गया था। इसी के फ्लस्वरूप 26 नवम्बर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय संविधान दिवस को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार ही निष्पक्षता, ईमानदारी से अपने पदीय दायित्व का निर्वहन करें।


फरियाद सुनते जिलाधिकारी पायनियर

# दिव्यांगों को ब्लाक प्रमुख ने सौंपी ट्राई साईकिल

संवाददाता। मेंहदावल

**शनिवार** को मेंहदावल विकास खंड में तहसील क्षेत्र के 14 दिव्यांगों को इलेक्ट्रिक ट्राई साईकिल का वितरण किया गया। जिसमे मुख्यातिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मेंहदावल रहे। इलेक्ट्रिक ट्राई साईकिल पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल गए। शनिवार को मेंहदावल तहसील क्षेत्र के 14 दिव्यांगों को इलेक्ट्रिक ट्राई साईकिल का वितरण विकास खंड मेंहदावल में किया गया। दिव्यांगों को ट्राई साईकिल वितरण के दौरान ब्लॉक प्रमुख बसंत तिवारी ने कहा दिव्यांग समाज का अंग हैं। इनको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। आगे उन्होंने कहा दिव्यांग जन स्वयं को दिव्यांग समझकर हीन भावना का शिकार होने से बचे। दिव्यांग जन सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं व योजनाओं को लाभ उठाए। इस अवसर पर जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी महेंद्र कुमार, कनिष्ठ सहायक सहायक रमेश कुमार, आपरेटर एकता त्रिपाठी, समूह से सावन कुमार शर्मा, एडीओ पंचायत राकेश पांडेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बसंत त्रिपाठी , ग्राम पंचायत अधिकारी दीप चंद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। 14 दिव्यांगों को मिला लाभ राजू, रामकुमार, शनि, हरिश्चंद्र, इरशाद अली, समीउल्लाह, नशीम, कन्हैया लाल, मुहम्मद इलियास, अमिताभ, मनोज, शिवम शुक्ला, धनी, सलाहुद्दीन।


दिव्यांगो को मोटराइज्ड ट्राई साईकिल प्रदान करते ब्लाक प्रमुख पायनियर

# पति को ही मार डाला

● **दिल दहला देने वाले हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा**

संवाददाता। विक्रमजोत/बस्ती

**रिश्तों** को शर्मसार करने वाली घटना का दिल दहला देने वाला मामला आया सामने जब तीन बच्चो की माँ ने अपने ही पति को चचेरे जीजा के प्रेम में पड़कर हत्या करा दिया, प्रेमी कोई और नहीं महिला का चचेरा बहनोई ही है। मामला वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गणेशपुर कस्बा का है जहाँ आरोपी गुड़िया चचेरे जीजा के प्रेम में इस कदर दीवानी हो गई कि उसने किसी भी रिश्ते को रिश्ता नहीं समझा यहाँ तक कि अपने तीनो बच्चों के बारे में भी एक बार भी नहीं सोचा और पति की हत्या करवा डाली. मृतक के चचेरे जीजा जगन्नाथ प्रसाद वर्मा ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पहले तो मृतक को खूब शराब पिलाई फिर उसे अयोध्या पुल से सरयू नदी में फेंक दिया, जहाँ मृतक विनोद की नशे में डूबने से मौत हो गई. मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण डूबने से ही बताया गया है,मामला तब जाकर खुला जब चारों की शराब पीते पचवस ढाबे की सीसी टीवी फुटेज पुलिस के हत्थे लगी, जिसमे अभियुक्त जगन्नाथ, विमलेश, राजन मृतक विनोद के साथ शराब के नशे मे कार में बैठते देखा, जिसके बाद पुलिस ने अभियुक्ता गुड़िया सहित उसके प्रेमी जगन्नाथ व हत्या में शामिल दो अन्य विमलेश राजन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, आरोपियों के पास से हत्या में प्रयोग की गई गाड़ी भी पुलिस ने बरामद की है एवं नगद 6500 रुपया भी बरामद किया। बता दें कि मृतक विनोद सोनी के पुत्र विनय सोनी ने अपने स्थानीय थाना वाल्टरगंज पर लिखित तहरीर दिया 14 तारीख की शाम को 5 बजे उनके पिता विनोद सोनी घर से यह कहकर निकले थे कि कुछ सामान लेने बस्ती जा रहा हूं व जीजा जगन्नाथ से भी मिलना है। उसके बाद घर वापस नहीं आए विनोद सोनी की मोटरसाइकिल कचहरी चौराहे पर मिली चौकी बहनोई जगन्नाथ कचहरी में काम करते थे 18 तारीख को विनोद सोनी की लाष पानी में उतराती हुई सरयू नदी छावनी थाना क्षेत्र के संदलपुर गांव के पास मे मिली थी, वहीं मृतक के भाई रह रहे हैं मुंबई मे घर आए और उन्होंने थाना वाल्टरगंज पर लिखित तहरीर दिया कि मेरे भाई विनोद की पत्नी गुड़िया का नाजायज संबंध उसके जीजा जगन्नाथ से हैं और उन्होंने ही मिलकर मेरे भाई को मौत के घाट उतार कर अब सबूत मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, इस आधार पर स्थानीय पुलिस एक एक कड़ी को जोड़ते हुए सर्विलांस टीम की मदद से विनोद सोनी के कातिलों तक पहुंच गई, और जब पूछताछ करना शुरू किया तो विनोद सोनी के कातिलों ने जुर्म को कबूल किया, बस्ती एडिशनल एसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हत्या का खुलासा किया है।

## डीएम और एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं

**बस्ती।** प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने थाना समाधान दिवस पर थाना नगर में जनसुनवाई किया। उन्होने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। डीएम ने अपराध, त्यौहार, गुण्डा एक्ट एंव गैंगेस्टर रजिस्टर देखा। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों समयबद्धता/गुणवत्ता के साथ निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए।

# भानपुर नगर पंचायत में सांसद का जोरदार स्वागत

● **सर्वांगीण विकास में रिगं रोड मील का पत्थर साबित होगाः हरीष द्विवेदी**

● **बस्ती में रिंग रोड का निर्माण होना गौरव की बातः नितेश**

संवाददाता। बस्ती

**भाजपा** जिला कार्य समिति के सदस्य एवं नगर पंचायत भानपुर के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार नितेष षर्मा और उनकी टीम की ओर से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा बस्ती में रिंग रोड की स्वीकृति होने के उपरांत शनिवार को भानपुर पहुंचने पर राष्ट्रीय मंत्री सांसद हरीश द्विवेदी का जोरददार स्वागत किया, और कहा कि बस्ती में रिगं रोड का निर्माण होना बहुत ही गौरव की बात है। इसके लिए इन्होंने सांसदजी का धन्यवाद ज्ञापित किया। सांसद ने कहा कि बस्ती ही नहीं अपितु पूरे पूर्वांचल के सर्वांगीण विकास में बस्ती का रिंग रोड मील का पत्थर साबित होगा। रिंग रोड के बनने से बस्ती शहर का व्यापक विस्तार होगा। रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। आवागमन आसान होगा और आसानी से कम समय में बिना ट्रैफिक के बस्ती के किसी भी स्थान पर पहुंचना आसान होगा। भाजपा नेता नितेश शर्मा ने कहा कि सांसद हरीश द्विवेदी के अथक प्रयास से यह रिंग रिंग रोड संभव हो पाया है। गर्व की बात है कि जो रिंग रोड बड़े-बड़े शहरों में नहीं बन पाया वह बस्ती जैसे छोटे शहर में बन रहा है। इसका लाभ जन-जन को मिलेगा। स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री राजेश पाल चौधरी, यशकांत सिंह, भाजपा नेता दुष्यंत विक्रम सिंह, सुधाकर पांडेय नीरज, पूर्व छात्रसंघ महामंत्री रमेश मिश्र, रिंकू दूबे, उज्ज्वल पाठक, अंकित मिश्र, अयोध्या सिंह, सुरेंद्र सिंह, राम भारत यादव, दिलीप पांडेय, अशोक दुबे, मोनू पाठक, सोनू पाठक, हीरा पांडेय, राजेंद्र दूबे, विशाल दुबे, रामनिवास गिरी, फूलराम वर्मा, प्रमोद प्रजापति, रूपक शर्मा, बृजेश पांडेय, गगन पाण्डेय, आशुतोष शुक्ला, विवेक शर्मा, पप्पू सोनी, रौनक दुबे, विनय दुबे, आदर्श तिवारी, रंगीलाल गुप्ता, विजय गुप्ता, अभी शर्मा, विकास विश्वकर्मा, बब्बू भट्ट, विकास चौधरी सहित अनेक स्थानीय नागरिक तथा पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# आदर्श इंटर कालेज के छात्र ने 29वां स्थान हासिल किया

● **एक लाख 25 हजार रुपए मिलेगा स्कालरशिप**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**अभी** पिछले दिनों स्कालरशिप के लिए पूरे प्रदेश में प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई थी। जनपद संतकबीरनगर के आदर्श इण्टर कालेज कुसुरू खुर्द विद्यालय के अध्ययनरत विद्यार्थी मंटू ने पूरे प्रदेश स्तर पर 29वां स्थान प्राप्त किया है। मंटू ने अपने शिक्षा के लिए एक आर्थिक व्यवस्था जहाॅ अपनी मेहनत लगन से प्राप्त किया है। वही जनपद के छात्र-छात्राओं को यह भी संदेश दिया है कि अथक लगन से शिक्षा के माध्यम से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सरकार अब मंटू को 1 लाख 25 हजार रूपये स्कालरशिप प्रदान करेगी। इस बात की जानकारी होने पर विद्यालय के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार बिंद एवं शिक्षकों ने मंटू को बधाई दिया है। स्कूल का नाम भी गर्व से ऊँचा हुआ।


विद्यार्थी मंटू

## नवागत कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र ने कार्यभार ग्रहण किया

**बस्ती।** मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने बस्ती मण्डल के मण्डलायुक्त पद का कार्यभार ग्रहण किया। श्री मिश्र इसके पूर्व मिर्जापुर में इसी पद पर कार्यरत थे। जनपद में सर्किट हाउस पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफऑनर दिया गया। डीएम प्रियंका निरंजन तथा संतकबीरनगर के प्रेम रंजन सिंह, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव तथा संतकबीरनगर के पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, अपर आयुक्त न्यायिक बृजकिशोर, जेडीसी पद्मकान्त शुक्ल, अपर आयुक्त प्रशासन/सीआरओ नीता यादव, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी, एडीएम कमलेश चन्द्र, एडिशनल एसपी दीपेन्द्रनाथ चौधरी, मुख्य कोषाधिकारी आत्मप्रकाश बाजपेयी, आरएफसी दुर्गेश प्रसाद, एआरटीओ रविकान्त शुक्ल, एसडीएम आनंद श्रीनेत, जी.के. झा, गुलाबचंद, प्रभारी एसडीएम सदर अतुल आनन्द, सीओ शेषमणि उपाध्याय ने बुके देकर उनका स्वागत किया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संविधान दिवस का किया आयोजन

संवाददाता। श्रावस्ती

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती के तत्वावधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश श्रावस्ती गौरव कुमार श्रीवास्तव द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण व न्यायिक कर्मचारियों को शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है लोकतंत्र भारत का सार संविधान से उत्पन्न होता है, जिसे सांसदों और नागरिकों दोनों द्वारा सम्मान दिया जाता है। 26 नवंबर 1949 वह 'पवित्र' दिन था जब स्वतंत्र भारत की संविधान सभा ने वर्तमान संविधान को विधिवत रूप से अपनाया और देश के कामकाज में इसके महत्व को बरकरार रखा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 26 नवंबर को ''संविधान दिवस'' के रूप में चिह्नित करने के भारत सरकार के फैसले को मान्यता दी भारत का संविधान, देश का सर्वोच्च कानून, मौलिक राजनीतिक संहिता, संगठनात्मक संरचना, संचालन प्रक्रियाओं और सरकारी संस्थानों की जिम्मेदारियों के साथ-साथ मौलिक अधिकारों, मार्गदर्शक सिद्धांतों और नागरिकों के कर्तव्यों को परिभाषित करने के लिए रूपरेखा स्थापित करता है. यह दुनिया का सबसे लंबा लिखित राष्ट्रीय संविधान है भारतीय संविधान सभा ने 26 नवंबर, 1949 को संविधान को मंजूरी दी, और यह 26 जनवरी 1950 को प्रभावी हुआ। इस अवसर पर श्यामलाल कोरी अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, श्रीमती करूणा सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मृत्युंजय श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, असगर अली, सिविल जज अवर खण्ड एफटीसी/न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रावस्ती व समस्त न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नसबन्दी पखवाड़ा जागरूकता अभियान शुरू

संवाददाता। संतकबीरनगर

**मुख्य चिकित्सा** अधिकारी डॉ0 अनिरूद्व सिंह के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद में नसबन्दी पखवाड़ा जागरूकता अभियान की शुरूआत हुई। शनिवार को अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद डॉ. आरएस यादव ने प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन में बैठे स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अधिक से अधिक लोगो को नसबन्दी कराये जाने के लिए प्रेरित करेगे तथा उक्त के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी देगे। प्रचार वाहन में पम्पलेट भी उपलब्ध है उसका भी वितरण होगा। इस अवसर पर डीपीएम अभय त्रिपाठी, वरिष्ठ फार्माशिष्ट सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने की बैठक

संवाददाता। संतकबीरनगर

**शनिवार** को जिला कार्यालय पर कामकाजी बैठक शनिवार को संपन्न हुई। इसमें सभी जिला पदाधिकारी व निकाय चुनाव के संयोजक मंडल अध्यक्ष रहे। संचालन निकाय संयोजक अनिरुद्ध निषाद व अध्यक्षता जगदंबालाल श्रीवास्तव ने किया। बैठक में आगामी निकाय चुनाव में चलने वाला निकाय चुनाव की तैयारियों पर विचार विमर्श हुआ, सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव ने संगठनात्मक संरचना से अवगत कराते हुए निकाय चुनाव के मद्देनजर की गई। तैयारी के बारे में बताया कहा कि संगठन की ताकत के बल पर जिस तरह और स्थानीय निकाय चुनाव में संगठनात्मक स्तर पर तैयारी शुरू करने का सुझाव दिया कहा कि भाजपा का सशक्त संगठन है यहां पार्टी के लिए अनुकूल माहौल है जरूरत है। हमे चुनाव जीतने के लिए प्रतिदिन वार्ड मे बैठक करनी है विजय अभियान पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख वार्डो के संचालन समिति की बैठक होगी सभी बूथो पर संयोजक व सहसंयोजक बना दिए गए है सभी वार्डो मे प्रत्याशियो को लड़ाना भी है और जिताना भी है। इस मौके पर जिला महामंत्री कौशलेंद्र सिंह, गणेश पांडेय, विनोद पांडेय, अत्रिमुनी राय, अनिल पांडेय, हैप्पी राय, अर्जुन चौधरी, अरुण सिंह, दिनेश पांडेय, कपिल देव कनौजिया, ज्ञानेंद्र मिश्र, ब्रह्मानंद पांडेय, अशोक यादव, समयदेव पांडेय, संतविदर पाल जज्जी, उदय राजभर, संयोजक गौरव निषाद, दिलीप अग्रहरी, रामबहादुर सिंह, विरेंद्र राय, राजूपाडेय, नरेंद्र पांडेय, शनि, शत्रुघ्न लोग उपस्थित रहे।



बैठक करते भाजपाई। पायनियर

## सेमरियावा बूथ का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**सेमरियावां।** विकास खंड सेमरियावाँ अंतर्गत बूथ बने स्कूल का शनिवार के दिन उप जिलाधिकारी सदर अजय त्रिपाठी ने कंपोजिट विद्यालय सेमरियावां पर बने सभी निर्वाचन बूथ का निरीक्षण किया। बूथ पर जमा फार्मों का अवलोकन भी किया। बूथ पर मौजूद सभी बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए। 18 प्लस की आयु की जांच करने के पश्चात ही फार्म भरने के निर्देश दिए। सावधानी पूर्वक फार्म को पूरा सुस्पष्ट भरें। निरीक्षण के समय मौजूद सुपरवाइजर और शिक्षकों को मतदाता पुनरीक्षण में वृद्धि हेतु बच्चों की जनजागरूक ता रैली निकालने के सुझाव दिए। उप जिलाधिकारी ने बूथ संख्या 58 से 62 सेमरियावां के बीएलओ के काम की प्रशंसा की। इस अवसर पर बीएलओ साजरा खातून, अतिया खातून, रुखसाना, आमना खातून, सोहन लाल, अमरेंद्र शाही सुपरवाइजर, जफीर अली नोडल संकुल शिक्षक, मुबारक हुसैन, शमा अजीज, नुजहत बतूल, कम्मू बेगम, सरवरी खातून, किरन चौधरी आदि स्कूल पर मौजूद रहीं।

# हेड मास्टर के खाते से अट्ठारह हजार निकाले

**मौदहा** (हमीरपुर)। शिक्षक के खाते से अठ्ठारह हजार रुपये चेक के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी हस्ताक्षर बना निकाले लिए गए। मोबाइल में मैसेज आने के बाद शिक्षक परेशान हो गये। पाटनपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक हाजिब अली शाह ने पुलिस को बताया कि वह शिक्षण कार्य में जब व्यस्त था तभी उसके मोबाइल पर एक मैसेज आता है कि आपके खाते से 18 हजार रुपये निकाल लिए गए आनन-फानन में बैंक पहुंच शिकायत दर्ज कराई तो वही बैंक कर्मियों ने यह कह कर टाल दिया कि वह अपनी शिकायत पुलिस में दर्ज कराएं अंधेर की बात यह है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चेक पर हस्ताक्षर कर पैसे निकाले जाते हैं। और कर्मचारी की घोर लापरवाही देखने में आई कि वह हस्ताक्षर तक मिला नहीं कर सकते और रुपये गिनकर उस अज्ञात व्यक्ति को दे दिए जिसने पूरी तरह पीड़ित के साथ धोके बाजी का कार्य किया है।

**आयोजित थाना समाधान दिवस में हुआ एक समस्या का निस्तारण** :कायमगंज फर्रुखाबाद। क्षेत्रीय जन समस्याओं के निस्तारण हेतु आज कोतवाली कायमगंज परिसर में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश पाल की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ । इस अवसर पर 3 फरियादियों ने वहां पहुंचकर अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु शिकायती पत्र दिए। इनमें से एक समस्या का मौके पर ही दोनों पक्षों की मौजूदगी में सुलह समझौते के आधार पर समाधान करा दिया गया। बाकी दोनों शेष बचे शिकायती पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों. कर्मचारियों को निस्तारण हेतु सौंप दिए गए । समाधान दिवस में गांव सैथरा निवासी आवेश पुत्र रामभरोसे ने अपनी निजी कृषि भूमि पर विपक्षियों द्वारा किए गए अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए जमीन कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई । वही ग्राम पितौरा निवासी फिरोज खान ने मेड संबंधी विवाद हल करने के लिए लिए शिकायत पत्र सौंपा ।वहीं गांव सुभानपुर के निवासी अजीजुलरहमान ने अपनी भूमि की आराजी कम बताते हुए पड़ोसियों द्वारा आराजी पर कब्जा करने की बात कहते हुए पैमाइश कराने के लिए समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया ।इस अवसर पर संबंधित क्षेत्रीय लेखपालए राजस्व निरीक्षक सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**मनाया गया संविधान दिवस**

कायमगंज फर्रुखाबाद। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में तथा इनके ही अथक प्रयास एवं परिश्रम के बाद विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था। संविधान हम भारतीय नागरिकों को समता तथा समानता का अधिकार देता है। मौलिक अधिकारों के साथ ही शिक्षा स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए शासन स्तर से प्रबंधन का दायित्व सरकारों पर या सरकार पर निर्धारित कर बनाए गए संविधान के लागू हो जाने के बाद ही वास्तव में भारत देश को पूरी आजादी मिल पाई थी ।इसीलिए इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मना कर देश संविधान निर्माताओं के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है ।आज इस पुनीत अवसर पर विकासखंड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर संविधान दिवस मनाया गया।

# संविधान दिवस पर बेरोजगार 48 घंटे के उपवास पर

## ● 60 लाख खाली सरकारी पदों को तत्काल भरने की उठायी मांग

संवाददाता। उरई (जालौन)

**देश भर** में 60 लाख खाली सरकारी पदों को तुरंत भरा जाये एवं राष्ट्रीय रोजगार नीति कानून संसद में पास करके सभी देशवासियों को रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की जाये की मांग को लेकर, देश की बात फाउंडेशन के आवाहन पर संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के बैनर तले भ्रष्टाचार शिकायत अभियान भारत के समर्थन से रोजगार आंदोलन के तहत 26 से 27 नवंबर को गांधी चबूतरा, कोतवाली के सामने, उरई सुबह 10 बजे से राष्ट्रव्यापी सामूहिक उपवास का आयोजन किया गया।

समिति की सदस्य एवं आंदोलन कर्ता डॉ. श्रद्धा चौरसिया ने कहा कि आज हमारा देश बेरोजगारी की मार झेल रहा है। बड़ी-बड़ी डिग्रियों लेकर भी युवा आज काम के लिए दर-दर भटक रहे हैं। रोजगार का नया सृजन करना तो दूर देश भर में लाखों खाली पड़ी सरकारी वैकेंसी पर भर्ती नहीं की जा रही है। जहां भर्ती हो भी रही है, ठेकेदारी व्यवस्था के तहत हो रही है, जहाँ मिनिमम वेज इतना कम है कि जिससे काम करने के बावजूद भी लोगों को सम्मानपूर्वक जीवन जीना मुश्किल हो रहा है। प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार के नए अवसर पैदा होने की जगह छटनी की तलवार लोगों के सर मंडरा रही है। छात्र कुमार गौरव ने कहा कि पिछले दिनों पूरे देश ने देखा कि युवाओं के द्वारा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में रेलवे, सेंट्रल पुलिस फोर्स में के हजारों पद खाली हैं एवं अग्निपथ योजना एवं राज्यों की विभिन्न भर्तियों को लेकर आंदोलन हुए किन्तु युवा विरोधी तनाशाह सरकार द्वारा बातचीत करने के बजाय युवाओं के साथ बर्बरता पूर्ण व्यवहार किया जाता है। वही हम देख रहे हैं कि देश के किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी के लिए कानून बनवाने के लिए संघर्ष करने करने को मजबूर है। देश में अलग-अलग भागों में लगभग 7 लाख सरकारी पद खाली है। जिस पर सरकार भर्ती नहीं निकाल रही ऐसा लगता है कि सरकार रोजगार को लेकर गंभीर नहीं है। बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए भारत में आजादी के बाद जिस तरह की नीतियां बनाने की जरूरत थी हमारी अब तक की सरकारों ने वैसी नीतियां नहीं बनाई। बेरोजगारी से त्रस्त छात्र युवा मजदूर किसान, महिला अपने अपने स्तर पर लगातार सरकार से बेरोजगारी के माध्यम के लिए संघर्षरत हैं। परंतु सरकार द्वारा कोई सकारात्मक कदम अब तक नहीं उठाया गया।



नौकरी की मांग को लेकर उपवास पर बैठे युवा — पायनियर

इस रोजगार आंदोलन में कई महत्वपूर्ण लगन शील जन सेवकों का समर्थन प्राप्त हुआ। इस दौरान डॉक्टर सरिता चौरसिया, कुमार गौरव कुशवाहा, मुकेश राजपूत, कप्तान सिंह राजपूत, महेश सोनकर, गौरव चौधरी, शैलेश कुमार अहिरवार, किशोर गुप्ता, रिहाना मंसूरी, रंजना अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, प्रखर वाजपेई, कुलदीप चतुर्वेदी, महेश सोनी, रामपाल वीरा, सौरभ सिंह, अशोक गुप्ता सहित स्थानीय संगठन भ्रष्टाचार शिकायत अभियान भारत हलीम संस्था रिहाना मंसूरी, किसान प्रोग्रेसिव फाउंडेशन हमारा समर्थन मिला।

# अन्ना पशुओं के विचरण का फर्जी निस्तारण

## ● किसान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर फिर की शिकायत

संवाददाता। जालौन (उरई)

**कुठौंदा बुजुर्ग** गांव में किसान अन्ना जानवरों की समस्या से परेशान हैं। किसान ने अन्ना समस्या के समाधान की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। किसान ने बीडीओ पर फर्जी निस्तारण का अरोप लगाया। किसान ने पुनः मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। कुठौंदा बुजुर्ग निवासी किसान गजेंद्र सिंह सेंगर ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी कि उनके गांव में अभी तक अस्थाई गोशाला का निर्माण नहीं कराया गया है। गांव में गोशाला न होने से अन्ना पशु किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं। जिससे किसान परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी अभी तक गोशाला के निर्माण को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



उन्होंने अन्ना जानवरों की समस्या के समाधान एवं गांव में गोशाला खुलवाने की मांग की थी। उक्त शिकायत का निस्तारण बीडीओ द्वारा किया गया। जिसमें बीडीओ ने शिकायत का निस्तारण करते हुए किसान को लिखित जानकारी दी है कि गांव के अन्ना जानवरों को पास के ही गांव हीरापुर में संचालित गोशाला में संरक्षित करा दिया गया है। अब गांव में अन्ना जानवर नहीं है। जबकि ग्रामीण का आरोप है कि गांव के अन्ना जानवरों को हीरापुर गोशाला नहीं ले जाया गया है। अन्ना जानवर अब भी गांव और खेतों में भ्रमण कर फसलों को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने पुनः मुख्यमंत्री पोर्टल पर अन्ना जानवरों की समस्या का समाधान कराने एवं फर्जी निस्तारण की जांच कराने की मांग की है।

# पुरानी ईदगाह मस्जिद को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करने पर मुस्लिम समुदाय में रोष

## ● अराजकतत्वों के विरुद्ध कार्रवाई न करने पर किया कोतवाली का घेराव

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)

**कस्बे के** घासीराम तालाब के पास स्थित पुरानी ईदगाह मस्जिद को अराजकतत्वों द्वारा जेसीबी मशीन से ध्वस्त करने पर आक्रोशित मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने कोतवाली परिसर का घेराव कर उपजिलाधिकारी पवन प्रकाश पाठक और कोतवाल तारा सिंह पटेल को प्रार्थना पत्र देकर अराजकतत्वों के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। शनिवार को शहर पेश इमाम मौलाना शकिर अली, मुफ्ती अफसार चिश्ती, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष दानिश खान, डा.शमीम खान, जब्बार खां, मुहम्मद इरशाद खान, फरीद अहमद, मैराज लाइन, राशिद खान, निजाम उस्मानी सहित सैकड़ों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि राठ उत्तर गाटा संख्या 912 रकवा 11 डिसमिल मुस्लिम समाज की पुरानी ईदगाह के नाम से मस्जिद मौजूद है। जो कि वक्फ बोर्ड के गजट उप्र सरकार द्वारा प्रकाशित 1988 ई. के क्रमांक 114 पर दर्ज कागजात है। जिसे कुछ अराजकतत्वों द्वारा शुक्रवार को ध्वस्त किया जा रहा था। बताया कि जानकारी होने पर प्रशासन को सूचना दी। लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न करने से मुस्लिम समुदाय के लोगों में रोष व्याप्त है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अराजकतत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने और मस्जिद


थाने में एसडीएम व कोतवाल को घटना से अवगत कराते मुस्लिम समुदाय के लोग

# कोहरे के चलते दो डम्फरों में भिड़ंत, खलासी की मौत

## ● दुर्घटना से कई घंटे ठप रहा आवागमन

संवाददाता। जालौन (उरई)

**शनिवार** को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर कोहरे के चलते एक डंपर डिवाइडर पर चढ़ गया। उसके पीछे चल रहे दो अन्य डंपर भी उसी में भिड़े। दुर्घटना में एक परिचालक की मौत हो गई जबकि चालक घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए एक्सप्रेस वे बंद हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच एक्सप्रेस वे को चालू कराया। शनिवार की सुबह औरैया से ईंटा लेकर एक डंपर झांसी की ओर जा रहा था। औरैया से चित्रकूट मार्ग पर किमी संख्या 195 पर कोहरा होने के कारण ट्रक चालक को आगे का रास्ता नहीं दिखा। रास्ता न दिखने के कारण डंपर डिवाइडर से टकरा गया और उस पर डिवाइडर पर जाकर चढ़ गया। तेज रफ्तार डंपर के चलते पीछे से आ रहे 2 अन्य डंपरों ने उसमें टक्कर मार दी। सबसे पीछे चल रहे डंपर की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर लगने के कारण डंफर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। डंपर को चला रहे परिचालक धर्मेंद्र साहू (27) पुत्र अवध बिहारी निवासी बामौर थाना एरच की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक देवेंद्र कुमार गौर पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी झबरा थाना एरच जिला झांसी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक व परिचालक को लेकर सीएचसी पहुंची। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, डंपरों के टकराने के बाद एक्सप्रेस वे कुछ समय के लिए बंद हो गया था। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त डंपरों को सड़क से हटवाया। डंपरों के सड़क पर फंसे होने के कारण करीब एक घंटे तक औरैया से चित्रकूट की ओर जाने वाला मार्ग बंद रहा। डंफर हटने के बाद यातायात सुचारू हो सका।


बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर हादसे के बाद डंपर के उड़े परखच्चे — पायनियर

## सड़क हादसे में ससुर-दामाद की दर्दनाक मौत,परिवार में मचा कोहराम

**चित्रकूट।** मुख्यालय से बिजली फिटिंग का काम खत्म कर घर वापस लौट रहे ससुर-दामाद की हाईवे में कालुपुर के पास हुई सडक दुघर्टना में दर्दनाक मौत हो गई।सदर विधायक अनिल प्रधान ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को सान्त्वना दी है। मिली जानकारी के मुताबिक ये दर्दनाक सडक हादसा चित्रकूट जिले के सदर कोतवाली कर्वी अन्तर्गत कालूपुर के समीप बीती रात लगभग साढ़े नौ बजे हुआ।

बताया गया कि रैपुरा कस्बे के रिश्ते के ससुर मनोज (30) पुत्र राधेश्याम व दामाद यदुनाथ पटेल (28) पुत्र कामता प्रसाद मुख्यालय में बिल्डिंग में बिजली फिटिंग कर बाइक से वापस घर जा रहे थे। तभी सामने से आए वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे मनोज कुमार की मौके पर मौत हो गई। आनन फानन यदुनाथ को घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने मृत घोषितकर दिया।

# भारत को कल्याणकारी राष्ट्र बनाना संविधान का मूल उद्देश्य: कैलाश बौद्ध

## ● संविधान दिवस पर विचार संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**चित्रकूट।** प्रभास महासभा शहीद पार्क कर्वी में संविधान दिवस एवं माता झलकारी बाई की जयंती के अवसर पर विचार संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन प्रभास महासभा की राष्ट्रीय महासचिव साधना आनंद के संयोजकत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश बौद्ध रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा नेता मान सिंह पटेल, पटेल सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह पटेल, शिक्षक नेता राधेश्याम तूफानी, अवधेश बक्शी, प्रतिष्ठित व्यवसाई आर के सिंह,प्रधान रामेश्वर कोटार्य,पूर्व प्रधान रामप्रसाद वर्मा, नेता जनार्दन पटेल, फूलचंद्र अतरौलिया, पूर्व रेलवे अधिकारी संतोष कमल, पूर्व प्रधान रमेश श्रीवास, पूर्व प्रत्याशी राजू सम्राट, अध्यापक जाहर सिंह, अध्यापक छोटे लाल कोटार्य , मानवतावादी पार्टी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पटेल,गंगा प्रसाद प्रजापति इत्यादि मौजूद रहे। वक्ताओं ने संविधान एवं माता झलकारी बाई की शौर्य गाथा पर अपने अपने विचार प्रकट किए। शिक्षा ,स्वास्थ्य ,कृषि, रोजगार आदि विभिन्न मुद्दों पर भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि कैलाश बौद्ध ने कहा कि संविधान का मूल उद्देश्य भारत को एक कल्याणकारी राष्ट्र बनाना है।संविधान में वर्णित मूल अधिकार और मौलिक कर्तव्यों का अक्षरशः पालन करने से ही देश आगे बढ़ेगा। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संघर्षों के फल स्वरुप ही भारत को एक ऐसा संविधान मिला है जो आज पूरे विश्व का सबसे बड़ा एवं सबसे महान संविधान है। सबको भारतीय संविधान के प्रति गहरी आस्था एवं गौरव की अनुभूति होनी चाहिए । साथ ही वीरांगना झलकारी बाई सम्मान से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया।कृषि के क्षेत्र में वीरेंद्र सिंह कछवाह एवं सत्येंद्र विश्वकर्मा को एंटरप्रेन्योरशिप के क्षेत्र में शंकर प्रसाद यादव एवं शिक्षा के क्षेत्र में हरी राम सिंह को झलकारी बाई सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रभास महासभा के प्रदेश सचिव अरविंद कुमार, मंडल प्रभारी राकेश सिंह , जिला उपाध्यक्ष राहुल पटेल आशीष सिंह , तहसील अध्यक्ष लवलेश कुमार, इत्यादि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने किया


सम्मानित करते कैलाश कोटार्य — पायनियर

# मासूम की रेप के बाद हत्या मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास

संवाददाता। उरई (जालौन)

**सिरसा** कलार थाना क्षेत्र में 7 साल पहले घर के बाहर परिजनों के साथ सो रही 8 वर्षीय मासूम को दो लोगों ने अगवा कर दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी थी। इस रेप और हत्याकांड में शामिल दोनों आरोपियों को पोक्सो एक्ट के न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 79-79 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। मामले की पैरवी कर रहे सहायक शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि 15 अक्टूबर 2015 को सिरसा कलार थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 8 वर्षीय मासूम घर के बाहर परिजनों के साथ सो रही थी। तभी गांव के ही रहने वाले बलराम कुशवाहा पुत्र हरप्रसाद और अनुज उर्फ मलिक पुत्र वीर सिंह ने मासूम को अगवा कर लिया। उसे गांव के बाहर ले गए और बारी-बारी से दुष्कर्म कर गला घोटकर हत्या कर दी। सबूत मिटाने के लिए मासूम लड़की के शव को गांव के बाहर कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जिनके खिलाफ हत्या, गैंगरेप और पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। मामले की सुनवाई पॉक्सो न्यायालय के जज विजय बहादुर सिंह कर रहे थे। सहायक शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि सात साल से चल रहे इस मामले में मासूम के साथ गैंगरेप और हत्या करने के मामले में बलराम कुशवाहा व अनुज उर्फ मलिक को न्यायाधीश ने दोषी करार दिया है। इस रेप और हत्याकांड में शामिल दोनों आरोपियों को पोक्सो एक्ट के न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# क्विक न्यूज

## अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलटा, शिक्षामित्र सहित नौ छात्राएं घायल

**राठ (हमीरपुर)।** खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही छात्रों से भरा ई रिक्शा अचानक पलटने से सभी नौ छात्राएं बुरी तरह घायल हो गयी,सभी को सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया है। शनिवार को अमगांव स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय की छात्राएं गोहांड स्थित विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए ई रिक्शा से जा रही थी। तभी कछवां कलां गांव के पास अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलट गया। इस हादसे में ई रिक्शा में सवार अमगांव निवासी छात्रा कोमल, रोहिनी, पायल, आरुषि, रंजना, वर्षा, अंशिका, खुशबू, दीपांजलि और शिक्षामित्र परशुराम गिरकर घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया।

## छात्रा की मौत के बाद मासूम भाई का भी साया उठा

**मौदहा (हमीरपुर)।** आज मौदहा कस्वे में कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा को पीछे से जा रही एक लोडर ने रौंद दिया जिससे घटना स्थल में ही उसकी मृत्यु हो गयी। कस्वा निवासी स्वाति प्रजापति पुत्री स्वर्गीय रेवती प्रजापति आज कोचिंग पढ़ने के लिए साइकिल से मौदहा जा रही थी जहां मधुप्रिया गैस एजेंसी के पास पीछे से आ रहे अनियंत्रित लोडर ने साइकिल सवार छात्रा को रौंद दिया और मौके से फरार हो गया तो वहीं मौजूद आसपास के लोगों ने छात्रा को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया तो वहीं कुछ लोगों द्वारा लोडर का पीछा जहां चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया तो वहीं कुछ लोगों द्वारा लोडर का पीछा करने के बाद लोडर को ग्राम नरायच के पास पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी जिस पर मौदहा कोतवाली पुलिस ने लोडर को अपने कब्जे में ले लिया है और छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही इस घटना को लेकर परिवारजनों में कोहराम मच गया है। बता दें कि मृतक छात्रा के माता-पिता का पहले ही देहांत हो चुका है मृतक छात्रा अपने छोटे भाई सहित परिवार का भरण पोषण कर रही थी बहिन की मौत से छोटा भाई सदमे हैं।

## सीज़न की शुरुआत को तैयार

लखनऊ। अपनी पार्टी प्लेलिस्ट को भारत के पसंदीदा कलाकार रफ्तार के साथ तैयार करें, जो बेहद ज़बरदस्त गाने लोड है के साथ इस सीज़न की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह गाना उभरते हुए पॉप कलाकार युनान के साथ मिलकर तैयार किया गया है और इसे प्रतिभाशाली एल दौसन वरिंदानी के द्वारा निर्देशित और कोरियोग्राफ़किया गया है। इस रंग.बिरंगे म्यूज़िक वीडियो में रफ़्तारए युनान और खूबसूरत मॉडल डांसर सारा अंजुली हैंए जो इस बेहतरीन ट्रैक सनसनी को बढ़ाते हैं।

## चार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया,तलाश जारी

**मौदहा (हमीरपुर)।** पन्द्रह दिन पूर्व हुई घटना में बंधक बना दलित उत्पीड़न जैसी गंभीर धाराओं पर चार लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। और आरोपियों की तलाश पुलिस ने तेज कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी छोटेलाल ने पुलिस को बताया कि बीती आठ नवंबर को मैं मछली मारने गहबरा के निकट नदी में गया था।जहां पर छोटे संपत ब्रजमोहन व एक अज्ञात ने मुझे मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया और जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया है। इतना ही नहीं उन्होंने बंधक बनाकर डाल लिया था।किसी तरह मैं जान बचाकर वहां से निकलकर कोतवाली आया बीती रात पुलिस ने एससी एसटी एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में सभी आरोपियों के खिलाफकोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया है।और सभी आरोपियों की तलाश तेज कर दी है यह सभी आरोपी कोतवाली क्षेत्र के ही रीवन गांव निवासी हैं।

## सीरीज का दूसरा टीवीसी लॉन्च

लखनऊ।आपने किसी बॉलीवुड अभिनेत्री को आखिरी बार किसी देसी अखाड़े में कब देखा था सेहत की सुनो नरिश ही चुनो अभियान के अंतर्गत नरिश का नया टीवीसी फ्नी है और इसमें एक नहीं बल्कि दो बॉलीवुड अभिनेत्रियां. शिल्पा शेट्टी उर्फमुनकी और शमिता शेट्टी उर्फतुनकी अखाड़े में हैं। टीवीसी का उद्देश्य मांसपेशियां मजबूत बनाने और मजबूत शरीर बनाने के लिए स्वास्थ्यवर्धक और फाइबरयुक्त दलिया खाने के फायदों पर प्रकाश डालना है।सेहत की सुनो नरिश ही चुनो अभियान के भाग नरिश के दूसरे टीवीसी को टीवी चैनलोंए ओटीटीए रेडियोए डिजिटल और प्रिंट मीडिया पर हाल ही में प्रसारित किया गया है।बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक आशीष खंडेलवाल ने कहाए श्श्नए टीवीसी में नरिश ने स्वास्थ और मजबूत शरीर बनाने के लिए पुरुष और स्त्री. दोनों के लिए सही खाना खाने के आइडिया को पेश किया है।

# संविधान दिवस पर फुटबाल मैच का शुभारम्भ



**चित्रकूट।** संविधान दिवस 26 नवम्बर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडलीय फुटबाल, कबड्डी चयन प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला खेल पुरस्कार समिति के आजीवन सदस्य / समाजसेवी विवेक कुमार अग्रवाल ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। शनिवार को क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार ने संविधान की महत्ता पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि मौलिक अधिकार समानता का अधिकार बाबा साहब ने सभी लोगों को दिया है। विवेक अग्रवाल ने खिलाडियों को संविधान के बारे में जानकारी दी। अंत में राष्ट्रगान सभी खिलाडियों व गणमान्य लोगों ने गाया। राष्ट्रगान के बाद भारत माता की जय के नारे लगाये। विवेक कुमार अग्रवाल ने फुटबाल खिलाडियों से परिचय लेकर हौसला आफजायी की। उन्होंने खिलाडियों को फल भी बांटे। इस मौके पर श्याम सुन्दर, व्यायाम शिक्षक श्रीकेशन, वरिष्ठ खिलाडी ओमप्रकाश सिंह, रेफरी काजल देवी आदि मौजूद रहे।

## शो का प्रीमियर

लखनऊ। अमेज़न की फ्री वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस अमेज़न मिनी टीवी ने अपने हटके डेटिंग शो. डेटबाजी का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। फ्रेम्स प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित इस अद्वितीय रियलिटी शो में लोकप्रिय अभिनेता ऋत्विक धनजानी होस्ट करते हुए नजर आएंगे। यह शो 1 दिसंबर से अमेज़न मिनी टीवी पर मुफ्त में स्ट्रीम होगा।अमेज़न शॉपिंग ऐप पर अमेज़न मिनी टीवी पर डेटबाज़ी देखते समय आपको केवल दो आसान सवालों का जवाब देना होगा। प्रश्नों के उत्तर देने का बाद विजेता का निर्धारण लकी ड्रॉ के जरिए होगा।अमेज़न एडवरटाइजिंग के प्रमुख गिरीश प्रभु ने कहा कि अमेज़न मिनी टीवी की नवीनतम पेशकशए डेटबाज़ीए डेटिंग गेम को बदलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# शौचालय पर जड़ा ताला,खुले में शौच जाने को मजबूर ओडीएफ जिले के छात्र

## ● पहाडी ब्लाक के इंग्लिश मीडियम स्कूल मुहरवां का मामला

## ● बीएसए ने मामले की जांच कराने के दिये निर्देश

संवाददाता। पहाड़ी (चित्रकूट)

**जिले के** ओडीएफ घोषित होने के बावजूद पहाडी विकास खंड के इंग्लिश मीडियम स्कूल मुहरवां में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उडाई जा रहीं है। शौचालय बना होने के बावजूद स्कूली बच्चें खुले में शौच जाने को मजबूर है।

मिली जानकारी के अनुसार जहां एक ओर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा खुले में शौच प्रतिबंधित कर हर घर शौचालय बनवा दिया। वहीं ज्यादातर ग्राम पंचायतों को करोड़ों रुपए खर्च कर खुले में शौच मुक्त ग्राम पंचायत का दर्जा दे दिया गया है। इसके बावजूद यह सब सिर्फ कागजों तक ही सीमित दिखाई पड़ रहा है। धरातलीय दृश्य कुछ और बया करती है। शासन की योजनाओं को किस तरह शासन के नुमाइंदे पलीता लगा रहे रहे हैं इसका जीता जागता उदाहरण विकास खंड पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत मुहरवा स्थित इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय में कल देखने को मिला। जहां पर तीन अध्यापकों की नियुक्ति है लेकिन प्रधानाध्यापक कोशलेश व सहायक संदीप सिंह विद्यालय में मौजूद नहीं थे, पूछने पर मौजूद सहायक अध्यापक ने बताया कि उपरोक्त दोनों लोग अवकाश पर हैं। वही शौचालय में ताला लगा होने के चलते करीब आधा दर्जन विद्यार्थी विद्यालय से करीब पांच सौ मीटर दूर नाला की तरफ शौच क्रिया करते नजर आए। पूछने पर बताया कि शौचालय तो बना है लेकिन प्रधानाध्यापक ने ताला लगवा रखा है। जिसके कारण हम लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं सबसे बड़ी बात यह है कि विद्यालय से इतने बच्चे एक साथ बाहर घूम रहे हैं। अगर किसी प्रकार की कोई घटना घटित हो तो इनसब का कौन जिम्मेदार होगा। वहीं सबसे बड़ी बात यह है कि एक साथ दो-दो अध्यापक कैसे अवकाश ले सकते है। करीब दो सौ बच्चों को एक शिक्षक कैसे संभाल सकता है। वहीं जब बच्चो के खुले में शौच जाने व शौचालय में ताला लगा होने की जानकारी मौजूद सहायक अध्यापक से पूछा तो बताया कि शौचालय में गंदगी के चलते शौचालय में ताला लगा है। वहीं गैस कनेक्शन होने के बावजूद चूल्हे में मध्यान्ह भोजन पकाया जा रहा था पूछने पर गोल-गोल जवाब दिया। आखिर इस लापरवाही पर विभागीय अधिकारी क्या कार्रवाई करेंगे।इस पर बीएसए लव प्रकाश यादव का कहना है कि मामले की जांच कराई जायेगी।जो भी दोषी होगा,उसके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।



स्कूल के शौचालय में जड़ा ताला — पायनियर